संपहि पंचमसुत्तपरूवणा कीरदे। तं जहा— अजहण्णा णाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, अजहण्णुक्कस्सस्स ओघुक्कस्सादो पुधत्ताणुवलंभादो। सिया अणुक्कस्सा, तदविणाभावादो। सिया सादिया, पल्लट्टणेण विणा अजहण्णपदविसेसाणमवट्ठाणाभावादो। सिया अद्धुवा। कारणं सुगमं। सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा।

ओम भी है, क्योंकि, कहींपर हानिसे भी उत्पन्न अनुत्कृष्ट पद पाया जाता है। कथंचित् वह विशिष्ट भी है, क्योंकि, कहींपर वृद्धिसे अनुत्कृष्ट पद पाया जाता है। कथंचित् वह नोम-नोविशिष्ट भी है, क्योंकि, अनुत्कृष्ट जघन्यमें अथवा अनुत्कृष्ट पदविशेषकी विवक्षा करनेपर वृद्धि और हानि नहीं पायी जाती है। इस प्रकार ज्ञानावरणकी अनुत्कृष्ट वेदना नौ (९) पदात्मक है। इस प्रकार तीसरे सूत्रकी अर्थप्ररूपणा की गई है।

अब चतुर्थ सूत्रकी अर्थप्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है—जघन्य ज्ञानावरणीय-वेदना कथंचित् अनुत्कृष्ट है, क्योंकि, अनुत्कृष्ट जघन्य ओघजघन्यसे भिन्न नहीं है। कथंचित् वह सादिक भी है, क्योंकि, अजघन्यसे जघन्य पद उत्पन्न होता है। कथंचित् वह अध्रुव भी है, क्योंकि, उसका सर्वदा अवस्थान नहीं रहता। अनादि और ध्रुव पद उसके नही हैं, क्योंकि, जघन्य क्षेत्रविशेषमें अनादि एवं ध्रुवपना नहीं पाया जाता। कथंचित् वह युग्म है, क्योंकि, उसे चारसे अपहृत करनेपर शेष कुछ नहीं रहता। कथंचित् वह नोम-नोविशिष्ट है, क्योंकि, उसमें वृद्धि और हानिका अभाव है। इस प्रकार जघन्य क्षेत्रवेदना पांच (५) प्रकार अथवा अपने रूपके साथ छह प्रकार है। इस प्रकार चतुर्थ सूत्रकी प्ररूपणा की है।

अब पांचवें सूत्रकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है—अजघन्य ज्ञाना-वरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट है, क्योंकि, अजघन्य उत्कृष्ट ओघउत्कृष्टसे पृथक् नहीं पाया जाता। कथंचित् वह अनुत्कृष्ट भी है, क्योंकि, वह उसका अविनाभावी है। कथंचित् वह सादिक भी है, क्योंकि, पलटनेके विना अजघन्य पदविशेषोंका अवस्थान नहीं है। कथंचित् वह अध्रुव भी है। इसका कारण सुगम है। कथंचित् वह ओज भी है, युग्म भी है, ओम भी है, और विशिष्ट भी है। इसका कारण सुगम

---

१ ताप्रतौ ' कधं ? हाणीदो ' इति पाठः। २ ताप्रतौ ' सासदाभावेण ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुगमं । सिया णोम-णोविसिट्ठा, णिरुद्धपदविसेसत्तादो । एवमजहण्णा णवभंगा दसभंगा वा | ९ | । एसो पंचमसुत्तत्थो ।

सादिया णाणावरणवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया अद्धुवा । ण [अणादिया] धुवा, सादियस्स अणादिय-धुवत्तविरोहादो । सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोम-णोविसिट्ठा । एवं सादिय-वेयणाए दस भंगा एक्कारस भंगा वा | १० | । एसो छट्ठसुत्तत्थो ।

अणादियणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया । कधमणादियवेयणाए सादित्तं ? ण, वेयणाए सामण्णावेक्खाए अणादियम्मि उक्कस्सादिपदावेक्खाए सादियत्तविरोहाभावादो । सिया धुवा वेयणा, सामण्णस्स विणासाभावादो[1] । सिया अद्धुवा, पदविसेसस्स विणासदंसणादो । अणादियत्तम्मि सामण्णविवक्खाए समुप्पण्णम्मि कधं पदविसेससंभवो ? ण, सगंतोक्खित्त-असेसविसेसम्मि सामण्णम्मि अप्पिदे तदविरोहादो । सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया

है । कथंचित् वह नोम-नोविशिष्ट भी है, क्योंकि, यहां पदविशेषकी विवक्षा है। इस प्रकार अजघन्य वेदनाके नौ (९) या दस भंग होते हैं। यह पांचवें सूत्रका अर्थ है ।

सादिकज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट, कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् जघन्य, कथंचित् अजघन्य, और कथंचित् अध्रुव भी है । वह [अनादि व] ध्रुव नहीं है, क्योंकि, सादि पदके अनादि व ध्रुव होनेका विरोध है। कथंचित् वह ओज, कथंचित् युग्म, कथंचित् ओम, कथंचित् विशिष्ट और कथंचित् नोम-नोविशिष्ट भी है। इस प्रकार सादि वेदनाके दस (१०) भंग अथवा ग्यारह भंग होते हैं । यह छठे सूत्रका अर्थ है ।

अनादिज्ञानावरणवेदना कथंचित् उत्कृष्ट, कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् जघन्य, कथंचित् अजघन्य और कथंचित् सादिक भी है ।

शंका—अनादि वेदना सादि कैसे हो सकती है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि, सामान्यकी अपेक्षा वेदनाके अनादि होनेपर भी उत्कृष्ट आदि पदविशेषोंकी अपेक्षा उसके सादि होनेमें कोई विरोध नहीं है ।

कथंचित् वह वेदना ध्रुव है, क्योंकि, सामान्यका कभी विनाश नहीं होता। कथंचित् वह अध्रुव भी है, क्योंकि, पदविशेषका विनाश देखा जाता है ।

शंका—सामान्य विवक्षासे अनादित्वके होनेपर पदविशेषकी सम्भावना ही कैसे हो सकती है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि, अपने भीतर समस्त विशेषोंको रखनेवाले सामान्यकी विवक्षा होनेपर उसमें कोई विरोध नहीं है ।

कथंचित् वह ओज, कथंचित् युग्म, कथंचित् ओम, कथंचित् विशिष्ट और

१ ताप्रतौ ' वि णासाभावादो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोम-णोविसिट्ठा। एवमणादिया वेयणा बारसभंगा तेरसभंगा वा |१२|। एसो सत्तमसुत्तत्थो।

धुवणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अणादिया, सिया अद्धुवा, सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोम-णोसिट्ठा। एवं धुवपदस्स बारस भंगा तेरस भंगा वा |१२|। एसो अट्ठमसुत्तत्थो।

अद्धुवणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोम-णोविसिट्ठा। एवमद्धुवपदस्स दस भंगा एक्कारस भंगा वा |१०|। एसो णवमसुत्तत्थो।

ओजणाणावरणीयवेयणा उक्कस्स-जहण्णपदेसु णत्थि, कदजुम्मे तेसिमवट्ठाणादो। तदो सिया अणुक्कस्सा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया। सिया अणादिया। कुदो? सामण्णविवक्खादो। सिया धुवा, सामण्णविवक्खादो चेव। सिया अद्धुवा, विसेसविवक्खाए। दव्वविहाणे अणादिय-धुवत्तं किण्ण परूविदं? ण, तत्थ सामण्ण-

---

कथंचित् नोम-नोविशिष्ट भी है। इस प्रकार अनादिवेदनाके बारह (१२) भंग अथवा तेरह भंग होते हैं। यह सातवें सूत्रका अर्थ है।

ध्रुवज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट, कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् जघन्य, कथंचित् अजघन्य, कथंचित् सादि, कथंचित् अनादि, कथंचित् अध्रुव, कथंचित् ओज, कथंचित् युग्म, कथंचित् ओम, कथंचित् विशिष्ट और कथंचित् नोम-नोविशिष्ट भी है। इस प्रकार ध्रुव पदके बारह (१२) अथवा तेरह भंग होते हैं। यह आठवें सूत्रका अर्थ है।

अध्रुवज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट, कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् जघन्य, कथंचित् अजघन्य, कथंचित् सादि, कथंचित् ओज, कथंचित् युग्म, कथंचित् ओम, कथंचित् विशिष्ट और कथंचित् नोम-नोविशिष्ट भी है। इस प्रकार अध्रुव पदके दस (१०) अथवा ग्यारह भंग होते हैं। यह नौवें सूत्रका अर्थ है।

ओजज्ञानावरणीयवेदना उत्कृष्ट और जघन्य पदोंमें नहीं होती, क्योंकि, उनका अवस्थान कृतयुग्म राशिमें है। इसलिये वह कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् अजघन्य व कथंचित् सादि है। वह कथंचित् अनादि भी है, क्योंकि, सामान्यकी विवक्षा है। कथंचित् वह ध्रुव भी है, क्योंकि, उसी सामान्यकी ही विवक्षा है। कथंचित् वह विशेषकी विवक्षासे अध्रुव भी है।

शंका—द्रव्यविधानमें अनादि और ध्रुव पदोंकी प्ररूपणा क्यों नहीं की गई है?

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

विवक्खाभावादो । सामण्णविवक्खाए पुण संतीए तत्थ वि एदे दो भंगा वत्तव्वा । सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोम-णोविसिट्ठा । एवमोजस्स णव भंगा दस भंगा वा | ९ | । एसो दसमसुत्तत्थो ।

जुम्मणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अणादिया, सिया धुवा, सिया अद्धुवा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोम-णोविसिट्ठा । एवं जुम्मस्स एक्कारस बारस भंगा वा | ११ | । एसो एक्कारसमसुत्तत्थो[1] ।

ओमणाणावरणीयवेयणा सिया अणुक्कस्सा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया । सिया अणादिया, ओमत्तसामण्णविवक्खाए । सिया धुवा तेणेव कारणेण । सिया अद्धुवा । सामण्णविवक्खाए अभावेण[2] दव्वविहाणे ओमस्स अणादिय-धुवत्तं ण परूविदं । सिया ओजा, सिया जुम्मा । एवमोमपदस्स अट्ठ णव भंगा वा | ८ | । एसो बारसमसुत्तत्था ।

विसिट्ठणाणावरणीयवेयणा सिया अणुक्कस्सा , सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अणादिया, सिया धुवा, सिया अद्धुवा, सिया ओजा, सिया जुम्मा । एवं विसिट्ठ-पदस्स अट्ठ भंगा णव भंगा वा | ८ | । एसो तेरसमसुत्तत्था ।

समाधान — नहीं, क्योंकि, वहां सामान्यकी विवक्षाका अभाव है। यदि सामान्यकी विवक्षा अभीष्ट हो तो वहां भी इन दो पदोंको कहना चाहिये ।

वह कथंचित् ओम, कथंचित् विशिष्ट और कथंचित् नोम-नोविशिष्ट भी है । इस प्रकार ओज पदके नौ (९) भंग अथवा दस भंग होते हैं । यह दसवें सूत्रका अर्थ है ।

युग्मज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट, कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् जघन्य, कथंचित् अजघन्य, कथंचित् सादि, कथंचित् अनादि, कथंचित् ध्रुव, कथंचित् अध्रुव, कथंचित् ओम, कथंचित् विशिष्ट और कथंचित् नोम-नोविशिष्ट भी है। इस प्रकार युग्म पदके ग्यारह (११) अथवा बारह भंग होते हैं । यह ग्यारहवें सूत्रका अर्थ है ।

ओमज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् अजघन्य व कथंचित् सादि भी है । वह कथंचित् अनादि भी है, क्योंकि, ओमत्व सामान्यकी विवक्षा है। इसी कारणसे वह कथंचित् ध्रुव भी है । कथंचित् वह अध्रुव भी है । सामान्यकी विवक्षा न होनेसे द्रव्यविधानमें ओमके अनादि और ध्रुव पद नहीं कहे गये हैं । वह कथंचित् ओज और कथंचित् युग्म भी है । इस प्रकार ओम पदके आठ (८) अथवा नौ भंग होते हैं । यह बारहवें सूत्रका अर्थ है ।

विशिष्टज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् अजघन्य, कथंचित् सादि, कथंचित् अनादि, कथंचित् ध्रुव, कथंचित् अध्रुव, कथंचित् ओज और कथंचित् युग्म भी है । इस प्रकार विशिष्ट पदके आठ (८) अथवा नौ भंग होते हैं। यह तेरहवें सूत्रका अर्थ है ।

---

१ ताप्रतौ ' एक्कारस ' इति पाठः । २ ताप्रतौ ' सिया अद्धुवा सामण्णविवक्खाए अभावेण । ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णोम-णोविसिट्ठा णाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया। सिया अणादिया। कुदो ? णोम-णोविसिट्ठत्त-विवक्खाए। सिया धुवा तेणेव कारणेण। सिया अद्धुवा, सिया ओजा, सिया जुम्मा। एवं दस भंगा एक्कारस भंगा वा [१०]। एसो चोद्दसमसुत्तत्थो।

एदेसिं भंगाणमंकविण्णासो — | १३ | ५ | ९ | ५ | ९ | १० | १२ | १२ | १० | ९ | ११ | ८[1] | ८ | १० ||।

एवं सत्तण्णं कम्माणं ॥ ५ ॥

जहा णाणावरणीयस्स पदमीमांसा कदा तहा सेससत्तण्णं कम्माणं पदमीमांसा कायव्वा। एवमंतोखित्तोजाणियोगद्दारपदमीमांसा समत्ता।

सामित्तं दुविहं जहण्णपदे उक्कस्सपदे ॥ ६ ॥

तत्थ जहण्णं चउव्विहं णाम-ट्ठवणा-दव्व-भावजहण्णमिदि। णामजहण्णं ट्ठवणा-जहण्णं च सुगमं। दव्वजहण्णं दुविहं आगमदव्वजहण्णं णोआगमदव्वजहण्णं चेदि। तत्थ जहण्णपाहुडजाणओ अणुवजुत्तो आगमदव्वजहण्णं। णोआगमदव्वजहण्णं तिविहं, जाणुग-

---

नोम-नोविशिष्टज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट, कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् जघन्य, कथंचित् अजघन्य व कथंचित् सादि भी है। कथंचित् वह अनादि भी है, क्योंकि, नोम-नोविशिष्टत्व सामान्यकी विवक्षा है। इसी कारणसे वह कथंचित् ध्रुव भी है। वह कथंचित् अध्रुव, कथंचित् ओज और कथंचित् युग्म भी है। इस प्रकार नोम-नोविशिष्ट पदके दस (१०) भंग अथवा ग्यारह भंग होते हैं। यह चौदहवें सूत्रका अर्थ है।

इन भंगोंका अंकविन्यास इस प्रकार है— १३ + ५ + ९ + ५ + ९ + १० + १२ + १२ + १० + ९ + ११ + ८ + ८ + १० = १३१।

इसी प्रकार सात कर्मोंकी पदमीमांसा सम्बन्धी प्ररूपणा करना चाहिये ॥ ५ ॥

जिस प्रकार ज्ञानावरणीयकी पदमीमांसा की है उसी प्रकार शेष सात कर्मोंकी पदमीमांसा करना चाहिये। इस प्रकार ओजानुयोगद्वारगर्भित पदमीमांसा समाप्त हुई।

स्वामित्व दो प्रकार है— जघन्य पदरूप और उत्कृष्ट पदरूप ॥ ६ ॥

उनमें जघन्य पद चार प्रकार है—नामजघन्य, स्थापनाजघन्य, द्रव्यजघन्य और भावजघन्य। इनमें नामजघन्य और स्थापनाजघन्य सुगम है। द्रव्यजघन्य दो प्रकार है—आगमद्रव्यजघन्य और नोआगमद्रव्यजघन्य। इनमें जघन्य प्राभृतका जानकार उपयोग रहित जीव आगमद्रव्यजघन्य कहा जाता है। नोआगमद्रव्यजघन्य

---

१ ताप्रतौ १० | ११ | १० | ९ | १० | ८ | इति पाठः। २ मतिषु 'एवमंतोखेत्तो –' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सरीर-भविय-तव्वदिरित्तणोआगमदव्वजहण्णभेदेण । जाणुगसरीरं भवियं गदं । तव्वदिरित्तं णोआगमदव्वजहण्णं दुविहं— ओघजहण्णमादेसेण जहण्णं चेदि । तत्थ ओघजहण्णं चउव्विहं — दव्वदो खेत्तदो कालदो भावदो चेदि । तत्थ दव्वजहण्णमेगो परमाणू । खेत्तजहण्णं दुविहं कम्म-णोकम्मखेत्तजहण्णभेदेण । तत्थ सुहुमणिगोदस्स जहण्णिया ओगाहणा कम्मखेत्तजहण्णं । णोकम्मखेत्तजहण्णमेगो आगासपदेसो । कालजहण्ण-मेगो समओ । भावजहण्णं परमाणुम्हि णिद्धत्तादिगुणो[1] । आदेसजहण्णं पि दव्व-खेत्त-काल-भावभेदेहि चउव्विहं । तत्थ दव्वदो आदेसजहण्णं उच्चदे । तं जहा — तिपदेसियं खंधं दट्ठूण दुपदेसियखंधो आदेसदो दव्वजहण्णं । एवं सेसेसु वि णेदव्वं । तिपदेसोगाढदव्वं दट्ठूण दुपदेसोगाढदव्वं खेत्तदो आदेसजहण्णं । एवं सेसेसु वि णेदव्वं । तिसमयपरिणदं दट्ठूण दुसमयपरिणदं दव्वमादेसदो कालजहण्णं । एवं सेसेसु वि णेदव्वं । तिगुणपरिणदं दव्वं दट्ठूण दुगुणपरिणदं दव्वं भावदो आदेसजहण्णं ।

भावजहण्णं दुविहं आगम-णोआगमभावजहण्णभेदेण । तत्थ जहण्णपाहुडजाणओ उवजुत्तो आगमभावजहण्णं । सुहुमणिगोदजीवलद्धिअपज्जत्तयस्स जं सव्वजहण्ण-णाणं तं

तीन प्रकार है—ज्ञायकशरीर, भावी और तद्व्यतिरिक्त। इनमें ज्ञायकशरीर और भावी अवगत हैं। तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यजघन्य दो प्रकार है— ओघजघन्य और आदेशजघन्य। इनमें ओघजघन्य द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा चार प्रकार है। उनमें द्रव्यजघन्य एक परमाणु है। क्षेत्रजघन्य कर्मक्षेत्रजघन्य और नोकर्मक्षेत्रजघन्यके भेदसे दो प्रकार है। उनमें सूक्ष्म निगोद जीवकी जघन्य अवगाहना कर्मक्षेत्रजघन्य है। नोकर्मक्षेत्रजघन्य एक आकाशप्रदेश है। एक समय कालजघन्य है। परमाणुमें रहनेवाला स्निग्धत्व आदि गुण भावजघन्य है।

आदेशजघन्य भी द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावके भेदसे चार प्रकार है। उनमें द्रव्यसे आदेशजघन्यको बतलाते हैं। वह इस प्रकार है— तीन प्रदेशवाले स्कन्धको देखकर दो प्रदेशवाला स्कन्ध आदेशसे द्रव्यजघन्य है। इसी प्रकार शेष स्कन्धोंमें (चार प्रदेशवालेकी अपेक्षा तीन प्रदेशवाला, पांच प्रदेशवालेकी अपेक्षा चार प्रदेशवाला स्कन्ध इत्यादि) भी ले जाना चाहिये। तीन प्रदेशोंको अवगाहनकरनेवाले द्रव्यकी अपेक्षा दो प्रदेशोंको अवगाहन करनेवाला द्रव्य क्षेत्रकी अपेक्षा आदेशजघन्य है। इसी प्रकार शेष प्रदेशोंमें भी ले जाना चाहिये। तीन समय परिणत द्रव्यको देखकर दो समय परिणत द्रव्य आदेशसे कालजघन्य है। इसी प्रकार शेष समयोंमें भी ले जाना चाहिये। तीन गुण परिणत द्रव्यको देखकर दो गुण परिणत द्रव्य भावसे आदेशजघन्य है।

भावजघन्य आगमभावजघन्य और नोआगमभावजघन्यके भेदसे दो प्रकार है। उनमें जघन्य प्राभृतका जानकार उपयोग युक्त जीव आगमभावजघन्य है। सूक्ष्म निगोद जीव लब्ध्यपर्याप्तकका जो सबसे जघन्य ज्ञान है वह नोआगमभावजघन्य है।

---

१ प्रतिषु 'णिव्वत्तादिगुणो' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णोआगमभावजहण्णं । एत्थ ओघजहण्णखेत्तेण पयदं, णाणावरणीयखेत्तेसु सव्वजहण्णखेत्त-गहणादो । सव्वजहण्णखेत्तमेगो आगासपदेसो त्ति एत्थ ण घेत्तव्वं, णाणावरणीयखेत्तेसु तदभावादो ।

उक्कस्सं चउव्विहं णाम-ट्ठवणा-दव्व-भावुक्कस्सभेएण । तत्थ णाम-ट्ठवणुक्कस्साणि सुगमाणि । दव्वुक्कस्सं दुविहं आगम-णोआगमदव्वुक्कस्सभेएण । तत्थ उक्कस्सपाहुड-जाणगो अणुवजुत्तो आगमदव्वुक्कस्सं । णोआगमदव्वुक्कस्सं तिविहं जाणुगसरीर-भविय-तव्वदिरित्तणोआगमदव्वुक्कस्सभेदेण । जाणुगशरीर-भवियणोआगमदव्वुक्कस्साणि सुगमाणि । तव्वदिरित्तणोआगमदव्वुक्कस्सं दुविहं— ओघुक्कस्समादेसुक्कस्सं चेदि । तत्थ ओघुक्कस्सं चउव्विहं— दव्वदो खेत्तदो कालदो भावदो चेदि । तत्थ दव्वदो उक्कस्सं महाखंधो । खेत्तुक्कस्सं दुविहं— कम्मखेत्तं णोकम्मक्खेत्तमिदि । कम्मखेत्तुक्कस्सं लोगागासं । णोकम्म-क्खेत्तुक्कस्सं आगासदव्वं । कालदो उक्कस्समणंता लोगा । भावदो उक्कस्सं सव्वुक्कस्स-वण्ण-गंध-रस-पासा । आदेसुक्कस्सं पि चउव्विहं— दव्वदो खेत्तदो कालदो भावदो चेदि । तत्थ दव्वदो एगपरमाणुं दट्ठूण दुपदेसियक्खंधो आदेसुक्कस्सं । दुपदेसियखंधं दट्ठूण तिपदेसियक्खंधो वि आदेसुक्कस्सं । एवं सेसेसु वि णेदव्वं । खेत्तदो एयक्खेत्तं दट्ठूण

यहां ओघजघन्य क्षेत्र प्रकृत है, क्योंकि, ज्ञानावरणीयके क्षेत्रोंमें सर्वजघन्य क्षेत्रका ग्रहण है । यहां सर्वजघन्य क्षेत्ररूप एक आकाशप्रदेशको नहीं लेना चाहिये, क्योंकि, ज्ञानावरणीयके क्षेत्रोंमें उसका (सर्वजघन्य क्षेत्रका) अभाव है ।

उत्कृष्ट नामउत्कृष्ट, स्थापनाउत्कृष्ट, द्रव्यउत्कृष्ट और भावउत्कृष्टके भेदसे चार प्रकार है । उनमें नामउत्कृष्ट और स्थापनाउत्कृष्ट सुगम हैं । द्रव्यउत्कृष्ट आगमद्रव्यउत्कृष्ट और नोआगमद्रव्यउत्कृष्टके भेदसे दो प्रकार है । उनमें उत्कृष्ट प्राभृतका जानकार उपयोग रहित जीव आगमद्रव्यउत्कृष्ट है । नोआगमद्रव्यउत्कृष्ट ज्ञायकशरीर, भावी और तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यउत्कृष्टके भेदसे तीन प्रकार है । इनमें ज्ञायकशरीर और भावी नोआगमद्रव्यउत्कृष्ट सुगम हैं । तद्व्यतिरिक्त नोआगम-द्रव्यउत्कृष्ट दो प्रकार है— ओघउत्कृष्ट और आदेशउत्कृष्ट । इनमें ओघउत्कृष्ट द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा चार प्रकार है । उनमें द्रव्यसे उत्कृष्ट महास्कन्ध है । क्षेत्रकी अपेक्षा उत्कृष्ट दो प्रकार है— कर्मक्षेत्र और नोकर्मक्षेत्र । लोकाकाश कर्मक्षेत्रउत्कृष्ट है । आकाश द्रव्य नोकर्मक्षेत्रउत्कृष्ट है । अनन्त लोक कालसे उत्कृष्ट हैं । भावसे उत्कृष्ट सर्वोत्कृष्ट वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श हैं ।

आदेशउत्कृष्ट भी द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा चार प्रकार है । इनमें एक परमाणुको देखकर दो प्रदेशवाला स्कन्ध द्रव्यसे आदेशउत्कृष्ट है । दो प्रदेशवाले स्कन्धको देखकर तीन प्रदेशवाला स्कन्ध भी आदेश उत्कृष्ट है । इसी प्रकार शेष स्कन्धोंमें भी ले जाना चाहिये । क्षेत्रकी अपेक्षा एक क्षेत्रप्रदेशको देखकर दो क्षेत्रप्रदेश

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

दोक्खेत्तपदेसा आदेसदो उक्कस्सं खेत्तं । एवं सेसेसु वि णेदव्वं । कालदो एगसमयं दद्दूण दोसमया आदेसुक्कस्सं । एवं सेसेसु वि णेदव्वं । भावदो एगगुणजुत्तं दद्दूण दुगुणजुत्तं दव्वमादेसुक्कस्सं । एवं सेसेसु वि णेदव्वं । भावुक्कस्सं दुविहं— आगम-णोआगमभावुक्कस्स-भेदेण । तत्थ उक्कस्सपाहुडजाणगो उवजुत्तो आगमभावुक्कस्सं । णोआगमभावुक्कस्सं केवलणाणं । एत्थ ओघखेत्तुक्कस्सेण अहियारो, अप्पिदकम्मखेत्तेसु उक्कस्सखेत्तग्गहणादो । ओघुक्कस्समागासदव्वं, तस्स गहणं किण्ण कदं ? ण, कम्मक्खेत्तेसु तदभावादो । एगं सामित्तं जहण्णपदे, अण्णेगमुक्कस्सपदे, एवं दुविहं चेव सामित्तं होदि; अण्णस्सासंभवादो ।

सामित्तेण उक्कस्सपदे णाणावरणीयवेयणा खेत्तदो उक्कस्सिया कस्स ? ॥ ७ ॥

जहण्णपदपडिसेहट्ठं उक्कस्सपदणिद्देसो कदो । णाणावरणग्गहणं सेसकम्मपडिसेहफलं । खेत्तग्गहणं दव्वादिपडिसेहफलं । पुव्वाणुपुव्विं मोत्तूण पच्छाणुपुव्वीए उक्कस्सखेत्तस्स परूवणा किमट्ठं कीरदे ? ण, महल्लपरिवाडीए परूवणट्ठं कीरदे ।

आदेशकी अपेक्षा उत्कृष्ट क्षेत्र हैं । इसी प्रकार शेष प्रदेशोंमें भी ले जाना चाहिये । कालकी अपेक्षा एक समयको देखकर दो समय आदेशउत्कृष्ट हैं । इसी प्रकार शेष समयोंमें भी ले जाना चाहिये । भावकी अपेक्षा एक गुण युक्त द्रव्यको देखकर दो गुण युक्त द्रव्य आदेशउत्कृष्ट है । इसी प्रकार शेष गुणोंमें भी ले जाना चाहिये ।

भावउत्कृष्ट आगमभावउत्कृष्ट और नोआगमभावउत्कृष्टके भेदसे दो प्रकार है । उनमें उत्कृष्ट प्राभृतका जानकार उपयोग युक्त जीव आगमभावउत्कृष्ट है । नोआगमभाव-उत्कृष्ट केवलज्ञान है । यहां ओघक्षेत्रउत्कृष्टका अधिकार है, क्योंकि, विवक्षित कर्मक्षेत्रोंमें उत्कृष्ट क्षेत्रका ग्रहण किया गया है ।

शंका— ओघउत्कृष्ट आकाश द्रव्य है, उसका ग्रहण क्यों नहीं किया ?

समाधान — नहीं, क्योंकि, कर्मक्षेत्रोंमें आकाशद्रव्यका अभाव है ।

एक स्वामित्व जघन्य पदमें और दूसरा एक उत्कृष्ट पदमें, इस प्रकारसे दो प्रकारका ही स्वामित्व है, क्योंकि, इनके अतिरिक्त अन्य स्वामित्वकी सम्भावना नहीं है ।

स्वामित्वसे उत्कृष्ट पदमें ज्ञानावरणीयवेदना क्षेत्रकी अपेक्षा उत्कृष्ट किसके होती है ? ॥ ७ ॥

जघन्य पदके प्रतिषेधके लिये सूत्रमें उत्कृष्ट पदका निर्देश किया है । ज्ञानावरणका ग्रहण शेष कर्मोंका प्रतिषेध करता है । क्षेत्र पदके ग्रहणका फल द्रव्य आदिका प्रतिषेध करना है ।

शंका— पूर्वानुपूर्वीको छोड़कर पश्चादानुपूर्वीसे उत्कृष्ट क्षेत्रकी प्ररूपणा किसलिये की जाती है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो मच्छो जोयणसहस्सिओ सयंभुरमणसमुद्दस्स बाहिरिल्लए तडे अच्छिदो ॥ ८ ॥

जो मच्छो जोयणसहस्सओ त्ति एदेण सुत्तवयणेणंगुलस्स असंखेज्जदिभागमादिं कादूण जा उक्कस्सेण पदेसूणजोयणसहस्स त्ति आयामेण जे ट्ठिदा मच्छा तेसिं पडिसेहो कदो । उस्सेह-विक्खंभेहि महामच्छासरिसलद्धमच्छेसु गहिदेसु वि ण कोच्छि दोसो अत्थि, तदो तेसिं गहणं किण्ण कीरदे ? ण एस दोसो, महामच्छायाम-विक्खंभुस्सेहेसु अणवगएसु लद्धमच्छायामविक्खंभुस्सेहाणं अवगमोवायाभावादो । ण महामच्छायामो अण्णदो अवगम्मदे, सुत्तभूदस्स एदम्हादो जेट्ठस्स अण्णस्सासंभवादो । महामच्छस्स आयामो जोयणसहस्सं १००० । एदस्स विक्खंभुस्सेहा केत्तिया होंति त्ति उत्ते, उच्चदे — एसो महामच्छो पंचजोयणसदविक्खंभो ५०० पंचासुत्तरबीसदुस्सेहो २५० । सुत्तेण विणा कधमेदं णव्वदे ?

समाधान— नहीं, महान् परिपाटीसे प्ररूपणा करनेके लिये पश्चादानुपूर्वीसे प्ररूपणा की जा रही है । (अर्थात् उद्देश्यके अनुसार यद्यपि पहिले जघन्य पदकी प्ररूपणा करना चाहिये थी, तथापि विस्तृत होनेसे पहिले उत्कृष्ट पदकी प्ररूपणा की जा रही है ।)

जो मत्स्य एक हजार योजनकी अवगाहनावाला स्वयम्भूरमण समुद्रके बाह्य तटपर स्थित है ॥ ८ ॥

'जो मत्स्य एक हजार योजनकी अवगाहनावाला है' इस सूत्रांशसे, जो मत्स्य अंगुलके असंख्यातवें भागको आदि लेकर उत्कर्षसे एक प्रदेश कम हजार योजन प्रमाण तक आयामसे स्थित हैं, उनका प्रतिषेध किया गया है ।

शंका— उत्सेध और विष्कम्भकी अपेक्षा महामत्स्यके सदृश पाये जानेवाले मत्स्योंका ग्रहण करनेपर भी कोई दोष नहीं है, अतः उनका ग्रहण क्यों नहीं करते ?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, जब तक महामत्स्यके आयाम, विष्कम्भ और उत्सेधका परिज्ञान न हो जावे तब तक प्राप्त मत्स्योंके आयाम, विष्कम्भ और उत्सेधका परिज्ञान होना किसी प्रकारसे सम्भव नहीं है । महामत्स्यका आयाम किसी अन्य सूत्रसे नहीं जाना जाता है, क्योंकि, इस सूत्रसे ज्येष्ठ प्राचीन सूत्रभूत कोई अन्य वाक्य सम्भव नहीं है ।

महामत्स्यका आयाम एक हजार (१०००) योजन प्रमाण है । इसके विष्कम्भ और उत्सेधका प्रमाण कितना है, ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं कि उस महामत्स्यका विष्कम्भ पांच सौ (५००) योजन और उत्सेध दो सौ पचास (२५०) योजन मात्र है ।

शंका— यह सूत्रके विना कैसे जाना जाता है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आइरियपरंपरागयपवाइज्जंतुवदेसादो। ण च महामच्छविक्खंभुस्सेहाणं सुत्तं णत्थि चेवे त्ति णियमो, देसामासिएण 'जोयणसहस्सिओ' त्ति उत्तेण सूचिदत्तादो। एदे विक्खंभुस्सेहा महामच्छस्स सव्वत्थ सरिसा। मुह-पुच्छेसु विक्खंभुस्सेहाणं पमाणमेत्तियं होदि त्ति, एदेहिंतो पुधभूदविक्खंभुस्सेहाणं परूवयसुत्त-वक्खाणाणमणुवलंभादो जोयणसहस्सणिद्देसण्णहाणुववत्तीदो च।

के वि आइरिया महामच्छो मुह-पुच्छेसु सुट्ठु सण्हओ त्ति भणंति। एत्थतणमच्छे दट्ठूण एदं ण घडदे, कहल्लिमच्छगेसु[1] वियहिचारदंसणादो। अधवा एदे विक्खंभुस्सेहा समकरणसिद्धा त्ति के वि आइरिया भणंति। ण च सुट्ठु सण्णमुहो महामच्छो अण्णेगं[2]जोयणसदोगाहणतिमिंगिलादिगिलणखमो, विरोहादो। तम्हा वक्खाणम्मि उत्तविक्खंभुस्सेहा चेव महामच्छस्स घेत्तव्वा। अधवा मज्झपदेसे चेव उत्तविक्खंभुस्सेहो मच्छो घेत्तव्वो, आदि-मज्झवसाणेसु एदम्हादो तिगुणं विपुंजमाणस्स उक्कस्सखेत्तुप्पत्तिं पडि विरोहाभावादो। 'सयंभुरमणसमुद्दस्से' त्ति सव्वदीव-समुद्दबाहिरसमुद्दस्स गहणट्ठं। सव्वबाहिरो समुद्दो चेव

समाधान—यह आचार्यपरम्पराके प्रवाह स्वरूपसे आये हुए उपदेशसे जाना जाता है। और महामत्स्यके विष्कम्भ व उत्सेधका ज्ञापक सूत्र है ही नहीं, ऐसा नियम भी नहीं है, क्योंकि, 'जोयणसहस्सिओ त्ति' अर्थात् एक हजार योजनवाला इस देशामर्शक सूत्रवचनसे उनकी सूचना की गई है।

ये विष्कम्भ और उत्सेध महामत्स्यके सब जगह समान हैं। मुख और पूंछमें विष्कम्भ एवं उत्सेधका प्रमाण इतने मात्र ही है, क्योंकि, इनसे भिन्न विष्कम्भ और उत्सेधकी प्ररूपणा करनेवाला सूत्र व व्याख्यान पाया नहीं जाता, तथा इसके विना हजार योजनका निर्देश बनता भी नहीं है।

महामत्स्य मुख और पूंछमें अतिशय सूक्ष्म है, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं। किन्तु यहांके मत्स्योंको देखकर यह घटित नहीं होता, तथा कहीं कहीं मत्स्योंके अंगोंमें व्यभिचार देखा जाता है। अथवा, ये विष्कम्भ और उत्सेध समकरणसिद्ध हैं, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं। दूसरी बात यह है कि अतिशय सूक्ष्म मुखसे संयुक्त महामत्स्य एक सौ योजनकी अवगाहनावाले अन्य तिमिंगिल आदि मत्स्योंके निगलनेमें समर्थ नहीं हो सकता, क्योंकि, उसमें विरोध आता है। अत एव व्याख्यानमें महामत्स्यके उपर्युक्त विष्कम्भ और उत्सेधको ही ग्रहण करना चाहिये।

अथवा, उक्त विष्कम्भ और उत्सेध महामत्स्यके मध्य प्रदेशमें ही ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि आदि, मध्य और अन्तमें इससे तिगुणे फैलनेवालेके उत्कृष्ट क्षेत्रकी उत्पत्तिके प्रति कोई विरोध नहीं है।

'सयंभुरमणसमुद्दस्स' इस पदके द्वारा द्वीप-समुद्रोंमें सबसे बाह्य समुद्रका ग्रहण किया गया है।

---

१ प्रतिषु 'मच्छाओसु' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'अणेग' इति पाठः।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

होदि त्ति कधं णव्वदे ? सयंभुरमणसमुद्दस्स बाहिरे[1] दीवे अच्छिदो त्ति अभणिय 'सयंभुरमणसमुद्दस्स बाहिरिल्लए तडे अच्छिदो' त्ति सुत्तादो णव्वदे ? सगबाहिरवेइयाए पेरंतो त्ति सयंभुरमणसमुद्दो, तस्स बाहिरिल्लतडो णाम समुद्दपरभूभागपदेसो। तत्थ अच्छिदो त्ति घेत्तव्वं। सयंभुरमणसमुद्दस्स बाहिरिल्लतडो णाम तदवयवभूदबाहिरवेइया, तत्थ महामच्छो अच्छिदो त्ति के वि आइरिया भणंति। तण्ण घडदे, 'कायलेस्सियाए लग्गो[2]' त्ति उवरि भण्णमाणसुत्तेण सह विरोहादो। ण च सयंभुरमणसमुद्दबाहिरवेइयाए संबद्धा तिण्णि वि वादवलया, तिरियलोगविक्खंभस्स एगरज्जुपमाणादो ऊणत्तप्पसंगादो। तं कधं णव्वदे ? जंबूदीवजोयणलक्खविक्खंभदो दुगुणवक्कमेण गदसव्वदीव-सागरविक्खंभेसु मेलाविदेसु जगसेडीए सत्तमभागाणुप्पत्तीदो। तं पि कधं णव्वदे ? रूवाहियदीव-सागररूवाणि विरलिय विगं करिय अण्णोण्णब्भत्थं कादूण तत्थ तिण्णि रूवाणि अवणिय जोयणलक्खेण गुणिदे दीवसमुद्दरुद्धतिरियलोगखेत्तायामुप्पत्तीदो। ण च एत्तियो चेव तिरियलोगविक्खंभो, जगसेडीए

शंका—सर्वबाह्य समुद्र ही है, यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—'स्वयम्भूरमण समुद्रके बाह्य द्वीपमें स्थित' ऐसा न कहकर स्वयम्भूरमण समुद्रके बाह्य तटपर स्थित' ऐसा जो सूत्र है उसीसे वह जाना जाता है।

अपनी बाह्य वेदिका पर्यन्त स्वयम्भूरमण समुद्र है, उसके बाह्य तटसे अभिप्राय समुद्रके परभूभागप्रदेशका है। वहांपर स्थित, ऐसा ग्रहण करना चाहिये।

स्वयम्भूरमण समुद्रके बाह्य तटका अर्थ उसकी अंगभूत बाह्य वेदिका है, वहां स्थित महामत्स्य, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं। किन्तु वह घटित नहीं होता, क्योंकि, वैसा स्वीकार करनेपर आगे कहे जानेवाले 'तनुवातवलयसे संलग्न हुआ' इस सूत्रके साथ विरोध आता है। कारण कि स्वयम्भूरमण समुद्रकी बाह्य वेदिकासे तीनों ही वातवलय सम्बद्ध नहीं हैं, क्योंकि, वैसा होनेपर तिर्यग्लोक सम्बन्धी विस्तारप्रमाणके एक राजुसे हीन होनेका प्रसंग आता है।

शंका—वह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—चूंकि जम्बूद्वीप सम्बन्धी एक लाख योजन प्रमाण विस्तारकी अपेक्षा दुगुणे क्रमसे गये हुए सब द्वीप-समुद्रोंके विस्तारोंको मिलानेपर जगश्रेणिका सातवां भाग (राजु) उत्पन्न नहीं होता है, अतः इसीसे जाना जाता है कि तीनों वातवलय स्वयम्भुरमण समुद्रकी बाह्य वेदिकासे सम्बद्ध नहीं है।

शंका—वह भी कैसे जाना जाता है ?

समाधान—एक अधिक द्वीप-समुद्र सम्बन्धी रूपोंका विरलन कर दुगुणा करके परस्पर गुणित करनेपर जो प्राप्त हो उसमें तीन रूपोंको कम करके एक लाख योजनसे गुणित करनेपर द्वीप-समुद्रों द्वारा रोके गये तिर्यग्लोक क्षेत्रका आयाम उत्पन्न होता है, अतः इसीसे जाना जाता है कि उक्त प्रकारसे जगश्रेणिका सातवां भाग नहीं उत्पन्न होता।

१ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-काप्रत्योः 'समुद्दयबाहिरे'; ताप्रतौ 'समुद्दे बाहिरे' इति पाठः। २ षट्. भा. ३ पृ. ३७.

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

सत्तमभागम्मि पंचसुण्णाणुवलंभादो । ण च एदम्हादो रज्जुविक्खंभो ऊणो होदि, रज्जुअब्भंतरभूदस्स चउव्वीसजोयणमेत्तवादरुद्धक्खेत्तस्स बज्झमुवलंभादो । ण च तेत्तियमेत्तं पक्खित्ते पंचसुण्णओ फिट्टंति, तहाणुवलंभादो । तम्हा सयलदीव-सायरविक्खंभादो बाहिं केत्तिएण वि क्खेत्तेण होदव्वं । सयंभुरमणसमुद्दब्भंतरे ट्ठिदमहामच्छो जलचरो कधं तस्स बाहिरिल्लं तडं गदो ? ण एस दोसो, पुव्ववइरियदेवपओगेण तस्स तत्थ गमणसंभवादो ।

वेयणसमुग्घादेण समुहदो ॥ ९ ॥

वेयणावसेण जीवपदेसाणं विक्खंभुस्सेहेहि तिगुणविपुंजणं वेयणासमुग्घादो णाम । ण च एस णियमो सव्वेसिं जीवपदेसा वेयणाए तिगुणं चेव विपुंजंति त्ति, किंतु सगविक्खंभादो तरतमसरूवेण ट्ठिदवेयणावसेण एग-दोपदेसादीहि वि वड्ढी होदि । ते वेयणसमुग्घादा एत्थ ण गहिदा, उक्कस्सेण खेत्तेण अहियारादो । महामच्छो चेव किमिदि वेयणसमुग्घादं णीदो ? महल्लोगाहणत्तादो, जलयरस्स थले क्खित्तस्स उण्हेण दज्झमाणंगस्स संचियबहुपावकम्मस्स महावेयणुप्पत्तिदंसणादो च ।

तिर्यग्लोकका विस्तार इतने मात्र ही हो, सो भी नहीं है; क्योंकि, जगश्रेणिके सातवें भागमें पांच शून्य नहीं पाये जाते । और इससे राजुविष्कम्भ हीन भी नहीं है, क्योंकि, राजुके अन्तर्गत चौबीस योजन प्रमाण वायुरुद्ध क्षेत्र बाह्यमें पाया जाता है । दूसरे, उतने मात्र क्षेत्रको मिलानेपर पांच शून्य नष्ट भी नहीं होते, क्योंकि, वैसा पाया नहीं जाता । इसी कारण समस्त द्वीप-समुद्र सम्बन्धी विस्तारके बाहिर भी कुछ क्षेत्र होना चाहिये ।

शंका—स्वयम्भूरमण समुद्रके भीतर स्थित महामत्स्य जलचर जीव उसके बाह्य तटको कैसे प्राप्त होता है ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, पूर्वके वैरी किसी देवके प्रयोगसे उसका वहां गमन सम्भव है ।

वेदनासमुद्घातसे समुद्घातको प्राप्त हुआ ॥ ९ ॥

वेदनाके वशसे जीवप्रदेशोंके विष्कम्भ और उत्सेधकी अपेक्षा तिगुणे प्रमाणमें फैलनेका नाम वेदनासमुद्घात है । परन्तु सबके जीवप्रदेश वेदनाके वशसे तिगुणे ही फैलते हों, ऐसा नियम नहीं है । किन्तु तरतम रूपसे स्थित वेदनाके वशसे अपने विष्कम्भकी अपेक्षा एक दो प्रदेशादिकोंसे भी वृद्धि होती है । परन्तु उन वेदनासमुद्घातोंका यहां ग्रहण नहीं किया गया है, क्योंकि, यहां उत्कृष्ट क्षेत्रका अधिकार है ।

शंका—महामत्स्यको ही वेदनासमुद्घातको क्यों प्राप्त कराया है ?

समाधान—क्योंकि, एक तो उसकी अवगाहना बहुत अधिक है, दूसरे जलचर जीवको स्थलमें रखनेपर उष्णताके कारण अंगोंके संतप्त होनेसे बहुत पापकर्मोंके संचयको प्राप्त हुए उसके महा वेदनाकी उत्पत्ति देखी जाती है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कायलेस्सियाए लग्गो ॥ १० ॥

कायलेस्सिया णाम तदियो वादवलओ। कधं तस्स एसा सण्णा ? कागवण्णत्तादो सो कागलेस्सिओ णाम। एत्थ अंधकायलेस्सा[1] ण घेत्तव्वा, तत्थ अंधत्तवण्णाणुवलंभादो[2]। लोगवड्डिवसेण लोगनाडीदो परदो संखेज्जजोयणाणि ओसरिय ट्ठिदतदियवादे लोगणालीए अब्भंतरट्ठिदमहामच्छो कधं लग्गदे ? सच्चमेदं महामच्छस्स तदियवादेण संपासो णत्थि त्ति। किंतु एसा सत्तमी सामीवे[3] वट्टदि। न च सप्तमी सामीप्ये[4] असिद्धा, गंगायां घोषः प्रतिवसतीत्यत्र सामीप्ये सप्तम्युपलंभात्[5]। तेण काउलेस्सियाए छुत्तदेसो काउलेस्सिया त्ति गहिदो। तीए काउलेस्सियाए जाव लग्गदि ताव वेयणासमुग्घादेण समुहदो त्ति उत्तं होदि। भावत्थो— पुव्ववेरियदेवेण महामच्छो सयंभुरमणबाहिरवेइयाए बाहिरे भागे लोगणालीए समीवे पादिदो[6]। तत्थ तिव्ववेयणावसेण वेयणसमुग्घादेण समुहदो[7] जाव लोगणालीए बाहिरपेरंतो लग्गो त्ति उत्तं होदि।

जो तनुवातवलयसे स्पृष्ट है ॥ १० ॥

काकलेश्याका अर्थ तीसरा वातवलय है।

शंका— उसकी यह संज्ञा कैसे है ?

समाधान— तनुवातवलयका काकके समान वर्ण होनेसे उसकी काकलेश्या संज्ञा है।

यहां अंधकाकलेश्या (काला स्याह काकवर्ण) का ग्रहण नहीं करना चाहिये, क्योंकि, उसमें अंधत्व अर्थात् काला स्याह वर्ण नहीं पाया जाता।

शंका— लोकनालीके भीतर स्थित महामत्स्य लोकविस्तारानुसार लोकनालीके आगे संख्यात योजन जाकर स्थित तृतीय वातवलयसे कैसे संसक्त होता है ?

समाधान— यह सत्य है कि महामत्स्यका तृतीय वातवलयसे स्पर्श नहीं होता, किन्तु यह सप्तमी विभक्ति सामीप्य अर्थमें है। यदि कहा जाय कि सामीप्य अर्थमें सप्तमी विभक्ति असिद्ध है, सो भी ठीक नहीं है; क्योंकि 'गंगामें घोष (ग्वालवसति) बसता है' यहां सामीप्य अर्थमें सप्तमी विभक्ति पायी जाती है। इसलिये कापोतलेश्यासे स्पृष्ट प्रदेश भी कापोतलेश्या रूपसे ग्रहण किया गया है। उस कापोतलेश्यासे जहां तक संसर्ग है वहां तक वेदनासमुद्घातसे समुद्घातको प्राप्त हुआ, यह उसका अभिप्राय है।

भावार्थ— पूर्वके वैरी किसी देवके द्वारा महामत्स्य स्वयम्भुरमण समुद्रकी बाह्य वेदिकाके बाहिर भागमें लोकनालीके समीप पटका गया। वहां तीव्र वेदनाके वश वेदनासमुद्घातसे समुद्घातको प्राप्त होकर लोकनालीके बाह्य भाग पर्यन्त वह संसक्त होता है, यह अभिप्राय है।

---

१ ताप्रतौ 'अद्धकायलेस्सा' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'अध्वत्त' इति पाठः।
३ ताप्रतौ 'समीवे' इति पाठः। ४ ताप्रतौ 'ण च सत्तमी सामीप्ये' इति पाठः।
५ ताप्रतौ 'सप्तम्युपलंभादो' इति पाठः। ६ प्रतिषु 'पुत्तीदो'; ताप्रतौ पुत्ती (पति) दो इति पाठः।
७ प्रतिषु 'समुग्घादो' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुणरवि मारणंतियसमुग्घादेण समुहदो तिण्णि विग्गहकंदयाणि कादूण ॥ ११ ॥

महामच्छो लोगणालीए वायव्वदिसाए पुव्ववेरियदेवसंबंधेण दक्खिणुत्तरायामेण पदिदो । तत्थ मारणंतियसमुग्घादेण समुहदो । तेण महामच्छेण वेयणसमुग्घादेण मारणंतियसमुग्घादं करंतेण तिण्णि विग्गहकंदयाणि कदाणि । विग्गहो णाम वक्कत्तं, तेण तिण्णि कंदयाणि कदाणि । तं जहा — लोगणालीवायव्वदिसादो कंडुज्जुवाए गईए सादिरेयअद्धरज्जूमेत्तमागदो दक्खिणदिसाए । तमेगं कंदयं । पुणो तत्तो वलिदूण कंडुज्जुवाए गईए एगरज्जुमेत्तं पुव्वदिसमागदो[1] । तं बिदियं कंदयं । पुणो तत्तो वलिदूण अधो छरज्जुमेत्तद्धाणमुजुगदीए गदो । तं तदियं कंदयं । एवं तिण्णि कंदयाणि[2] कादूण मारणंतियसमुग्घादं गदो । चत्तारि कंदए किण्ण कराविदो ? ण, तसेसु दो विग्गहे मोत्तूण तिण्णिविग्गहाणमभावादो । तं कधं णव्वदे ? एदम्हादो चेव सुत्तादो ।

से काले अधो सत्तमाए पुढवीए णेरइएसु उप्पज्जिहिदि त्ति तस्स णाणावरणीयवेयणा खेत्तदो उक्कस्सा ॥ १२ ॥

फिर भी जो तीन विग्रह करके मारणान्तिकसमुद्घातसे समुद्घातको प्राप्त हुआ है ॥ ११ ॥

महामत्स्य लोकनालीकी वायव्य दिशामें पूर्वके वैरी देवके सम्बन्धसे दक्षिण-उत्तर आयाम स्वरूपसे गिरा । वहां वह मारणान्तिकसमुद्घातसे समुद्घातको प्राप्त हुआ । वेदनासमुद्घातके साथ मारणान्तिकसमुद्घातको करनेवाले उक्त महामत्स्यने तीन विग्रहकाण्डक किये । विग्रहका अर्थ वक्रता है, उससे तीन काण्डक किये । वे इस प्रकारसे — लोकनालीकी वायव्य दिशासे बाणके समान ऋजुगतिसे साधिक अर्ध राजु मात्र दक्षिण दिशामें आया । वह एक काण्डक हुआ । फिर वहांसे मुड़कर बाण जैसी सीधी गतिसे एक राजु मात्र पूर्व दिशामें आया । वह द्वितीय काण्डक हुआ । फिर वहांसे मुड़कर नीचे छह राजु मात्र मार्गमें ऋजुगतिसे गया । वह तृतीय काण्डक हुआ । इस प्रकार तीन काण्डकोंको करके मारणान्तिकसमुद्घातको प्राप्त हुआ ।

शंका — चार काण्डकोंको क्यों नहीं कराया ?

समाधान — नहीं, क्योंकि, त्रसोंमें दो विग्रहोंको छोड़कर तीन विग्रह नहीं होते ।

शंका — वह कैसे ज्ञात होता है ?

समाधान — वह इसी सूत्रसे ज्ञात होता है ।

अनन्तर समयमें वह सातवीं पृथिवीके नारकियोंमें उत्पन्न होगा, अतः उसके ज्ञानावरणीयवेदना क्षेत्रकी अपेक्षा उत्कृष्ट होती है ॥ १२ ॥

---

१ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-काप्रत्योः 'पुव्वदिसावसमागदो', ताप्रतौ 'पुव्वदिसाव (ए) समागदो' इति पाठः ।

२ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-काप्रत्योः 'तं तदियकंडयाणि', ताप्रतौ 'तं तदियकंड [यं] । या (ता) णि' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सत्तमपुढविं मोत्तूण हेट्ठा णिगोदेसु सत्तरज्जुमेत्तद्धाणं गंतूण किण्ण उप्पाइदो ? णिगोदेसुप्पज्जमाणस्स अइतिव्ववेयणाभावेण सरीरतिगुणवेयणसमुग्घादस्स अभावादो । जदि एवं तो पुव्विल्लविक्खंभुस्सेहेहिंतो वेयणाए जहा विक्खंभुस्सेहा दुगुणा होंति तहा कादूण णिगोदेसु किण्ण उप्पाइदो ? ण, वड्ढिदक्खेत्तादो परिहीणखेत्तस्स सादिरेयअट्ठगुणत्तुवलंभादो। जदि वि वारुणदिसादो एगरज्जुमेत्तं पुव्वदिसाए गंतूण पुणो हेट्ठा सत्तरज्जुअद्धाणं गंतूण पुणो दक्खिणेण आहुट्ठरज्जुओ गंतूण सुहुमणिगोदेसु उप्पजदि तो वि पुव्विल्लखेत्तादो एदस्स खेत्तं विसेसहीणं चेव, विक्खंभुस्सेहाणं तिगुणत्ताभावादो। सुहुमणिगोदेसु उप्पज्जमाणस्स महामच्छस्स विक्खंभुस्सेहा तिगुणा ण होंति, दुगुणा विसेसाहिया वा होंति त्ति कधं णव्वदे ? अधो सत्तमाए पुढवीए णेरइएसु से काले उप्पज्जिहिदि त्ति सुत्तादो णव्वदे। संतकम्मपाहुडे पुण णिगोदेसु उप्पाइदो, णेरइएसु उप्पज्जमाणमहामच्छो व्व सुहुमणिगोदेसु

शंका—सातवीं पृथिवीको छोड़कर नीचे सात राजु मात्र अध्वान जाकर निगोद जीवोंमें क्यों नहीं उत्पन्न कराया ?

समाधान—नहीं, क्योंकि, निगोद जीवोंमें उत्पन्न होनेवाले जीवके अतिशय तीव्र वेदनाका अभाव होनेसे विवक्षित शरीरसे तिगुणा वेदनासमुद्घात सम्भव नहीं है।

शंका—यदि ऐसा है तो वेदनासमुद्घातमें पूर्वोक्त विष्कम्भ और उत्सेधसे जिस प्रकार दुगुणा विष्कम्भ व उत्सेध होता है वैसा करके निगोद जीवोंमें क्यों नहीं उत्पन्न कराया ?

समाधान—नहीं, क्योंकि, उसके वृद्धिंगत क्षेत्रकी अपेक्षा हानिको प्राप्त क्षेत्र साधिक आठगुणा पाया जाता है ।

यद्यपि पश्चिम दिशासे एक राजु मात्र पूर्व दिशामें जाकर, फिर नीचे सात राजु अध्वान जाकर, फिर दक्षिणसे साढ़े तीन राजु जाकर सूक्ष्म निगोद जीवोंमें उत्पन्न होता है, तो भी पूर्वके क्षेत्रसे इसका क्षेत्र विशेष हीन ही है, क्योंकि, इसमें विष्कम्भ और उत्सेध तिगुणे नहीं हैं ।

शंका—सूक्ष्म निगोद जीवोंमें उत्पन्न होनेवाले महामत्स्यका विष्कम्भ और उत्सेध तिगुणा नहीं होता, किन्तु दुगुणा अथवा विशेष अधिक होता है; यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—" नीचे सातवीं पृथिवीके नारकियोंमें वह अनन्तर कालमें उत्पन्न होगा " इस सूत्रसे जाना जाता है ।

सत्कर्मप्राभृतमें उसे निगोद जीवोंमें उत्पन्न कराया है, क्योंकि, नारकियोंमें उत्पन्न होनेवाले महामत्स्यके समान सूक्ष्म निगोद जीवोंमें उत्पन्न होनेवाला महामत्स्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उप्पज्जमाणमहामच्छो वि तिगुणसरीरबाहल्लेण मारणंतियसमुग्घादं गच्छदि त्ति। ण च एदं जुज्जदे, सत्तमपुढवीणेरइएसु असादबहुलेसु उप्पज्जमाणमहामच्छवेयणा-कसाएहिंतो सुहुमणिगोदेसु उप्पज्जमाणमहामच्छवेयण-कसायाणं सरिसत्ताणुववत्तीदो। तदो एसो चेव अत्थो पहाणो त्ति घेत्तव्वो। 'लोगणालीए अंते सत्तमपुढवीए सेडिबद्धो अत्थि त्ति' एदेण सुत्तेण णव्वदे, अण्णहा तिण्णि विग्गहप्पसंगादो। से काले उप्पज्जिहिदि[1] त्ति किमट्ठं उच्चदे? ण, णेरइएसुप्पण्णपढमसमए उवसंहरिदपढमदंडस्स य उक्कस्सखेत्ताणुववत्तीदो। एत्थ संदिट्ठी–



सादिरेयमद्धट्ठरज्जुपमाणं[2] के वि आइरिया एवं होदि[3] त्ति भणंति। तं जहा— अवरदिसादो मारणंतियसमुग्घादं कादूण पुव्वदिसमागदो जाव लोगणालीए अंतं पत्तो त्ति। पुणो विग्गहं करिय हेट्ठा छरज्जुपमाणं गंतूण पुणरवि विग्गहं करिय वारुणदिसाए अद्धरज्जुपमाणं गंतूण अवहिट्ठाणम्मि उप्पण्णस्स खेत्तं होदि त्ति। एदं ण घडदे, उववादट्ठाणं वोलेदूण गमणं णत्थि त्ति पवाइज्जंतउवदेसेण सिद्धत्तादो।

भी विवक्षित शरीरकी अपेक्षा तिगुणे बाहल्यसे मारणान्तिकसमुद्घातको प्राप्त होता है। परन्तु यह योग्य नहीं है, क्योंकि, अत्यधिक असाताका अनुभव करनेवाले सातवीं पृथिवीके नारकियोंमें उत्पन्न होनेवाले महामत्स्यकी वेदना और कषायकी अपेक्षा सूक्ष्म निगोद जीवोंमें उत्पन्न होनेवाले महामत्स्यकी वेदना और कषाय सदृश नहीं हो सकती। इस कारण यही अर्थ प्रधान है, ऐसा ग्रहण करना चाहिये। "लोकनालीके अन्तमें सातवीं पृथिवीका श्रेणिबद्ध है" इस सूत्रसे जाना जाता है, क्योंकि, इसके विना तीन विग्रहोंका प्रसंग आता है।

शंका— अनन्तर कालमें उत्पन्न होगा, यह किसलिये कहते हैं?

समाधान— नहीं, क्योंकि, नारकियोंमें उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें प्रथम दण्डका उपसंहार हो जानेसे उसका उत्कृष्ट क्षेत्र नहीं बन सकता।

यहां संदृष्टि—(मूलमें देखिये)।

साधिक साढ़े सात राजुका प्रमाण इस (निम्न) प्रकार होता है, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं। यथा— "पश्चिम दिशासे मारणान्तिकसमुद्घातको करके लोकनालीका अन्त प्राप्त होने तक पूर्वदिशामें आया। फिर विग्रह करके नीचे छह राजु मात्र जाकर पुनः विग्रह करके पश्चिम दिशामें आध राजु प्रमाण जाकर अवधिस्थान नरकमें उत्पन्न होनेपर उसका उत्कृष्ट क्षेत्र होता है।" किन्तु यह घटित नहीं होता, क्योंकि, वह 'उपपादस्थानका अतिक्रमण करके गमन नहीं होता' इस परम्परागत उपदेशसे सिद्ध है।

१ अप्रतौ 'उप्पज्जदि', ताप्रतौ 'उप्पज्जहिदि' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'सादिरेयमद्धयरज्जुपमाणं' इति पाठः। ३ प्रतिषु 'होंति' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एत्थ उवसंहारो उच्चदे । तं जहा— एगरज्जुं ठविय सादिरेयअद्धट्ठमरूवेहि गुणेदूण पुणो तिगुणिदविक्खंभेण । १५०० । तिगुणिदउस्सेहगुणिदेण । ७५० । गुणिदे णाणावरणीयस्स उक्कस्सखेत्तं होदि ।

तव्वदिरित्ता अणुक्कस्सा ॥ १३ ॥

उक्कस्समहामच्छखेत्तादो वदिरित्तं खेत्तं तव्वदिरित्तं णाम । सा अणुक्कस्सा खेत्तवेयणा । सा च असंखेज्जवियप्पा । तिस्से सामी किण्ण परूविदो ? ण, उक्कस्ससामी चेव अणुक्कस्सस्स वि सामी होदि त्ति पुधसामित्तपरूवणाकरणादो, सेसवियप्पाणं पि एदम्हादो चेव सिद्धीदो च । तं जहा—मुहम्मि एगागासपदेसेणूणुक्कस्सोगाहणमहामच्छेण पुव्ववेरियदेवसंबंधेण लोगणालीए वायव्वदिसाए णिवदिय वेयणसमुग्घादेण पुव्वविक्खं-भुस्सेहेहिंतो तिगुणविक्खंभुस्सेहे आवण्णेण मारणंतियसमुग्घादेण तिण्णि कंदयाणि कादूण सत्तमपुढविं पत्तेण अणुक्कस्सुक्कस्सक्खेत्तं कदं । तेण एदस्स अणुक्कस्सुक्कस्सखेत्तस्स महामच्छो चेव सामी । पुणो मुहपदेसे दोहि आगासपदेसेहि ऊणओ महामच्छो वेयण-समुग्घादेण समुहदो होदूण तिण्णि विग्गहकंडयाणि कादूण मारणंतियसमुग्घादेण सत्तम-पुढविं गदो बिदियअणुक्कस्सखेत्तस्स सामी होदि । पुणो तीहि आगासपदेसेहि परिहीणमुहो

यहां उपसंहार कहते हैं। वह इस प्रकार है—एक राजुको स्थापित करके साधिक साढ़े सात रूपोंसे गुणित करके पश्चात् तिगुणे उत्सेध (२५० × ३ = ७५०) से गुणित तिगुणे विष्कम्भ (५०० × ३ = १५००) के द्वारा गुणित करनेपर ज्ञानावरणीयका उत्कृष्ट क्षेत्र होता है।

महामत्स्यके उपर्युक्त उत्कृष्ट क्षेत्रसे भिन्न अनुत्कृष्ट वेदना है ॥ १३ ॥

उत्कृष्ट महामत्स्यक्षेत्रसे भिन्न क्षेत्र तद्व्यतिरिक्त है। वह अनुत्कृष्ट क्षेत्रवेदना है। वह असंख्यात विकल्प रूप है।

शंका— उसके स्वामीकी प्ररूपणा क्यों नहीं की गई है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, उत्कृष्टका स्वामी ही चूंकि अनुत्कृष्टका भी स्वामी होता है, अतः उसके स्वामित्वकी पृथक् प्ररूपणा नहीं की गई है, तथा शेष विकल्प भी इसीसे सिद्ध होते हैं। यथा— मुखमें एक प्रदेशसे हीन उत्कृष्ट अवगाहनासे संयुक्त, पूर्ववैरी देवके सम्बन्धसे लोकनालीकी वायव्य दिशामें गिरकर वेदनासमुद्घातसे पूर्व विष्कम्भ व उत्सेधकी अपेक्षा तिगुणे विष्कम्भ व उत्सेधको प्राप्त, तथा मारणान्तिक-समुद्घातसे तीन काण्डकोंको करके सातवीं पृथिवीको प्राप्त हुआ महामत्स्य अनुत्कृष्ट-उत्कृष्ट क्षेत्रको करता है। इस कारण इस अनुत्कृष्ट-उत्कृष्ट क्षेत्रका महामत्स्य ही स्वामी है।

पुनः मुखप्रदेशमें दो आकाशप्रदेशोंसे हीन महामत्स्य वेदनासमुद्घातसे समुद्घातको प्राप्त होकर तीन विग्रहकाण्डकोंको करके मारणान्तिकसमुद्घातसे सातवीं पृथिवीको प्राप्त होता हुआ द्वितीय अनुत्कृष्ट क्षेत्रका स्वामी होता है। फिर तीन

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

महामच्छो पुव्वविहिणा चेव मारणंतियसमुग्घादेण सत्तमपुढविं गदो तदियखेत्तस्स सामी। मुहम्मि चत्तारिआगासपदेसूणमहामच्छो मारणंतियसमुग्घादेण सादिरेयअद्धट्ठमरज्जुआयदो चउत्थखेत्तस्स सामी। एवमेदेण कमेण महामच्छमुहपदेसे ऊणे करिय संखेज्जपदरंगुलमेत्ता अणुक्कस्सक्खेत्तवियप्पा उप्पादेदव्वा।

एत्थतणसव्वपच्छिमखेत्तं केण सरिसं होदि त्ति वुत्ते वुच्चदे — ओघुक्कस्सोगाहण-महामच्छस्स वेयणसमुग्घादेण तिगुणविक्खंभुस्सेहं गंतूण पदेसूणद्धट्ठमरज्जूण मुक्कमारणंतियस्स खेत्तेण सरिसं होदि। पुणो वि महामच्छमुहवियप्पे अस्सिदूण पदेसूणद्धट्ठमरज्जूणं मारणंतियं मेल्लाविय संखेज्जपदरंगुलमेत्तखेत्ताणं सामित्तपरूवणा कायव्वा। एत्थ अंतिमक्खेत्तवियप्पो केण सरिसो होदि त्ति उत्ते, उच्चदे— ओघुक्कस्सोगाहणामहामच्छस्स पुव्वविहाणेण दुपदे-सूणद्धट्ठमरज्जूण मुक्कमारणंतियस्स खेत्तेण सरिसो। पुणो एदं मारणंतियखेत्तायामं धुवं कादूण महामच्छमुहवियप्पे अस्सिदूण संखेज्जपदरंगुलमेत्तखेत्ताणं सामित्तपरूवणं कायव्वं। पुणो एत्थ सव्वपच्छिमवियप्पो तिपदेसूणद्धट्ठमरज्जूणं मुक्कमारणंतियखेत्तेण सरिसो।

आकाशप्रदेशोंसे हीन मुखवाला महामत्स्य पूर्व विधिसे ही मारणान्तिकसमुद्घातसे सातवीं पृथिवीको प्राप्त होकर तृतीय अनुत्कृष्ट क्षेत्रका स्वामी होता है। मुखमें चार आकाशप्रदेशोंसे हीन महामत्स्य मारणान्तिकसमुद्घातसे साधिक साढ़े सात राजु मात्र आयामसे युक्त होता हुआ चतुर्थ अनुत्कृष्ट क्षेत्रका स्वामी होता है। इस प्रकार इस क्रमसे महामत्स्यके मुखप्रदेशोंको हीन करके संख्यात प्रतरांगुल प्रमाण अनुत्कृष्ट क्षेत्रके विकल्पोंको उत्पन्न कराना चाहिये।

शंका—यहांका सबसे अन्तिम क्षेत्र किसके सदृश होता है?

समाधान—इस शंकाके उत्तरमें कहते हैं कि यह क्षेत्र सामान्योक्त उत्कृष्ट अवगाहनावाले और वेदनासमुद्घातसे तिगुणे विष्कम्भ व उत्सेधको प्राप्त होकर एक प्रदेश कम साढ़े सात राजु तक मारणान्तिकसमुद्घातको करनेवाले महामत्स्यके क्षेत्रके सदृश होता है।

फिरसे भी महामत्स्यके मुख सम्बन्धी विकल्पोंका आश्रय करके प्रदेश कम साढ़े सात राजु तक मारणान्तिकसमुद्घातको छुड़ाकर संख्यात प्रतरांगुल प्रमाण क्षेत्रोंके स्वामित्वकी प्ररूपणा करना चाहिये।

शंका—यहां अन्तिम विकल्प किसके सदृश होता है?

समाधान—इस प्रकार पूछनेपर उत्तर देते हैं कि वह क्षेत्र ओघोक्त उत्कृष्ट अवगाहनासे संयुक्त और पूर्व विधिके अनुसार दो प्रदेशोंसे हीन साढ़े सात राजु तक मारणान्तिकसमुद्घातको छोड़नेवाले महामत्स्यके क्षेत्रके सदृश होता है।

फिर इस मारणान्तिकक्षेत्रके आयामको अवस्थित करके महामत्स्यके मुख-विकल्पोंका आश्रय कर संख्यात प्रतरांगुल मात्र क्षेत्रोंके स्वामित्वकी प्ररूपणा करना चाहिये। यहां सबसे अन्तिम विकल्प तीन प्रदेश कम साढ़े सात राजु तक मारणान्तिक-

१ ताप्रतौ '–वियप्पो त्ति पदेसूण–' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवमेगेगागासपदेसूणाओ कमेण मारणंतियं मेलाविय अणुक्कस्सखेत्ताणं सामित्तपरूवणं कायव्वं। सत्तमपुढविं मारणंतियं मेल्लमाणजीवाणं मारणंतियखेत्तायामो सव्वेसिं किण्ण सरिसो? ण, मारणंतियं मेल्लिदूण[1] पुणो मूलसरीरं पविसिय कालं करेंताणं मारणंतियखेत्तायामाणमणेगवियप्पत्तं पडि विरोहाभावादो। समुप्पत्तिक्खेत्तमपाविय कयमारणंतियसमुग्घादजीवा पल्लट्टिय मूलसरीरं पविस्संति त्ति कधं णव्वदे? पवाइज्जंतउवदेसादो। सुहुमणिगोदेसु उप्पज्जमाणमहामच्छे अस्सिदूण किण्ण सामित्तं उच्चदे? ण, तेसु तिव्ववेयणाकसायविवज्जिएसु एक्कसराहेण महामच्छुक्कस्समारणंतियखेत्तादो अणेगरज्जुमेत्तखेत्तपदेसूणेसु महामच्छुक्कस्सखेत्तादो पदेसूणादिखेत्तवियप्पाणुवलंभादो। सुहुमणिगोदेसुप्पज्जमाणमहामच्छस्स उक्कस्समारणंतियखेत्तसमाणं सत्तमपुढविम्हि समुप्पज्जमाणमहामच्छमारणंतियखेत्तप्पहुडि हेट्ठिमखेत्तवियप्पा सुहुमणिगोदेसु सत्तमपुढवीए च उप्पज्जमाणमहामच्छे अस्सिदूण उप्पादेदव्वा। अहवा, महामच्छं चेव एगादिएगुत्तरागासपदेसकमेण पुरदो

समुद्घातको छोड़नेवाले महामत्स्यके क्षेत्रके सदृश होता है। इस प्रकार एक एक आकाशप्रदेशकी हीनताके क्रमसे मारणान्तिकसमुद्घातको छुड़ाकर अनुत्कृष्ट क्षेत्रोंके स्वामित्वकी प्ररूपणा करना चाहिये।

शंका — सातवीं पृथिवीमें मारणान्तिकसमुद्घातको करनेवाले सब जीवोंके मारणान्तिकक्षेत्रोंका आयाम समान क्यों नहीं होता?

समाधान — नहीं, क्योंकि, मारणान्तिकसमुद्घातको करके फिर मूल शरीरमें प्रवेश कर मृत्युको प्राप्त होनेवाले जीवों सम्बन्धी मारणान्तिकक्षेत्रोंके आयामोंके अनेक विकल्प रूप होनेमें कोई विरोध नहीं है।

शंका — उत्पत्तिक्षेत्रको न पाकर मारणान्तिकसमुद्घातको करनेवाले जीव पलटकर मूल शरीरमें प्रविष्ट होते हैं, यह कैसे जाना जाता है?

समाधान — यह परम्परागत उपदेशसे जाना जाता है।

शंका — सूक्ष्म निगोद जीवोंमें उत्पन्न होनेवाले महामत्स्योंका आश्रय करके स्वामित्वकी प्ररूपणा क्यों नहीं की जाती है?

समाधान — नहीं, क्योंकि, तीव्र वेदना व कषायसे रहित होनेके कारण एक साथ पूर्वोक्त महामत्स्यके उत्कृष्ट मारणान्तिकक्षेत्रकी अपेक्षा अनेक राजु प्रमाण क्षेत्रप्रदेशोंसे हीन उक्त निगोद जीवोंमें उत्पन्न होनेवाले महामत्स्योंमें, सातवीं पृथिवीमें उत्पन्न होनेवाले महामत्स्यके उत्कृष्ट क्षेत्रसे एक प्रदेश कम दो प्रदेश कम इत्यादि क्षेत्रविकल्प नहीं पाये जाते।

सूक्ष्म निगोद जीवोंमें उत्पन्न होनेवाले महामत्स्यके उत्कृष्ट मारणान्तिकक्षेत्रके समान सातवीं पृथिवीमें उत्पन्न होनेवाले महामत्स्यके मारणान्तिकक्षेत्रको आदि लेकर अधस्तन क्षेत्रके विकल्पोंको सूक्ष्म निगोद जीवोंमें और सातवीं पृथिवीमें भी उत्पन्न होनेवाले महामत्स्योंका आश्रय करके उत्पन्न करना चाहिये। अथवा,

१ अ-काप्रत्योः 'मेल्लिदोण', ताप्रतौ 'मेल्लिदो ण' इति पाठः।

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

ओसारिय अणुक्कस्सखेत्ताणं परूवणा कायव्वा । एवं णेदव्वं जाव वेयणसमुग्घादेण समुहद-महामच्छखेत्तं त्ति ।

पुणो एदेण खेत्तेण कम्हि महामच्छे मारणंतियखेत्तं सरिसमिदि उत्ते उच्चदे, तं जहा— जो महामच्छो वेयणसमुग्घादेण विणा मूलायामेण सह णवजोयणसहस्साणि मारणंतियं मेल्लिदि, तस्स खेत्तं सरिसं होदि । पुणो पुव्विल्लं मोत्तूण इमं घेत्तूण खेत्तस्स सामित्तपरूवणं कायव्वं । तं जहा— मुहम्मि एगागासपदेसेण ऊणमहामच्छेण णवजोयण-सहस्साणि मुक्कमारणंतिए मेलाविय अणंतरहेट्ठिमअणुक्कस्समारणंतियखेत्तं होदि । एवमेगे-गासपदेसं[1] मुहम्मि ऊणं करिय णवजोयणसहस्साणि मारणंतियं मेल्लाविय संखेज्जपदरं-गुलमेत्तखेत्ताणं सामित्तपरूवणं कायव्वं । एवं परिहाइदूण ट्ठिदपच्छिमखेत्तेण ओघुक्कस्सो-गाहणाए पदेसूणणवजोयणसहस्साणि मुक्कमारणंतियमहामच्छखेत्तं[2] सरिसं होदि ? एवं जाणिदूण पदेसूणादिकमेण सेसखेत्ताणं पि सामित्तपरूवणं कायव्वं जाव महामच्छस्सुक्कस्सणु-क्कस्सोगाहणे त्ति । पुणो पदेसूणुक्कस्सोगाहणमहामच्छो तदणंतरहेट्ठिमअणुक्कस्सखेत्त-सामी । एवमेगेगं खेत्तपदेसं णिरंतरं ऊणं करिय णेयव्वं जाव बादरवणप्फदिकाइयपत्तेय-

महामत्स्यको ही एकको आदि लेकर एक अधिक आकाशप्रदेशके क्रमसे आगे बढ़ाकर अनुत्कृष्ट क्षेत्रोंकी प्ररूपणा करना चाहिये । इस प्रकार वेदनासमुद्घातसे समुद्घातको प्राप्त महामत्स्यके क्षेत्र तक ले जाना चाहिये ।

शंका— इस क्षेत्रसे कौनसे महामत्स्यका क्षेत्र सदृश है ?

समाधान - इस शंकाका उत्तर कहते हैं । वह इस प्रकार है—जो महामत्स्य वेदनासमुद्घातके विना मूल आयामके साथ नौ हजार योजन मारणान्तिकसमुद्घातको करता है उसका क्षेत्र इस क्षेत्रके सदृश होता है ।

अब पूर्वके क्षेत्रको छोड़कर व इसे ग्रहण कर स्वामित्वकी प्ररूपणा करना चाहिये । वह इस प्रकार है—मुखमें एक आकाशप्रदेशसे हीन होकर नौ हजार योजन मारणान्तिकसमुद्घातको करनेवाले महामत्स्यका अनन्तर अधस्तन अनुत्कृष्ट मारणा-न्तिकक्षेत्र होता है । इस प्रकार एक एक आकाशप्रदेशको मुखमें कम करके नौ हजार योजन मारणान्तिकसमुद्घातको कराकर संख्यात प्रतरांगुल मात्र क्षेत्रोंके स्वामित्वकी प्ररूपणा करना चाहिये । इस प्रकार हीन होकर स्थित अन्तिम क्षेत्रसे ओघोक्त उत्कृष्ट अवगाहनामें एक प्रदेश कम नौ हजार योजन मारणान्तिकसमुद्घातको करनेवाले महामत्स्यका क्षेत्र सदृश होता है । इस प्रकार एक प्रदेश कम, दो प्रदेश कम इत्यादि क्रमसे महामत्स्यके अध्वानमें उत्कृष्ट अवगाहना तक शेष क्षेत्रोंके भी स्वामित्वकी प्ररूपणा जानकर करना चाहिये । पुनः एक प्रदेश कम उत्कृष्ट अवगाहनावाला महामत्स्य उससे अनन्तर अधस्तन अनुत्कृष्ट क्षेत्रका स्वामी होता है । इस प्रकार एक एक क्षेत्रप्रदेशको निरन्तर कम करके बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीरकी उत्कृष्ट अवगाहना प्राप्त

१ अप्रतौ '-मेगेगाणसपदेसं', ताप्रतौ '-मेगेगागासपदेस-' इति पाठः । २ प्रतिषु 'खेत्तस्स' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सरीरउक्कस्सोगाहणं पत्तमिदि। पुणो तत्तो एगेगपदेसूणं करिय णेदव्वं जाव बेइंदिय-णिव्वत्तिपज्जत्तउक्कस्सोगाहणं पत्तमिदि। पुणो तत्तो णिरंतरं पदेसूणादिकमेण णेदव्वं जाव चउरिंदियणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं पत्तमिदि। पुणो तत्तो पदेसूणादिकमेण णेदव्वं जाव तेइंदियणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं पत्तमिदि। पुणो एगेगपदेसूणादिकमेण णेदव्वं जाव तेइंदियणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स अजहण्णमणुक्कस्समेगघणंगुलोगाहणं पत्तमिदि। एवं णिरंतरकमेण एगेगपदेसूणं करिय णेयव्वं जाव सुहुमणिगोदलद्धिअपज्जत्तजहण्णोगाहणं पत्तमिदि। एवमसंखेज्जसेडिमेत्ताणमणुक्कस्सखेत्तवियप्पाणं सामित्तपरूवणा कदा।

संपहि एदेसिं खेत्तवियप्पाणं जे सामिणो जीवा तेसिं परूवणाए कीरमाणाए तत्थ छअणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति। तत्थ परूवणा उच्चदे। तं जहा— उक्कस्सए ठाणे अत्थि जीवा। एवं णेदव्वं जाव जहण्णट्ठाणे त्ति। परूवणा गदा।

उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा केत्तिया? असंखेज्जा। एवं तसकाइयपाओग्गखेत्त-वियप्पेसु असंखेज्जजीवा त्ति वत्तव्वं। थावरकाइयपाओग्गेसु वि असंखेज्जलोगा। णवरि वणप्फइकाइयपाओग्गेसु अणंता। एवं पमाणपरूवणा गदा।

सेडी अवहारो च ण सक्कदे णेदुमुवदेसाभावादो। णवरि एइंदिएसु जहण्णट्ठाण-

---

होने तक ले जाना चाहिये। फिर उसमेंसे एक एक प्रदेश कम करके द्वीन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना प्राप्त होने तक ले जाना चाहिये। फिर उसमेंसे निरन्तर एक प्रदेश कम, दो प्रदेश कम इत्यादि क्रमसे चतुरिन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना प्राप्त होने तक ले जाना चाहिये। फिर उसमेंसे प्रदेश हीनादिके क्रमसे त्रीन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना प्राप्त होने तक ले जाना चाहिये। फिर उसमेंसे एक एक प्रदेश हीनादिके क्रमसे त्रीन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तककी अजघन्य-अनुत्कृष्ट एक घनांगुल मात्र अवगाहनाके प्राप्त होने तक ले जाना चाहिये। इस प्रकार निरन्तर क्रमसे एक एक प्रदेश हीन करके सूक्ष्म निगोद लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना प्राप्त होने तक ले जाना चाहिये। इस प्रकार असंख्यात श्रेणि मात्र अनुत्कृष्ट क्षेत्र सम्बन्धी विकल्पोंके स्वामित्वकी प्ररूपणा की गई है।

अब इन क्षेत्रविकल्पोंके जो जीव स्वामी हैं उनकी प्ररूपणा करते समय वहां छह अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं—[प्ररूपणा, प्रमाण, श्रेणि, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व]। उनमें प्ररूपणा अनुयोगद्वारको कहते हैं। वह इस प्रकार है—उत्कृष्ट स्थानमें जीव हैं। इस प्रकार जघन्य स्थान तक ले जाना चाहिये। प्ररूपणा समाप्त हुई।

उत्कृष्ट स्थानमें जीव कितने हैं? वे वहां असंख्यात हैं। इस प्रकार त्रसकायिकोंके योग्य क्षेत्रविकल्पोंमें असंख्यात जीव हैं, ऐसा कहना चाहिये। स्थावरकायिकोंके योग्य क्षेत्रविकल्पोंमें भी असंख्यात लोक प्रमाण जीव हैं। विशेष इतना है कि वनस्पति-कायिक योग्य क्षेत्रविकल्पोंमें अनन्त जीव हैं। इस प्रकार प्रमाणप्ररूपणा समाप्त हुई।

श्रेणि और अवहारकी प्ररूपणा नहीं की जा सकती, क्योंकि, उनका उपदेश प्राप्त नहीं है। विशेष इतना है कि एकेन्द्रिय जीवोंमें जघन्य स्थान सम्बन्धी जीवोंकी

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

जीवेहिंतो बिदियट्ठाणजीवा विसेसाहिया विसेसहीणा वा अंतोमुहुत्तपडिभागेण ।

उक्कस्सट्ठाणजीवा सव्वट्ठाणजीवाणं केवडिओ भागो ? अणंतिमभागो । जहण्णए ट्ठाणे जीवा सव्वट्ठाणजीवाणं केवडिओ भागो ? असंखेज्जदिभागो । अजहण्णअणुक्कस्सएसु ट्ठाणेसु जीवा सव्वजीवाणं केवडिओ भागो ? असंखेज्जा भागा । एवं भागाभागपरूवणा गदा ।

सव्वत्थोवा उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा । जहण्णए ट्ठाणे अणंतगुणा । अजहण्णअणुक्कस्सएसु ट्ठाणेसु जीवा असंखेज्जगुणा । को गुणगारो ? अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो । अजहण्णए ट्ठाणे जीवा विसेसाहिया । अणुक्कस्सए ट्ठाणे जीवा विसेसाहिया । सव्वेसु ट्ठाणेसु जीवा विसेसाहिया ।

अधवा अप्पाबहुगं तिविहं— जहण्णयमुक्कस्सयमजहण्णमणुक्कस्सयं चेदि । तत्थ जहण्णए　　— सव्वत्थोवा जहण्णए ट्ठाणे । अजहण्णए ट्ठाणे जीवा असंखेज्जगुणा । उक्कस्सए पयदं— सव्वत्थोवा उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा । अणुक्कस्सए ट्ठाणे जीवा अणंतगुणा । अजहण्णअणुक्कस्सए पयदं— सव्वत्थोवा उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा । जहण्णए ट्ठाणे जीवा अणंतगुणा । अजहण्णअणुक्कस्सएसु ट्ठाणेसु जीवा असंखेज्जगुणा । अजहण्णए

अपेक्षा द्वितीय स्थान सम्बन्धी जीव अन्तर्मुहूर्त प्रतिभागसे विशेष अधिक अथवा विशेष हीन हैं ।

उत्कृष्ट स्थानके जीव सब स्थान सम्बन्धी जीवोंके कितनेवें भाग प्रमाण हैं ? वे उनके अनन्तवें भाग प्रमाण हैं । जघन्य स्थानमें जीव सब स्थानों सम्बन्धी जीवोंके कितनेवें भाग प्रमाण हैं ? वे उनके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं । अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थानोंमें जीव सब जीवोंके कितनेवें भाग प्रमाण हैं ? वे उनके असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं । इस प्रकार भागभागप्ररूपणा समाप्त हुई ।

उत्कृष्ट स्थानमें जीव सबसे थोड़े हैं । उनसे जघन्य स्थानमें वे अनन्तगुणे हैं । उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थानोंमें जीव असंख्यातगुणे हैं ।

शंका — गुणकार क्या है ?

समाधान — गुणकार अंगुलका असंख्यातवां भाग है ।

उनसे अजघन्य स्थानमें जीव विशेष अधिक हैं । अनुत्कृष्ट स्थानमें जीव उनसे विशेष अधिक हैं । उनसे सब स्थानोंमें जीव विशेष अधिक हैं ।

अथवा, अल्पबहुत्व तीन प्रकार है— जघन्य, उत्कृष्ट और अजघन्य-अनुत्कृष्ट । उनमें जघन्य अल्पबहुत्व प्रकृत है— जघन्य स्थानमें जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे अजघन्य स्थानमें जीव असंख्यातगुणे हैं । उत्कृष्ट अल्पबहुत्व प्रकृत है— उत्कृष्ट स्थानमें जीव सबसे थोड़े हैं । अनुत्कृष्ट स्थानमें जीव उनसे अनन्तगुणे हैं । अजघन्य-अनुत्कृष्ट अल्पबहुत्व प्रकृत है— उत्कृष्ट स्थानमें जीव सबसे स्तोक हैं । जघन्य स्थानमें जीव उनसे अनन्तगुणे हैं । अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थानोंमें जीव उनसे असंख्यातगुणे हैं ।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

ट्ठाणे जीवा विसेसाहिया। अणुक्कस्सए ट्ठाणे जीवा विसेसाहिया। सव्वेसु ट्ठाणेसु जीवा विसेसाहिया।

एवं दंसणावरणीय-मोहणीय-अंतराइयाणं ॥ १४ ॥

एदेसिं तिण्हं घादिकम्माणं जहा णाणावरणीयउक्कस्साणुक्कस्सखेत्तपरूवणा कदा तहा कादव्वं, विसेसाभावादो।

सामित्तेण उक्कस्सपदे वेदणीयवेदणा खेत्तदो उक्कस्सिया कस्स[1] ? ॥ १५ ॥

उक्कस्सपदे त्ति णिद्देसेण जहण्णपदपडिसेहो कदो। वेदणीयवेदणा त्ति णिद्देसेण सेसकम्मवेयणाए पडिसेहो कदो। खेत्तणिद्देसेण दव्वादिवेयणाणं पडिसेहो कदो। कस्से त्ति किं देवस्स, किं णेरइयस्स, किं तिरिक्खस्स, किं मणुस्सस्स होदि त्ति पुच्छा कदा।

अण्णदरस्स केवलिस्स केवलिसमुग्घादेण समुहदस्स सव्वलोगं गदस्स तस्स वेदणीयवेदणा खेत्तदो उक्कस्सा ॥ १६ ॥

अण्णदरस्से त्ति णिद्देसेण ओगाहणाविसेसाणं भरहादिक्खेत्तविसेसाणं च पडिसेहा-

---

उनसे अजघन्य स्थानमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे अनुत्कृष्ट स्थानमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे सब स्थानोंमें जीव विशेष अधिक हैं।

इसी प्रकार दर्शनावरणीय, मोहनीय और अन्तराय कर्मके भी उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट वेदनाक्षेत्रोंकी प्ररूपणा करना चाहिये ॥ १४ ॥

जैसे ज्ञानावरणीयके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट क्षेत्रोंकी प्ररूपणा की गई है वैसे ही इन तीन घाति कर्मोंके उक्त क्षेत्रोंकी प्ररूपणा करना चाहिये, क्योंकि, उनमें कोई विशेषता नहीं है।

स्वामित्वसे उत्कृष्ट पदमें वेदनीय कर्मकी वेदना क्षेत्रकी अपेक्षा उत्कृष्ट किसके होती है ? ॥ १५ ॥

'उत्कृष्ट पदमें' इस निर्देशसे जघन्य पदका प्रतिषेध किया गया है। 'वेदनीय कर्मकी वेदना' इस निर्देशसे शेष कर्मोंकी वेदनाका प्रतिषेध किया है। क्षेत्रका निर्देश करनेसे द्रव्यादि वेदनाओंका प्रतिषेध किया गया है। 'किसके होती है ?' इससे उक्त वेदना क्या देवके, क्या नारकीके, क्या तिर्यंचके और क्या मनुष्यके होती है; यह पृच्छा की गई है।

अन्यतर केवलीके, जो केवलिसमुद्घातसे समुद्घातको व उसमें भी सर्वलोक अर्थात् लोकपूरण अवस्थाको प्राप्त हैं, उनके वेदनीयकी वेदना क्षेत्रकी अपेक्षा उत्कृष्ट होती है ॥१६॥

'अन्यतर' पदके निर्देशसे अवगाहनाविशेषोंके और भरतादिक क्षेत्रविशेषोंके

---

१ अ-काप्रत्योः 'तस्स' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावो परूविदो । केवलिस्से त्ति णिद्देसेण छदुमत्थाणं पडिसेहो कदो । केवलिसमुग्घादेण समुहदस्से त्ति[1] णिद्देसेण सत्थाणकेवलिपडिसेहो कदो । सव्वलोगं गदस्से त्ति णिद्देसेण दंड-कवाड-पदरगदाणं पडिसेहो कदो । सव्वलोगपूरणे वट्टमाणस्स उक्कस्सिया वेयणीयवेयणा होदि त्ति उत्तं होदि । एत्थ उवसंहारो सुगमो ।

तव्वदिरित्ता अणुक्कस्सा ॥ १७ ॥

एदम्हादो उक्कस्सखेत्तवेयणादो वदिरित्ता खेत्तवेयणा अणुक्कस्सा होदि । तत्थ-तणउक्कस्सियाए खेत्तवेयणाए पदरगदो केवली सामी, एदम्हादो अणुक्कस्सखेत्तेसु महल्ल-खेत्ताभावादो । एदं च उक्कस्सखेत्तादो विसेसहीणं, वादवलयब्भंतरे जीवपदेसाणमभावादो । सव्वमहल्लोगाहणाए कवाडं गदो केवली तदणंतरअणुक्कस्सखेत्तट्ठाणसामी । णवरि पुव्विल्ल-अणुक्कस्सखेत्तादो बिदियमणुक्कस्सक्खेत्तमसंखेज्जगुणहीणं, संखेज्जसूचीअंगुलबाहल्लजग-पदरपमाणकवाडखेत्तं पेक्खिदूण मंथक्खेत्तस्स असंखेज्जगुणत्तुवलंभादो । पदेसूणुक्कस्स-विक्खंभोगाहणाए कवाडं गदो केवली तदियक्खेत्तसामी । णवरि बिदियमणुक्कस्सक्खेत्तं पेक्खिदूण तदियमणुक्कस्सक्खेत्तं विसेसहीणं होदि, पुव्विल्लक्खेत्तादो जगपदरमेत्तखेत्त-परिहाणिदंसणादो । दुपदेसूणुक्कस्सविक्खंभेण कवाडं गदो चउत्थखेत्तसामी । एदं पि

प्रतिषेधका अभाव बतलाया गया है । 'केवली' पदका निर्देश करके छद्मस्थोंका प्रतिषेध किया गया है । 'केवलिसमुद्घातसे समुद्घातको प्राप्त' इस निर्देशसे स्वस्थानकेवलीका प्रतिषेध किया है । 'सर्व लोकको प्राप्त' इस निर्देशसे दण्ड, कपाट और प्रतर समुद्घातको प्राप्त हुए केवलियोंका प्रतिषेध किया है । सर्वलोकपूरण समुद्घातमें रहनेवाले केवलीके उत्कृष्ट वेदनीयवेदना होती है, यह उसका अभिप्राय है । यहां उपसंहार सुगम है ।

उत्कृष्ट क्षेत्रवेदनासे भिन्न क्षेत्रवेदना अनुत्कृष्ट है ॥ १७ ॥

इस उत्कृष्ट क्षेत्रवेदनासे भिन्न क्षेत्रवेदना अनुत्कृष्ट होती है । अनुत्कृष्ट क्षेत्र-वेदनाविकल्पोंमें उत्कृष्ट क्षेत्रवेदनाके स्वामी प्रतरसमुद्घातको प्राप्त केवली हैं, क्योंकि, अनुत्कृष्ट क्षेत्रोंमें इससे और कोई बड़ा क्षेत्र नहीं है । यह क्षेत्र उत्कृष्ट क्षेत्रकी अपेक्षा विशेष हीन है, क्योंकि, इस क्षेत्रमें जीवके प्रदेश वातवलयोंके भीतर नहीं रहते । सबसे बड़ी अवगाहना द्वारा कपाटसमुद्घातको प्राप्त केवली तदनन्तर अनुत्कृष्ट क्षेत्रस्थानके स्वामी हैं । विशेष इतना है कि पूर्वके अनुत्कृष्ट क्षेत्रसे द्वितीय अनुत्कृष्ट क्षेत्र असंख्यातगुणा हीन है, क्योंकि, संख्यात सूच्यंगुल बाहल्य रूप जगप्रतर प्रमाण कपाटक्षेत्रकी अपेक्षा मंथक्षेत्र असंख्यातगुणा पाया जाता है । एक प्रदेश कम उत्कृष्ट विष्कम्भ युक्त अवगाहनासे कपाटसमुद्घातको प्राप्त केवली तृतीय क्षेत्रके स्वामी हैं । विशेष इतना है कि द्वितीय अनुत्कृष्ट क्षेत्रकी अपेक्षा तृतीय अनुत्कृष्ट क्षेत्र विशेष हीन है, क्योंकि, इसमें पूर्वके क्षेत्रकी अपेक्षा एक जगप्रतर मात्र क्षेत्रकी हानि देखी जाती है । दो प्रदेश कम उत्कृष्ट विष्कम्भसे कपाटको प्राप्त केवली चतुर्थ अनुत्कृष्ट क्षेत्रके स्वामी

१ अ-काप्रत्योः 'समुहदस्से त्ति' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणंतरपुव्विल्लखेत्तं पेक्खिदूण विसेसहीणं दोजगपदरमेत्तेण। एवं सांतरकमेण खेत्तसामित्तं परूवेदव्वं जाव आहुट्ठरयणिउस्सेहओगाहणाए विक्खंभेणूणपंचधणुसद-पणुवीसुत्तरुस्सेह-ओगाहणविक्खंभमेत्तकवाडखेत्तवियप्पा त्ति। पुणो एदेण सव्वजहण्णपच्छिमक्खेत्तेण सरिस-मुत्तराहिमुहकवाडक्खेत्तं घेत्तूण पुणो तत्तो एगेगपदेसं विक्खंभम्मि ऊणं करिय कवाडं णेदूण खेत्तवियप्पाणं सामित्तं परूवेदव्वं जाव उत्तराभिमुहकेवलिजहण्णकवाडक्खेत्तं पत्तो त्ति। पुणो तदणंतरहेट्ठिमअणुक्कस्सखेत्तसामी महामच्छो तिण्णिविग्गहकंदएहि सत्तमपुढविमारणं-तियसमुग्घादेण समुहदो सामी, अण्णस्स कवाडजहण्णखेत्तादो ऊणस्स अणुक्कस्सखेत्तस्स अणुवलंभादो। णवरि कवाडजहण्णक्खेत्तादो महामच्छस्स उक्कस्समसंखेज्जगुणहीणं।

एत्तो प्पहुडि उवरिमक्खेत्तवियप्पाणं घादिकम्माणं भणिदविहाणेण सामित्तपरूवणं कायव्वं। दंडगयकेवलिखेत्तट्ठाणाणि संखेज्जपदरंगुलमेत्ताणि महामच्छक्खेत्तंतो णिवदंति त्ति पुध ण परूविदाणि। केवली दंडं करेमाणो सव्वो सरीरतिगुणबाहल्लेण[1] [ण] कुणदि, वेयणाभावादो। को पुण सरीरतिगुणबाहल्लेण दंडं कुणइ? पलियंकेण णिसण्णकेवली।

हैं। यह भी अव्यवहित पूर्वके क्षेत्रकी अपेक्षा दो जगप्रतर मात्रसे विशेष हीन है। इस प्रकार सान्तरक्रमसे साढ़े तीन रत्नि उत्सेध युक्त अवगाहनाके विष्कम्भसे हीन पांच सौ पच्चीस धनुष उत्सेध युक्त अवगाहनाके विष्कम्भ प्रमाण कपाटक्षेत्रके विकल्पों तक क्षेत्रस्वामित्वकी प्ररूपणा करना चाहिये। फिर इस सर्वजघन्य अन्तिम क्षेत्रके सदृश उत्तराभिमुख कपाटक्षेत्रको ग्रहण करके पश्चात् उससे विष्कम्भमें एक एक प्रदेश कम करके कपाटसमुद्घातको लेकर उत्तराभिमुख केवलीके जघन्य कपाटक्षेत्रको प्राप्त होने तक क्षेत्रविकल्पोंके स्वामित्वकी प्ररूपणा करना चाहिये। पुनः तीन विग्रहकाण्डकों द्वारा सातवीं पृथिवीमें मारणान्तिकसमुद्घातसे समुद्घातको प्राप्त महामत्स्य तदनन्तर अधस्तन अनुत्कृष्ट क्षेत्रका स्वामी है, क्योंकि, उक्त जघन्य कपाटक्षेत्रसे हीन और दूसरा अनुत्कृष्ट क्षेत्र पाया नहीं जाता। विशेष इतना है कि जघन्य कपाटक्षेत्रसे महामत्स्यका उत्कृष्ट क्षेत्र असंख्यातगुणा हीन है।

अब यहांसे आगे पूर्वोक्त घातिकर्मोंके विधानसे उपरिम क्षेत्रविकल्पोंकी प्ररूपणा करना चाहिये। दण्डगत केवलीके संख्यात प्रतरांगुल मात्र क्षेत्रस्थान चूंकि महामत्स्यक्षेत्रके भीतर आजाते हैं, अतः उनकी पृथक् प्ररूपणा नहीं की गई है। दण्डसमुद्घातको करनेवाले सभी केवली शरीरसे तिगुणे बाहल्यसे उक्त समुद्घातको नहीं करते, क्योंकि, उनके वेदनाका अभाव है।

शंका — तो फिर कौनसे केवली शरीरसे तिगुणे बाहल्यसे दण्डसमुद्घातको करते हैं?

समाधान — पल्यंक आसनसे स्थित केवली उक्त प्रकारसे दण्डसमुद्घातको करते हैं।

---

१ अ-काप्रत्योः 'बाहिल्लेण' इति पाठः।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

एदेसिं खेत्ताणं सामिजीवाणं परूवणे कीरमाणे छअणिओगद्दाराणि हवंति । तत्थ परूवणाए वेयणीयसव्वक्खेत्तवियप्पेसु अत्थि जीवा । परूवणा गदा ।

उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा केत्तिया ? संखेज्जा । एवं णेयव्वं जाव कवाडगदकेवलिजहण्णक्खेत्तवियप्पे त्ति । उवरि महामच्छउक्कस्सखेत्तप्पहुडि तसपाओग्गक्खेत्तेसु असंखेज्जा । वणप्फदिकाइयपाओग्गेसु अणंता । एवं पमाणपरूवणा गदा । सेडिपरूवणा ण सक्कदे णेदुं, पवाइज्जंतुवदेसाभावादो ।

अवहारो उच्चदे— उक्कस्सट्ठाणजीवपमाणेण सव्वट्ठाणजीवा केवचिरेण कालेण अवहिरिज्जंति ? अणंतेण कालेण । एवं णेदव्वं जाव तसकाइय-पुढविकाइय-आउकाइय-तेउकाइय-वाउकाइयपाओग्गट्ठाणे त्ति । सुहुम-बादरवणप्फदिकाइयपाओग्गट्ठाणजीवपमाणेण सव्वजीवा केवचिरेण कालेण अवहिरिज्जंति ? असंखेज्जेण ।

भागाभागो वुच्चदे — उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा सव्वट्ठाणजीवाणं केवडिओ भागो ? अणंतिमभागो । जहण्णए ट्ठाणे सव्वट्ठाणजीवाणं केवडिओ भागो ? असंखेज्जदिभागो । अजहण्णुक्कस्सए ट्ठाणे जीवा सव्वट्ठाणजीवाणं केवडिओ भागो ? असंखेज्जा भागा । भागाभागपरूवणा गदा ।

इन क्षेत्रोंके स्वामी जीवोंकी प्ररूपणा करनेमें छह अनुयोगद्वार हैं । उनमें प्ररूपणा अनुयोगद्वारकी अपेक्षा वेदनीय कर्मके सब क्षेत्रविकल्पोंमें जीव हैं । प्ररूपणा समाप्त हुई ।

उत्कृष्ट स्थानमें जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । इस प्रकार कपाटसमुद्घातगत केवलीके जघन्य क्षेत्रविकल्प तक ले जाना चाहिये । आगे महामत्स्यके उत्कृष्ट क्षेत्रसे लेकर त्रस योग्य क्षेत्रोंमें असंख्यात जीव हैं । वनस्पतिकायिक योग्य क्षेत्रोंमें अनन्त जीव हैं । इस प्रकार प्रमाणप्ररूपणा समाप्त हुई ।

श्रेणिप्ररूपणा बतलाना शक्य नहीं है, क्योंकि, उसके विषयमें प्रवाह स्वरूपसे प्राप्त हुए परम्परागत उपदेशका अभाव है ।

अवहारकी प्ररूपणा करते हैं — उत्कृष्ट स्थानमें रहनेवाले जीवोंके प्रमाणसे सब जीव कितने कालसे अपहृत होते हैं ? वे उक्त प्रमाणसे अनन्त कालमें अपहृत होते हैं । इस प्रकार त्रसकायिक, पृथिवीकायिक, जलकायिक, तेजकायिक और वायुकायिक योग्य स्थानों तक ले जाना चाहिये । सूक्ष्म व बादर वनस्पतिकायिक योग्य स्थानों सम्बन्धी जीवोंके प्रमाणसे सब जीव कितने कालसे अपहृत होते हैं ? उक्त प्रमाणसे वे असंख्यात कालमें अपहृत होते हैं ।

भागाभागकी प्ररूपणा करते हैं — उत्कृष्ट स्थानमें रहनेवाले जीव सब स्थानों सम्बन्धी जीवोंके कितनेवें भाग प्रमाण हैं ? वे उनके अनन्तवें भाग प्रमाण हैं । जघन्य स्थानमें रहनेवाले जीव सब स्थानों सम्बन्धी जीवोंके कितनेवें भाग प्रमाण हैं ? वे उनके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं । अजघन्योत्कृष्ट स्थानमें रहनेवाले जीव सब स्थानों सम्बन्धी जीवोंके कितनेवें भाग प्रमाण हैं ? वे उनके असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं । भागाभागप्ररूपणा समाप्त हुई ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो — सव्वत्थोवा उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा। जहण्णए ट्ठाणे जीवा अणंतगुणा। अजहण्णअणुक्कस्सए ट्ठाणे जीवा असंखेज्जगुणा। अजहण्णए ट्ठाणे जीवा विसेसाहिया। अणुक्कस्सए ट्ठाणे जीवा विसेसाहिया। सव्वेसु ट्ठाणेसु जीवा विसेसाहिया।

एवमाउव–णामा–गोदाणं ॥ १८ ॥

जहा वेदणीयस्स उक्कस्साणुक्कस्सक्खेत्तपरूवणा कदा तहा आउव-णामा-गोदाणं पि खेत्तपरूवणं कायव्वं, विसेसाभावादो। एवमुक्कस्साणुक्कस्सखेत्तपरूवणा समत्ता।

सामित्तेण जहण्णपदे णाणावरणीयवेयणा खेत्तदो जहण्णिया कस्स ? ॥ १९ ॥

जहण्णपदणिद्देसो सेसपदपडिसेहफलो। णाणावरणीयणिद्देसो सेसकम्मपडिसेहफलो। खेत्तणिद्देसो दव्वादिपडिसेहफलो। कस्से त्ति देव-णेरइयादिविसयपुच्छा।

अण्णदरस्स सुहुमणिगोदजीवअपज्जत्तयस्स तिसमयआहारयस्स तिसमयतब्भवत्थस्स जहण्णजोगिस्स सव्वजहण्णियाए सरीरोगाहणाए वट्टमाणस्स तस्स णाणावरणीयवेयणा खेत्तदो जहण्णा ॥ २० ॥

अल्पबहुत्वको कहते हैं— उत्कृष्ट स्थानमें जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे जघन्य स्थानमें जीव अनन्तगुणे हैं। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थानमें जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अजघन्य स्थानमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे अनुत्कृष्ट स्थानमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे सब स्थानोंमें जीव विशेष अधिक हैं।

इसी प्रकार आयु, नाम व गोत्र कर्मके उत्कृष्ट एवं अनुत्कृष्ट वेदनाक्षेत्रोंकी प्ररूपणा करनी चाहिये ॥ १८ ॥

जिस प्रकार वेदनीय कर्मके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट क्षेत्रकी प्ररूपणा की गई है, उसी प्रकार आयु, नाम व गोत्र कर्मके भी उक्त क्षेत्रोंकी प्ररूपणा करनी चाहिये, क्योंकि, उसमें कोई विशेषता नहीं है। इस प्रकार उत्कृष्ट-अनुत्कृष्टक्षेत्रप्ररूपणा समाप्त हुई।

स्वामित्वसे जघन्य पदमें ज्ञानावरणीयकी वेदना क्षेत्रकी अपेक्षा जघन्य किसके होती है ? ॥ १९ ॥

जघन्य पदका निर्देश शेष पदोंके प्रतिषेधके लिये किया है। ज्ञानावरणीयका निर्देश शेष कर्मोंका प्रतिषेध करनेवाला है। क्षेत्रका निर्देश द्रव्यादिकका प्रतिषेध करता है। 'किसके होती है' इस निर्देशसे देव व नारकी आदि विषयक पृच्छा प्रगट की गई है।

अन्यतर सूक्ष्म निगोद जीव लब्ध्यपर्याप्तक, जो कि त्रिसमयवर्ती आहारक है, तद्भवस्थ होनेके तृतीय समयमें वर्तमान है, जघन्य योगवाला है, और शरीरकी सर्वजघन्य अवगाहनामें वर्तमान है; उसके ज्ञानावरणीयकी वेदना क्षेत्रकी अपेक्षा जघन्य होती है ॥ २० ॥

१ अ-काप्रत्योः 'जीवा' इत्येतत् पदं नोपलभ्यते।

२ सुहुमणिगोदअपज्जत्तयस्स जादस्स तदियसमयम्हि। अंगुलअसंखभागं जहण्णमुक्कस्सयं मच्छे॥ गो. जी. ९४.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुहुमणिगोदा अणंता अत्थि, तत्थ एक्कस्स गहणट्ठमण्णदरस्स सुहुमणिगोद-जीवस्से त्ति उत्तं। तत्थ पज्जत्तणिराकरणट्ठमपज्जत्तस्से त्ति उत्तं। पज्जत्तणिराकरणं किमट्ठं कीरदे? अपज्जत्तजहण्णोगाहणादो पज्जत्तजहण्णोगाहणाए बहुत्तुवलंभादो। विग्गहगदीए जहण्णोगाहणा वि पुव्विल्लोगाहणाए सरिसा त्ति तप्पडिसेहट्ठं तिसमयआहारयस्से त्ति भणिदं। उजुगदीए उप्पण्णो त्ति जाणावणट्ठं तिसमयतब्भवत्थस्से त्ति भणिदं। एग-दो-तिण्णि वि विग्गहे कादूण उप्पाइय छसमयतब्भवत्थस्स जहण्णसामित्तं किण्ण दिज्जदे? ण, पंचसु समएसु असंखेज्जगुणाए सेडीए वड्ढिदेण एगंताणुवड्ढिजोगेण वड्ढमाणस्स बहुओगाहणप्पसंगादो[1]। पढमसमयआहारयस्स पढमसमयतब्भवत्थस्स जहण्णक्खेत्तसामित्तं किण्ण दिज्जदे? ण, तत्थ आयदचउरस्सक्खेत्तागोरेणं[2] ट्ठिदम्मि ओगाहणाए त्थोवत्ताणुववत्तीदो। उजुगदीए उप्पण्णपढमसमयम्मि आयदचउरंससरूवेण जीवपदेसा चिट्ठंति त्ति कधं णव्वदे? पवाइ-

---

सूक्ष्म निगोदिया जीव अनन्त हैं, उनमेंसे एकका ग्रहण करनेके लिये 'अन्यतर सूक्ष्म निगोद जीवके' ऐसा कहा है। उनमें पर्याप्तका निराकरण करनेके लिये 'अपर्याप्तके' ऐसा निर्देश किया है।

शंका— पर्याप्तका निराकरण किसलिये किया जा रहा है?

समाधान— अपर्याप्तकी जघन्य अवगाहनासे चूंकि पर्याप्तकी जघन्य अवगाहना बहुत पायी जाती है, अतः उसका निषेध किया गया है।

विग्रहगतिमें चूंकि जघन्य अवगाहना भी पूर्व अवगाहनाके सदृश है, अतः उसका निषेध करनेके लिये 'त्रिसमयवर्ती आहारक' ऐसा कहा है। ऋजुगतिसे उत्पन्न हुआ, इस बातके ज्ञापनार्थ 'तृतीय समयवर्ती तद्भवस्थ' ऐसा कहा है।

शंका— एक, दो अथवा तीन भी विग्रह करके उत्पन्न कराकर षष्ठसमयवर्ती तद्भवस्थ निगोद जीवके जघन्य स्वामीपना क्यों नहीं देते?

समाधान— नहीं, क्योंकि, पांच समयोंमें असंख्यातगुणित श्रेणिसे वृद्धिको प्राप्त हुए एकान्तानुवृद्धि योगसे बढ़नेवाले उक्त जीवके बहुत अवगाहनाका प्रसंग आता है।

शंका— प्रथम समयवर्ती आहारक और प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थ हुए निगोद जीवके जघन्य क्षेत्रका स्वामीपना क्यों नहीं देते?

समाधान— नहीं, क्योंकि, उस समय आयतचतुरस्र क्षेत्रके आकारसे स्थित उक्त जीवमें अवगाहनाका स्तोकपना बन नहीं सकता।

शंका— ऋजुगतिसे उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें आयतचतुरस्र स्वरूपसे जीवप्रदेश स्थित रहते हैं, यह कैसे जाना जाता है?

---

१ तर्हि ऋजुगत्यात्पन्नस्यैव कथमुक्तम्? विग्रहगतौ योगवृद्धियुक्तत्वेन तदवगाहवृद्धिसम्भवात्। गो. जी. (जी. प्र.) ९४.

२ प्रतिषु 'चउरस्सं खेत्तागारेण' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज्जंतुवदेसादो। बिदियसमयआहारय-बिदियसमयतब्भवत्थस्स जहण्णसामित्तं किण्ण दिज्जदे? ण, तत्थ समचउरंससरूवेण जीवपदेसाणमवट्ठाणादो। बिदियसमए विक्खंभसमो आयामो जीवपदेसाणं होदि त्ति कुदो णव्वदे? परमगुरूवदेसादो। तदियसमयआहारयस्स तदिय-समयतब्भवत्थस्स चेव जहण्णक्खेत्तसामित्तं किमट्ठं दिज्जदे? ण एस दोसो, चउरंस-खेत्तस्स चत्तारि वि कोणे संकोडिय वट्टुलागारेण जीवपदेसाणं तत्थावट्ठाणदंसणादो[1]। तत्थ वट्टुलागारेण जीवावट्ठाणं कधं णव्वदे? एदम्हादो चेव सुत्तादो। उप्पण्णपढमसमयप्पहुडि जहण्णउववादजोग-जहण्णएगंताणुवड्ढिजोगेहि चेव तिसु वि समएसु पयट्टो त्ति जाणावणट्ठं जहण्णजोगिस्से त्ति भणिदं। तदियसमए अजहण्णाओ वि ओगाहणाओ अत्थि त्ति तप्पडि-सेहट्ठं सव्वजहण्णियाए सरीरोगाहणाए वट्टमाणस्से त्ति भणिदं। एवंविहविसेसणेहि विसेसि-

समाधान — वह आचार्यपरम्परागत उपदेशसे जाना जाता है।

शंका — द्वितीय समयवर्ती आहारक और तद्भवस्थ होनेके द्वितीय समयमें वर्तमान जीवके जघन्य स्वामीपना क्यों नहीं देते?

समाधान — नहीं, क्योंकि, उस समयमें भी जीवप्रदेश समचतुरस्र स्वरूपसे अवस्थित रहते हैं।

शंका — द्वितीय समयमें जीवप्रदेशोंका विष्कम्भके समान आयाम होता है, यह कहांसे जाना जाता है?

समाधान — वह परम गुरुके उपदेशसे जाना जाता है।

शंका — तृतीय समयवर्ती आहारक और तृतीय समयवर्ती तद्भवस्थ निगोद जीवके ही जघन्य क्षेत्रका स्वामीपना किसलिये देते हैं?

समाधान — यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, उस समयमें चतुरस्र क्षेत्रके चारों ही कोनोंको संकुचित करके जीवप्रदेशोंका वर्तुल अर्थात् गोल आकारसे अवस्थान देखा जाता है।

शंका — उस समय जीवप्रदेश वर्तुल आकारसे अवस्थित होते हैं, यह कैसे जाना जाता है।

समाधान — वह इसी सूत्रसे जाना जाता है।

उत्पन्न होनेके प्रथम समयसे लेकर जघन्य उपपादयोग और जघन्य एकान्तानुवृद्धियोगसे ही तीनों समयोंमें प्रवृत्त होता है, इस बातको जतलानेके लिये 'जघन्य योगवालेके' ऐसा सूत्रमें निर्देश किया है। तृतीय समयमें अजघन्य भी अवगाहनायें होती हैं, अतः उनका प्रतिषेध करनेके लिये 'शरीरकी सर्वजघन्य अवगाहनमें वर्तमान' यह कहा है। इन विशेषणोंसे विशेषताको प्राप्त हुए सूक्ष्म निगोद

1 ननूत्पन्नतृतीयसमये एव सर्वजघन्यावगाहनं कथं सम्भवेत् इति चेत्- प्रथमसमये निगोदजीवशरीरस्यायत-चतुरस्रत्वात् द्वितीयसमये समचतुरस्रत्वात् तृतीयसमये कोणापनयनेन वृत्तत्वात् तदेव [तदैव] तदवगाहनस्याल्पत्व-सम्भवात्। गो. जी. (जी. प्र.) ९४.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यस्स सुहुमणिगोदजीवस्स णाणावरणीयवेयणा खेत्तदो जहण्णा। एत्थ उवसंहारो उच्चदे— एगउस्सेहघणंगुलं ठविय तप्पाओग्गेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण भागे हिदे णाणावरणीयस्स जहण्णक्खेत्तं होदि ?

तव्वदिरित्तमजहण्णा ॥ २१ ॥

तत्तो जहण्णक्खेत्तादो वदिरित्ता खेत्तवेयणा अजहण्णा। सा च बहुपयारा। तासिं सामित्तपरूवणं कस्सामो। तं जहा— पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं विरलेदूण घणंगुलं समखंडं करिय दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स सुहुमणिगोदअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं पावदि। पुणो एदिस्से उवरि पदेसुत्तरोगाहणाए तत्थेव ट्ठिदो अजहण्ण-जहण्णक्खेत्तस्स सामी। एत्थ काए वड्ढीए वड्ढिदो बिदियक्खेत्तवियप्पो ? असंखेज्जभागवड्ढीए[1]। तं जहा— जहण्णोगाहणं हेट्ठा विरलेदूण उवरिमएगरूवधरिदं समखंडं कादूण दिण्णे एगागासपदेसो पावदि। पुणो एत्तियमेत्तेण अहियमुवरिमएगरूवधरिदमिच्छामो त्ति रूवाहियहेट्ठिमविरलणाए जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणाए किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिय लद्धे उवरिमविरलणाए सरिसच्छेदं कादूण सोहिदे अजहण्ण-जहण्णोगाहणाए भागहारो होदि।

जीवके ज्ञानावरणीयकी वेदना क्षेत्रसे जघन्य होती है। यहां उपसंहार कहते हैं— एक उत्सेधघनांगुलको स्थापित करके तत्प्रायोग्य पल्योपमके असंख्यातवें भागका भाग देनेपर ज्ञानावरणीयका जघन्य क्षेत्र होता है।

उससे भिन्न अजघन्य वेदना होती है ॥ २१ ॥

उससे अर्थात् जघन्य क्षेत्रसे भिन्न क्षेत्रवेदना अजघन्य है। वह अनेक प्रकार है। उन बहुविध क्षेत्रवेदनाओंके स्वामित्वकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है— पल्योपमके असंख्यातवें भागका विरलन करके घनांगुलको समखण्ड करके देनेपर एक एक रूपके प्रति सूक्ष्म निगोद अपर्याप्तक जीवकी जघन्य अवगाहना प्राप्त होती है। पश्चात् इसके आगे एक प्रदेश अधिक अवगाहनासे वहां (निगोद पर्यायमें) ही स्थित जीव अजघन्य क्षेत्रवेदनाके जघन्य स्थानका स्वामी होता है।

शंका— यहां द्वितीय क्षेत्रविकल्प कौनसी वृद्धिके द्वारा वृद्धिंगत हुआ है ?

समाधान— वह असंख्यातभागवृद्धिके द्वारा वृद्धिंगत हुआ है। वह इस प्रकारसे— जघन्य अवगाहनाका नीचे विरलन करके उपरिम एक अंकके प्रति प्राप्त राशिको समखण्ड करके देनेपर एक आकाशप्रदेश प्राप्त होता है। अब इतने मात्रसे अधिक उपरिम एक रूपधरित राशिकी चूंकि इच्छा है, अतः एक रूपसे अधिक अधस्तन विरलनमें यदि एक रूपकी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलन राशिमें वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करके लब्धको समच्छेद करके उपरिम विरलनमेंसे घटा देनेपर अजघन्य जघन्य अवगाहनाका भागहार होता है।

१ अवरुवरि इगिपदेसे जुदे असंखेज्जभागवड्ढीए। आदी णिरंतरमदो एगेगपदेसपरिवड्ढी ॥ गो. जी. १०२.

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

जहण्णखेत्तस्सुवरि दोआगासपदेसे[1] वड्डिय ट्ठिदो बिदियअजहण्णखेत्तस्स सामी[2]। एत्थ वि असंखेज्जभागवड्डी चेव। तं जहा— हेट्ठिमविरलणाए दुभागेण रूवाहिएण उवरिमविरलणं खंडिय तत्थ एगखंडेण उवरिमविरलणाए अवणिदे बिदियक्खेत्तभागहारो होदि। तिपदेसुत्तरजहण्णोगाहणाए वट्टमाणो जीवो तदियखेत्तसामी। एत्थ वि भागहारपरिहाणी पुव्वं व कायव्वा। णवरि हेट्ठिमविरलणाए तिभागो रूवाहियो उवरिमविरलणाए भागहारो होदि। एवमेगेगागासपदेसं वड्डाविय णेदव्वं जाव जहण्णपरित्तासंखेज्जमेत्तागासपदेसा वड्डिदा त्ति। एत्थ भागहाराणयणं उच्चदे— जहण्णपरित्तासंखेज्जेणोवट्टिदहेट्ठिमविरलणाए रूवाहियाए उवरिमविरलणमोवट्टिय तत्थुवलद्धं तत्थेव अवणिदे तदित्थखेत्तभागहारो होदि। एवं पदेसेसु एगादिएगुत्तरकमेण वड्डमाणेसु केत्तिए अद्धाणे गदे उवरिमविरलणाए एगरूवपरिहाणी[3] लब्भदे? रूवूणुवरिमविरलणाए जहण्णोगाहणाए खंडिदाए तत्थ एगखंडमेत्तेसु अजहण्णखेत्तवियप्पेसु अदिक्कंतेसु एगरूवपरिहाणी लब्भदि। तं जहा— रूवूणुवरिमविरलणं हेट्ठा विरलिय जहण्णखेत्तं समखंडं करिय दिण्णे विरलणरूवं पडि वड्ढिरूवाणि पावेंति। पुणो एदाणि उवरि दादूण समकरणे कीरमाणे परिहीणरूवाणं पमाणं उच्चदे— रूवाहिय-

जघन्य क्षेत्रके ऊपर दो आकाशप्रदेशोंको बढ़ाकर स्थित जीव द्वितीय अजघन्य क्षेत्रका स्वामी होता है। यहां भी असंख्यातभागवृद्धि ही है। यथा— अधस्तन विरलनके रूपाधिक द्वितीय भागसे उपरिम विरलन राशिको खण्डित कर उसमेंसे एक खण्डको उपरिम विरलनमेंसे कम कर देनेपर द्वितीय क्षेत्रका भागहार होता है।

तीन प्रदेश अधिक जघन्य अवगाहनामें रहनेवाला जीव तृतीय क्षेत्रका स्वामी है। यहांपर भी भागहारकी हानिको पहिलेके समान ही करना चाहिये। विशेष इतना है कि अधस्तन विरलनका रूपाधिक तृतीय भाग उपरिम विरलनका भागहार होता है। इस प्रकार एक एक आकाश प्रदेशको बढ़ाकर जघन्य परीतासंख्यात प्रमाण आकाशप्रदेशोंकी वृद्धि होने तक ले जाना चाहिये। यहां भागहार लानेकी विधि कहते हैं— जघन्य परीतासंख्यातसे अपवर्तित रूपाधिक अधस्तन विरलन द्वारा उपरिम विरलनको अपवर्तित करके जो वहां उपलब्ध हो उसे उसीमेंसे घटा देनेपर वहांके क्षेत्रका भागहार होता है।

शंका— इस प्रकार एकको आदि लेकर एक अधिक क्रमसे प्रदेशोंके बढ़नेपर कितना अध्वान जानेपर उपरिम विरलनमें एक रूपकी हानि पायी जाती है?

समाधान— रूप कम उपरिम विरलनसे जघन्य अवगाहनाको खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण अजघन्य क्षेत्रके विकल्पोंके बीत जानेपर एक रूपकी हानि पायी जाती है। वह इस प्रकारसे— रूप कम उपरिम विरलनको नीचे विरलित कर जघन्य क्षेत्रको समखण्ड करके देनेपर विरलन रूपके प्रति वृद्धिरूप प्राप्त होते हैं। अब इनको ऊपर देकर समकरण करते समय हीन रूपोंके प्रमाणको

१ अ-काप्रत्योः '-पदेसो' इति पाठः। २ अ-काप्रत्योः '- अजहण्णखेत्तस्सुवरि सामी' इति पाठः।
३ अ-काप्रत्योः 'एगसरूवपरिहाणी', ताप्रतौ 'एग [स] रूवपरिहाणी' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणाए किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए एवरूवमागच्छदि। तम्मि उवरिमविरलणाए अवणिदे तदित्थखेत्तवियप्पभागहारो होदि। एवं गंतूण जहण्णोगाहणं[1] जहण्णपरित्तासंखेज्जेण खंडेदूण तत्थ एगखंडे वड्डिदे वि असंखेज्जभागवड्डी चेव। एत्थ समकरणे कीरमाणे परिहीणरूवाणयणं उच्चदे— रूवाहियजहण्णपरित्तासंखेज्जमेत्तद्धाणम्मि जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणाए किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए परिहाणिरूवाणि आगच्छंति। पुणो ताणि उवरिमविरलणाए अवणिदे तदित्थअजहण्णखेत्तट्ठाणभागहारो होदि। पुणो एदिस्से ओगाहणाए उवरि[2] पदेसुत्तरं वड्डिय ट्ठिदजीवो तदणंतरउवरिमखेत्तसामी होदि। एत्थ वि असंखेज्जभागवड्डी चेव, उक्कस्ससंखेज्जेण जहण्णोगाहणं[3] खंडिय तत्थ एगखंडमेत्तपदेसाणं वड्डीए अभावादो[4]। एवं गंतूण उक्कस्ससंखेज्जेण जहण्णोगाहणं खंडिय तत्थेगखंडे जहण्णोगाहणाए उवरि वड्डिदे संखेज्जभागवड्डीए आदी असंखेज्जभागवड्डीए परिसमत्ती च जादा[5]।

एत्थ भागहारो उच्चदे। तं जहा— उक्कस्ससंखेज्जं विरलिय उवरिमएगरूव-

---

कहते हैं— रूपाधिक विरलन राशि प्रमाण अध्वान जाकर यदि एक रूपकी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलनमें वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर एक रूप आता है। उसको उपरिम विरलनमेंसे कम करनेपर वहांके क्षेत्रविकल्पका भागहार होता है। इस प्रकार जाकर जघन्य अवगाहनाको जघन्य परीतासंख्यातसे खण्डित करके उसमेंसे एक खण्ड मात्र वृद्धि हो जानेपर भी असंख्यातभागवृद्धि ही रहती है।

यहां समकरण करते समय हीन रूपोंके लानेके विधानको कहते हैं— रूपाधिक जघन्य परीतासंख्यात मात्र अध्वान जाकर यदि एक रूपकी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलनमें वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर हीन रूपोंका प्रमाण आता है। उनको उपरिम विरलनमेंसे कम करनेपर वहांके अजघन्य क्षेत्रस्थानका भागहार होता है। पुनः इस अवगाहनाके ऊपर एक प्रदेश अधिक क्रमसे बढ़कर स्थित जीव तदनन्तर उपरिम क्षेत्रका स्वामी होता है। यहां भी असंख्यातभागवृद्धि ही रहती है, क्योंकि, उत्कृष्ट संख्यातसे जघन्य अवगाहनाको खण्डित कर उसमें एक खण्ड मात्र प्रदेशोंकी वृद्धिका अभाव है। इस प्रकार जाकर जघन्य अवगाहनाको उत्कृष्ट संख्यातसे खण्डित करके उसमेंसे एक खण्ड मात्र जघन्य अवगाहनाके ऊपर वृद्धि हो चुकनेपर संख्यातभागवृद्धिकी आदि और असंख्यातभागवृद्धिकी समाप्ति हो जाती है।

यहां भागहार कहते हैं। वह इस प्रकार है— उत्कृष्ट संख्यातका विरलन

---

१ अ-काप्रत्योः ' जहण्णोगाहणा ', ताप्रतौ ' जहण्णोगाहणा (णं) ' इति पाठः। २ प्रतिषु ' उवरिम ' इति पाठः।
३ काप्रतौ ' जहण्णोगाहणा ' इति पाठः। ४ प्रतिषु ' वड्डी-अभावादो '; ताप्रतौ ' वड्डिअभावादो ' इति पाठः।
५ अवरोग्गाहणमाणे जहण्णपरिमिदअसंखरासिहिदे। अवरस्सुवरिं उड्ढे जेट्ठमसंखेज्जभागस्स॥ गो. जी. १०३.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धरिदं समखंडं करिय दिण्णे विरलणरूवं पडि वड्ढिपदेसपमाणं पावदि । पुणो एदं उवरिमरूवधरिदेसु दादूण समकरणे कीरमाणे णट्ठरूवाणं पमाणं उच्चदे— रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणाए किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए परिहीणरूवोवलद्धी होदि । पुणो लद्धरूवेसु उवरिमविरलणाए अवणिदेसु तदित्थभागहारो होदि । एत्तो प्पहुडि उवरि संखेज्जभागवड्ढी चेव होदूण गच्छदि जाव उवरिमविरलणाए अद्धं चेट्ठदे त्ति । तत्थ संखेज्जगुणवड्ढीए आदी संखेज्जभागवड्ढीए परिसमत्ती च जादो ।

संपधि पुणरवि तदो प्पहुडि पदेसुत्तर-दुपदेसुत्तरकमेण खेत्तवियप्पेसु वड्ढमाणेसु जहण्णखेत्तमेत्तपदेसेसु वड्ढिदेसु तिगुणवड्ढी होदि । तिस्से ओगाहणाए भागहारो जहण्णोगाहणभागहारस्स तिभागो होदि । तत्तो एग-दोपदेसुत्तरादिकमेण जहण्णोगाहणमेत्तपदेसेसु वड्ढिदेसु चदुगुणवड्ढी होदि । तत्थ भागहारो जहण्णोगाहणाए भागहारस्स चदुभागो होदि । एवं णेदव्वं जाव उक्कस्ससंखेज्जमेत्तो जहण्णोगाहणाए गुणगारो जादो त्ति । तिस्से ओगाहणाए पुण भागहारो जहण्णोगाहणाभागहारं उक्कस्ससंखेज्जेण खंडिदे तत्थ एगखंडमेत्तो होदि । पुणो

करके उपरिम एक रूपधरित राशिको समखण्ड करके देनेपर विरलनरूपके प्रति वृद्धिगत प्रदेशोंका प्रमाण प्राप्त होता है । फिर इसको उपरिम रूपधरित राशियोंपर देकर समकरण करते समय नष्ट रूपोंका प्रमाण कहा जाता है— रूपाधिक अधस्तन विरलन मात्र अध्वान जाकर यदि एक रूपकी हानि पायी जाती है, तो उपरिम विरलनमें वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर परिहीन रूप प्राप्त होते हैं । पश्चात् प्राप्त रूपोंको उपरिम विरलनमेंसे घटा देनेपर वहांका भागहार होता है । यहांसे लेकर ऊपर संख्यातभागवृद्धि ही होकर जाती है जब तक उपरिम विरलनका अर्ध भाग स्थित रहता है । वहां संख्यातगुणवृद्धिकी आदि और संख्यातभागवृद्धिकी समाप्ति हो जाती है ।

अब वहांसे लेकर फिर भी एक प्रदेश अधिक दो प्रदेश अधिक क्रमसे क्षेत्रविकल्पोंकी वृद्धि होकर जघन्य क्षेत्र प्रमाण प्रदेशोंके बढ़ जानेपर तिगुणी वृद्धि होती है । उस अवगाहनाका भागहार जघन्य अवगाहना सम्बन्धी भागहारके तृतीय भाग प्रमाण होता है । पश्चात् एक प्रदेश अधिक दो प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे जघन्य अवगाहना मात्र प्रदेशोंकी वृद्धि होनेपर चतुर्गुणी वृद्धि होती है । वहां भागहार जघन्य अवगाहना सम्बन्धी भागहारके चतुर्थ भाग प्रमाण होता है । इस प्रकार जघन्य अवगाहना सम्बन्धी गुणकारके उत्कृष्ट संख्यात मात्र हो जाने तक ले जाना चाहिये । उस अवगाहनाका भागहार, जघन्य अवगाहना सम्बन्धी भागहारको उत्कृष्ट संख्यातसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्डके बराबर होता है । पश्चात्

---

१ अप्रतौ ' विरलणरूवं परि वड्ढी ' इति पाठः । २ गो. जी. १०६-७.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिस्से उवरि पदेसुत्तर-दुपदेसुत्तरादिकमेण एगजहण्णोगाहणमेत्तपदेसेसु वड्डिदेसु असंखेज्जगुण-वड्डीए आदी संखेज्जगुणवड्डीए परिसमत्ती च होदि[1]। तिस्से ओगाहणाए जहण्णोगाहण-भागहारे[2] जहण्णपरित्तासंखेज्जेण खंडिदे तत्थ एगखंडमेत्तो भागहारो होदि। पुणो एत्तो-प्पहुडि उवरि पदेसुत्तर-दुपदेसुत्तरादिकमेण असंखेज्जगुणवड्डीए गच्छमाणाए सुहुमणिगोद-जहण्णोगाहणाए सुत्तभणिदआवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तगुणगारे पविट्ठे सुहुमवाउकाइय-लद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी सुहुमणिगोदलद्धिअपज्जत्तयस्स अजहण्ण-अणु-क्कस्सओगाहणा होदि।

संपहि सुहुमणिगोदोगाहणं मोत्तूण वाउकाइयलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्डीहिं वड्डावेदव्वा जाव सुहुमतेउक्काइयलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी सुहुवाउक्काइयलद्धिअपज्जत्तयस्स अजहण्ण-अणुक्कस्सओगाहणा जादा[3] त्ति। पुणो तं मोत्तूण इमं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्डीहि वड्डावेदव्वं जाव सुहुमआउक्काइयलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति। पुणो तं मोत्तूण सुहुमआउक्काइयलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चउहि वड्डीहि वड्डावेदव्वा जाव सुहुमपुढविकाइयलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी

उसके ऊपर एक प्रदेश अधिक दो प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे एक जघन्य अव-गाहना मात्र प्रदेशोंके बढ़ जानेपर असंख्यातगुणवृद्धिका प्रारम्भ और संख्यातगुणवृद्धिका अन्त होता है। उस अवगाहनाका भागहार, जघन्य अवगाहना सम्बन्धी भागहारको जघन्य परीतासंख्यातसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्डके बराबर होता है।

पश्चात् यहांसे लेकर आगे एक प्रदेश अधिक दो प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यातगुणवृद्धिके चालू रहनेपर सूक्ष्म निगोद जीवकी जघन्य अवगाहनामें सूत्रोक्त आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र गुणकारके प्रविष्ट हो जानेपर सूक्ष्म वायुकायिक लब्ध्य-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश सूक्ष्म निगोद जीव लब्ध्यपर्याप्तककी अजघन्य-अनुत्कृष्ट अवगाहना होती है।

अब सूक्ष्म निगोद जीवकी अवगाहनाको छोड़कर और सूक्ष्म वायुकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा सूक्ष्म वायुकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी अजघन्य-अनुत्कृष्ट अवगाहनाके सूक्ष्म तेजकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके समान हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। तत्पश्चात् उसको छोड़कर और इसे ग्रहण करके प्रदेश अधिक क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा सूक्ष्म जलकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। फिर उसको छोड़कर और सूक्ष्म जलकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा सूक्ष्म पृथिवीकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक

---

१ गो. जी. १०८-९. २ प्रतिषु 'भागहार' इति पाठः। ३ अ-काप्रत्योः 'जादो' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जादा त्ति। पुणो तं मोत्तूण सुहुमपुढविकाइयलद्धिअपज्जत्तजहण्णोगाहणं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वा जाव बादरवाउक्काइयलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति। णवरि एत्थ गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कुदो? परत्थाणगुणगारादो। पुणो तं मोत्तूण बादरवाउक्काइयलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव बादरतेउक्काइयलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति। एत्थ वि गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कुदो? बादरादो बादरस्स ओगाहणागुणगारो[1] पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो त्ति सुत्तवयणादो[2]। इमं मोत्तूण बादरतेउक्काइयलद्धिअपज्जत्तजहण्णोगाहणं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव बादरआउक्काइयलद्धिअपज्जत्तजहण्णोगाहणाए[3] सरिसी जादा त्ति। एत्थ वि गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कारणं पुव्वं व वत्तव्वं। पुणो इमं मोत्तूण[4] बादरआउक्काइयलद्धिअपज्जत्तजहण्णोगाहणं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव बादरपुढविकाइयलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति। पुणो

बढ़ाना चाहिये। फिर उसको छोड़ करके और सूक्ष्म पृथिवीकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा बादर वायुकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। विशेष इतना है कि यहां गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, वह परस्थानगुणकार है। फिर उसको छोड़कर और वायुकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा बादर तेजकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। यहां भी गुणकार पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण है, क्योंकि, बादरसे बादर जीवकी अवगाहनाका गुणकार पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण है, ऐसा सूत्रवचन है। अब इसको छोड़कर और बादर तेजकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा बादर जलकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। यहां भी गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। इसका कारण पहिलेके ही समान कहना चाहिये। पश्चात् इसको छोड़कर और बादर जलकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा बादर पृथिवीकायिक लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। फिर उसको छोड़कर और

१ ताप्रतौ 'बादरस्स गुणगारो' इति पाठः। २ क्षेत्रविधान ९८. सुहमेदरगुणगारो आवलि-पल्ला असंखभागो दु। सट्ठाणे सेढिगया अहिया तत्थेगपडिभागो॥ गो. जी. १०१. ३ अ-काप्रत्योः 'बाउक्काइय', ताप्रतौ 'बा (आ) उ०' इति पाठः। ४ अ-काप्रत्योः 'घेत्तूण', ताप्रतौ 'घे (मो) त्तूण' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तं मोत्तूण इमं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव बादरणिगोदलद्धिअपज्जत्तजहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति । पुणो तं मोत्तूण इमं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव णिगोदपदिट्ठिदलद्धिअपज्जत्तजहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति। तं मोत्तूण इमं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव बादरवणप्फदिकाइयपत्तेयसरीरलद्धिअपज्जत्तजहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति । एत्थ वि गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कारणं पुव्वं व वत्तव्वं। [1]तं मोत्तूण इमं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव बेइंदियलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति। एत्थ वि गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कारणं पुव्वं व वत्तव्वं। तं मोत्तूण इमं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव तेइंदियलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति। एत्थ वि गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कारणं पुव्वं व वत्तव्वं। तं मोत्तूण इमं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव चउरिंदियलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति[2]। एत्थ वि गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कारणं पुव्वं व वत्तव्वं। तं मोत्तूण इमं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि

इसे ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा बादर निगोद लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। पश्चात् उसे छोड़कर और इसको ग्रहण करके प्रदेशाधिकक्रमसे चार वृद्धियोंके द्वारा निगोदप्रतिष्ठित लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। अब उसको छोड़कर और इसको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर लब्ध्यपर्याप्तकी जघन्य अवगाहनके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। यहांपर भी गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। कारणका कथन पहिलेके ही समान करना चाहिये। अब उसको छोड़कर और इसको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा द्वीन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। यहांपर भी गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। इसका कारण पहिलेके ही समान कहना चाहिये। अब उसको छोड़कर और इसको ग्रहण करके चार वृद्धियों द्वारा त्रीन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। यहांपर भी गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। कारण पहिलेके समान कहना चाहिये। अब उसको छोड़कर और इसे ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा चतुरिन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। यहांपर भी गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। कारण इसका पहिलेके ही समान कहना चाहिये। पश्चात्

---

१ द्वीन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तसम्बन्धी प्रबन्धोऽयं ताप्रतौ [ ] एतत्कोष्ठकान्तर्गतो दर्शितः । २ चतुरिन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तसम्बन्धी प्रबन्धोऽयं ताप्रतौ नोपलभ्यते ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव पंचिंदियलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति[1]। एत्थ वि गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कारणं पुव्वं व वत्तव्वं।

पुणो पंचिंदियलद्धिअपज्जत्तजहण्णोगाहणं घेत्तूण[2] पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव सुहुमणिगोदणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति। एत्थ गुणगारो आवलियाए असंखेज्जदिभागो। कुदो? बादरादो सुहुमस्स ओगाहणागुणगारो आवलियाए असंखेज्जदिभागो त्ति सुत्तणिद्देसादो। पुणो सुहुमणिगोदणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं घेत्तण पदेसुत्तरादिकमेण आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदे तत्थ एगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वं। एवं वड्ढिदूण ट्ठिदओगाहणाए सुहुमणिगोदणिव्वत्तिअपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा सरिसा होदि। पुणो पुव्विल्लं मोत्तूण इमं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण एदं चेव ओगाहणमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं जाव अहियं होदि ताव वड्ढावेदव्वं। एवं वड्ढिदूण ट्ठिदओगाहणा सुहुमणिगोदणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणाए सरिसा होदि। पुणो एदमोगाहणं[3] पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव सुहुमवाउक्काइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं पत्तं ति। पुणो एत्थ गुणगारो आवलियाए

उसको छोड़कर और इसको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा पंचेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। यहांपर भी गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। कारण इसका पहिलेके ही समान कहना चाहिये।

तत्पश्चात् पंचेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा सूक्ष्म निगोद जीव निर्वृत्तिपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। यहां गुणकार आवलीका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, बादरसे सूक्ष्मका अवगाहनागुणकार आवलीका असंख्यातवां भाग है, ऐसा सूत्रमें निर्दिष्ट है। अब सूक्ष्म निगोद जीव निर्वृत्तिपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार बढ़कर स्थित अवगाहना सूक्ष्म निगोद निर्वृत्त्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश होती है। पश्चात् पूर्व अवगाहनाको छोडकर और इसको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे इसी अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित कर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण जब तक वह अधिक न हो जावे तब तक बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार बढ़कर स्थित अवगाहना सूक्ष्म निगोद निर्वृत्तिपर्याप्तक जीवकी उत्कृष्ट अवगाहनाके समान होती है। फिर इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा सूक्ष्म वायुकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके प्राप्त होने तक बढ़ाना चाहिये। परन्तु यहां गुणकार आवलीका असंख्यातवां भाग

---

१ पंचेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तसम्बन्धी प्रबन्धोऽयं ताप्रतौ पुनर्लिखितः। २ 'पुणो पंचिंदियलद्धिअपज्जत्तजहण्णोगाहणं घेत्तूण' इत्येतस्य स्थाने ताप्रतौ 'तं मोत्तूण इमं घेत्तूण' इति पाठः। ३ क्षेत्रविधान ९७, ४ प्रतिषु 'एवमोगाहणं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंखेज्जदिभागो। कुदो ? सुहुमादो सुहुमस्स ओगाहणगुणगारो आवलियाए असंखेज्जदिभागो त्ति सुत्तवयणादो[1]। एसो गुणगारो सुहुमेसु सव्वत्थ वत्तव्वो। पुणो इमं घेत्तूण पदेसुत्तरादिकमेण इमिस्से ओगाहणाए उवरि एदं चेव ओगाहणमावलियाए असंखेज्जभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वं। एवं वड्ढाविदे सुहुमवाउक्काइयणिव्वत्तिअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया ओगाहणा होदि। पुणो पदेसुत्तरादिकमेण तं चेव ओगाहणमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्ते वड्ढिदे सुहुमवाउक्काइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं पावदि। पुणो तत्थ पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव सुहुमतेउक्काइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं पत्तं ति। पुणो एदमोगाहणं पदेसुत्तरादिकमेण असंखेज्जभागवड्ढीए आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वं जाव सुहुमतेउक्काइयणिव्वत्तिअपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं पत्तं त्ति। पुणो एदं पदेसुत्तरादिकमेण असंखेज्जभागवड्ढीए आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वं जाव सुहुमतेउक्काइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणाए सरिसा[2] जादा त्ति। पुणो पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि इमा ओगाहणा वड्ढावेदव्वा जाव आउक्काइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स[3] जहण्णो-

---

है, क्योंकि, सूक्ष्मसे सूक्ष्मका अवगाहनागुणकार आवलीका असंख्यातवां भाग है, ऐसा सूत्रमें निर्देश किया गया है। यह गुणकार सूक्ष्म जीवोंमें सर्वत्र कहना चाहिये। पश्चात् इसको ग्रहण करके एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे इस अवगाहनाके ऊपर इसी अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार बढ़ानेपर सूक्ष्म वायुकायिक निर्वृत्त्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना होती है। पश्चात् एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे उक्त अवगाहनाको ही आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण वृद्धि हो जानेपर सूक्ष्म वायुकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना प्राप्त होती है। पश्चात् उसको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा सूक्ष्म तेजकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके प्राप्त होने तक बढ़ाना चाहिये। पश्चात् इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यातभागवृद्धि द्वारा आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित कर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण बढ़ाना चाहिये जब तक कि सूक्ष्म तेजकायिक निर्वृत्त्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना न प्राप्त हो जावे। पश्चात् इसको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यातभागवृद्धि द्वारा आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड मात्र बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह सूक्ष्म तेजकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके समान नहीं हो जाती। फिर इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा सूक्ष्म जलकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके

---

१ क्षेत्रविधान ९५. २ ताप्रतौ 'सरिसी' इति पाठः। ३ ताप्रतौ 'अपज्ज॰' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गाहणाए सरिसी जादा त्ति । तदो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण असंखेज्जभागवड्ढीए आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्ता वड्ढाविदव्वा जाव सुहुमआउक्काइयणिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणाए सरिसी जादा त्ति । तदो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादि-कमेण असंखेज्जभागवड्ढीए इममोगाहणमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढाविदव्वं जाव सुहुमआउक्काइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणाए सरिसी जादा त्ति । तदो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढाविदव्वं जाव सुहुमपुढविकाइय-णिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति । तदो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादि-कमेण असंखेज्जभागवड्ढीए अप्पिदोगाहणमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढाविदव्वं जाव सुहुमपुढविकाइयणिव्वत्तिअपज्जत्तयस्स उक्करिसयाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति । तदो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण असंखेज्जभागवड्ढीए अप्पिदोगाहण-मावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्ता वड्ढाविदव्वा जाव सुहुमपुढविकाइयणिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणाए सरिसी जादा त्ति । तदो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढाविदव्वा जाव बादरवाउक्काइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स[1] जहण्णियाए ओगाह-

सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये । पश्चात् इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यातभागवृद्धि द्वारा आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह सूक्ष्म जलकायिक निर्वृत्त्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती है । फिर इस अवगाहनाके ऊपर एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यातभागवृद्धि द्वारा इसी अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह सूक्ष्म जलकायिक निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती । तत्पश्चात् इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा सूक्ष्म पृथिवीकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये । पश्चात् इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यातभागवृद्धि द्वारा विवक्षित अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड मात्र बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह सूक्ष्म पृथिवीकायिक निर्वृत्त्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती । पश्चात् इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यातभागवृद्धि द्वारा विवक्षित अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह सूक्ष्म पृथिवीकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती है । तत्पश्चात् इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा बादर वायुकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना

१ प्रतिषु 'पज्जत्तयस्स' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णाए सरिसी जादा त्ति । एत्थ गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो । कुदो ? सुहुमादो बादरस्स ओगाहणगुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो त्ति सुत्तवयणादो[1] । तदो इमा ओगाहणा[2] पदेसुत्तरादिकमेण असंखेज्जभागवड्ढीए अप्पिदोगाहणमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वा जाव बादरवाउक्काइयणिव्वत्तिअपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणाए सरिसी जादा त्ति । तदो पदेसुत्तरादिकमेण इमा आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेग-खंडमेत्तं वड्ढावेदव्वा जाव बादरवाउक्काइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणाए सरिसा जादा त्ति । तदो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वा जाव बादरतेउक्काइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति । एत्थ गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो । कुदो ? बादरादो बादरस्स ओगाहणगुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो त्ति सुत्तवयणादो । तदो पदेसुत्तरादिकमेण इमा ओगाहणा असंखेज्जभागवड्ढीए आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वं जाव बादरतेउक्काइयणिव्वत्तिअपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणाए सरिसी जादो त्ति । तदो एसा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण असंखेज्जभागवड्ढीए आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेग-

---

चाहिये । यहां गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, सूक्ष्मसे बादरका अवगाहनागुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है, ऐसा सूत्रवाक्य है । पश्चात् इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यातभागवृद्धि द्वारा विवक्षित अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह बादर वायुकायिक निर्वृत्त्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती । तत्पश्चात् एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे इस अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह वायुकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती है । फिर इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा बादर तेजकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये । यहां गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, बादरसे बादरका अवगाहनागुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है, ऐसा सूत्रमें निर्दिष्ट है । पश्चात् एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे इस अवगाहनाको असंख्यातभागवृद्धि द्वारा आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह बादर तेजकायिक निर्वृत्त्य-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती । पश्चात् इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यातभागवृद्धि द्वारा आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक भाग प्रमाण बढ़ाना चाहिये जब तक कि

---

१ क्षेत्रविधान ९६. २ अ-काप्रत्योः 'ओगाहणाए', ताप्रतौ 'ओगाहणा [ए]' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खंडमेत्तं वड्ढावेदव्वा जाव बादरतेउक्काइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सियाए ओगाहणाए सरिसा जादा त्ति। तदो एसा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वा जाव बादरआउक्काइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णियाए ओगाहणाए सरिसा जादा त्ति। एत्थ गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कारणं पुव्वं व परूवेदव्वं। तदो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण असंखेज्जभागवड्ढीए इममोगाहणमावलियाए असंखेज्जभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वा जाव बादरआउक्काइयणिव्वत्तिअपज्जत्तयस्स उक्कस्सियाएं[1] ओगाहणाए सरिसा जादा त्ति। तदो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण असंखेज्जभागवड्ढीए अप्पिदोगाहणमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वा जाव बादरआउक्काइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। पुणो इमा ओगाहणा पदसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वा जाव बादरपुढविकाइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। एत्थ गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कारणं पुव्वं व वत्तव्वं। पुणो पदेसुत्तरादिकमेण अप्पिदोगाहणमावलियाए असंखेज्जदिभागेण

....

वह बादर तेजकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती है। तत्पश्चात् इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा बादर जलकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। यहां गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। कारणकी प्ररूपणा पहिलेके ही समान करना चाहिये। पश्चात् इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यातभागवृद्धि द्वारा इस अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह बादर जलकायिक निर्वृत्त्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती है। फिर इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यात भाग वृद्धि द्वारा विवक्षित अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह बादर जलकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती है। तत्पश्चात् इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा बादर पृथिवीकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। यहां गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। कारणकी प्ररूपणा पहिलेके ही समान करना चाहिये। फिर एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे विवक्षित अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड मात्र इस अवगाहनाको

....

१ प्रतिषु 'उक्कस्सिया' इति पाठः।

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

खंडिदेगखंडमेत्तमिमा ओगाहणा वड्ढावेदव्वा जाव बादरपुढविकाइयणिव्वत्तिअपज्जत्तयस्स उक्कस्सियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। पुणो पदेसुत्तरादिकमेण इमा ओगाहणा आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वा जाव बादरपुढविकाइयणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। पुणो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वा जाव बादरणिगोदणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। एत्थ गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। पुणो पदेसुत्तरादिकमेण असंखेज्जभागवड्ढीए आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वा जाव बादरणिगोदणिव्वत्तिअपज्जत्तयस्स उक्कस्सियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। तदो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वा जाव बादरणिगोदणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। तदो पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वा जाव णिगोदपदिट्ठिदपज्जत्तयस्स जहण्णियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। एत्थ ओगाहणागुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। पुणो पदेसुत्तरादिकमेण असंखेज्जभागवड्ढीए आवलियाए असंखेज्जदिभागेण

बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह बादर पृथिवीकायिक निर्वृत्त्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती है। फिर इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड मात्रसे बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह बादर पृथिवीकायिक निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती है। तत्पश्चात् इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा बादर निगोद निर्वृत्तिपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। यहां गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। फिर एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यातभागवृद्धि द्वारा आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्ड मात्रसे बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह बादर निगोद निर्वृत्त्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती है। फिर इस अवगाहनाको एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्ड मात्रसे बढ़ाना चाहिये जब तक कि वह बादर निगोद निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके सदृश नहीं हो जाती है। तत्पश्चात् एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे चार वृद्धियों द्वारा उसके निगोदप्रतिष्ठित पर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाके सदृश हो जाने तक बढ़ाना चाहिये। यहां अवगाहनागुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। फिर एक प्रदेश अधिक इत्यादि क्रमसे असंख्यातभागवृद्धि द्वारा आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्ड मात्रसे बढ़ाना चाहिये

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वा जाव णिगोदपदिट्ठिदणिव्वत्तिअपज्जत्तयस्स उक्कस्सियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। तदो पदेसुत्तरादिकमेण आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं वड्ढावेदव्वा जाव णिगोदपदिट्ठिदपज्जत्तयस्स उक्कस्सियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। तदो पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव बादरवणप्फदिकाइयपत्तेयसरीरपज्जत्तयस्स जहण्णियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। एत्थ गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। पुणो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण चदुहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वं जाव बीइंदियणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। एत्थ गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो।

संपहि उस्सेहघणंगुलस्स भागहारो संखेज्जरूवमेत्तो जादो। उवरि एसा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण तीहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वा जाव तेइंदियणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणाए सरिसी जादा त्ति। एत्थ गुणगारो संखेज्जा समया। कुदो? बादरादो बादरस्स ओगाहणगुणगारो संखेज्जा समया त्ति सुत्तवयणादो। पुणो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण तीहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वा जाव चउरिंदियणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णियाए ओगाहणाए सरिसी जादा त्ति। पुणो इमा ओगाहणा पदेसुत्तरादिकमेण तीहि वड्ढीहि वड्ढावेदव्वा जाव पंचिंदियणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स जहण्णियाए ओगाहणाए सारिसी जादा त्ति। पुणो इमा

सूत्रमें ज्ञानावरण पदका ग्रहण शेष कर्मोंका प्रतिषेध करनेके लिये किया है। कालका निर्देश द्रव्य, क्षेत्र व भावका प्रतिषेध करनेवाला है। यह पृच्छासूत्र चूंकि देशामर्शक है, अतः वह सूत्रोक्त चार पृच्छाओंके अतिरिक्त नौ दूसरी पृच्छाओंको भी सूचित करता है। ज्ञानावरणीयवेदना क्या उत्कृष्ट है, क्या अनुत्कृष्ट है, क्या जघन्य है, क्या अजघन्य है, क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है, क्या अध्रुव है, क्या ओज है, क्या युग्म है, क्या ओम है, क्या विशिष्ट है, और क्या नोम-नोविशिष्ट है? इसके अतिरिक्त इसी सूत्रके द्वारा दूसरी तेरह पदविषयक पृच्छायें सूचित की गई हैं। वे कौनसी हैं, ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं—उत्कृष्ट ज्ञानावरणीयवेदना क्या अनुत्कृष्ट है, क्या जघन्य है, क्या अजघन्य है, क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है, क्या अध्रुव है, क्या ओज है, क्या युग्म है, क्या ओम है, क्या विशिष्ट है, और क्या नोम-नोविशिष्ट है; ये बारह पृच्छायें उत्कृष्ट पदके विषयमें हैं। इसी प्रकार शेष पदोंमेंसे भी प्रत्येक पदके विषयमें बारह पृच्छाओंको कहना चाहिये। यहां सब पृच्छाओंका योग एक सौ उनत्तर (१६९) मात्र है। इस कारण यह देशामर्शक सूत्र तेरह सूत्रों स्वरूप है। इन सूत्रोंकी प्ररूपणा अगले देशामर्शक सूत्रके द्वारा की जाती है।

उक्त ज्ञानावरणीयवेदना कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट भी है, अनुत्कृष्ट भी है, जघन्य भी है और अजघन्य भी है ॥ ४ ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एदं पि देसामासियसुत्तं। तेणेत्थ सेसणवपदाणि वत्तव्वाणि। देसामासियत्तादो चेव सेसतेरससुत्ताणमेत्थ अंतब्भावो वत्तव्वो। एत्थ ताव पढमसुत्तपरूवणा कीरदे। तं जहा— णाणावरणीयवेयणा कालदो सिया उक्कस्सा सिया अणुक्कस्सा सिया जहण्णा सिया अजहण्णा। सिया सादिया, पज्जवट्ठियणए अवलंबिज्जमाणे णाणावरणीयसव्वट्ठिदीण सादित्तुवलंभादो। सिया अणादिया, दव्वट्ठियणए अवलंबिज्जमाणे अणादित्तदंसणादो। सिया धुवा, दव्वट्ठियणए अवलंबिज्जमाणे णाणावरणीयकालवेयणाए विणासाणुवलंभादो। सिया अद्धुवा, पज्जवट्ठियणयप्पणाए अद्धुवत्तदंसणादो। सिया ओजा, कत्थ वि कालविसेसे कलि-तेजोजसंखाविसेसाणमुवलंभादो। सिया जुम्मा, कत्थ वि कालविसेसे कद-बादरजुम्माणं संखाविसेसाणमुवलंभादो। सिया ओमा, कत्थ वि कालविसेसे परिहाणिदंसणादो। सिया विसिट्ठा, कत्थ वि वड्ढिदंसणादो। सिया णोम-णोविसिट्ठा, कत्थ वि बंधवसेण कालस्स अवट्ठाणदंसणादो [१३]।

संपहि बिदियसुत्तस्सत्थो वुच्चदे। तं जहा— उक्कस्सणाणावरणीयवेयणा जहण्णा अणुक्कस्सा च ण होदि, पडिवक्खत्तादो। सिया अजहण्णा, जहण्णादो उवरिमासेस-

---

यह भी देशामर्शक सूत्र है। इसलिये यहां शेष नौ पदोंको और कहना चाहिये। देशामर्शक होनेसे ही शेष तेरह सूत्रोंका इसमें अन्तर्भाव बतलाना चाहिये। उनमें यहां पहिले प्रथम सूत्रकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है— ज्ञानावरणीयवेदना कालकी अपेक्षा कथंचित् उत्कृष्ट, कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् जघन्य और कथंचित् अजघन्य है। वह कथंचित् सादि भी है, क्योंकि, पर्यायार्थिक नयका अवलम्बन करनेपर ज्ञानावरणीयकी सभी स्थितियां सादि पायी जाती हैं। कथंचित् वह अनादि भी है, क्योंकि द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन करनेपर ज्ञानावरणीयकी वेदनामें अनादिता देखी जाती है। कथंचित् वह ध्रुव है, क्योंकि, द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन करनेपर ज्ञानावरणीयकी कालवेदनाका विनाश नहीं पाया जाता है। कथंचित् वह अध्रुव है, क्योंकि, पर्यायार्थिक नयका अवलम्बन करनेपर उसकी अस्थिरता देखी जाती है। कथंचित् वह ओज है, क्योंकि, किसी कालविशेषमें कलिओज और तेजोज संख्याविशेष पाये जाते हैं। कथंचित् वह युग्म है, क्योंकि, किसी कालविशेषमें कृतयुग्म और बादरयुग्म संख्याविशेष पाये जाते हैं। कथंचित् वह ओम है, क्योंकि, किसी कालविशेषमें हानि देखी जाती है। कथंचित् वह विशिष्ट है, क्योंकि, किसी कालविशेषमें वृद्धि देखी जाती है। कथंचित् वह नोम-नोविशिष्ट है, क्योंकि, कहींपर बन्धके वशसे कालका अवस्थान देखा जाता है। [इस प्रकार ज्ञानावरणीयकालवेदना तेरह (१३) पद स्वरूप है]।

अब द्वितीय सूत्रका अर्थ कहते हैं। वह इस प्रकार है— उत्कृष्ट ज्ञानावरणीयवेदना जघन्य और अनुत्कृष्ट नहीं होती, क्योंकि, ये उससे विरुद्ध हैं। कथंचित् वह अजघन्य है, क्योंकि, जघन्यसे ऊपरके समस्त कालविकल्पोंमें अवस्थित अजघन्य

कालवियप्पावट्ठिदे अजहण्णे उक्कस्सस्स वि संभवादो । सिया सादिया, अणुक्कस्स-कालादो उक्कस्सकालुप्पत्तीए । धुवपदं णत्थि, उक्कस्सट्ठिदीए सव्वकालमवट्ठाणाभावादो । दव्वट्ठियणए अवलंबिदे[1] वि ण धुवपदमत्थि, चदुसु वि गदीसु कयाई उक्कस्सपदस्स संभवादो । सिया अद्धुवा, उक्कस्सपदस्स सव्वकालमवट्ठाणाभावादो । सिया कदजुम्मा, उक्कस्सकालम्मि बादरजुम्म-कलि-तेजोजसंखाविसेसाणमभावादो । सिया णोम-णोमविसिट्ठा, वड्ढिदे हाइदे च उक्कस्सत्तविरोहादो । एवमुक्कस्सणाणावरणीयवेयणा पंचपदप्पिया [५] ।

अणुक्कस्सणाणावरणीयवेयणा सिया जहण्णा, उक्कस्सं मोत्तूण हेट्ठिमसेसवियप्पे अणुक्कस्से जहण्णस्स वि संभवादो । सिया अजहण्णा, अणुक्कस्सस्स[2] अजहण्णाविणाभावि-त्तादो । सिया सादिया, उक्कस्सादो अणुक्कस्सुप्पत्तीए अणुक्कस्सादो वि अणुक्कस्स-विसेसुप्पत्तिदंसणादो च । सिया अणादिया, दव्वट्ठियणए अवलंबिदे अणुक्कस्सपदस्स बंधाभावादो । सिया धुवा, दव्वट्ठियणए अवलंबिदे अणुक्कस्सपदस्स विणासाभावादो । सिया अद्धुवा, पज्जवट्ठियणए अवलंबिदे अणुक्कस्सपदस्स धुवत्ताभावादो । सिया ओजा, कत्थ वि अणुक्कस्सपदविसेसे दुविहविसमसंखुवलंभादो । सिया जुम्मा, अणुक्कस्स-

पदमें उत्कृष्ट पद भी सम्भव है । कथंचित् वह सादि है, क्योंकि, अनुत्कृष्ट कालसे उत्कृष्ट काल उत्पन्न होता है । ध्रुव पद नहीं है, क्योंकि, उत्कृष्ट स्थितिका सब कालमें अवस्थान नहीं रहता । द्रव्यार्थिकनयका अवलम्बन करनेपर भी ध्रुव पद सम्भव नहीं है, क्योंकि, चारों ही गतियोंमें उत्कृष्ट पद कदाचित् ही सम्भव होता है । कथंचित् वह अध्रुव है, क्योंकि, उत्कृष्ट पदका सब कालमें अवस्थान नहीं रहता । कथंचित् वह कृतयुग्म है, क्योंकि, उत्कृष्ट कालमें बादरयुग्म, कलिओज और तेजोज संख्या-विशेषोंका अभाव है । कथंचित् वह नोम-नोविशिष्ट है, क्योंकि, वृद्धि व हानिके होनेपर उत्कृष्टपनेका विरोध है । इस प्रकार उत्कृष्ट ज्ञानावरणीयवेदना पांच (५) पद रूप है ।

अनुत्कृष्ट ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् जघन्य है, क्योंकि, उत्कृष्टको छोड़कर अधस्तन समस्त विकल्पों रूप अनुत्कृष्ट पदमें जघन्य पद भी सम्भव है । कथंचित् वह अजघन्य है, क्योंकि, अनुत्कृष्ट पद अजघन्य पदका अविनाभावी है । कथंचित् वह सादि है, क्योंकि, उत्कृष्ट पदसे अनुत्कृष्ट पद उत्पन्न होता है, तथा अनुत्कृष्टसे भी अनुत्कृष्टविशेषकी उत्पत्ति देखी जाती है । कथंचित् वह अनादि है, क्योंकि, द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन करनेपर अनुत्कृष्ट पदका बन्ध नहीं होता । कथंचित् वह ध्रुव है, क्योंकि, द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन करनेपर अनुत्कृष्ट पदका विनाश नहीं होता । कथंचित् वह अध्रुव है, क्योंकि, पर्यायार्थिक-नयका अवलम्बन करनेपर अनुत्कृष्ट पद ध्रुव नहीं है । कथंचित् वह ओज है, क्योंकि, किसी अनुत्कृष्ट पदविशेषमें दोनों प्रकारकी विषम संख्यायें देखी जाती हैं । कथंचित् वह युग्म है, क्योंकि, किसी अनुत्कृष्ट पदविशेषमें दोनों प्रकारकी

१ प्रतिषु 'अवलंबिज्जदे' इति पाठः । २ प्रतिषु 'अणुकस्स' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पदविसेसे दुविहसमसंखदंसणादो । सिया ओमा, कत्थ वि हाणीदो समुप्पण्णअणुक्कस्सपदुवलंभादो । सिया विसिट्ठा, कत्थ वि वड्ढीदो अणुक्कस्सपदुप्पत्तीए । सिया णोम-णोविसिट्ठा, अणुक्कस्सजहण्णम्मि अणुक्कस्सपदविसेसे वा अप्पिदे वड्ढि-हाणीणमभावादो । एवं णाणावरणाणुक्कस्सवेयणा एक्कारसपदप्पिया [११]। एवं तदियसुत्तपरूवणा कदा ।

संपहि चउत्थसुत्तपरूवणा कीरदे । तं जहा— जहण्णणाणावरणीयवेयणा सिया अणुक्कस्सा, अणुक्कस्सजहण्णस्स ओघजहण्णेण एगत्तदंसणादो । सिया सादिया, अजहण्णादो जहण्णपदुप्पत्तीए । सिया अणादिया त्ति णत्थि, सुहुमसांपराइयचरिमसमयबंधम्मि[1] चरिमसमयखीणकसायसंतम्मि य दव्वट्ठियणए अवलंबिज्जमाणे वि अणादित्ताणुवलंभादो । सिया अद्धुवा । सिया कलिओजा, खीणकसायचरिमसमयट्ठिदिग्गहणादो । सिया णोम-णोविसिट्ठा । एवं जहण्णकालवेयणा पंचपयारा सरूवेण छप्पयारा वा [५]। एवं चउत्थसुत्तपरूवणा कदा ।

संपहि पंचमसुत्तपरूवणा कीरदे । तं जहा— अजहण्णा णाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, अजहण्णुक्कस्सस्स ओघुक्कस्सादो पुधत्ताणुवलंभादो । सिया अणुक्कस्सा, तद-

---

सम संख्यायें देखी जाती हैं । कथंचित् वह ओम है, क्योंकि, कहींपर हानिसे उत्पन्न हुआ अनुत्कृष्ट पद पाया जाता है । कथंचित् वह विशिष्ट है, क्योंकि, कहींपर वृद्धिसे अनुत्कृष्ट पद उत्पन्न होता है । कथंचित् वह नोम-नोविशिष्ट है, क्योंकि, अनुत्कृष्टभूत जघन्य पदकी अथवा अन्य अनुत्कृष्ट पदविशेषकी विवक्षा करनेपर वृद्धि और हानिका अभाव रहता है । इस प्रकार ज्ञानावरणकी अनुत्कृष्टवेदना ग्यारह (११) पद स्वरूप है । इस प्रकार तीसरे सूत्रकी प्ररूपणा की गई है ।

अब चतुर्थ सूत्रकी प्ररूपणा करते हैं । वह इस प्रकार है—जघन्य ज्ञानावरणीय-वेदना कथंचित् अनुत्कृष्ट है, क्योंकि, अनुत्कृष्ट जघन्यकी ओघजघन्यसे एकता देखी जाती है । कथंचित् वह सादि है, क्योंकि, अजघन्यसे जघन्य पद उत्पन्न होता है । कथंचित् अनादि यह पद नहीं है, क्योंकि, सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समय सम्बन्धी बन्ध और क्षीणकषायके अन्तिम समय सम्बन्धी सत्त्वमें द्रव्यार्थिकनयका अवलम्बन करनेपर भी अनादिपना नहीं पाया जाता । कथंचित् वह अध्रुव है । कथंचित् वह कलिओज है, क्योंकि, क्षीणकषायके अन्तिम समय सम्बन्धी स्थितिका ग्रहण किया गया है । कथंचित् वह नोम-नोविशिष्ट है । इस प्रकार जघन्य कालवेदना पांच (५) प्रकार अथवा अपने साथ छह प्रकार भी है । इस प्रकार चतुर्थ सूत्रकी प्ररूपणा की गई है ।

अब पांचवें सूत्रकी प्ररूपणा करते हैं । वह इस प्रकार है—अजघन्य ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट है, क्योंकि, अजघन्य उत्कृष्ट ओघ उत्कृष्टसे पृथक् नहीं पाया जाता है । कथंचित् वह अनुत्कृष्ट है, क्योंकि, वह उसका

---

1 अ-काप्रत्योः ' चरिमसमयसमयबंधम्मि ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विणाभावित्तादो। सिया सादिया, पदंतरपल्लट्टणेण विणा अजहण्णपदविसेसाणमवट्ठाणाभावादो। सिया अणादिया, दव्वट्ठियणए अवलंबिदे बंधाभावादो। सिया धुवा, दव्वट्ठियणए अवलंबिदे अजहण्णपदस्स विणासाभावादो। सिया अद्धुवा, पज्जवट्ठियणए अवलंबिदे धुवत्ताभावादो। सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा। सुगमं। सिया णोम-णोविसिट्ठा, णिरुद्धपदविसेसत्तादो। एवमजहण्णा एक्कारसभंगा [११]। एसो पंचमसुत्तत्थो।

सादियणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया अद्धुवा। धुवा ण होदि, सादियस्स अणादिय-धुवत्तविरोहादो। सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोम-णोविसिट्ठा। एवं सादियवेयणाए दसभंगा [१०]। एसो छट्ठसुत्तत्थो।

अणादियणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया। कधमणादियवेयणाए सादियत्तं? ण, वेयणासामण्णावेक्खाए अणादियम्मि उक्कस्सादिपदविक्खाए सादियत्तं पडि विरोहाभावादो। सिया धुवा,

---

अविनाभावी है। कथंचित् वह सादि है, क्योंकि, दूसरे पदोंके पलटनेके विना अजघन्य पदविशेष रहते नहीं है। कथंचित् वह अनादि है, क्योंकि, द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन करनेपर इस पदका बन्ध नहीं होता। कथंचित् वह ध्रुव है, क्योंकि, द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन करनेपर अजघन्य पदका विनाश नहीं होता। कथंचित् वह अध्रुव है, क्योंकि, पर्यायार्थिक नयका अवलम्बन करनेपर उसके ध्रुवपना नहीं पाया जाता। कथंचित् वह ओज है, कथंचित् युग्म है, कथंचित् ओम है, और कथंचित् वह विशिष्ट है। यह सब सुगम है। कथंचित् वह नोम-नोविशिष्ट है, क्योंकि, पदविशेषकी विवक्षा है। इस प्रकार अजघन्य वेदनाके ग्यारह (११) भंग होते हैं। यह पांचवें सूत्रका अर्थ है।

सादि ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट है, कथंचित् अनुत्कृष्ट है, कथंचित् जघन्य है, कथंचित् अजघन्य है, और कथंचित् अध्रुव है। वह ध्रुव नहीं है, क्योंकि, सादि पदका अनादि और ध्रुव पदके साथ विरोध है। वह कथंचित् ओज है, कथंचित् युग्म है, कथंचित् ओम है, कथंचित् विशिष्ट है, और कथंचित् नोम-नोविशिष्ट है। इस प्रकार सादिवेदनाके दस (१०) भंग होते हैं। यह छठे सूत्रका अर्थ है।

अनादि ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट, कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् जघन्य, कथंचित् अजघन्य और कथंचित् सादि है।

शंका—अनादि वेदना सादि कैसे हो सकती है?

समाधान—नहीं, क्योंकि, वेदनासामान्यकी अपेक्षा उसके अनादि होनेपर भी उत्कृष्ट आदि पदोंकी अपेक्षा उसके सादि होनेमें कोई विरोध नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेयणासामण्णस्स विणासाभावादो । सिया अद्धुवा, पदविसेसस्स विणासदंसणादो । अणादियत्तम्मि सामण्णविवक्खाए समुप्पण्णम्मि कधं पदविसेससंभवो ? ण, संगंतोखित्तअसेसविसेसम्मि सामण्णम्मि अप्पिदे तदविरोहादो । सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोम-णोविसिट्ठा । एवमणादियपदस्स बारस भंगा [१२] । एसो सत्तमसुत्तत्थो ।

धुवणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अणादिया, सिया अद्धुवा सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोम-णोविसिट्ठा । एवं धुवपदस्स बारस भंगा [१२] । एसो अट्ठमसुत्तत्थो ।

अद्धुवणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोम-णोविसिट्ठा । एवमद्धुवपदस्स दस भंगा [१०] । एसो णवमसुत्तत्थो ।

ओजणाणावरणीयवेयणा उक्कस्सा ण होदि, उक्कस्सट्ठिदीए कदजुम्मे अवट्ठाणादो । सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया । सिया अणादिया, सामण्णविवक्खादो । सिया धुवा, सिया अद्धुवा, विसेसविवक्खाए । सिया ओमा, सिया

कथंचित् वह ध्रुव है, क्योंकि, वेदनासामान्यका कभी विनाश नहीं होता। कथंचित् वह अध्रुव है, क्योंकि, पदविशेषका विनाश देखा जाता है ।

शंका— सामान्य विवक्षासे अनादिताके स्वीकार करनेपर उसमें पदविशेषकी सम्भावना कैसे हो सकती है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, अपने भीतर समस्त विशेषोंको रखनेवाले सामान्यकी विवक्षा करनेपर उसमें कोई विरोध नहीं है ।

वह कथंचित् ओज, कथंचित् युग्म, कथंचित् ओम, कथंचित् विशिष्ट और कथंचित् नोम-नोविशिष्ट है । इस प्रकार अनादि पदके बारह (१२) भंग होते हैं । यह सातवें सूत्रका अर्थ है ।

ध्रुव ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट, कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् जघन्य, कथंचित् अजघन्य, कथंचित् सादि, कथंचित् अनादि, कथंचित् अध्रुव, कथंचित् ओज, कथंचित् युग्म, कथंचित् ओम, कथंचित् विशिष्ट और कथंचित् नोम-नोविशिष्ट है । इस प्रकार ध्रुव पदके बारह भंग होते हैं । यह आठवें सूत्रका अर्थ है ।

अध्रुव ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट, कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् जघन्य, कथंचित् अजघन्य, कथंचित् सादि, कथंचित् ओज, कथंचित् युग्म, कथंचित् ओम, कथंचित् विशिष्ट और कथंचित् नोम-नोविशिष्ट है । इस प्रकार अध्रुव पदके दस (१०) भंग होते हैं । यह नौवें सूत्रका अर्थ है ।

ओज ज्ञानावरणीयवेदना उत्कृष्ट नहीं होती है, क्योंकि, उत्कृष्ट स्थितिका अवस्थान कृतयुग्ममें है । वह कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् जघन्य, कथंचित् अजघन्य, व कथंचित् सादि है । सामान्यकी विवक्षासे वह कथंचित् अनादि है । वह कथंचित् ध्रुव है । वह कथंचित् अध्रुव है, क्योंकि, विशेषकी विवक्षा है । वह कथंचित् ओम,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसिट्ठा, सिया णोम-णोविसिट्ठा । एवमोजपदस्स दस भंगा | १० | । एसो दसमसुत्तत्थो ।

जुम्मणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अणादिया, सिया धुवा, सिया अद्धुवा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोम-णोविसिट्ठा । एवं जुम्मपदस्स दस भंगा | १० | । एसो एक्कारसमसुत्तत्थो ।

ओमणाणावरणीयवेयणा सिया अणुक्कस्सा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अणादिया, सिया धुवा, सिया अद्धुवा, सिया ओजा, सिया जुम्मा । एवमोमपदस्स अट्ठ भंगा | ८ | । एसो बारसमसुत्तत्थो ।

विसिट्ठणाणावरणीयवेयणा सिया अणुक्कस्सा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अणादिया, सिया धुवा, सिया अद्धुवा, सिया ओजा, सिया जुम्मा । एवं विसिट्ठपदस्स अट्ठभंगा | ८ | । एसो तेरसमसुत्तत्थो ।

णोम-णोविसिट्ठणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सिया, सिया अणुक्कस्सिया, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अणादिया, सिया धुवा, सिया अद्धुवा, सिया ओजा, सिया जुम्मा । एवं दस भंगा | १० | । एसो चोद्दसमसुत्तत्थो ।

एदेसिं भंगाणमंकविण्णासो एसो— | १३ | ५ | ११ | ५ | ११ | १० | १२ | १२ | १० | १० | १० | ८ | ८ | १० | ।

कथंचित् विशिष्ट और कथंचित् नोम-नोविशिष्ट है । इस प्रकार ओज पदके दस (१०) भंग होते हैं । यह दसवें सूत्रका अर्थ है ।

युग्म ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट, कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् अजघन्य, कथंचित् सादि, कथंचित् अनादि, कथंचित् ध्रुव, कथंचित् अध्रुव, कथंचित् ओम, कथंचित् विशिष्ट और कथंचित् नोम-नोविशिष्ट है । इस प्रकार युग्म पदके दस (१०) भंग होते हैं । यह ग्यारहवें सूत्रका अर्थ है ।

ओम ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् अजघन्य, कथंचित् सादि, कथंचित् अनादि, कथंचित् ध्रुव, कथंचित् अध्रुव, कथंचित् ओज और कथंचित् युग्म है । इस प्रकार ओम पदके आठ (८) भंग होते हैं । यह बारहवें सूत्रका अर्थ है ।

विशिष्ट ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् अजघन्य, कथंचित् सादि, कथंचित् अनादि, कथंचित् ध्रुव, कथंचित् अध्रुव, कथंचित् ओज और कथंचित् युग्म है । इस प्रकार विशिष्ट पदके आठ (८) भंग होते हैं । यह तेरहवें सूत्रका अर्थ है ।

नोम-नोविशिष्ट ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट, कथंचित् अनुत्कृष्ट, कथंचित् जघन्य, कथंचित् अजघन्य, कथंचित् सादि, कथंचित् अनादि, कथंचित् ध्रुव, कथंचित् अध्रुव, कथंचित् ओज और कथंचित् युग्म है । इस प्रकार उसके दस (१०) भंग होते हैं । यह चौदहवें सूत्रका अर्थ है ।

इन भंगोंके अंकोंका विन्यास यह है— १३ + ५ + ११ + ५ + ११ + १० + १२ + १२ + १० + १० + १० + ८ + ८ + १० = १३५ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं सत्तण्णं कम्माणं ॥ ५ ॥

जहा णाणावरणीयस्स पदमीमांसा कदा तहा सत्तण्णं कम्माणं कायव्वा, विसेसाभावादो। एवमंतोकयओजाणियोगद्दारा पदमीमांसा त्ति समत्तमणियोगद्दारं।

सामित्तं दुविहं जहण्णपदे उक्कस्सपदे ॥ ६ ॥

तत्थ जहण्णं चउव्विहं— णाम-ट्ठवणा-दव्व-भावजहण्णं चेदि। णामजहण्णं ट्ठवणाजहण्णं च सुगमं। दव्वजहण्णं दुविहं— आगमदव्वजहण्णं णोआगमदव्वजहण्णं चेदि। तत्थ जहण्णपाहुडजाणओ अणुवजुत्तो आगमदव्वजहण्णं। णोआगमदव्वजहण्णं तिविहं जाणुगसरीर-भविय-तव्वदिरित्तणोआगमदव्वजहण्णभेएण। जाणुगसरीरं भविय गदं। तव्वदिरित्तणोआगमदव्वजहण्णं दुविहं— ओघजहण्णमादेसजहण्णं चेदि। तत्थ ओघजहण्णं चउव्विहं— दव्वदो खेत्तदो कालदो भावदो चेदि। तत्थ दव्वजहण्णमेगो परमाणू। खेत्तजहण्णमेगो आगासपदेसो। कालजहण्णमेगो समओ। भावजहण्णं परमाणुम्हि एगो णिद्धत्तगुणो। आदिसजहण्णं पि दव्व-खेत्त-काल-भावेहि चउव्विहं। तत्थ दव्वदो आदेसजहण्णं उच्चदे। तं जहा— तिपदेसियक्खंधं दट्ठूण दुपदेसियक्खंधो आदेसदो दव्व-

---

इसी प्रकार शेष सातों कर्मोंके उत्कृष्ट आदि पदोंकी प्ररूपणा करना चाहिये ॥५॥

जिस प्रकार ज्ञानावरणकी पदमीमांसा की गई है उसी प्रकार शेष सात कर्मोंकी पदमीमांसा करना चाहिये, क्योंकि, उसमें कोई विशेषता नहीं है। इस प्रकार ओजानुयोगद्वारगर्भित पदमीमांसा नामक अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।

स्वामित्व दो प्रकार है—जघन्य पदमें और उत्कृष्ट पदमें ॥ ६ ॥

उनमेंसे जघन्य पद चार प्रकार है—नामजघन्य, स्थापनाजघन्य, द्रव्यजघन्य और भावजघन्य। इनमें नामजघन्य और स्थापनाजघन्य सुगम हैं। द्रव्यजघन्य दो प्रकार है— आगमद्रव्यजघन्य और नोआगमद्रव्यजघन्य। उनमें जघन्य प्राभृतका जानकार उपयोग रहित जीव आगमद्रव्यजघन्य है। नोआगमद्रव्यजघन्य तीन प्रकार है— ज्ञायकशरीर नोआगमद्रव्यजघन्य, भावी नोआगमद्रव्यजघन्य और तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यजघन्य। इनमें ज्ञायकशरीर और भावी नोआगमद्रव्यजघन्य विदित हैं। तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यजघन्य दो प्रकार है ओघजघन्य और आदेशजघन्य। उनमें द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षासे ओघजघन्य चार प्रकार है। इनमेंसे एक परमाणुको द्रव्यजघन्य कहा जाता है। एक आकाशप्रदेश क्षेत्रजघन्य है। कालजघन्य एक समय है। परमाणुमें रहनेवाला एक स्निग्धत्व गुण भावजघन्य है।

आदेशजघन्य भी द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा चार प्रकार है। इनमें द्रव्यसे आदेशजघन्यकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है— तीन प्रदेश-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहण्णं । एवं सेसेसु वि णेयव्वं । तिपदेसोगाढदव्वं दट्ठूण दुपदेसोगाढदव्वं खेत्तदो आदेसजहण्णं । एवं सेसेसु वि णेयव्वं । तिसमयपरिणदं दट्ठूण दुसमयपरिणदं दव्वमादेसदो कालजहण्णं । एवं सेसेसु वि णेयव्वं । तिगुणपरिणदं दव्वं दट्ठूण दुगुणपरिणदं दव्वं भावदो आदेसजहण्णं । भावजहण्णं दुविहं— आगमभावजहण्णं णोआगमभावजहण्णं चेदि । तत्थ जहण्णपाहुडजाणगो उवजुत्तो आगमभावजहण्णं । सुहुमणिगोदलद्धिअपज्जत्तयस्स जं सव्वजहण्णं णाणं तं णोआगमभावजहण्णं । एत्थ ओघजहण्णकालेण पयदं, सव्वजहण्णट्ठिदीए अहियारादो ।

उक्कस्सं चउव्विहं णाम-ट्ठवणा-दव्व-भावउक्कस्सभेएण । तत्थ णाम-ट्ठवणुक्कस्साणि सुगमाणि । दव्वुक्कस्सं दुविहमागमदव्वुक्कस्सं णोआगमदव्वुक्कस्सं चेदि । तत्थ उक्कस्सपाहुडजाणओ अणुवजुत्तो आगमदव्वुक्कस्सं । णोआगमदव्वुक्कस्सं तिविहं जाणुगसरीर-भविय-तव्वदिरित्तणोआगमदव्वुक्कस्सभेएण । जाणुगसरीर-भवियणोआगमदव्वुक्कस्साणि सुगमाणि । तव्वदिरित्तणोआगमदव्वुक्कस्सं दुविहं— ओघुक्कस्समादेसुक्कस्सं चेदि । तत्थ ओघुक्कस्सं चउव्विहं— दव्वदो खेत्तदो कालदो भावदो चेदि । तत्थ दव्वदो उक्कस्सं महाखंधो । खेत्तदो उक्कस्समागासं । कालदो उक्कस्सं सव्वकालो । भावदो उक्कस्सं

वाले स्कन्धकी अपेक्षा दो प्रदेशवाला स्कन्ध आदेशद्रव्यजघन्य है । इसी प्रकार शेष प्रदेशोंमें भी ले जाना चाहिये । तीन प्रदेशोंमें अवगाहन करनेवाले द्रव्यकी अपेक्षा दो प्रदेशोंमें अवगाहन करनेवाला द्रव्य क्षेत्रसे आदेशजघन्य है । इसी प्रकार शेष प्रदेशोंमें भी ले जाना चाहिये । तीन समयोंमें परिणत द्रव्यकी अपेक्षा दो समयोंमें परिणत द्रव्य आदेशसे कालजघन्य है । इसी प्रकार शेष समयोंमें भी ले जाना चाहिये । तीन गुणोंमें परिणत द्रव्यकी अपेक्षा दो गुणोंमें परिणत द्रव्य भावसे आदेशजघन्य है ।

भावजघन्य दो प्रकार है— आगमभावजघन्य और नोआगमभावजघन्य । उनमें जघन्य प्राभृतका जानकार उपयोग युक्त जीव आगमभावजघन्य है । सूक्ष्म निगोद लब्ध्यपर्याप्तकका जो सबसे जघन्य ज्ञान है वह नोआगमभावजघन्य है । यहां ओघ जघन्यकाल प्रकृत है, क्योंकि, यहां सर्वजघन्य स्थितिका अधिकार है ।

नाम, स्थापना, द्रव्य और भावके भेदसे उत्कृष्ट चार प्रकार है । उनमें नामउत्कृष्ट और स्थापनाउत्कृष्ट सुगम हैं । द्रव्य उत्कृष्ट दो प्रकार है— आगमद्रव्य उत्कृष्ट और नोआगमद्रव्य उत्कृष्ट । उनमें उत्कृष्ट प्राभृतका जानकार उपयोग रहित जीव आगमद्रव्यउत्कृष्ट है । नोआगमद्रव्यउत्कृष्ट तीन प्रकार है— ज्ञायकशरीर, भावी और तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यउत्कृष्ट । इनमें ज्ञायकशरीर और भावी नोआगमद्रव्यउत्कृष्ट सुगम हैं । तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यउत्कृष्ट दो प्रकार है— ओघउत्कृष्ट और आदेशउत्कृष्ट । उनमें ओघउत्कृष्ट द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा चार प्रकार है । उनमें द्रव्यकी अपेक्षा उत्कृष्ट महा स्कन्ध है । क्षेत्रकी अपेक्षा उत्कृष्ट आकाश है । कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट सर्व काल है । भावकी अपेक्षा उत्कृष्ट सर्वोत्कृष्ट वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्शसे युक्त द्रव्य है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वुक्कस्सवण्ण-गंध-रस-फासदव्वं । आदेसुक्कस्सं चउव्विहं— दव्वदो खेत्तदो कालदो भावदो चेदि । तत्थ दव्वदो एगपरमाणुं दट्ठूण दुपदेसिओ खंधो आदेसुक्कस्सं । दुपदेसियं खंधं दट्ठूण तिपदेसियक्खंधो वि आदेसुक्कस्सं । एवं सेसेसु वि णेयव्वं । खेत्तदो एयक्खेत्तं दट्ठूण दोखेत्तपदेसा आदेसदो उक्कस्सखेत्तं । एवं सेसेसु वि णेयव्वं । कालदो एगसमयं दट्ठूण दोसमइयं आदेसुक्कस्सं । एवं सेसेसु वि णेयव्वं । भावदो एगगुणजुत्तं दट्ठूण दुगुणजुत्तं दव्वमादेसुक्कस्सं । एवं सेसेसु वि णेयव्वं । भावुक्कस्सं दुविहं— आगम-णोआगमभावुक्कस्सभेएण । तत्थ उक्कस्सपाहुडजाणओ उवजुत्तो आगमभावुक्कस्सं । णोआगम-भावुक्कस्सं केवलणाणं । एत्थ ओघकालुक्कस्सेण अहियारो । एत्थ कालदो ओघुक्कस्सं सव्वकालो त्ति भणिदं, तस्सेत्थ गहणं ण कायव्वं; कम्मट्ठिदीए तदसंभवादो । जहण्णपदे एगं सामित्तं अण्णेगमुक्कस्सपदे, एवं सामित्तं दुविहं चेव होदि; अण्णस्सासंभवादो ।

सामित्तेण उक्कस्सपदे णाणावरणीयवेयणा कालदो उक्क-स्सिया कस्स ? ॥ ७ ॥

उक्कस्सपदणिद्देसो जहण्णपदपडिसेहफलो । णाणावरणणिद्देसो सेसकम्मपडिसेहफलो ।

आदेशउत्कृष्ट द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा चार प्रकार है । उनमें एक परमाणुकी अपेक्षा दो प्रदेशवाला स्कन्ध द्रव्यकी अपेक्षा आदेशउत्कृष्ट है । दो प्रदेशवाले स्कन्धकी अपेक्षा तीन प्रदेशवाला स्कन्ध भी द्रव्यसे आदेशउत्कृष्ट है । इसी प्रकार शेष प्रदेशोंके विषयमें ले जाना चाहिये । एक प्रदेश रूप क्षेत्रकी अपेक्षा दो क्षेत्रप्रदेश क्षेत्रसे आदेशउत्कृष्ट हैं । इसी प्रकार शेष क्षेत्रप्रदेशोंमें भी ले जाना चाहिये । एक समयकी अपेक्षा दो समय परिणत द्रव्य कालसे आदेशउत्कृष्ट है । इसी प्रकार शेष समयोंमें भी ले जाना चाहिये । एक गुण युक्त द्रव्यकी अपेक्षा दो गुण युक्त द्रव्य भावसे आदेशउत्कृष्ट है । इसी प्रकार शेष गुणोंमें भी ले जाना चाहिये ।

भावउत्कृष्ट आगमभावउत्कृष्ट और नोआगमभावउत्कृष्टके भेदसे दो प्रकार है । उनमें उत्कृष्ट प्राभृतका जानकार उपयोग युक्त जीव आगमभावउत्कृष्ट है । नोआगम-भावउत्कृष्ट केवलज्ञान है । यहां ओघउत्कृष्ट कालका अधिकार है । यहां कालकी अपेक्षा ओघउत्कृष्ट सब काल कहा गया है, उसका यहां ग्रहण नहीं करना चाहिये; क्योंकि, कर्मस्थितिमें उसकी सम्भावना नहीं है । एक स्वामित्व जघन्य पदमें और दूसरा एक उत्कृष्ट पदमें, इस प्रकार स्वामित्व दो प्रकार ही है; क्योंकि, इनके अतिरिक्त और दूसरे स्वामित्वकी सम्भावना नहीं है ।

स्वामित्वसे उत्कृष्ट पदमें ज्ञानावरणीयवेदना कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट किसके होती है ? ॥ ७ ॥

सूत्रमें उत्कृष्ट पदका निर्देश जघन्य पदके प्रतिषेधके लिये किया गया है । ज्ञानावरण पदका निर्देश शेष कर्मोंके प्रतिषेधके लिये है । कालका निर्देश क्षेत्र आदिका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कालणिद्देसो खेत्तादिपडिसेहफलो । कस्से त्ति किं देवस्स किं णेरइयस्स किं मणुस्सस्स किं तिरिक्खस्से त्ति पुच्छा ।

अण्णदरस्स पंचिंदियस्स सण्णिस्स मिच्छाइट्ठिस्स सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदस्स कम्मभूमियस्स अकम्मभूमियस्स वा कम्म-भूमिपडिभागस्स वा संखेज्जवासाउअस्स वा असंखेज्जवासाउ-अस्स वा देवस्स वा मणुस्सस्स वा तिरिक्खस्स वा णेरइयस्स वा इत्थिवेदस्स वा पुरिसवेदस्स वा णउंसयवेदस्स वा जलचरस्स वा थलचरस्स वा खगचरस्स वा सागार-जागार-सुदोवजोगजुत्तस्स उक्कस्सियाए ट्ठिदीए उक्कस्सट्ठिदिसंकिलेसे वट्टमाणस्स, अधवा ईसि-मज्झिमपरिणामस्स तस्स णाणावरणीयवेयणा कालदो उक्कस्सा ॥८॥

अण्णदरस्से त्ति णिद्देसो ओगाहणादीणं पडिसेहाभावपदुप्पायणफलो । पंचिंदियस्से त्ति णिद्देसो विगलिंदियपडिसेहफलो ? णाणावरणीयस्स उक्कस्सियं ट्ठिदिं पंचिंदिया चेव बंधंति, णो विगलिंदिया इदि जं वुत्तं होदि । ते च पंचिंदिया दुविहा — सण्णिणो अस-

....

प्रतिषेध करनेवाला है । 'किसके होती है' इससे वह क्या देवके होती है, क्या नारकीके होती है, क्या मनुष्यके होती है, और क्या तिर्यंचके होती है, इस प्रकार पृच्छा की गई है ।

अन्यतर पंचेन्द्रिय जीवके — जो संज्ञी है, मिथ्यादृष्टि है, सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है; कर्मभूमिज, अकर्मभूमिज अथवा कर्मभूमिप्रतिभागोत्पन्न है; संख्यातवर्षायुष्क अथवा असंख्यातवर्षायुष्क है; देव, मनुष्य, तिर्यंच अथवा नारकी है; स्त्रीवेद, पुरुषवेद अथवा नपुंसकवेदमेंसे किसी भी वेदसे संयुक्त है; जलचर, थलचर अथवा नभचर है; साकार उपयोगवाला है, जागृत है, श्रुतोपयोगसे युक्त है, उत्कृष्ट स्थिति के बन्ध योग्य उत्कृष्ट स्थिति-संक्लेशमें वर्तमान है, अथवा कुछ मध्यम संक्लेश परिणामसे युक्त है, उसके ज्ञानावरणीय कर्मकी वेदना कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट होती है ॥ ८ ॥

सूत्रमें अन्यतर पदका निर्देश अवगाहना आदिकोंके प्रतिषेधके अभावको सूचित करता है । पंचेन्द्रिय पदका निर्देश विकलेन्द्रियका प्रतिषेध करता है । इससे यह फलित होता है कि ज्ञानावरणीयकी उत्कृष्ट स्थितिको पंचेन्द्रिय जीव ही बांधते हैं, विकलेन्द्रिय नहीं बांधते । वे पंचेन्द्रिय जीव दो प्रकारके हैं — संज्ञी और असंज्ञी

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

ण्णिणो चेदि । तत्थ असण्णिणो उक्कस्सियं ट्ठिदिं ण बंधंति त्ति जाणावणट्ठं सण्णिस्से त्ति णिद्दिट्ठं । ते च सण्णिपंचिंदिया गुणट्ठाणभेएण चोद्दसविहा । तत्थ सासणादओ उक्कस्सियं ट्ठिदिं ण बंधंति त्ति जाणवणट्ठं मिच्छाइट्ठिस्से त्ति णिद्दिट्ठं । ते च मिच्छाइट्ठिणो पज्जत्तयदा अपज्जत्तयदा चेदि दुविहा । तत्थ अपज्जत्तयदा उक्कस्सियं ट्ठिदिं ण बंधंति त्ति जाणावणट्ठं सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदस्से त्ति भणिदं । पंचिंदियपज्जत्तमिच्छाइट्ठिणो कम्मभूमा अकम्मभूमा चेदि दुविहा । तत्थ अकम्मभूमा उक्कस्सट्ठिदिं ण बंधंति, पण्णारसकम्मभूमीसु उप्पण्णा चेव उक्कस्सट्ठिदिं बंधंति त्ति जाणावणट्ठं कम्मभूमियस्स वा त्ति भणिदं । भोगभूमीसु उप्पण्णाणं व देव-णेरइयाणं सयंपहणगेंदपव्वदस्स बाहिरभागप्पहुडि जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति एत्थ कम्मभूमिपडिभागम्मि उप्पण्णतिरिक्खाणं च उक्कस्सट्ठिदिबंधपडिसेहे पत्ते तण्णिराकरणट्ठं अकम्मभूमिस्स वा कम्मभूमिपडिभागस्स वा त्ति भणिदं । अकम्मभूमिस्स वा त्ति उत्ते देव-णेरइया घेत्तव्वा । कम्मभूमिपडिभागस्स वा त्ति उत्ते सयंपहणगिंदपव्वदस्स बाहिरे भागे समुप्पण्णाणं गहणं । संखेज्जवासाउअस्स वा त्ति उत्ते अड्ढाइज्जदीव-समुद्दुप्पण्णस्स कम्मभूमिपडिभागुप्पण्णस्स च गहणं । असंखेज्जवासाउअस्स वा त्ति उत्ते देव-णेरइयाणं गहणं, ण समयाहियपुव्वकोडिप्पहुडि-उवरिमआउअतिरिक्ख-मणुस्साणं गहणं, पुव्वसुत्तेण तेसिं विहिदपडिसेहत्तादो । देव-

उनमें असंज्ञी पंचेन्द्रिय उत्कृष्ट स्थितिको नहीं बांधते हैं, इस बातके ज्ञापनार्थ संज्ञी पदका निर्देश किया है । वे संज्ञी पंचेन्द्रिय गुणस्थानोंके भेदसे चौदह प्रकार हैं । उनमें सासादनसम्यग्दृष्टि आदिक उत्कृष्ट स्थितिको नहीं बांधते हैं, इस बातके ज्ञापनार्थ मिथ्यादृष्टि पदका निर्देश किया है । वे मिथ्यादृष्टि पर्याप्तक और अपर्याप्तकके भेदसे दो प्रकार हैं । उनमें अपर्याप्तक उत्कृष्ट स्थितिको नहीं बांधते हैं, इस बातके ज्ञापनार्थ 'सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त हुआ' ऐसा कहा है । पंचेन्द्रिय पर्याप्त मिथ्यादृष्टि कर्मभूमिज और अकर्मभूमिज इस तरह दो प्रकारके हैं । उनमें अकर्मभूमिज उत्कृष्ट स्थितिको नहीं बांधते हैं, किन्तु पन्द्रह कर्मभूमियोंमें उत्पन्न हुए जीव ही उत्कृष्ट स्थितिको बांधते हैं; इस बातके ज्ञापनार्थ 'कर्मभूमिज' पदका निर्देश किया है। भोगभूमियोंमें उत्पन्न हुए जीवोंके समान देव-नारकियोंके तथा स्वयंप्रभ पर्वतके बाह्य भागसे लेकर स्वयम्भूरमण समुद्र तक इस कर्मभूमिप्रतिभागमें उत्पन्न हुए तिर्यंचोंके भी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धका प्रतिषेध प्राप्त होनेपर उसका निराकरण करनेके लिये 'अकर्मभूमिजके अथवा कर्मभूमिप्रतिभागोत्पन्न जीवके' ऐसा कहा है । अकर्मभूमिज पदसे देव-नारकियोंका ग्रहण करना चाहिये । कर्मभूमिप्रतिभाग पदका निर्देश करनेपर स्वयंप्रभ पर्वतके बाह्य भागमें उत्पन्न हुए जीवोंका ग्रहण किया गया है। 'संख्यातवर्षायुष्क' कहनेपर अढ़ाई द्वीप-समुद्रोंमें उत्पन्न हुए तथा कर्मभूमिप्रतिभागमें उत्पन्न हुए जीवका ग्रहण करना चाहिये । 'असंख्यातवर्षायुष्क' से देव-नारकियोंका ग्रहण किया गया है । इस पदसे एक समय अधिक पूर्वकोटि आदि उपरिम आयुविकल्पोंसे संयुक्त तिर्यंचों व मनुष्योंका ग्रहण नहीं करना चाहिये, क्योंकि, पूर्व सूत्रसे उनका

Jain Education International　　For Private & Personal Use Only　　www.jainelibrary.org

णेरइएसु संखेज्जवासाउअत्तमिदि भणिदे सच्चं ण ते असंखेज्जवासाउआ, किंतु संखेज्जवासाउआ चेव; समयाहियपुव्वकोडिप्पहुडिउवरिमआउअवियप्पाणं असंखेज्जवासाउअत्तब्भुवगमादो। कधं समयाहियपुव्वकोडीए संखेज्जवासाए असंखेज्जवासत्तं? ण, रायरुक्खो व रूढिबलेण परिचत्तसगट्ठस्स असंखेज्जवस्ससद्दस्स[2] आउअविसेसम्मि वट्टमाणस्स गहणादो।

चउग्गइसण्णिपंचिंदियपज्जत्तमिच्छाइट्ठीणं उक्कस्सट्ठिदिबंधपडिसेहो णत्थि त्ति जाणावणट्ठं देवस्स वा मणुस्सस्स वा तिरिक्खस्स वा णेरइयस्स वा त्ति उत्तं। तिसु वि वेदेसु उक्कस्सट्ठिदिबंधपडिसेहो णत्थि त्ति जाणावणट्ठमित्थिवेदस्स वा पुरिसवेदस्स वा णउंसयवेदस्स वा त्ति भणिदं। चरणविसेसाभावपदुप्पायणट्ठं जलचरस्स वा थलचरस्स वा खगचरस्स वा त्ति भणिदं। तत्थ मच्छ-कच्छवादओ जलचरा, सीह[3]-वय-वग्घादओ थलचरा, गद्ध-ढेंक-सेणादओ खगचरा। दंसणोवजोगजुत्ता उक्कस्सट्ठिदिं ण बंधंति, णाणोवजोगजुत्ता चेव बंधंति त्ति जाणावणट्ठं सागारणिद्देसो कदो। सुत्तो उक्कस्सट्ठिदिं ण बंधदि, जग्गंतो

प्रतिषेध किया जा चुका है।

शंका—देव व नारकी तो संख्यातवर्षायुष्क ही होते हैं, फिर यहां उनका ग्रहण असंख्यातवर्षायुष्क पदसे कैसे सम्भव है?

समाधान—इस शंकाके उत्तरमें कहते हैं कि सचमुचमें वे असंख्यातवर्षायुष्क नहीं हैं, किन्तु संख्यातवर्षायुष्क ही हैं; परन्तु यहां एक समय अधिक पूर्वकोटिको आदि लेकर आगेके आयुविकल्पोंको असंख्यातवर्षायुके भीतर स्वीकार किया गया है।

शंका—एक समय अधिक पूर्वकोटिके संख्यातवर्षरूपता होते हुए भी असंख्यातवर्षरूपता कैसे सम्भव है?

समाधान—नहीं, क्योंकि, राजवृक्ष (वृक्ष विशेष) के समान 'असंख्यातवर्ष' शब्द रूढि वश अपने अर्थको छोड़कर आयुविशेषमें रहनेवाला यहां ग्रहण किया गया है।

चारों गतियोंके संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त मिथ्यादृष्टियोंके उत्कृष्ट स्थितिके बन्धका प्रतिषेध नहीं है, इस बातके ज्ञापनार्थ देवके, मनुष्यके, तिर्यंचके अथवा नारकीके, ऐसा कहा है। तीनों ही वेदोंमें उत्कृष्ट स्थितिके बन्धका प्रतिषेध नहीं है, इस बातके ज्ञापनार्थ 'स्त्रीवेदीके, पुरुषवेदीके अथवा नपुंसकवेदीके' ऐसा कहा है। चरण अर्थात् गमनविशेषका अभाव बतलानेके लिये 'जलचरके, थलचरके अथवा नभचरके' ऐसा कहा है। उनमें मत्स्य और कच्छप आदि जीव जलचर; सिंह, वृक और वाघ आदि थलचर; तथा गृद्ध, ढेंक और श्येन आदि नभचर जीव हैं। दर्शनोपयोगसे सहित जीव उत्कृष्ट स्थितिको नहीं बांधते हैं, किन्तु ज्ञानोपयोग युक्त जीव ही उसे बांधते हैं; इस बातके जतलानेके लिये 'साकार' पदका निर्देश किया गया है। सोया हुआ जीव उत्कृष्ट स्थितिको नहीं बांधता है, किन्तु जागृत जीव ही

---

१ ताप्रतिपाठोऽयम्। प्रतिषु 'समाहिय' इति पाठः। २ प्रतिषु '- सदस्स', ताप्रतौ 'सद (द्द) स्स' इति पाठः।
३ ताप्रतिपाठोऽयम्। अ-काप्रत्योः 'जलचररा सीह-'; आप्रतौ 'जलचरासि सीह-' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चेव बंधदि त्ति जाणावणट्ठं जागारग्गहणं कदं । सुदोवजोगजुत्तो चेव उक्कस्सट्ठिदिं बंधदि, ण मदिउवजोगजुत्तो त्ति जाणावणट्ठं सुदोवजोगजुत्तस्से त्ति भणिदं ।

उक्कस्सियाए ट्ठिदीए बंधपाओग्गसंकिलेसट्ठाणाणि असंखेज्जलोगमेत्ताणि अत्थि । तत्थ चरिमसंकिलेसट्ठाणेण उक्कस्सट्ठिदिं बंधदि त्ति जाणावणट्ठं उक्कस्सट्ठिदीए उक्कस्सट्ठिदिसंकिलेसे[1] वट्टमाणस्से त्ति भणिदं । उक्कस्सट्ठिदिबंधपाओग्गसेससंकिलेसट्ठाणेहि उक्कस्सट्ठिदिबंधस्स पडिसेहे पत्ते तेहि वि बंधदि त्ति जाणावणट्ठं ईसिमज्झिमपरिणामस्से त्ति उत्तं । अधवा, उक्कस्सट्ठिदिबंधपाओग्गअसंखेज्जलोगमेत्तसंकिलेसट्ठाणाणि पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तखंडाणि कादूण तत्थ चरिमखंडस्स उक्कस्सट्ठिदिसंकिलेसो णाम । तत्थ वट्टमाणस्स उक्कस्सट्ठिदिबंधो होदि । सेसदुचरिमादिखंडेहि उक्कस्सट्ठिदिबंधपडिसेहे पत्ते तेहि वि उक्कस्सट्ठिदिबंधो होदि त्ति जाणावणट्ठमीसिमज्झिमपरिणामस्से त्ति उत्तं । एवंविहेण जीवेण णाणावरणीयस्स तीसंसागरोवमकोडाकोडिट्ठिदिबंधे पबद्धे तस्स णाणावरणीयवेयणा कालदो उक्कस्सा ।

तव्वदिरित्तमणुक्कस्सा ॥ ९ ॥

उसे बांधता है; इस बातके ज्ञापनार्थ 'जागृत' पदका ग्रहण किया है। श्रुतोपयोग युक्त जीव ही उत्कृष्ट स्थितिको बांधता है, न कि मतिउपयोग युक्त जीव; इस बातके ज्ञापनार्थ 'श्रुतोपयोग युक्त जीवके' ऐसा कहा है।

उत्कृष्ट स्थितिके बन्ध योग्य संक्लेशस्थान असंख्यात लोक प्रमाण हैं। उनमेंसे अन्तिम संक्लेशस्थानके द्वारा उत्कृष्ट स्थितिको बांधता है, इस बातके ज्ञापनार्थ 'उत्कृष्ट स्थितिके बन्ध योग्य उत्कृष्ट स्थितिसंक्लेशमें वर्तमान' ऐसा कहा है। अब इससे उत्कृष्ट स्थितिके बन्ध योग्य शेष संक्लेशस्थानोंके द्वारा उत्कृष्ट स्थितिके बन्धका निषेध प्राप्त होनेपर उनसे भी उक्त स्थितिको बांधता है, इस बातको जतलानेके लिये 'कुछ मध्यम परिणामोंसे युक्त जीवके' ऐसा कहा गया है। अथवा, उत्कृष्ट स्थितिके बन्ध योग्य असंख्यात लोक प्रमाण संक्लेशस्थानोंके पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र खण्ड करके उनमें अन्तिम खण्डका नाम उत्कृष्ट स्थितिसंक्लेश है। इस अन्तिम खण्डमें रहनेवाले जीवके उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध होता है। अब इससे शेष द्विचरम आदिक खण्डोंके द्वारा उत्कृष्ट स्थितिके बन्धका प्रतिषेध प्राप्त होनेपर उनसे भी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध होता है, इस बातके ज्ञापनार्थ 'कुछ मध्यम परिणामोंसे युक्त जीवके' ऐसा कहा है। उपर्युक्त विशेषणोंसे विशिष्ट जीवके द्वारा ज्ञानावरणीयके तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण स्थितिबन्धके बांधनेपर उसके ज्ञानावरणीयकी वेदना कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट होती है।

उससे भिन्न अनुत्कृष्ट वेदना होती है ॥ ९ ॥

---

१ प्रतिषु 'उक्कस्सए ट्ठिदिसंकिलेसे' इति पाठः।

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

तदो वदिरित्तं तव्वदिरित्तं, उक्कस्सट्ठिदिबंधवदिरित्ता[1] अणुक्कस्सट्ठिदिवेयणा होदि त्ति उत्तं होदि। सा च अणेयप्पयारा त्ति तिस्से सामिणो वि अणेयविहा होंति। तेसिं परूवणं कस्सामो। तं जहा— तिण्णिवाससहस्समाबाधं कादूण तीसंसागरोवमकोडाकोडिट्ठिदीए पबद्धाए उक्कस्सट्ठिदी होदि। पुणो अण्णेण जीवेण समऊणतीसंसागरोवमकोडाकोडीसु बद्धासु पढममणुक्कस्सट्ठाणं होदि। एत्थ उक्कस्सट्ठिदिपमाणं संदिट्ठीए चत्तालीसरूवाहियदुसदमेत्तं |२४०|। अणुक्कस्सुक्कस्सट्ठिदीए गुणचालीसरूवाहियदुसदमेत्ता |२३९|। तदो अण्णेण जीवेण दुसमऊणुक्कस्सट्ठिदीए पबद्धाए बिदियमणुक्कस्सट्ठाणं होदि। तस्स पमाणमेदं |२३८|। एदेण कमेण आबाधाकंदएणूणउक्कस्सट्ठिदीए पबद्धाए अण्णमणुक्कस्सट्ठाणं होदि। एत्थ आबाधाकंदयपमाणं तीसरूवाणि |३०|। एदम्मि उक्कस्सट्ठिदिम्मि सोहिदे तदित्थट्ठिदिबंधट्ठाणमेत्तियं होदि |२१०|।

संपहि उक्कस्साबाहा समऊणा होदि। कुदो? आबाहाचरिमसमए पढमणिसेयणिवादादो। संदिट्ठीए उक्कस्साबाधापमाणमट्ठ |८|। पुणो समयाहियआबाधाकंदएणूणउक्कस्सट्ठिदीए पबद्धाए सो अण्णो अणुक्कस्सट्ठाणवियप्पो होदि |२०९|। एदेण कमेण दोआबाधाकंदएहि ऊणुक्कस्सट्ठिदीए पबद्धाए सो अण्णो अणुक्कस्सट्ठिदिवियप्पो |१८०|।

उससे व्यतिरिक्त अर्थात् उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे भिन्न अनुत्कृष्ट स्थितिवेदना होती है, यह सूत्रका अर्थ है। वह चूंकि अनेक प्रकारकी है, अतः उसके स्वामी भी अनेक प्रकारके हैं। उनकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है— तीन हजार वर्ष आबाधा करके तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम मात्र स्थितिके बांधनेपर उत्कृष्ट स्थिति होती है। फिर अन्य जीवके द्वारा एक समय कम तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण स्थितिके बांधनेपर प्रथम अनुत्कृष्ट स्थान होता है। यहांपर उत्कृष्ट स्थितिका प्रमाण संदृष्टिमें दो सौ चालीस (२४०) अंक है। अनुत्कृष्ट उत्कृष्ट स्थितिका प्रमाण दो सौ उनतालीस (२३९) अंक है। उससे अन्य जीवके द्वारा दो समय कम उत्कृष्ट स्थितिके बांधनेपर द्वितीय अनुत्कृष्ट स्थान होता है। उसका प्रमाण यह है— २३८। इस क्रमसे आबाधाकाण्डकसे हीन उत्कृष्ट स्थितिके बांधनेपर अन्य अनुत्कृष्ट स्थान होता है। यहां आबाधाकाण्डकका प्रमाण तीस अंक (३०) है। इसको उत्कृष्ट स्थितिमेंसे घटा देनेपर वहांका स्थितिबन्धस्थान इतना होता है— २४० − ३० = २१०।

अब उत्कृष्ट आबाधा एक समय कम हो जाती है, क्योंकि, आबाधाके अन्तिम समयमें प्रथम निषेक निर्जीर्ण हो चुका है। संदृष्टिमें उत्कृष्ट आबाधाका प्रमाण आठ (८) है। पश्चात् एक समय अधिक आबाधाकाण्डकसे हीन उत्कृष्ट स्थितिके बांधनेपर वह अन्य अनुत्कृष्ट स्थानविकल्प होता है — २४० − (३० + १) = २०९। इस क्रमसे दो आबाधाकाण्डकोंसे हीन उत्कृष्ट स्थितिके बांधनेपर वह अन्य अनुत्कृष्ट स्थितिविकल्प होता है — २४० − ६० = १८०। इस प्रकार इसी क्रमसे एक समय कम दो

१ प्रतिषु 'बंधवदिरित्तो' इति पाठः।

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

एवमेदेण कमेण समऊण-बिसमऊणादिकमेण णिरंतरट्ठाणाणि उप्पादेदव्वाणि जाव समऊणाबाहकंदयब्भहियधुवट्ठिदि त्ति। तिस्से पमाणं सट्ठी |६०|। एदम्हादो समऊण-बिसमऊणादिकमेण बंधाविय ओदारेदव्वं जाव सव्वविसुद्धसण्णिपंचिंदियधुवट्ठिदि त्ति। पुणो धुवट्ठिदिं बंधमाणस्स अण्णो अपुणरुत्तट्ठिदिवियप्पो होदि। एत्थ धुवट्ठिदिपमाणमेक्कत्तीसं |३१|।

संपहि एदिस्से हेट्ठा सण्णिपंचिंदिएसु ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि लब्भंति। कुदो? सव्वविसुद्धेण सण्णिपंचिंदियपज्जत्तेण बद्धजहण्णट्ठिदीए जहण्णट्ठिदिसंतसमाणाए धुवट्ठिदि त्ति गहणादो। तदो पंचिंदिएसु ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि एत्तियाणि चेव लब्भंति।

संपहि एदिस्से हेट्ठा बंधं मोत्तूण ट्ठिदिसंतं घादिय एइंदिसु ट्ठिदिसंतट्ठाणपरूवणं कस्सामो। एत्थ संदिट्ठी—

०००	०००१०००१०००१०००१०००१०००१०००१०००१०००
०००	००१०००१०००१०००१०००१०००१०००१०००
०००	०१०००१०००१०००१०००१०००१०००१०००
०००	१०००१०००१०००१०००१०००१०००१०००
०००	०००१०००१०००१०००१०००१०००१०००

धुवट्ठिदि त्ति एक्कत्तीस |३१|, एगट्ठिदिखंडे त्ति संदिट्ठीए चत्तारि |४|, उक्कीरणकालो चत्तारि |४|। एवं ठविय ट्ठिदिट्ठाणुप्पत्तिं भणिस्सामो। तं जहा—

एगो तसजीवो समऊणुक्कीरणद्धाए अहियधुवट्ठिदिसंतकम्मेण एइंदिएसु पविट्ठो।

समय कम इत्यादि क्रमसे एक समय कम आबाधाकाण्डकसे अधिक ध्रुवस्थिति तक निरन्तर स्थानोंको उत्पन्न कराना चाहिये। उसका प्रमाण साठ (३०-१=२९; ३१+२९=६०) है। इसमेंसे एक समय कम दो समय कम इत्यादि क्रमसे बन्ध कराकर सर्वविशुद्ध संज्ञी पंचेन्द्रियकी ध्रुवस्थिति तक उतारना चाहिये। पश्चात् ध्रुवस्थितिको बांधनेवाले जीवका अन्य अपुनरुक्त स्थितिविकल्प होता है। यहां ध्रुवस्थितिका प्रमाण इकतीस (३१) है।

अब इसके नीचेके स्थितिबन्धस्थान संज्ञी पंचेन्द्रियोंमें पाये जाते हैं, क्योंकि, सर्वविशुद्ध संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक जीवके द्वारा बांधी गई जघन्य स्थितिसत्त्व समान जघन्य स्थितिको ध्रुवस्थिति रूपसे ग्रहण किया गया है। इसलिये पंचेन्द्रियोंमें स्थितिबन्धस्थान इतने ही पाये जाते हैं।

अब इसके नीचे बन्धको छोड़कर स्थितिसत्त्वका घात करके एकेन्द्रियोंमें स्थितिसत्त्वस्थानोंकी प्ररूपणा करते हैं। यहां संदृष्टि (मूलमें देखिये)। संदृष्टिमें ध्रुवस्थितिका प्रमाण ३१, एक स्थितिकाण्डकका प्रमाण ४, और उत्कीरणकालका प्रमाण ४ है। इस प्रकार स्थापित करके स्थितिस्थानोंकी उत्पत्तिको कहते हैं। यथा—

एक त्रस जीव एक समय कम उत्कीरणकालसे अधिक ध्रुवस्थितिसत्त्वसे

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

पुणो बिदिओ जीवो समऊणुक्कीरणद्धाए अहियसमयाहियधुवट्ठिदीए सह एइंदिएसु उववण्णो। तदो अण्णो तदिओ जीवो समऊणुक्कीरणद्धाए अहियदुसमयाहियधुवट्ठिदीए सह एइंदिएसु उववण्णो। पुणो चउत्थो जीवो समऊणुक्कीरणद्धाए अहियतिसमयाहियधुवट्ठिदीए सह एइंदिएसु उववण्णो। पुणो अण्णो जीवो समऊणुक्कीरणद्धाए चदुसमयाहियधुवट्ठिदीए च एइंदिएसु उववण्णो। एवं समऊणुक्कीरणद्धाए एगेगसमयाहियधुवट्ठिदीए च ताव उप्पादेदव्वं जाव समऊणुक्कीरणद्धाए एगसगलट्ठिदिखंडएण च अब्भहियधुवट्ठिदीए एइंदिएसु पविट्ठो त्ति। एवं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तजीवा एगसमएण एइंदिएसु पवेसिदव्वा।

पुणो एदेसु रूवाहियट्ठिदिकंदयमेत्तजीवेसु ट्ठिदिघादं करेमाणेसु धुवट्ठिदीए हेट्ठा ट्ठिदिसंतट्ठाणुप्पत्तीए भण्णमाणाए समऊणुक्कीरणद्धाए अहियधुवट्ठिदीए सह एइंदिएसु उप्पण्णेण पढमफालीए पादिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि। एदं ट्ठिदिसंतट्ठाणं पुणरुत्तं, धुवट्ठिदीए उवरि समुप्पत्तीदो। पुणो बिदियफालिपदिदसमए चेव उक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि। एदं पि पुणरुत्तं चेव। एवं[1] णेदव्वं जाव ट्ठिदिखंडयचरिमफालिमपादिय उक्कीरणद्धाए चरिमसमयं धेत्तूण ट्ठिदो त्ति। पुणो एदमेवं[2] चेव ट्ठविय समऊणु-

एकेन्द्रियोंमें प्रविष्ट हुआ। फिर दूसरा जीव एक समय कम उत्कीरणकालसे अधिक और एक समयसे अधिक ध्रुवस्थितिके साथ एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न हुआ। उससे अन्य तीसरा जीव एक समय कम उत्कीरणकालसे अधिक और दो समयोंसे अधिक ध्रुवस्थितिके साथ एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न हुआ। पुनः चतुर्थ जीव एक समय कम उत्कीरणकालसे अधिक और तीन समयोंसे अधिक ध्रुवस्थितिके साथ एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न हुआ। पुनः अन्य जीव एक समय कम उत्कीरणकाल और चार समय अधिक ध्रुवस्थितिके साथ एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न हुआ। इस प्रकार एक समय कम उत्कीरणकाल और एक एक समय अधिक ध्रुवस्थितिके साथ एक समय कम उत्कीरणकाल और एक सम्पूर्ण स्थितिकाण्डकसे अधिक ध्रुवस्थितिके साथ एकेन्द्रियोंमें प्रविष्ट होने तक उत्पन्न कराना चाहिये। इस प्रकार पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र जीवोंको एक समयसे एकेन्द्रियोंमें प्रविष्ट कराना चाहिये।

पुनः एक अधिक स्थितिकाण्डक मात्र इन जीवोंके द्वारा स्थितिघात करते रहनेपर ध्रुवस्थितिके नीचे स्थितिसत्त्वस्थानोंकी उत्पत्तिका कथन करते समय एक समय कम उत्कीरणकालसे अधिक ध्रुवस्थितिके साथ एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न हुए जीवके द्वारा प्रथम फालिके पतित कराये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है। यह स्थितिसत्त्वस्थान पुनरुक्त है, क्योंकि, उसकी ध्रुवस्थितिके ऊपर उत्पत्ति है। पुनः द्वितीय फालिके पतित होनेके समयमें ही उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है। यह भी स्थान पुनरुक्त ही है। इस प्रकार स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिको पतित न कराकर उत्कीरणकालके अन्तिम समयको लेकर स्थित जीव तक ले जाना चाहिये।

१ प्रतिषु 'एदं' इति पाठः। २ प्रतिषु 'एवमेवं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्कीरणद्धाए सगलेगट्ठिदिखंडएण च अहियधुवट्ठिदीए एइंदिएसु उप्पण्णजीवेण पढमफालीए पादिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि । एदं ट्ठिदिसंतट्ठाणं पुणरुत्तं होदि, धुवट्ठिदीदो अहियत्तादो । बिदियफालिपदिदसमए चेव उक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि । एदं पि ट्ठाणं पुणरुत्तं चेव । तदियफालिपदिदसमए उक्कीरणद्धाए तदियसमओ गलदि । ट्ठिदिसंतट्ठाणं पुणरुत्तं होदि । एवं णेदव्वं जाव अंतोमुहुत्तमेत्तट्ठिदिउक्कीरणसमयाणं दुचरिमसमओ त्ति । पुणो ट्ठिदिउक्कीरणकालचरिमसमए गलिदे पढमट्ठिदिखंडयस्स चरिमफाली पददि । एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि, धुवट्ठिदिं पेक्खिदूण समऊणट्ठाणादो ।

पुणो समऊणुक्कीरणद्धाए समऊणट्ठिदिखंडएण च अहियधुवट्ठिदीए सह एइंदिएसु उप्पण्णजीवेण पढमफालीए पादिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि । एदं ट्ठाणं पुणरुत्तं होदि । बिदियफालीए सह उक्कीरणद्धाए बिदियसमए गलिदे वि पुणरुत्तट्ठाणं होदि । तदियफालीए सह उक्कीरणद्धाए तदियसमए गलिदे वि पुणरुत्तट्ठाणं होदि । एवं णेदव्वं जाव समऊणुक्कीरणद्धामेत्तफालीओ पदिदाओ त्ति ।

पुणो ट्ठिदिकंडयचरिमफालीए पदिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि । एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । कुदो ? ट्ठिदिकंदयचरिमफालीए पदिदाए सेसट्ठिदिसंतं समऊणधुव-

---

फिर इसको इसी प्रकार ही स्थापित करके एक समय कम उत्कीरणकाल और सम्पूर्ण एक स्थितिकाण्डकसे अधिक ध्रुवस्थितिके साथ एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न हुए जीवके द्वारा प्रथम फालिको पतित करानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है। यह स्थितिसत्त्वस्थान पुनरुक्त है, क्योंकि, वह ध्रुवस्थितिसे अधिक है। द्वितीय फालिके पतित होनेके समयमें ही उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है। यह भी स्थान पुनरुक्त ही है। तृतीय फालिके पतित होनेके समयमें उत्कीरणकालका तृतीय समय गलता है। इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त मात्र स्थितिके उत्कीरणकालके समयोंमें द्विचरम समय तक ले जाना चाहिये। पश्चात् स्थितिउत्कीरणकालके अन्तिम समयके गलनेपर प्रथम स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालि पतित हो चुकती है। यह अपुनरुक्त स्थान है, क्योंकि, ध्रुवस्थितिकी अपेक्षा यह स्थान एक समय कम है।

पुनः एक समय कम उत्कीरणकालसे और एक समय कम स्थितिकाण्डकसे अधिक ध्रुवस्थितिके साथ उत्पन्न हुए जीवके द्वारा प्रथम फालिके पतित करानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है। यह स्थान पुनरुक्त है। द्वितीय फालिके साथ उत्कीरणकालके द्वितीय समयके गलनेपर भी पुनरुक्त स्थान होता है। तृतीय फालिके साथ उत्कीरणकालके तृतीय समयके गलनेपर भी पुनरुक्त स्थान होता है। इस प्रकार एक समय कम उत्कीरणकाल मात्र फालियोंके पतित होने तक ले जाना चाहिये।

तत्पश्चात् स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके पतित होनेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है, क्योंकि, स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके पतित होनेपर शेष स्थितिसत्त्व एक समय कम ध्रुवस्थिति प्रमाण होकर फिर

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

ट्ठिदिमेत्तं होदूण पुणो उक्कीरणद्धाए चरिमसमए गलिदे उवगयदुसमऊणधुवट्ठिदित्तादो।

पुणो तदियजीवेण समऊणुक्कीरणद्धाए दुरूऊणट्ठिदिकंदएण च अब्भहियधुवट्ठिदि-संतकम्मिएण पढमट्ठिदिकंदयस्स पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि। एसो अणुक्कस्सट्ठिदिवियप्पो पुणरुत्तो होदि। पुणो तेणेव बिदियफालीए अवणिदाए ट्ठिदिखंडयउक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि। [एदं] ट्ठिदिट्ठाणं पुणरुत्तं होदि। तेणेव जीवेण पुणो तस्सेव ट्ठिदिखंडयस्स तदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए तदियसमओ गलदि। एवमेदेण कमेण समऊणुक्कीरणद्धामेत्तसमएसु गलिदेसु त्तत्तियमेत्ताओ चेव फालीओ पदंति पुणरुत्तट्ठाणाणि च उप्पज्जंति। पुणो एदेणेव जीवेण पढमट्ठिदिखंडयस्स चरिमुक्कीरण-समएण सह चरिमफालीए अवणिदाए अपुणरुत्तट्ठाणं होदि। कुदो? सेसट्ठिदिसंतकम्मस्स ति-रूवूणधुवट्ठिदिपमाणत्तदंसणादो।

पुणो चउत्थजीवेण समऊणुक्कीरणद्धाए तिरूऊणट्ठिदिखंडएण अहियधुवट्ठिदि-संतकम्मिएण पढमट्ठिदिखंडयस्स पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि, पुणरुत्तट्ठिदिट्ठाणमुप्पज्जदि। पुणो तेणेव तस्स बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरण-द्धाए तदियसमओ गलदि। एदं पि ट्ठाणं पुणरुत्तमेव। एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्तपुणरुत्त-

---

उत्कीरणकालके अन्तिम समयके गल जानेपर दो समय कम ध्रुवस्थिति पायी जाती है।

पुनः एक समय कम उत्कीरणकाल और दो रूप कम स्थितिकाण्डकसे अधिक ध्रुवस्थितिसत्त्व संयुक्त तृतीय जीवके द्वारा प्रथम स्थितिकाण्डक सम्बन्धी प्रथम फालिके अलग करनेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है। यह अनुत्कृष्ट स्थितिविकल्प पुनरुक्त है। पश्चात् उसी जीवके द्वारा द्वितीय फालिके अलग करनेपर स्थितिकाण्डक-उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है। यह स्थितिस्थान पुनरुक्त है। उक्त जीवके द्वारा फिरसे उसी स्थितिकाण्डककी तीसरी फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका तीसरा समय गलता है। इस प्रकार इस क्रमसे एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण समयोंके गल जानेपर उतनी ही फालियां पतित होती हैं और पुनरुक्त स्थान उत्पन्न होते हैं। पश्चात् इसी जीवके द्वारा प्रथम स्थितिकाण्डकके अन्तिम समयके साथ अन्तिम फालिके अलग किये जानेपर अपुनरुक्त स्थान होता है, क्योंकि, शेष स्थितिसत्त्व तीन रूपोंसे हीन ध्रुवस्थिति प्रमाण देखा जाता है।

पुनः चतुर्थ जीवके द्वारा एक समय कम उत्कीरणकालसे और तीन समय कम स्थितिकाण्डकसे अधिक ध्रुवस्थितिसत्त्वकर्मिक होकर प्रथम स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है और पुनरुक्त स्थितिस्थान उत्पन्न होता है। पश्चात् उसी जीवके द्वारा उक्त स्थितिकाण्डककी द्वितीय फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका तृतीय समय गलता है। यह भी स्थान पुनरुक्त ही है। इस प्रकार एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण पुनरुक्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ट्ठाणेसु उप्पण्णेसु पुणो पढमट्ठिदिकंदयस्स चरिमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि। ताधे अपुणरुत्तट्ठाणमुप्पज्जदि। कुदो? घादिदसेसट्ठिदिसंतकम्मस्स चदुरूवूणधुवट्ठिदिपमाणत्तुवलंभादो। एवमेदेण कमेण ट्ठिदिखंडयमेत्तअपुणरुत्तट्ठाणाणि उप्पादिय पुणो उक्कीरणद्धाए चरिमसमएण सह चरिमफालिं घेत्तूण ट्ठिदजीवेण चरिमफालीए अवणिदाए अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। कुदो? घादिदसेसट्ठिदिसंतकम्मस्स रूवाहियट्ठिदिखंडएणूणधुवट्ठिदिपमाणत्तदंसणादो। एवं कदे रूवाहियट्ठिदिखंडयमेत्ताणि चेव अपुणरुत्तट्ठाणाणि लद्धाणि हवंति। घादिदसेससव्वजहण्णट्ठिदिसंतकम्मं पेक्खिदूण पढमट्ठिदिखंडयं घादिय ट्ठविदसेसुक्कस्सट्ठिदिसंतकम्मं ट्ठिदिकंदयमेत्तेण अहियं होदि। पुणो एवं ट्ठिदिसंतकम्मट्ठाणाणं बिदियट्ठिदिकंदयमस्सिदूण अपुणरुत्तट्ठाणुप्पत्तिं वत्तइस्सामो। तं जहा— एगेगसमउत्तरकमेण ट्ठिदिसंतं घेत्तूण ट्ठिदरूवाहियकंदयमेत्तजीवेसु सव्वजहण्णट्ठिदिसंतकम्मिएण बिदियट्ठिदिखंडयस्स पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि। ताधे अपुणरुत्तट्ठाणं उप्पज्जदि, पुव्विल्लट्ठिदिसंतकम्मादो एदस्स ट्ठिदिसंतकम्मस्स समऊणत्तदंसणादो। पुणो एदेणेव बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि। एदं पि अपुणरुत्तट्ठाणं होदि। [1]एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्तफालीओ पादिय सम-

स्थानोंके उत्पन्न होनेपर पुनः प्रथम स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है। तब अपुनरुक्त स्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि, उस समय घातनेसे शेष रहा स्थितिसन्तकर्म चार रूपोंसे कम ध्रुवस्थिति प्रमाण पाया जाता है। इस प्रकार इस क्रमसे स्थितिकाण्डक प्रमाण अपुनरुक्त स्थानोंको उत्पन्न कराके पश्चात् उत्कीरणकालके अन्तिम समयके साथ अन्तिम फालिको लेकर स्थित जीवके द्वारा अन्तिम फालिके अलग किये जानेपर अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है, क्योंकि, घातनेसे शेष रहा स्थितिसन्तकर्म एक अधिक स्थितिकाण्डकसे हीन ध्रुवस्थिति प्रमाण देखा जाता है। ऐसा करनेपर एक अधिक स्थितिकाण्डकके बराबर ही अपुनरुक्त स्थान प्राप्त होते हैं। घातनेसे शेष रहे समस्त जघन्य स्थितिसत्कर्मकी अपेक्षा प्रथम स्थितिकाण्डकका घात करके स्थापित किया हुआ शेष उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म स्थितिकाण्डक मात्रसे अधिक होता है।

अब इस प्रकारसे स्थितिसत्कर्मस्थानोंके द्वितीय स्थितिकाण्डकका आश्रय करके अपुनरुक्त स्थानोंकी उत्पत्तिको कहते हैं। यथा—एक एक समयकी अधिकताके क्रमसे स्थितिसत्त्वको लेकर स्थित एक अधिक स्थितिकाण्डक मात्र जीवोंमेंसे सर्वजघन्यस्थितिसत्कर्मिक जीवके द्वारा द्वितीय स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है। उस समय अपुनरुक्त स्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि, पूर्वके स्थितिसत्कर्मकी अपेक्षा यह स्थितिसत्कर्म एक समय कम देखा जाता है। फिर इसी जीवके द्वारा द्वितीय फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है। यह भी अपुनरुक्त स्थान होता है। इस प्रकार एक समय कम उत्कीरणकाल

१ ताप्रतावतः प्राक् 'एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्तट्ठाणं होदि' इत्यधिकः पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऊणुक्कीरणद्धामेत्ताणि चेव अपुणरुत्तट्ठाणाणि उप्पादेदव्वाणि। पुणो उक्कीरणद्धाए चरिमसमएण बिदियट्ठिदिखंडयचरिमफालिं धेत्तूण ट्ठिदं जीवमेवं चेव ट्ठविय पुणो एदेसु जीवेसु सव्वुक्कस्सट्ठिदिसंतकम्मिएण बिदियट्ठिदिखंडयस्स पढमफालीए अवणिदाए पढमसमओ गलदि। एदं ठाणं पुणरुत्तं होदि। बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि। एदं पि पुणरुत्तमेव। एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्तफालीओ जाव पदंति ताव पुणरुत्ताणि चेव ट्ठाणाणि उप्पज्जंति। पुणो एदेणेव बिदियट्ठिदिखंडयस्स चरिमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि। एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। कुदो? पुव्वं ठविदूणागदट्ठिदिसंतकम्मं पेक्खिदूण एदस्स ट्ठिदिसंतकम्मस्स समऊणत्तदंसणादो। पुणो एदम्हादो बिदियजीवेण बिदियट्ठिदिखंडयस्स पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि। एदं पुणरुत्तट्ठाणं होदि। बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि। एदं पि पुणरुत्तमेव। एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्तफालीसु पदमाणियासु[1] पुणरुत्ताणि चेव ट्ठाणाणि उप्पज्जंति। पुणो एदेणेव बिदियट्ठिदिखंडयस्स चरिमफालीए पादिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि। एवं

प्रमाण फालियोंको अलग करके एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण ही अपुनरुक्त स्थानोंको उत्पन्न कराना चाहिये। पश्चात् उत्कीरणकालके अन्तिम समयमें द्वितीय स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिको लेकर स्थित जीवको इसी प्रकार स्थापित करके फिर इन जीवोंमेंसे सर्वोत्कृष्ट स्थितिसत्कर्मिक जीवके द्वारा द्वितीय स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिके अलग किये जानेपर प्रथम समय गलता है। यह स्थान पुनरुक्त है। द्वितीय फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है। यह भी स्थान पुनरुक्त ही है। इस प्रकार एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण फालियां जब तक अलग होती हैं तब तक पुनरुक्त ही स्थान उत्पन्न होते हैं। फिर इसी जीवके द्वारा द्वितीय स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है, क्योंकि, पहिले स्थापित करके आये हुए स्थितिसत्कर्मकी अपेक्षा यह स्थितिसत्कर्म एक समय कम देखा जाता है।

तत्पश्चात् इस जीवकी अपेक्षा द्वितीय जीवके द्वारा द्वितीय स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है। यह पुनरुक्त स्थान होता है। द्वितीय फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है। यह भी स्थान पुनरुक्त ही है। इस प्रकार एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण फालियोंके अलग होने तक पुनरुक्त ही स्थान उत्पन्न होते हैं। पश्चात् इसी जीवके द्वारा द्वितीय स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है। इस प्रकार अन्तिम समयके

१ प्रतिषु 'पदमाणियासु' इति पाठः।

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

[चरिमसमए] गलिदे एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि, चरिमफालीए पादिदाए पुव्विल्लजीवट्ठिदिसंतेण सेसट्ठिदिसंतं समाणं[1] होदूण पुणो उक्कीरणद्धाए चरिमसमए गलिदे तत्तो समऊणं होदि त्ति। एदमत्थपदं उवरि सव्वत्थ वत्तव्वं।

पुणो तत्तो तदियजीवेण बिदियट्ठिदिखंडयस्स पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि। गलिदे पुणरुत्तट्ठाणं होदि। बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि। एदं पि पुणरुत्तट्ठाणं होदि। पुणो तदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए तदियसमओ गलदि। एदं पि पुणरुत्तट्ठाणं होदि। एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्तफालीओ जाव पदंति ताव पुणरुत्तट्ठाणाणि चेव उप्पज्जंति। पुणो एदेणेव चरिमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि। एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। कुदो? चरिमफालीए पदिदाए पुव्विल्लट्ठिदिसंतकम्मेण सरिसत्तं पत्तस्स सेसट्ठिदिसंतकम्मस्से[2] उक्कीरणद्धाए चरिमसमयगलणेण समऊणत्तदंसणादो।

पुणो तत्तो चउत्थजीवेण बिदियट्ठिदिकंदयस्स पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि। बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए [बिदियसमओ गलदि। पुणो तदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए] तदियसमओ गलदि। एदं पि पुणरुत्तट्ठाणं होदि।

गलनेपर यह अपुनरुक्त स्थान होता है, क्योंकि, अन्तिम फालिके अलग होनेपर पूर्वोक्त जीवके स्थितिसत्त्वसे शेष स्थितिसत्त्व समान हो करके पश्चात् उत्कीरणकालके अन्तिम समयके गलनेपर उससे एक समय कम हो जाता है। यह अर्थपद आगे सब जगह कहना चाहिये।

तत्पश्चात् उससे तीसरे जीवके द्वारा द्वितीय स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है। उसके गलनेपर पुनरुक्त स्थान होता है। द्वितीय फालिके नष्ट होनेपर उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है। यह भी पुनरुक्त स्थान है। फिर तृतीय फालिके नष्ट होनेपर उत्कीरणकालका तृतीय समय गलता है। यह भी पुनरुक्त स्थान है। इस प्रकार जब तक एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण फालियां पतित होती हैं तब तक पुनरुक्त स्थान ही उत्पन्न होते हैं। पश्चात् इसी जीवके द्वारा अन्तिम फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है, क्योंकि, अन्तिम फालिके पतित होनेपर पहिले जीवके स्थितिसत्कर्मसे समानताको प्राप्त हुआ शेष स्थितिसत्कर्म उत्कीरणकालके अन्तिम समयके गलनेसे एक समय कम देखा जाता है।

पुनः उससे चतुर्थ जीवके द्वारा द्वितीय स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है। द्वितीय फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका [द्वितीय समय गलता है। पश्चात् तृतीय फालिके विघटित

१ प्रतिषु 'सेसट्ठिदिसंतसमाणं' इति पाठः। २ प्रतिषु 'सरिसत्तं ✓ पि तस्ससेसट्ठिदिसंतकम्मस्स'; ताम्रप्रतौ 'सरिसत्तं पत्तसट्ठिदिसंतकम्मस्स' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्तफालीओ जाव पदंति ताव पुणरुत्ताणि चेव ट्ठाणाणि उप्पज्जंति। पुणो चरिमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि। एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। कुदो? चरिमफालीए अवणिदाए पुव्विल्लट्ठिदिसंतकम्मेण सरिसत्तमुवगयस्स सेसट्ठिदिसंतकम्मस्स उक्कीरणद्धाचरिमसमयगलणेण समऊणत्तदंसणादो। एवमेदेण कमेण ट्ठिदिकंदयमेत्ताणि समऊणुक्कीरणद्धाए अहियाणि अपुणरुत्तट्ठिदिसंतट्ठाणाणि उप्पाइय पुणो पच्छा पुव्विल्लट्ठविदजीवादो अपुणरुत्तट्ठाणुप्पत्ती वत्तव्वा। तं जहा — तेण पुव्वणिरुद्धजीवेण चरिमफालीए अवणिदाए चरिमसमओ गलदि। एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। कुदो? चरिमफालीए पदिदाए पुव्विल्लट्ठिदिसंतकम्मेण सरिसत्तमुवगयस्स ट्ठिदिसंतकम्मस्स अधट्ठिदिगलणेण समऊणत्तदंसणादो। एवं बिदियपरिवाडी गदा।

संपहि तदियपरिवाडिं वत्तइस्सामो। तं जहा— एदेसु रूवाहियट्ठिदिकंदयमेत्तजीवेसु सव्वजहण्णट्ठिदिसंतकम्मिएण तदियट्ठिदिकंदयस्स पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि। एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि, अधट्ठिदिगलणेण पुव्विल्लट्ठिदिं पडुच्च समऊणत्तदंसणादो। चरिमफालिं मोत्तूण सेसफालीहिंतो णापुणरुत्तट्ठाणं[1] उप्पज्जदि,

किये जानेपर उत्कीरणकालका] तृतीय समय गलता है। यह भी पुनरुक्त स्थान होता है। इस प्रकार एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण फालियां जब तक पतित होती हैं तब तक पुनरुक्त स्थान ही उत्पन्न होते हैं। पश्चात् अन्तिम फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान होता है, क्योंकि, अन्तिम फालिके विघटित होनेपर पूर्व स्थितिसत्कर्मसे समानताको प्राप्त हुआ शेष स्थितिसत्कर्म उत्कीरणकाल सम्बन्धी अन्तिम समयके गलनेसे एक समय कम देखा जाता है। इस प्रकार इस क्रमसे स्थितिकाण्डक प्रमाण व एक समय कम उत्कीरणकालसे अधिक अपुनरुक्त स्थितिसत्त्वस्थानोंको उत्पन्न कराकर फिर पश्चात् पहिले स्थापित जीवकी अपेक्षा अपुनरुक्त स्थानोंकी उत्पत्ति कही जाती है। यथा— उक्त विवक्षित पूर्व जीवके द्वारा अन्तिम फालिके विघटित किये जानेपर अन्तिम समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है, क्योंकि, अन्तिम फालिके विघटित होनेपर पहिलेके स्थितिसत्कर्मसे समानताको प्राप्त हुआ स्थितिसत्कर्म अधःस्थितिके गलनेसे एक समय देखा जाता है। इस प्रकार द्वितीय परिपाटी समाप्त हुई।

अब तृतीय परिपाटीको कहते हैं। यथा— इन एक अधिक स्थितिकाण्डक प्रमाण जीवोंमेंसे सर्वजघन्यस्थितिसत्कर्मिक जीवके द्वारा तृतीय स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है, क्योंकि, अधःस्थितिके गलनेसे पूर्वोक्त स्थितिकी अपेक्षा यह स्थिति एक समय कम देखी जाती है। अन्तिम फालिको छोड़ शेष फालियोंसे अपुनरुक्त

१ काप्रतौ 'सेसफालीहिंतो एगं पुणरुत्तट्ठाणं', ताप्रतौ 'सेसफालीहिंतो ण पुणरुत्तट्ठाणं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्थ ट्ठिदीणमायामस्स घादाभावादो । पुणो तेणेव बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि । एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । तदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए तदियसमओ गलदि । एदं अपुणरुत्तट्ठाणं होदि । एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्ताणि चेव ट्ठाणाणि अपुणरुत्ताणि उप्पादेदव्वाणि ।

पुणो उक्कीरणद्धाचरिमसमएण ट्ठिदिकंदयचरिमफालिं तधा चेव ट्ठविय पुणो एदेसु अप्पिदजीवेसु सव्वुक्कस्सट्ठिदिसंतकम्मियजीवेण तदियट्ठिदिकंदयपढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि । एदं पुणरुत्तट्ठाणं होदि । बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि । एदं पि पुणरुत्तट्ठाणं । तदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए तदियसमओ गलदि । एदं पि पुणरुत्तट्ठाणं होदि । एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्ताणि पुणरुत्तट्ठाणाणि गच्छंति । पुणो तदियट्ठिदिखंडयस्स चरिमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि । एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । कुदो ? चरिमफालीए अवणिदाए सेसट्ठिदिसंतकम्मस्स पुव्विल्लट्ठिदिसंतकम्मेण सरिसत्तं पत्तस्स अधट्ठिदिगलणेण[1] समऊणत्तदंसणादो ।

पुणो एदम्हादो बिदियजीवेण तदियट्ठिदिखंडयस्स पढमफालीए अवणिदाए उक्की-

---

स्थान नहीं उत्पन्न होता, क्योंकि, उनमें स्थितियोंके आयामका घात सम्भव नहीं है। पश्चात् उसी जीवके द्वारा द्वितीय फालिके अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है। तृतीय फालिके अलग होनेपर उत्कीरणकालका तृतीय समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है। इस प्रकार एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण ही अपुनरुक्त स्थानोंको उत्पन्न कराना चाहिये।

अब उत्कीरणकालके अन्तिम समयमें स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिको उसी प्रकार स्थापित करके फिर इन विवक्षित जीवोंमेंसे सर्वोत्कृष्टस्थितिसत्कर्मिक जीवके द्वारा तृतीय स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है। यह पुनरुक्त स्थान है। द्वितीय फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है। यह भी पुनरुक्त स्थान है। तृतीय फालिके विघटित होनेपर उत्कीरणकालका तृतीय समय गलता है। यह भी पुनरुक्त स्थान है। इस प्रकार एक समय कम उत्कीरणकालके बराबर पुनरुक्त स्थान जाते हैं। पश्चात् तृतीय स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके विघटित होनेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है, क्योंकि, अन्तिम फालिके विघटित होनेपर शेष स्थितिसत्कर्म पूर्वके स्थितिसत्कर्मसे समानताको प्राप्त स्थितिसत्कर्म अधःस्थितिके गलनेसे एक समय कम देखा जाता है।

तत्पश्चात् इससे दूसरे जीवके द्वारा तृतीय स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिके

---

१ प्रतिषु 'अवट्ठिदिगलणेण' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रणद्धाए [पढमसमओ गलदि । एदं पुणरुत्तट्ठाणं होदि । बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए] बिदियसमओ गलदि । एदं पि पुणरुत्तट्ठाणं होदि । तदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए तदियसमओ गलदि । एदं पि पुणरुत्तट्ठाणं होदि । एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्तेसु पुणरुत्तट्ठाणेसु । पुणो एदेणेव तदियट्ठिदिखंडयस्स चरिमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि । एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि ।

पुणो तदियजीवेण तदियट्ठिदिखंडयस्स पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि । एदं पुणरुत्तट्ठाणं होदि । पुणो बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि । एदं पि पुणरुत्तट्ठाणं होदि । एदेणेव तदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए तदियसमओ गलदि । एदं पि पुणरुत्तं होदि । एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्तेसु पुणरुत्तट्ठाणेसु गदेसु तदो तदियकंदयचरिमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि । एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । कारणं सुगमं ।

पुणो चउत्थजीवेण तदियट्ठिदिखंडयस्स पढमफालीए [अवणिदाए] पढमसमओ गलदि । एदं पुणरुत्तट्ठाणं होदि । बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि । एदं पि पुणरुत्तट्ठाणं होदि । तदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए तदियसमओ गलदि । एदं

अलग किये जानेपर उत्कीरणकालका [प्रथम समय गलता है । यह पुनरुक्त स्थान है । द्वितीय फालिके विघटित होनेपर उत्कीरणकालका] द्वितीय समय गलता है । यह भी पुनरुक्त स्थान है । तृतीय फालिके अलग होनेपर उत्कीरणकालका तृतीय समय गलता है । यह भी पुनरुक्त स्थान है । यही क्रम एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण पुनरुक्त स्थानोंमें चालू रहता है । पश्चात् इसी जीवके द्वारा तृतीय स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है । यह अपुनरुक्त स्थान है ।

पुनः तृतीय जीवके द्वारा तृतीय स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है । यह पुनरुक्त स्थान है । पश्चात् द्वितीय फालिके विघटित होनेपर उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है । यह भी पुनरुक्त स्थान है । इसी जीवके द्वारा तृतीय फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका तृतीय समय गलता है । यह भी पुनरुक्त स्थान है । इस प्रकार एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण पुनरुक्त स्थानोंके बीतनेपर फिर तृतीय स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके विघटित होनेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है । यह अपुनरुक्त स्थान है । इसका कारण सुगम है ।

तत्पश्चात् चतुर्थ जीवके द्वारा तृतीय स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है । यह पुनरुक्त स्थान है । द्वितीय फालिके विघटित होनेपर उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है । यह भी पुनरुक्त स्थान है । तृतीय फालिके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पि[1] पुणरुत्तट्ठाणं होदि। एवं ताव पुणरुत्तट्ठाणाणि उप्पज्जंति जाव समऊणुक्कीरणद्धामेत्तफालीओ पदिदाओ त्ति। पुणो चरिमफालीए [अवणिदाए] उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि। एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। कारणं सुगमं। एवं जाणिदूण रूवूणुक्कीरणद्धाए अहियट्ठिदिखंडमेत्तट्ठाणाणि [णेदव्वाणि]। पुणो अंतिमजीवेण पुव्वं ठविदूणागदचरिमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि। एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। एवं तदियपरिवाडी परूविदा। एवं धुवट्ठिदीदो समुप्पज्जमाणपलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तट्ठिदिखंडयाणि अस्सिदूण णिरंतरट्ठाणपरूवणा कादव्वा।

संपहि संपुण्णुक्कीरणद्धाए एगट्ठिदिखंडएण च अहियएइंदियट्ठिदिबंधमेत्तट्ठिदिसंतकम्मिएण पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए एगो समओ गलदि। एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि। एदं पि अपुणरुत्तट्ठाणं होदि। तदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए तदियसमओ गलदि। एदं पि अपुणरुत्तट्ठाणं होदि। एवं रूवूणुक्कीरणद्धामेत्तेसु अपुणरुत्तट्ठाणेसु समुप्पण्णेसु। एदमेवं चेव ट्ठविय पुणो एदेसु णिरुद्धजीवेसु सव्वुक्कस्सट्ठिदिसंतकम्मिएण अप्पिदट्ठिदिखंडयस्स पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि। एदं पुणरुत्त-

---

विघटित होनेपर उत्कीरणकालका तृतीय समय गलता है। यह भी पुनरुक्त स्थान है। इस प्रकार तब तक पुनरुक्त स्थान उत्पन्न होते हैं जब तक एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण फालियां विघटित नहीं हो जातीं। पश्चात् अन्तिम फालिके [विघटित होनेपर] उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है। इसका कारण सुगम है। इस प्रकार जानकर एक कम उत्कीरणकालसे अधिक स्थितिकाण्डक प्रमाण स्थानोंको [ले जाना चाहिये]। तत्पश्चात् अन्तिम जीवके द्वारा पूर्वमें स्थापित करके आयी हुई अन्तिम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है। इस प्रकार तृतीय परिपाटीकी प्ररूपणा की है। इस प्रकार ध्रुवस्थितिसे उत्पन्न होनेवाले पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र स्थितिकाण्डकोंका आश्रय करके निरन्तर स्थानोंकी प्ररूपणा करना चाहिये।

अब सम्पूर्ण उत्कीरणकालसे और एक स्थितिकाण्डकसे अधिक एकेन्द्रिय स्थितिबन्धके बराबर स्थितिसत्कर्म युक्त जीवके द्वारा प्रथम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका एक समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है। द्वितीय फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है। यह भी अपुनरुक्त स्थान है। तृतीय फालिके विघटित होनेपर उत्कीरणकालका तृतीय समय गलता है। यह भी अपुनरुक्त स्थान है। यही क्रम एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण अपुनरुक्त स्थानोंके उत्पन्न होने तक चालू रहता है। अब इसे यों ही स्थापित करके पश्चात् इन विवक्षित जीवोंमेंसे सर्वोत्कृष्टस्थितिसत्कर्मिक जीवके द्वारा विवक्षित स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय

---

१ प्रतिषु 'हि' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ट्ठाणं होदि। एदेणेव बिदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए बिदियसमओ गलदि। एदं पि पुणरुत्तट्ठाणं होदि। तदियफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए तदियसमओ गलदि। एदं पि पुणरुत्तट्ठाणं होदि। एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्तेसु पुणरुत्तट्ठाणेसु गदेसु। पुणो अप्पिदट्ठिदिखंडयस्स चरिमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि। एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि, चरिमफालीए गदाए पुव्विल्लअपुणरुत्तट्ठिदिसंतेण समाणत्तमुवगयस्स ट्ठिदिसंतस्स अधट्ठिदिगलणेण तत्तो समऊणत्तदंसणादो।

पुणो बिदियजीवेण पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि। बिदियफालीए अवणिदाए तिस्से बिदियसमओ गलदि। तदियफालीए अवणिदाए तदियसमओ गलदि। एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्तेसु पुणरुत्तट्ठाणेसु गदेसु चरिमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि। एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। कारणं पुव्वं व वत्तव्वं।

पुणो तदियजीवेण[1] पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि। बिदियफालीए अवणिदाए तिस्से बिदियसमओ गलदि। तदियफालीए अवणिदाए तिस्से तदियसमओ गलदि। एवं दुसमयूणउक्कीरणद्धामेत्तेसु पुणरुत्तट्ठाणेसु गदेसु पुणो एदेणेव

गलता है। यह पुनरुक्त स्थान है। इसी जीवके द्वारा द्वितीय फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका द्वितीय समय गलता है। यह भी पुनरुक्त स्थान है। तृतीय फालिके विघटित होनेपर उत्कीरणकालका तृतीय समय गलता है। यह भी पुनरुक्त स्थान है। यही क्रम एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण पुनरुक्त स्थानोंके बीतने तक चालू रहता है। फिर विवक्षित स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके विघटित होनेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है, क्योंकि, अन्तिम फालिके बीतनेपर पूर्वके अपुनरुक्त स्थितिसत्त्वसे समानताको प्राप्त हुआ यह स्थितिसत्त्व अधःस्थितिके गलनेसे उसकी अपेक्षा एक समय कम देखा जाता है।

तत्पश्चात् द्वितीय जीवके द्वारा प्रथम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है। द्वितीय फालिके विघटित होनेपर उसका द्वितीय समय गलता है। तृतीय फालिके विघटित होनेपर उसका तृतीय समय गलता है। इस प्रकार एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण पुनरुक्त स्थानोंके बीतनेपर जब अन्तिम फालि विघटित की जाती है तब उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है। यह अपुनरुक्त स्थान है। इसके कारणका कथन पहिलेके ही समान करना चाहिये।

पुनः तृतीय जीवके द्वारा प्रथम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है। द्वितीय फालिके विघटित किये जानेपर उसका द्वितीय समय गलता है। तृतीय फालिके विघटित किये जानेपर उसका तृतीय समय गलता है। इस प्रकार दो समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण पुनरुक्त स्थानोंके बीतनेपर फिर

---

१ प्रतिषु 'तदियफालीए अवणिदाए जीवेण' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चरिमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि । एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। कारणं सुगमं ।

पुणो चउत्थजीवेण पढमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए पढमसमओ गलदि। एदं[1] पुणरुत्तट्ठाणं होदि । बिदियाए फालीए अवणिदाए तिस्से बिदियसमओ गलदि । तदियाए अवणिदाए तिस्से तदियसमओ गलदि । एदेणेव कमेण रूवूणुक्कीरणद्धामेत्तेसु पुणरुत्तट्ठाणेसु उप्पण्णेसु पुण पच्छा एदेणेव चरिमफालीए पादिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि । एदमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । कारणं सुगमं ।

एवं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तजीवे अस्सिदूण रूवूणुक्कीरणद्धाए अहियकंदयमेत्तअपुणरुत्तट्ठाणाणि उप्पाइय पुणो पुव्विल्लंतिमट्ठविदजीवमस्सिदूण अपुणरुत्तट्ठाणुप्पत्तिं वत्तइस्सामो । तं जहा— अंतिमजीवेण अप्पिदट्ठिदिखंडयस्स चरिमफालीए अवणिदाए उक्कीरणद्धाए चरिमसमओ गलदि जं सेसमेइंदियउक्कस्सट्ठिदिसंतकम्मं होदि । एदमपुणरुत्तट्ठाणं, पुव्वमणुप्पण्णत्तादो । एत्थ एइंदियट्ठिदी णाम संदिट्ठीए दो

इसी जीवके द्वारा अन्तिम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है । यह अपुनरुक्त स्थान है । इसका कारण सुगम है ।

पुनः चतुर्थ जीवके द्वारा प्रथम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका प्रथम समय गलता है । यह पुनरुक्त स्थान है । द्वितीय फालिके विघटित होनेपर उसका द्वितीय समय गलता है । तृतीय फालिके विघटित होनेपर उसका तृतीय समय गलता है । इसी क्रमसे एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण पुनरुक्त स्थानोंके उत्पन्न हो जानेपर फिर पीछे इसी जीवके द्वारा अन्तिम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है । यह अपुनरुक्त स्थान है । इसका कारण सुगम है ।

इस प्रकार पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण जीवोंके आश्रयसे एक कम उत्कीरणकालसे अधिक स्थितिकाण्डक प्रमाण अपुनरुक्त स्थानोंको उत्पन्न कराके फिर पूर्वमें स्थापित अन्तिम जीवका आश्रय करके अपुनरुक्त स्थानोंकी उत्पत्तिका कथन करते हैं । यथा— अन्तिम जीवके द्वारा विवक्षित स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके विघटित किये जानेपर उत्कीरणकालका अन्तिम समय गलता है जो कि एकेन्द्रियकी उत्कृष्ट स्थितिमें शेष होता है । यह अपुनरुक्त स्थान है, क्योंकि, उसकी उत्पत्ति पूर्वमें नहीं हुई है । यहां संदृष्टिमें (मूलमें देखिये) एकेन्द्रियस्थितिके लिये दो

१ प्रतिषु 'एवं' इति पाठः ।



विंदू, अद्धेण पुण सागरोवमस्स तिण्णि सत्तभागा। पुणो एदम्हादो ट्ठिदिसंतादो एइंदिय-बंधमस्सिदूण अणुक्कस्सट्ठिदिवियप्पा उप्पादेदव्वा। तं जहा— बादरेइंदियपज्जत्तएण समऊणुक्कस्सट्ठिदीए पबद्धाए अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। दुसमऊणाए पबद्धाए अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। तिसमऊणाए पबद्धाए अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। एवं चदु-पंचसमऊणादिकमेण ओदारेदव्वं जाव बादरेइंदियपज्जत्तएण सव्वविसुद्धेण बद्धजहण्णसंतसमाणट्ठिदि त्ति।

संपहि एइंदिएसु लद्धसव्वट्ठाणाणि पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्ताणि चेव। कुदो ? तत्थ वीचारट्ठाणाणि पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्ताणि चेव होंति त्ति गुरूवदेसादो। पुणो एदिस्से ट्ठिदीए हेट्ठा खवगसेडिमस्सिदूण अण्णाणि अंतोमुहुत्तट्ठाणाणि लब्भंति। तं जहा— एगो जीवो खवगसेडिं चडिय अणियट्टिखवगो जादो। तदो अणियट्टिअद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु असण्णिट्ठिदिबंधेण सरिसं संतकम्मं कुणदि। पुणो अंतोमुहुत्तं गंतूण चदुरिंदियट्ठिदिबंधेण सरिसं संतकम्मं कुणदि। पुणो अंतोमुहुत्तं गंतूण तेइंदियट्ठिदिबंधेण सरिसं संतकम्मं कुणदि। तदो अंतोमुहुत्तं गंतूण बेइंदियट्ठिदिबंधेण सरिसं ट्ठिदिसंतकम्मं कुणदि। तदो अंतोमुहुत्तं गंतूण एइंदियट्ठिदि-

---

बिन्दु हैं, जो कालकी अपेक्षा सागरोपमके तीन बटे सात भाग ($\frac{3}{7}$) के सूचक हैं। इस स्थितिसत्त्वसे एकेन्द्रियके स्थितिबंधका आश्रय करके अनुत्कृष्ट स्थिति-विकल्पोंको उत्पन्न कराना चाहिये। यथा— बादर एकेन्द्रिय जीवके द्वारा एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिके बांधनेपर अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है। दो समय कम उत्कृष्ट स्थितिके बांधनेपर अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है। तीन समय कम उत्कृष्ट स्थितिके बांधनेपर अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है। इस प्रकार चार-पांच आदि समयोंकी हीनताके क्रमसे सर्वविशुद्ध बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तक जीवके द्वारा बांधी गई जघन्य स्थितिके सत्त्व समान स्थितिके होने तक उतारना चाहिये।

अब एकेन्द्रियोंमें प्राप्त सब स्थान पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र ही हैं, क्योंकि "उनमें वीचारस्थान पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र ही होते हैं" ऐसा गुरुका उपदेश है। इस स्थितिके नीचे क्षपकश्रेणिका आश्रय करके अन्य अन्तर्मुहूर्त मात्र स्थान प्राप्त होते हैं। यथा— एक जीव क्षपकश्रेणिपर आरूढ़ होकर अनिवृत्तिकरण क्षपक हुआ। पश्चात् अनिवृत्तिकरणकालके संख्यात बहुभागोंके बीतनेपर वह असंज्ञी जीवके स्थितिबन्धके समान स्थितिसत्त्वको करता है। तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त काल बिताकर चतुरिन्द्रियके स्थितिबन्धके समान स्थितिसत्त्वको करता है। पश्चात् अन्तर्मुहूर्त काल बिताकर वह त्रीन्द्रिय जीवके स्थितिबन्धके समान स्थितिसत्त्वको करता है। पश्चात् अन्तर्मुहूर्त काल जाकर वह द्वीन्द्रिय जीवके स्थितिबन्धके समान स्थितिसत्त्वको करता है। तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्तके बीतनेपर एकेन्द्रिय जीवके स्थितिबन्धके समान स्थिति-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बंधेण सरिसं ट्ठिदिसंतकम्मं कुणदि । एवमेदाणि खवगसेडिम्हि भणिदूणागदसव्वट्ठिदिसंत- कम्मट्ठाणाणि पुणरुत्ताणि चेव, एइंदियजहण्णबंधं पेक्खिदूण एदासिं ट्ठिदीणं बहुत्तुवलंभादो ।

पुणो एइंदियट्ठिदिसंतकम्मम्मि पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागमेत्तट्ठिदिखंडय- मागाएदि । तं जाव पददि ताव अंतोमुहुत्तट्ठाणाणि अधट्ठिदिगलणेण लब्भंति । ताणि पुण- रुत्ताणि, एइंदिसु लद्धट्ठाणेसु पवेसादो । पुणो आगाइदकंदयस्स चरिमफालीए पदिदाए एइंदियवीचारट्ठाणेहिंतो असंखेज्जगुणमोसरिदूण अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । पुणो बिदिय- समए अण्णं ट्ठिदिखंडयमागाएदि । तस्स ट्ठिदिखंडयस्स उक्कीरणकालम्मि एगसमए गलिदे अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । बिदियसमए गलिदे बिदियमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । तदिय- समए गलिदे तदियमपुणरुत्तणिरंतरट्ठाणं होदि । एवं णिरंतरट्ठाणाणि ताव लब्भंति जाव उक्कीरणकालदुचरिमसमओ त्ति । पुणो चरिमफाली पददि । तीए पदिदाए पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागमंतरियूण[1] अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । पुणो अण्णं ट्ठिदिकंदयमागाएदि । तस्स ट्ठिदिकंदयस्स उक्कीरणकालम्मि एगसमए गलिदे अण्णमपुणरुत्तणिरंतरट्ठाणं होदि । बिदियसमए गलिदे अण्णमपुणरुत्तणिरंतरट्ठाणं होदि । एवं समऊणुक्कीरणद्धामेत्ताणि अपुणरुत्तणिरंतरट्ठाणाणि लब्भंति । पुणो उक्कीरणकालचरिमसमए गलिदे चरिमफालि-

सत्त्वको करता है। इस प्रकार क्षपकश्रेणिमें कहकर आये हुए ये सभी स्थितिसत्त्वस्थान पुनरुक्त ही हैं, क्योंकि, एकेन्द्रिय जीवके जघन्य बन्धकी अपेक्षा ये स्थितियां बहुत पायी जाती हैं।

पुनः एकेन्द्रियके स्थितिसत्त्वमेंसे पल्योपमके संख्यातवें भाग मात्र स्थितिकाण्डकको ग्रहण करता है। वह जब तक विघटित होता है तब तक अधःस्थितिके गलनेसे अन्तर्मुहूर्त मात्र स्थान प्राप्त होते हैं। वे पुनरुक्त हैं, क्योंकि, वे एकेन्द्रियोंमें प्राप्त स्थानोंके अन्तर्गत हैं। पश्चात् ग्रहण किये गये स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके विघटित होनेपर एकेन्द्रिय सम्बन्धी वीचारस्थानोंकी अपेक्षा असंख्यातगुणा हटकर दूसरा अपुनरुक्त स्थान होता है। तत्पश्चात् द्वितीय समयमें दूसरे स्थितिकाण्डकको ग्रहण करता है। उस स्थितिकाण्डकके उत्कीरणकालमेंसे एक समयके गलनेपर दूसरा अपुनरुक्त स्थान होता है। द्वितीय समयके गलनेपर द्वितीय अपुनरुक्त स्थान होता है। तृतीय समयके गलनेपर तृतीय अपुनरुक्त निरन्तर स्थान होता है। इस प्रकार उत्कीरणकालके द्विचरम समय तक निरन्तर स्थान पाये जाते हैं। फिर अन्तिम फालि विघटित होती है। उसके विघटित हो जानेपर पल्योपमके संख्यातवें भाग मात्र अन्तर करके अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है। तत्पश्चात् अन्य स्थितिकाण्डकको ग्रहण करता है। उस स्थितिकाण्डकके उत्कीरणकालमेंसे एक समयके गलनेपर अन्य अपुनरुक्त निरन्तर स्थान होता है। द्वितीय समयके गलनेपर अन्य अपुनरुक्त निरन्तर स्थान होता है। इस प्रकार एक समय कम उत्कीरणकाल प्रमाण अपुनरुक्त निरन्तर स्थान पाये जाते हैं। पश्चात् उत्कीरणकालके अन्तिम समयके

१ का-ताप्रत्योः 'असंखेज्जदि-' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेत्तट्ठाणाणि अंतरिदूण अपुणरुत्तट्ठाणं उप्पज्जदि । एवं णिरंतर-सांतरकमेण ट्ठाणाणि ताव लब्भंति जाव खीणकसायकालस्स संखेज्जा भागा गदा त्ति । तदो खीणकसायचरिमट्ठिदिखंडयस्स चरिमफालीए पदिदाए खीणकसायकालस्स संखेज्जदिभागमेत्ताणि उदयक्खएण णिरंतरअपुणरुत्तट्ठाणाणि लब्भंति जाव खीणकसायचरिमसमओ त्ति । एत्थ खवगसेडिम्हि लद्धणिरंतरट्ठाणाणि अंतोमुहुत्तमेत्ताणि, रूवूणुक्कीरणद्धं संखेज्जसहस्सरूवेहि गुणिदे खवगसेडिसमुप्पण्णसव्वणिरंतरट्ठाणुप्पत्तीदो । सांतरट्ठाणाणि पुण संखेज्जाणि चेव, खवगसेडीसु संखेज्जाणं चेव ट्ठिदिखंडयाणं पदणोवलंभादो । संखेज्जपलिदोवममेत्तट्ठाणाणि ण लद्धाणि । एदेसु अलद्धट्ठाणेसु कम्मट्ठिदिम्हि सोहिदेसु जं सेसं तेत्तियमेत्ता अणुक्कस्सट्ठाणवियप्पा ।

एदेसिं ट्ठाणाणं सामिणो जे जीवा तेसिं छहि अणियोगद्दारेहि परूवणं कस्सामो । तं जहा — एत्थ ताव तसजीवे अस्सिदूग भण्णमाणे जहण्णए ट्ठाणे अत्थि जीवा । एवं णेयव्वं जावुक्कस्सट्ठाणे त्ति । एवं परूवणा गदा ।

ओघजहण्णट्ठाणे जहण्णेण एगो, उक्कस्सेण अट्ठुत्तरसदजीवा । एवं खवगसेडीए लद्धसव्वट्ठाणेसु जीवपमाणं वत्तव्वं । सण्णिपंचिंदियमिच्छाइट्ठिजहण्णट्ठिदीए जीवा पदरस्स

गलनेपर अन्तिम फालि प्रमाण स्थानोंका अन्तर करके अपुनरुक्त स्थान उत्पन्न होता है । इस प्रकार निरन्तर और सान्तर क्रमसे स्थान तब तक पाये जाते हैं जब तक क्षीणकषाय गुणस्थानके कालका संख्यात बहुभाग बीतता है । पश्चात् क्षीणकषाय जीवके अन्तिम स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके विघटित होनेपर क्षीणकषायके अन्तिम समय तक क्षीणकषायकालके संख्यातवें भाग मात्र उदयक्षयसे निरन्तर अपुनरुक्त स्थान पाये जाते हैं । यहां क्षपकश्रेणिमें प्राप्त निरन्तर स्थान अन्तर्मुहूर्त प्रमाण होते हैं, क्योंकि, एक कम उत्कीरणकालको संख्यात हजार रूपोंसे गुणित करनेपर क्षपकश्रेणिमें उत्पन्न समस्त निरन्तर स्थान प्राप्त होते हैं । परन्तु सान्तर स्थान संख्यात ही हैं, क्योंकि, क्षपकश्रेणिमें संख्यात ही स्थितिकाण्डकोंका विघटन पाया जाता है । संख्यात पल्योपम प्रमाण स्थान यहां नहीं पाये जाते । यहां न प्राप्त होनेवाले इन स्थानोंको कर्मस्थितिमेंसे कम कर देनेपर जो शेष रहता है उतना अनुत्कृष्ट स्थानके विकल्पोंका प्रमाण होता है ।

जो जीव इन स्थानोंके स्वामी हैं उनकी छह अनुयोगद्वारोंके द्वारा प्ररूपणा करते हैं । यथा — यहां पहिले त्रस जीवोंका आश्रय करके प्ररूपणा करनेपर जघन्य स्थानमें जीव हैं । इस प्रकार उत्कृष्ट स्थान तक ले जाना चाहिये । इस प्रकार प्ररूपणा समाप्त हुई ।

ओघ जघन्य स्थानमें जघन्यसे एक और उत्कर्षसे एक सौ आठ जीव पाये जाते हैं । इस प्रकार क्षपकश्रेणिमें प्राप्त सभी स्थानोंमें जीवोंका प्रमाण कहना चाहिये । संज्ञी पंचेन्द्रिय मिथ्यादृष्टिकी जघन्य स्थितिमें जीव प्रतरके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंखेज्जदिभागमेत्ता। बिदियाए वि ट्ठिदीए पदरस्स असंखेज्जदिभागमेत्ता। एवं णेदव्वं जाव उक्कस्सट्ठिदि त्ति।

सेडिपरूवणा दुविहा— अणंतरोवणिधा परंपरोवणिधा चेदि। तत्थ अणंतरोवणिधाए सादस्स चउट्ठाणबंधा तिट्ठाणबंधा जीवा असादस्स बिट्ठाणबंधा तिट्ठाणबंधा च जीवा णाणावरणीयस्स सग-सगजहण्णियाए ट्ठिदीए थोवा। बिदियाए ट्ठिदीए विसेसाहिया। केत्तियमेत्तेण? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तेण। तदियाए ट्ठिदीए जीवा विसेसाहिया। एवं विसेसाहिया विसेसाहिया जाव जवमज्झं। तेण परं विसेसहीणा। एवं विसेसहीणा विसेसहीणा जाव सागरोवमसदपुधत्तं। सादस्स बिट्ठाणबंधा जीवा असादस्स चउट्ठाणबंधा जीवा णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए थोवा। बिदियाए ट्ठिदीए जीवा विसेसाहिया। तदियाए ट्ठिदीए जीवा विसेसाहिया। एवं विसेसाहिया विसेसाहिया जाव सागरोवमसदपुधत्तं। तेण परं विसेसहीणा। एवं विसेसहीणा विसेसहीणा जाव सादस्स असादस्स [य] उक्कस्सिया ट्ठिदि त्ति। एवमणंतरोवणिधा समत्ता।

परंपरोवणिधाए सादस्स चउट्ठाणबंधा तिट्ठाणबंधा जीवा असादस्स बिट्ठाणबंधा

द्वितीय स्थितिमें भी वे प्रतरके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। इस प्रकार उत्कृष्ट स्थिति तक ले जाना चाहिये।

श्रेणिप्ररूपणा दो प्रकार है— अनन्तरोपनिधा और परम्परोपनिधा। उनमें अनन्तरोपनिधाकी अपेक्षा सातावेदनीयके चतुःस्थानबन्धक व त्रिस्थानबन्धक जीव तथा असातावेदनीयके द्विस्थानबन्धक व त्रिस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरणीयकी अपनी अपनी जघन्य स्थितिमें स्तोक हैं। द्वितीय स्थितिमें उनसे विशेष अधिक हैं। कितने प्रमाणसे अधिक हैं? पल्योपमके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे वे एक खण्डसे अधिक हैं। उनसे तृतीय स्थितिमें जीव विशेष अधिक हैं। इस प्रकार वे यवमध्य तक विशेष अधिक विशेष अधिक होते गये हैं। उसके आगे वे विशेष हीन हैं। इस प्रकार सागरोपमशतपृथक्त्व तक वे विशेष हीन विशेष हीन हैं। सातावेदनीयके द्विस्थानबन्धक और असातावेदनीयके चतुःस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिमें स्तोक हैं। द्वितीय स्थितिमें उनसे विशेष अधिक जीव हैं। तृतीय स्थितिमें उनसे विशेष अधिक जीव हैं। इस प्रकार सागरोपमशतपृथक्त्व प्रमाण स्थिति तक वे उत्तरोत्तर विशेष अधिक विशेष अधिक हैं। इससे आगेकी स्थितिमें वे उत्तरोत्तर विशेष हीन हैं। इस प्रकार साता व असाता वेदनीयकी उत्कृष्ट स्थिति तक वे विशेष हीन विशेष हीन हैं। इस प्रकार अनन्तरोपनिधा समाप्त हुई।

परम्परोपनिधाकी अपेक्षा सातावेदनीयके चतुःस्थानबन्धक व त्रिस्थानबन्धक तथा असातावेदनीयके द्विस्थानबन्धक व त्रिस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरणीयकी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिट्ठाणबंधा जीवा णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए जीवेहिंतो तदो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं गंतूण दुगुणवड्ढिदा[1] जाव जवमज्झं । तेण परं पलिदोवमस्स असंखेज्जदि-भागं गंतूण दुगुणहीणा । एवं दुगुणहीणा दुगुणहीणा जाव सागरोवमसदपुधत्तं । सादस्स बिट्ठाणबंधा जीवा असादस्स चउट्ठाणबंधा जीवा णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए जीवेहिंतो तदो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं गंतूण दुगुणवड्ढिदा । एवं दुगुणवड्ढिदा दुगुणवड्ढिदा जाव सागरोवमसदपुधत्तं । तेण परं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं गंतूण दुगुणहीणा । एवं दुगुणहीणा दुगुणहीणा जाव सादस्स असादस्स य उक्कस्सिया ट्ठिदि त्ति । एयजीवदुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जाणि पलिदोवमवग्गमूलाणि । णाणाजीवदुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतराणि पलिदोवमवग्गमूलस्स असंखेज्जदिभागो । णाणाजीवदुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतराणि थोवाणि । एयजीवदुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जगुणं । एवं परंपरोवणिधा समत्ता ।

जहण्णट्ठाणजीवपमाणेण सव्वजीवा केवचिरेण कालेण अवहिरिज्जंति ? असंखेज्ज-गुणहाणिट्ठाणंतरेण कालेण अवहिरिज्जंति । बिदियट्ठाणजीवपमाणेण सव्वजीवा असंखेज्ज-गुणहाणिमेत्तेण कालेण अवहिरिज्जंति । एवं णेदव्वं जाव जवमज्झे त्ति । जवमज्झ-जीवपमाणेण सव्वजीवा केवचिरेण कालेण अवहिरिज्जंति ? किंचूणतिण्णिगुणहाणिट्ठाणं-

जघन्य स्थितिके जीवोंकी अपेक्षा उससे पल्योपमके असंख्यातवें भाग जाकर यवमध्य तक दुगुणी वृद्धिको प्राप्त हैं। उसके आगे पल्योपमके असंख्यातवें भाग जाकर वे दुगुणी हानिको प्राप्त हैं। इस प्रकार सागरोपमशतपृथक्त्व तक वे दुगुणे हीन दुगुणे हीन हैं। सातावेदनीयके द्विस्थानबन्धक जीव और असातावेदनीयके चतुःस्थान-बन्धक जीव ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थिति सम्बन्धी जीवोंकी अपेक्षा उनसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग जाकर दुगुणी वृद्धिको प्राप्त होते हैं। इस प्रकार सागरोपमशतपृथक्त्व तक वे दुगुणी दुगुणी वृद्धिको प्राप्त होते गये हैं। इससे आगे पल्योपमके असंख्यातवें भाग जाकर वे दुगुणी हानिको प्राप्त हैं। इस प्रकार साता व असाता वेदनीयकी उत्कृष्ट स्थिति तक वे दुगुणे-दुगुणे हीन हैं। एकजीवदुगुणवृद्धि-हानिस्थानान्तर पल्योपमके असंख्यात वर्गमूल प्रमाण है। नानाजीवदुगुणवृद्धि-हानिस्थानान्तर पल्योपमके वर्गमूलके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। नानाजीवदुगुणवृद्धि-हानिस्थानान्तर स्तोक हैं। एकजीवदुगुणवृद्धि हानि-स्थानान्तर उनसे असंख्यातगुणा है। इस प्रकार परम्परोपनिधा समाप्त हुई।

जघन्य स्थान सम्बन्धी जीवोंके प्रमाणसे समस्त जीव कितने कालसे अप-हृत होते हैं? उक्त प्रमाणसे वे असंख्यात-गुणहानिस्थानान्तरकालसे अपहृत होते हैं। द्वितीय स्थान सम्बन्धी जीवोंके प्रमाणसे वे समस्त जीव असंख्यात गुणहानि मात्र कालसे अपहृत होते हैं। इस प्रकार यवमध्य तक ले जाना चाहिये। यव-मध्यके जीवोंके प्रमाणसे सब जीव कितने काल द्वारा अपहृत होते हैं? कुछ कम

[1] प्रतिषु '-दुगुणवड्ढिदाए' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तरेण कालेण अवहिरिज्जंति। एवं जवमज्झादो उवरिं पि जाणिदूण वत्तव्वं। एवमवहार-परूवणा गदा।

जहण्णए ट्ठाणे जीवा सव्वट्ठाणजीवाणं केवडिओ भागो? असंखेज्जदिभागो। एवं सव्वट्ठाणजीवाणं जाणिदूण भागाभागपरूवणा कायव्वा।

सव्वत्थोवा जवमज्झाणं उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा। जहण्णए ट्ठाणे जीवा असंखेज्जगुणा। गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। जवमज्झजीवा असंखेज्जगुणा। को गुणगारो? जवमज्झादो हेट्ठिमअण्णोण्णब्भत्थरासी। जवमज्झादो हेट्ठिमजहण्णट्ठाण-जीवेहिंतो उवरिमसव्वजीवा असंखेज्जगुणा। को गुणगारो? किंचूणदिवड्ढ [गुणहाणीओ] गुणगारो। जवमज्झादो हेट्ठिमजीवा विसेसाहिया। जवमज्झादो उवरिमजीवा विसेसाहिया। सव्वजीवा विसेसाहिया। एवमप्पाबहुगपरूवणा गदा।

एवमेइंदिय-विगलिंदियाणं पि परूवेदव्वं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तएइंदिय-वीचारट्ठाणेसु तस्सेव संखेज्जदिभागमेत्तविगलिंदियवीचारट्ठाणेसु च। णवरि सादासादाणं बिट्ठाणजवमज्झं चेव, तत्थ तिट्ठाण-चउट्ठाणाणुभागाणं बंधाभावादो। किंतु सण्णिपंचिं-दियगुणहाणिसलागाहिंतो तत्थतणगुणहाणिसलागाओ असंखेज्जगुणहीणाओ संखेज्जगुणहीणाओ

तीन गुणहानिस्थानान्तरकालसे वे अपहृत होते हैं। इसी प्रकार यवमध्यके आगे भी जानकर कहना चाहिये। इस प्रकार अवहारप्ररूपणा समाप्त हुई।

जघन्य स्थानमें स्थित जीव सब जीवोंके कितनेवें भाग प्रमाण हैं? वे उनके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। इस प्रकार सब स्थानोंके जीवोंको जानकर भागा-भागकी प्ररूपणा करना चाहिये।

यवमध्योंके उत्कृष्ट स्थानमें जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे जघन्य स्थानमें जीव असंख्यातगुणे हैं। गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। उनसे यवमध्य-के जीव असंख्यातगुणे हैं। गुणकार क्या है? यवमध्यसे नीचेकी अन्योन्याभ्यस्त राशि गुणकार है। यवमध्यसे नीचेके जघन्य स्थान सम्बन्धी जीवोंकी अपेक्षा ऊपरके सब जीव असंख्यातगुणे हैं। गुणकार क्या है? गुणकार कुछ कम डेढ़ गुणहानियां हैं। यवमध्यसे नीचेके जीव उनसे विशेष अधिक हैं। उनसे यवमध्य-के उपरिम जीव विशेष अधिक हैं। उनसे सब जीव विशेष अधिक हैं। इस प्रकार अल्पबहुत्वप्ररूपणा समाप्त हुई।

इसी प्रकार पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र एकेन्द्रियके वीचारस्थानोंमें और उसके ही संख्यातवें भाग प्रमाण विकलेन्द्रियके वीचारस्थानोंमें एकेन्द्रिय एवं विकलेन्द्रिय जीवोंकी भी प्ररूपणा करना चाहिये। विशेष इतना है कि साता व असाता वेदनीयके द्विस्थानसम्बन्धी यवमध्य ही है, क्योंकि, वहां त्रिस्थान और चतुःस्थान अनुभागोंका बन्ध नहीं होता। किन्तु संज्ञी पंचेन्द्रियकी गुणहानिशलाकाओंसे वहांकी गुणहानिशलाकायें असंख्यातगुणी हीन

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

च । पमाणं पुण एइंदिया अणंता । सण्णिपंचिंदियधुवट्ठिदीदो हेट्ठिमाणं असण्णिपंचिंदिय-उक्कस्सट्ठिदीदो उवरिमाणं संतट्ठाणाणं जीवसमुदाहारो कादुं ण सक्किज्जदे, उवदेसाभावादो।

एवं छण्णं कम्माणं ॥ १० ॥

जहा णाणावरणीयस्स उक्कस्साणुक्कस्ससामित्तं परूविदं तहा सेसछकम्माणं परूवेदव्वं । णवरि मोहणीयस्स उक्कस्सट्ठिदी सत्तरिसागरोवमकोडाकोडिमेत्ता । अणुक्कस्स-सामित्ते भण्णमाणे सण्णिपंचिंदियमिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव चरिमसमयसुहुमसांपराइयो ताव सामिणो त्ति वत्तव्वं । णामा-गोदाणं उक्कस्सट्ठिदी वीसंसागरोवमकोडाकोडिमेत्ता । एदेसि-मणुक्कस्सट्ठिदिसामित्ते भण्णमाणे सण्णिपंचिंदियमिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव चरिमसमयअजोगि त्ति वत्तव्वं । एवं वेयणीयस्स वि परूवणा कायव्वा । णवरि उक्कस्सट्ठिदी तीसं सागरोवमकोडाकोडिमेत्ता ।

सामित्तेण उक्कस्सपदे आउअवेयणा कालदो उक्कस्सिया कस्स ? ॥ ११ ॥

सुगमं ।

व संख्यातगुणी हीन हैं। प्रमाण— एकेन्द्रिय जीव अनन्त हैं। संज्ञी पंचेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिसे नीचेके और असंज्ञी पंचेन्द्रियकी उत्कृष्ट स्थितिसे ऊपरके सत्त्वस्थानोंका जीवसमुदाहार करनेके लिये शक्य नहीं है, क्योंकि, उसका उपदेश प्राप्त नहीं है।

ज्ञानावरणीयके समान ही शेष छह कर्मोंके उत्कृष्ट स्वामित्वकी प्ररूपणा करना चाहिये ॥ १० ॥

जिस प्रकार ज्ञानावरणीय कर्मके उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट स्वामित्वकी प्ररूपणा की है उसी प्रकार शेष छह कर्मोंकी प्ररूपणा करना चाहिये। विशेष इतना है कि मोहनीयकी उत्कृष्ट स्थिति सत्तर कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्वामित्व-का कथन करते समय संज्ञी पंचेन्द्रिय मिथ्यादृष्टिसे लेकर अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्म-साम्परायिक तक स्वामी हैं, ऐसा कहना चाहिये। नाम व गोत्र कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति बीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण है। इनकी अनुत्कृष्ट स्थितिके स्वामित्वका कथन करते समय संज्ञी पंचेन्द्रिय मिथ्यादृष्टिसे लेकर अन्तिम समयवर्ती अयोगकेवली तक स्वामी हैं ऐसा कहना चाहिये। इसी प्रकार वेदनीय कर्मकी भी प्ररूपणा कहना चाहिये। विशेष इतना है कि उसकी उत्कृष्ट स्थिति तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण है।

स्वामित्वकी अपेक्षा उत्कृष्ट पदमें आयुकर्मकी वेदना कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट किसके होती है ? ॥ ११ ॥

यह सूत्र सुगम है।

---

१ आ-ताप्रत्योः 'छण्णं कम्माणं' इति पाठः

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अण्णदरस्स मणुस्सस्स वा पंचिंदियतिरिक्खजोणियस्स वा सण्णिस्स सम्माइट्ठिस्स वा [मिच्छाइट्ठिस्स वा] सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदस्स कम्मभूमियस्स वा कम्मभूमिपडिभागस्स वा संखेज्ज-वासाउअस्स इत्थिवेदस्स वा पुरिसवेदस्स वा णउंसयवेदस्स वा जलचरस्स वा थलचरस्स वा सागार-जागार-तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स वा [तप्पाओग्गविसुद्धस्स वा] उक्कस्सियाए आबाधाए जस्स तं देव-णिरयाउअं पढमसमए बंधंतस्स आउअवेयणा कालदो उक्कस्सा ॥ १२ ॥

ओगाहण-कुल-जादि-वण्ण-विण्णास[1]-संठाणादिभेदेहि विसेसाभावपरूवणट्ठमण्णदरस्से त्ति भणिदं । देवाणमुक्कस्साउअस्स मणुसा चेव बंधया, णेरइयाणं उक्कस्साउअस्स मणुस्सा सण्णिपंचिंदियतिरिक्खा वा बंधया त्ति जाणावणट्ठं मणुस्सस्स वा पंचिंदिय-तिरिक्खजोणियस्स वा सण्णिस्से त्ति भणिदं । देवाणं उक्कस्साउअं सम्मादिट्ठिणो चेव बंधंति, णेरइयाणं उक्कस्साउअं मिच्छाइट्ठिणो चेव बंधंति त्ति जाणावणट्ठं सम्मादिट्ठिस्स वा मिच्छादिट्ठिस्स वा त्ति णिद्दिट्ठं । छहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदा चेव णेरइयाणं उक्कस्साउअं

जो कोई मनुष्य या पंचेन्द्रिय तिर्यंच संज्ञी है, सम्यग्दृष्टि [अथवा मिथ्यादृष्टि] है, सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, कर्मभूमि या कर्मभूमिप्रतिभागमें उत्पन्न हुआ है, संख्यात वर्षकी आयुवाला है; स्त्रीवेद, पुरुषवेद या नपुंसकवेदसे संयुक्त है; जलचर अथवा थलचर है, साकार उपयोगसे सहित है, जागरुक है, तत्प्रायोग्य संक्लेश [अथवा विशुद्धि] से संयुक्त है, तथा जो उत्कृष्ट आबाधाके साथ देव व नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुको बांधनेवाला है, उसके बांधनेके प्रथम समयमें आयु कर्मकी वेदना कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट होती है ॥ १२ ॥

अवगाहना, कुल, जाति, वर्ण, विन्यास और संस्थान आदिके भेदोंसे निर्मित विशेषताका अभाव बतलानेके लिये सूत्रमें 'अण्णदरस्स' यह कहा है। देवोंकी उत्कृष्ट आयुके बन्धक मनुष्य ही होते हैं तथा नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुके बन्धक मनुष्य अथवा संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच होते हैं, यह जतलानेके लिये "मणुस्सस्स वा पंचिंदिय-तिरिक्खजोणियस्स वा सण्णिस्स" ऐसा कहा है। देवोंकी उत्कृष्ट आयुको सम्यग्दृष्टि ही बांधते हैं तथा नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुको मिथ्यादृष्टि ही बांधते हैं, यह प्रगट करनेके लिये "सम्मादिट्ठिस्स वा मिच्छादिट्ठिस्स वा" ऐसा निर्देश किया गया है। जो छह पर्याप्तियोंसे पर्याप्त हो चुके हैं वे ही नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुको बांधते

१ प्रतिषु 'विण्णाण' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बंधंति त्ति जाणावणट्ठं सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदस्से त्ति भणिदं । देवाणं उक्कस्साउअं पण्णारसकम्मभूमीसु चेव वज्झइ, णेरइयाणं उक्कस्साउअं पण्णारसकम्मभूमीसु कम्मभूमिपडिभागेसु च वज्झदि त्ति जाणावणट्ठं कम्मभूमियस्स वा कम्मभूमिपडिभागस्स वा त्ति परूविदं । देव-णेरइयाणं उक्कस्साउअमसंखेज्जवासाउवतिरिक्ख-मणुस्सा ण बंधंति, संखेज्जवासाउवा चेव बंधंति त्ति जाणावणट्ठं संखेज्जवासाउअस्से त्ति परूविदं । देव-णेरइयाणं उक्कस्साउअबंधस्स तीहि वेदेहि विरोहो णत्थि त्ति जाणावणट्ठं इत्थिवेदस्स वा पुरिसवेदस्स वा णवुंसयवेदस्स वा त्ति भणिदं ।

एत्थ भाववेदस्स गहणमण्णहा दव्वित्थिवेदेण वि णेरइयाणमुक्कस्साउअस्स बंधप्पसंगादो । ण च तेण सह तस्स बंधो, आ पंचमी त्ति सीहा इत्थीओ जंति[1] छट्ठिपुढवि त्ति[2] एदेण सुत्तेण सह विरोहादो । ण च देवाणं उक्कस्साउअं दव्वित्थिवेदेण सह वज्झइ, णियमा णिग्गंथलिंगेणे त्ति सुत्तेण[3] सह विरोहादो । ण च दव्वित्थीणं णिग्गंथत्तमत्थि, चेलादिपरिच्चाएण विणा तासिं भावणिग्गंथत्ताभावादो । ण च दव्वित्थि-

---

हैं, यह बतलानेके लिये "सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदस्स" यह कहा है। देवोंकी उत्कृष्ट आयु पन्द्रह कर्मभूमियोंमें ही बंधती है तथा नारकियोंकी उत्कृष्ट आयु पन्द्रह कर्मभूमियों और कर्मभूमिप्रतिभागोंमें भी बांधी जाती है, यह बतलानाके लिये "कम्मभूमियस्स कम्मभूमिपडिभागस्स वा" ऐसा कहा है। देवों व नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुको असंख्यातवर्षायुष्क तिर्यंच या मनुष्य नहीं बांधते हैं, किन्तु संख्यातवर्षायुष्क ही बांधते हैं, यह बतलानेके लिये 'संखेज्जवासाउअस्स' ऐसा निर्देश किया है। देवों व नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुके बन्धका तीनों वेदोंके साथ विरोध नहीं है, यह बतलानेके लिये "इत्थिवेदस्स वा पुरिसवेदस्स वा णवुंसयवेदस्स वा" ऐसा कहा है।

यहां भाववेदका ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि, द्रव्यवेदका ग्रहण करनेपर द्रव्य स्त्रीवेदके साथ भी नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुके बन्धका प्रसंग आता है। परन्तु उसके साथ नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुका बन्ध होता नहीं है, क्योंकि "पांचवीं पृथिवी तक सिंह और छठी पृथिवी तक स्त्रियां जाती हैं" इस सूत्रके साथ विरोध आता है। देवोंकी भी उत्कृष्ट आयु द्रव्य स्त्रीवेदके साथ नहीं बंधती, क्योंकि, अन्यथा "[अच्युत कल्पसे ऊपर] नियमतः निर्ग्रन्थ लिंगसे ही उत्पन्न होते हैं" इस सूत्रके साथ विरोध होता है। और द्रव्य स्त्रियोंके निर्ग्रन्थता सम्भव नहीं है, क्योंकि, वस्त्रादिपरित्यागके विना उनके भाव निर्ग्रन्थताका अभाव है। द्रव्य स्त्रीवेदी व नपुंसकवेदी वस्त्रादिकका त्याग करके निर्ग्रन्थ लिंग धारण

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'आ पंचमा त्ति सीहा इत्थीओ जात्ति छट्ठी' इति पाठः। २ मूलाचार १२-११३.
३ मूलाचार १२-१३४., ति. प. ८,५५९-६१.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवुंसयवेदाणं चेलादिचागो अत्थि, छेदसुत्तेण सह विरोहादो। देवाणं उक्कस्साउअस्स मणुस्सा संजदा थलचारिणो बंधया, णेरइयाणं उक्कस्साउअस्स थलचारिमणुसमिच्छाइट्ठिणो जल-थलचारिसण्णिपंचिंदियतिरिक्खमिच्छाइट्ठिणो वा बंधया त्ति जाणावणट्ठं जलचरस्स वा थलचरस्स वा त्ति भणिदं। खगचारिणो देव-णेरइयाणं उक्कस्साउअं किण्ण बंधंति ? ण, पक्खीणं सत्तमपुढविणेरइएसु अणुत्तरविमाणवासियदेवेसु वा उप्पज्जणं पडि सत्तीए अभावादो। ण विज्जाहराणं खगचरत्तमत्थि, विज्जाए विणा सहावदो चेव गगणगमणसमत्थेसु खगयरत्तप्पसिद्धीदो।

दंसणोवजोगे वट्टंताणं उक्कस्साउअबंधो ण होदि, किंतु णाणोवजोगे वट्टंताणं एवे त्ति जाणावणट्ठं सागारणिद्देसो कदो। सुत्ताणमाउअस्स उक्कस्सबंधो ण होदि त्ति जाणावणट्ठं जागारणिद्देसो कदो। जहा सेसकम्माणं उक्कस्सट्ठिदीओ उक्कस्ससंकिलेसेण वज्झंति, तहा आउअस्स उक्कस्सट्ठिदी उक्कस्सविसोहीए उक्कस्ससंकिलेसेण वा ण वज्झदि त्ति जाणावणट्ठं तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स वा तप्पाओग्गविसुद्धस्स वा त्ति भणिदं।

कर सकते हैं, ऐसी आशंका करना भी ठीक नहीं है, क्योंकि, वैसा स्वीकार करनेपर छेदसूत्रके साथ विरोध होता है।

देवोंकी उत्कृष्ट आयुके बन्धक स्थलचारी संयत मनुष्य, तथा नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुके बन्धक स्थलचारी मिथ्यादृष्टि मनुष्य एवं जलचारी व स्थलचारी संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच मिथ्यादृष्टि हैं, इसके ज्ञापनार्थ " जलचरस्स वा थलचरस्स वा " ऐसा कहा है।

शंका— आकाशचारी जीव देव व नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुको क्यों नहीं बांधते हैं ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, पक्षियोंके सप्तम पृथिवीके नारकियों अथवा अनुत्तर विमानवासी देवोंमें उत्पन्न होनेकी सामर्थ्य नहीं है। यदि कहा जाय कि विद्याधर भी तो आकाशचारी हैं, वे वहां उत्पन्न हो सकते हैं; तो ऐसा कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि, विद्याकी सहायताके विना जो स्वभावसे ही आकाशगमनमें समर्थ हैं उनमें ही खगचरत्वकी प्रसिद्धि है।

दर्शनोपयोगमें वर्तमान जीवोंके उत्कृष्ट आयुका बन्ध नहीं होता, किन्तु ज्ञानोपयोगमें वर्तमान जीवोंके ही उसका बन्ध होता है, यह जतलानेके लिये ' साकार ' पदका निर्देश किया है। सोये हुए जीवोंके उत्कृष्ट आयुका बन्ध नहीं होता, यह बतलानेके लिये ' जागार ' पदका प्रयोग किया है। जिस प्रकार शेष कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितियां उत्कृष्ट संक्लेशसे बंधती हैं वैसे आयु कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति उत्कृष्ट विशुद्धि अथवा उत्कृष्ट संक्लेशसे नहीं बंधती, यह जतलानेके लिये " तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स वा तप्पाओग्गविसुद्धस्स वा " ऐसा कहा है। उत्कृष्ट आबाधाके विना उत्कृष्ट स्थिति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्कस्साबाधाए विणा उक्कस्सट्ठिदी ण होदि त्ति जाणावणट्ठं उक्कस्सियाए आबाहाए इदि भणिदं। बिदियादिसमएसु आबाहा उक्कस्सिया ण होदि त्ति पुव्वकोडितिभागमाबाहं काऊण देव-णेरइयाणं उक्कस्साउअं बंधमाणपढमसमए चेव उक्कस्साउअवेयणा होदि त्ति भणिदं।

तव्वदिरित्तमणुक्कस्सा ॥ १२ ॥

तदो उक्कस्सादो वदिरित्तं तव्वदिरित्तं, सा अणुक्कस्सा। एसा अणुक्कस्सकालवेयणा असंखेज्जवियप्पा। तेण तिस्से सामित्तं पि असंखेज्जवियप्पं। तं जहा— पुव्वकोडितिभागमाबाहं काऊण तेत्तीससागरोवमाउअं जेण बद्धं सो उक्कस्सकालसामी। जेण समऊणं पबद्धं सो अणुक्कस्सकालसामी। जेण [दुसमऊणं पबद्धं सो वि अणुक्कस्सकालसामी। जेण] तिसमऊणं पबद्धं सो वि अणुक्कस्सकालसामी। एवमसंखेज्जभागहाणी होदूण ताव गच्छदि जाव जहण्णपरित्तासंखेज्जेण उक्कस्साउट्ठिदिं खंडिदूण तत्थ एगखंडं परिहीणो त्ति। पुणो उक्कस्साउअं उक्कस्ससंखेज्जेण खंडेदूण तत्थ एगखंडपरिहीणे असंखेज्जभागहाणीए परिसमत्ती संखेज्जभागहाणीए आदी च होदि। एवं संखेज्जभागहाणी होदूण ताव गच्छदि जाव उक्कस्साउअस्स अद्धं समऊणं परिहीणं ति।

नहीं होती है, यह ज्ञापन करानेके लिये 'उक्कस्सियाए आबाहाए' ऐसा कहा है। चूंकि द्वितीयादिक समयोंमें आबाधा उत्कृष्ट होती नहीं है, अतः पूर्वकोटिके तृतीय भागको आबाधा करके देवों व नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुको बांधनेवाले जीवके बन्धके प्रथम समयमें ही उत्कृष्ट आयुवेदना होती है, ऐसा कहा है।

उससे भिन्न अनुत्कृष्ट वेदना होती है ॥ १२ ॥

उससे अर्थात् उत्कृष्टसे विपरीत आयु कर्मकी वेदना कालकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट वेदना होती है। यह अनुत्कृष्ट कालवेदना असंख्यात भेद स्वरूप है। इसीलिये उसके स्वामी भी असंख्य प्रकार हैं। यथा— पूर्वकोटिके तृतीय भागको आबाधा करके तेतीस सागारोपम प्रमाण आयुको जिसने बांधा है वह कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट वेदनाका स्वामी है। जिसने एक समय कम उत्कृष्ट आयुको बांधा है वह अनुत्कृष्ट कालवेदनाका स्वामी है। जिसने [दो समय कम उत्कृष्ट आयुको बांधा है वह भी अनुत्कृष्ट कालवेदनाका स्वामी है। जिसने] तीन समय कम उत्कृष्ट आयुको बांधा है वह भी अनुत्कृष्ट कालवेदनाका स्वामी है। इस प्रकार असंख्यातभागहानि होकर तब तक जाती है जब तक जघन्य परीतासंख्यातसे उत्कृष्ट आयुस्थितिको खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण हानि नहीं हो जाती। पश्चात् उत्कृष्ट आयुको उत्कृष्ट संख्यातसे खण्डित करके उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण हानिके हो जानेपर असंख्यातभागहानिकी समाप्ति और संख्यातभागहानिका प्रारम्भ होता है। इस प्रकार संख्यातभागहानि होकर तब तक जाती है जब तक उत्कृष्ट आयुका एक समय कम अर्ध भाग हीन नहीं हो जाता।

Jain Education International　　For Private & Personal Use Only　　www.jainelibrary.org

पुणो उक्कस्साबाहं काऊण उक्कस्साउअस्स अद्धे पबद्धे संखेज्जगुणहाणी होदि। पुणो समऊणे अद्धे पबद्धे वि संखेज्जगुणहाणी चेव। एवं संखेज्जगुणहाणी ताव गच्छदि जाव उक्कस्साउअं जहण्णपरित्तासंखेज्जेण खंडेदूण तत्थ एगखंडं रूवाहियं सेसं ति। एत्तो प्पहुडि असंखेज्जगुणहाणी चेव होदूण गच्छदि। एवं ताव णेदव्वं जाव पुव्वकोडि-तिभागमाबाहं काऊण देवेसु दसवस्ससहस्साउअं बंधिदूण ट्ठिदो त्ति। पुणो एदेण आउएण समाणमणुस्साउअं घेत्तूण समऊण-दुसमऊणादिकमेण अधट्ठिदिगलणेण णेदव्वं जाव भवसिद्धियचरिमसमओ त्ति। एवं कदे पुव्वकोडितिभागेणब्भहियसमऊणतेत्तीस-सागरोवममेत्तट्ठाणवियप्पा सामित्तवियप्पा च लद्धा होंति।

संपहि एत्थ जीवसमुदाहारो छहि अणियोगद्दारेहि उच्चदे। तं जहा — उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा अत्थि। तदणंतरहेट्ठिमट्ठाणे वि जीवा अत्थि। एवं णेदव्वं जाव अणुक्कस्स-जहण्णट्ठाणे त्ति।

आउअस्स उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा असंखेज्जा, णेरइयउक्कस्साउअं बंधमाण-जीवाणमसंखेज्जाणमुवलंभादो। एवं सव्वत्थ णेदव्वं। णवरि एइंदियपाओग्गट्ठाणेसु एक्केक्केसु जीवा अणंता। तत्तो हेट्ठिमेसु खवगसेडीए चेव लब्भमाणेसु संखेज्जा।

पुनः उत्कृष्ट आबाधाको करके उत्कृष्ट आयुके अर्ध भागको बांधनेपर संख्यातगुणहानि होती है। पश्चात् एक समय कम अर्ध भागके बांधनेपर भी संख्यातगुणहानि ही होती है। इस प्रकार संख्यातगुणहानि तब तक जाती है जब तक कि उत्कृष्ट आयुको जघन्य परीतासंख्यातसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक अधिक एक खण्ड शेष रहता है। अब यहांसे असंख्यातगुणहानि ही होकर जाती है। इस प्रकार तब तक ले जाना चाहिये जब तक पूर्वकोटिके तृतीय भागको आबाधा करके देवोंमें दस हजार वर्ष पमाण आयुको बांधकर स्थित नहीं होता।

पश्चात् इस आयुके समान मनुष्यायुको ग्रहणकर एक समय कम दो समय कम इत्यादि क्रमसे अधःस्थितिके गलनेसे भवसिद्धिकके अन्तिम समय तक ले जाना चाहिये। ऐसा करनेपर पूर्वकोटिके तृतीय भागसे अधिक व एक समय कम तेतीस सागरोपम प्रमाण स्थानविकल्प और स्वामित्वविकल्प प्राप्त होते हैं।

अब यहां छह अनुयोगद्वारोंके द्वारा जीवसमुदाहारको कहते हैं। यथा — उत्कृष्ट स्थानमें जीव हैं। उससे अनन्तर नीचेके स्थानमें भी जीव हैं। इस प्रकार अनुत्कृष्ट-जघन्य स्थान तक ले जाना चाहिये।

आयुके उत्कृष्ट स्थानमें असंख्यात जीव हैं, क्योंकि, नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुको बांधनेवाले असंख्यात जीव पाये जाते हैं। इसी प्रकार सब स्थानोंमें जानना चाहिये। विशेषता इतनी है कि एकेन्द्रियके योग्य स्थानोंमेंसे एक एक स्थानमें अनन्त जीव हैं। उससे नीचेके क्षपकश्रेणिमें ही पाये जानेवाले स्थानोंमें संख्यात जीव हैं।

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

सेडी ण सक्कदे णेदुं, विसिट्ठुवएसाभावादो ।

उक्कस्सट्ठाणजीवपमाणेण सव्वट्ठाणजीवा केवडिएण कालेण अवहिरिज्जंति ? अणंतेण कालेण । एवं तसकाइयपाओग्गसव्वट्ठाणजीवाणं वत्तव्वं । एइंदियपाओग्गट्ठाणजीवपमाणेण सव्वजीवा केवचिरेण कालेण अवहिरिज्जंति ? अंतोमुहुत्तेण । एवं सव्वत्थ णेदव्वं ।

उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा सव्वजीवाणं केवडिओ भागो ? अणंतिमभागो । एवं तसपाओग्गसव्वट्ठाणेसु वत्तव्वं । वणप्फदिकाइयपाओग्गेसु ट्ठाणेसु सव्वट्ठाणजीवाणमसंखेज्जदिभागो । एवं सव्वत्थ वणप्फदिपाओग्गट्ठाणेसु वत्तव्वं ।

सव्वत्थोवा जहण्णए ट्ठाणे जीवा । उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा असंखेज्जगुणा । अजहण्ण-अणुक्कस्सएसु ट्ठाणेसु जीवा अणंतगुणा । अणुक्कस्सए ट्ठाणे जीवा विसेसाहिया । अजहण्णएसु ट्ठाणेसु जीवा विसेसाहिया । सव्वेसु ट्ठाणेसु जीवा विसेसाहिया । एवमुक्कस्ससामित्तं समत्तं ।

सामित्तेण जहण्णपदे णाणावरणीयवेदणा कालदो जहण्णिया कस्स ? ॥ १४ ॥

श्रेणिप्ररूपणा करना शक्य नहीं है, क्योंकि, उसके सम्बन्धमें विशिष्ट उपदेशका अभाव है ।

उत्कृष्ट स्थान सम्बन्धी जीवोंके प्रमाणसे सब स्थानोंके जीव कितने कालके द्वारा अपहृत होते हैं ? उक्त प्रमाणसे वे अनन्त कालके द्वारा अपहृत होते हैं । इसी प्रकार त्रसकायिक प्रायोग्य सब स्थानोंके जीवोंकी प्ररूपणा करना चाहिये । एकेन्द्रिय प्रायोग्य स्थानों सम्बन्धी जीवोंके प्रमाणसे सब जीव कितने काल द्वारा अपहृत होते हैं ? उक्त प्रमाणसे वे अन्तर्मुहूर्त कालके द्वारा अपहृत होते हैं । इसी प्रकार सर्वत्र ले जाना चाहिये ।

उत्कृष्ट स्थानमें जीव सब जीवोंके कितनेवें भाग प्रमाण हैं ? वे उनके अनन्तवें भाग प्रमाण हैं । इसी प्रकार त्रस प्रायोग्य सब स्थानोंमें कहना चाहिये । वनस्पतिकायिक प्रायोग्य स्थानोंमें सब स्थानोंके जीवोंके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं । इसी प्रकार सर्वत्र वनस्पतिकायिक प्रायोग्य स्थानोंमें कहना चाहिये ।

जघन्य स्थानमें सबसे स्तोक जीव हैं । उत्कृष्ट स्थानमें उनसे असंख्यातगुणे जीव हैं । अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थानोंमें जीव उनसे अनन्तगुणे हैं । अनुत्कृष्ट स्थानमें जीव उनसे विशेष अधिक हैं । अजघन्य स्थानोंमें जीव उनसे विशेष अधिक हैं । सब स्थानोंमें जीव उनसे विशेष अधिक हैं । इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

स्वामित्वसे जघन्य पदमें ज्ञानावरणीयकी वेदना कालकी अपेक्षा जघन्य किसके होती है ? ॥ १४ ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहण्णपदे इदि पुव्वुत्तअहियारसंभालणट्ठं णिद्दिट्ठं। सेसकम्मपडिसेहट्ठो णाणावरणीय-णिद्देसो। कालणिद्देसो खेत्तादिपडिसेहफलो। पुव्वाणुपुव्विकमं[1] मोत्तूण पच्छाणुपुव्वीए जहण्णसामित्तपरूवणं किमट्ठं कीरदे ? ण, तीहि वि आणुपुव्वीहि परूविदे दोसो णत्थि त्ति जाणावणट्ठं तहापरूवणादो। अथवा, जहण्णट्ठाणादो उक्कस्सट्ठाणं संगहिदासेसट्ठाण-वियप्पत्तादो पहाणमिदि जाणावणट्ठं पुव्वमुक्कस्सट्ठाणपरूवणा कदा। सेसं सुगमं ?

अण्णदरस्स चरिमसमयछदुमत्थस्स तस्स णाणावरणीयवेयणा कालदो जहण्णा ॥ १५ ॥

ओगाहणादिभेदेहि[2] जहण्णकालविरोहाभावपरूवणट्ठमण्णदरस्से त्ति भणिदं। छदुमं णाम आवरणं, तम्हि चिट्ठदि त्ति छदुमत्थो, तस्स छदुमत्थस्से त्ति णिद्देसेण केवलिपडि-सेहो कदो। चरिमसमयछदुमत्थस्से त्ति णिद्देसो दुचरिमादिछदुमत्थपडिसेहफलो। खीण-कसायदुचरिमसमए किण्ण जहण्णसामित्तं दिज्जदे ? ण, तत्थ णाणावरणीयस्स दुसमइयट्ठिदि-

'जघन्य पदमें' यह निर्देश पूर्वोक्त अधिकारका स्मरण करानेके लिये कहा है। शेष कर्मोंका प्रतिषेध करनेके लिये 'ज्ञानावरणीय' पदका निर्देश किया है। कालके निर्देशका प्रयोजन क्षेत्रादिकोंका प्रतिषेध करना है।

शंका — पूर्वानुपूर्वीक्रमको छोड़कर पश्चादानुपूर्वीसे जघन्य स्वामित्वकी प्ररूपणा किसलिये की जा रही है ?

समाधान — नहीं, क्योंकि, तीनों ही आनुपूर्वियोंसे प्ररूपणा करनेपर कोई दोष नहीं होता, यह जतलानेके लिये यहां पश्चादानुपूर्वीक्रमसे प्ररूपणा की गई है। अथवा जघन्य स्थानकी अपेक्षा समस्त स्थानभेदोंका संग्रहकर्ता होनेसे उत्कृष्ट स्थान प्रधान है, यह ज्ञात करानेके लिये पहिले उत्कृष्ट स्थानकी प्ररूपणा की गई है।

शेष कथन सुगम है।

जो कोई भी जीव छद्मस्थ अवस्थाके अन्तिम समयमें वर्तमान है उसके कालकी अपेक्षा ज्ञानावरणीय कर्मकी जघन्य वेदना होती है ॥ १५ ॥

अवगाहनादिक भेदोंसे जघन्य कालवेदनाके होनेमें कोई विरोध नहीं है, यह बतलानेके लिये सूत्रमें 'अन्यतर' पदका उपादान किया गया है। छद्म शब्दका अर्थ आवरण है, उसमें जो स्थित है वह छद्मस्थ कहा जाता है। उक्त छद्मस्थका निर्देश करनेसे केवलीका प्रतिषेध किया गया है। 'अन्तिम समय-वर्ती छद्मस्थ' इस निर्देशका फल द्विचरम-त्रिचरम आदि समयोंमें वर्तमान छद्मस्थोंका प्रतिषेध करना है।

शंका — क्षीणकषाय गुणस्थानके द्विचरम समयमें जघन्य वेदनाका स्वामित्व क्यों नहीं दिया जाता है ?

१ प्रतिषु 'कम्मं' इति पाठः। २ प्रतिषु 'ओगाहणभेदेहि' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दंसणादो । एवं तिचरिमादिछदुमत्थेसु वि जहण्णसामित्ताभावो जाणिदूण वत्तव्वो । तम्हा खीणकसायचरिमसमए एगसमइयट्ठिदिणाणावरणकम्मक्खंधे जहण्णसामित्तं होदि त्ति घेत्तव्वं ।

तव्वदिरित्तमजहण्णा ॥ १९ ॥

एदम्हादो जं वदिरित्तं तमजहण्णा कालवेयणा होदि । तं च अणेयवियप्पं । तेण तब्भेदपरूवणादुवारेण तेसिं ट्ठाणाणं सामित्तपरूवणं कस्सामो । तं जहा— एगो खवगो कम्माणि परिवाडीए खविय चरिमसमयखीणकसाई जादो । तस्स खीणकसायस्स चरिमसमए एगा ट्ठिदी एगसमयकालपमाणा अच्छिदा । तस्स णाणावरणीयवेयणा कालदो जहण्णा । एसो जहण्णकालसामी । पुणो अण्णेगो जीवो पुव्वविधाणेणागंतूण दुचरिमसमयखीणकसाई जादो । सो अजहण्णकालसामी । एदं[1] बिदियट्ठाणं । पुणो अण्णो जीवो तिचरिमसमयखीणकसाई जादो । एसो वि अजहण्णकालसामी । तं तदियं ट्ठाणं । एवं चउत्थादिकमेण ओदारेदव्वं जाव खीणकसायद्धाए संखेज्जदिभागो त्ति । एदे णिरंतरट्ठाणसामिणो होंति ।

समाधान—नहीं, क्योंकि, वहां ज्ञानावरणीयकी दो समय प्रमाण स्थिति देखी जाती है ।

इसी प्रकार त्रिचरम आदि छद्मस्थोंमें भी जघन्य वेदनाके स्वामित्वका अभाव जानकर कहना चाहिये । इसीलिये क्षीणकषायके अन्तिम समयमें ज्ञानावरण कर्मस्कन्धकी एक समयवाली स्थिति युक्त जीव जघन्य वेदनाका स्वामी होता है, ऐसा ग्रहण करना चाहिये ।

जघन्य वेदनासे भिन्न अजघन्य वेदना होती है ॥ १९ ॥

इस जघन्य वेदनासे जो भिन्न है वह कालकी अपेक्षा अजघन्य वेदना है । वह अनेक भेद रूप है । इसलिये उसके भेदोंकी प्ररूपणा करते हुए उन स्थानोंके स्वामित्वकी प्ररूपणा करते हैं । यथा— कोई एक क्षपक परिपाटीसे कर्मोंका क्षपण करके क्षीणकषायके अन्तिम समयवर्ती हुआ । उक्त जीवके क्षीणकषाय होनेके अन्तिम समयमें एक समय काल प्रमाण एक स्थिति रहती है । उसके ज्ञानावरणीयकी वेदना कालकी अपेक्षा जघन्य होती है । यह जघन्य कालवेदनाका स्वामी है । पुनः एक दूसरा जीव पूर्व विधिसे आ करके क्षीणकषायके द्विचरम समयवर्ती हुआ । यह अजघन्य कालवेदनाका स्वामी है । यह द्वितीय स्थान है । पुनः एक और जीव क्षीणकषायके त्रिचरम समयवर्ती हुआ । यह भी अजघन्य कालवेदनाका स्वामी है । यह तीसरा स्थान है । इसी प्रकार चतुर्थ पंचम आदिके क्रमसे क्षीणकषायकालके संख्यातवें भाग तक उतारना चाहिये । ये सब निरन्तर स्थानोंके स्वामी होते हैं ।

---

१ प्रतिषु 'एवं' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुणो अण्णो जीवो पुव्वविहाणेणागंतूण पुव्वणिरुद्धट्ठिदीए तदणंतरहेट्ठिमखीण-कसाई जादो। एदं सांतरमपुणरुत्तट्ठाणं, पुव्विल्लट्ठाणं पेक्खिदूण अंतोमुहुत्तमेत्तट्ठिदीहि अंतरिदूणुप्पण्णत्तादो। तं कधं णव्वदे? एत्थ चरिमट्ठिदिखंडयचरिमफालीए उवलंभादो, उवरिमट्ठिदिम्मि तदणुवलंभादो। एत्तो प्पहुडि हेट्ठा समऊणुक्कीरणद्धामेत्तणिरंतरट्ठाणेसु समुप्पण्णेसु सइं सांतरट्ठाणमुप्पज्जदि। कुदो? अप्पिद-अप्पिदट्ठिदिखंडयस्स चरिमफालि-मेत्तमंतरिदूणुप्पत्तीदो। एवमोदारेदव्वं जाव अणियट्टिअद्धाए संखेज्जदिभागो त्ति। तत्थ-तणअणियट्टिट्ठिदिसंतादो बादरेइंदियपज्जत्तयस्स णाणावरणजहण्णट्ठिदिसंतं विसेसाहियं पलिदो-वमस्स असंखेज्जदिभागेण।

पुणो एदमणियट्टिट्ठिदिसंतं मोत्तूण बादरेइंदियपज्जत्तयस्स जहण्णट्ठिदिसंतं घेत्तूण समउत्तरं वड्ढिदूण पबद्धे णिरंतरमण्णमपुणरुत्तट्ठाणं उप्पज्जदि। पुणो एदं काए वड्ढीए वड्ढिदे त्ति उत्ते असंखेज्जभागवड्ढीए। एदस्स वड्ढिदसमयस्स आगमणट्ठं को भागहारो। बादरेइंदियधुवट्ठिदी। कुदो? बादरेइंदियधुवट्ठिदीए बादरेइंदियधुवट्ठिदिमवहरिय लद्धमेग-

पश्चात् दूसरा एक जीव पूर्व विधिसे आकर पूर्वकी विवक्षित स्थितिसे तदनन्तर अधस्तन क्षीणकषायी हुआ। यह सान्तर अपुनरुक्त स्थान है, क्योंकि, पूर्वके स्थानकी अपेक्षा अन्तर्मुहूर्त मात्र स्थितियोंके अन्तरसे यह स्थान उत्पन्न हुआ है।

शंका—वह कैसे जाना जाता है?

समाधान—क्योंकि, यहां अन्तिम स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालि पायी जाती है, परन्तु ऊपरकी स्थितिमें वह नहीं पायी जाती।

यहांसे प्रारम्भ होकर नीचे एक समय कम उत्कीरणकालके बराबर निरन्तर स्थानोंके उत्पन्न होनेपर एक वार सान्तर स्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि, विवक्षित विवक्षित स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालि प्रमाण अन्तर करके वह उत्पन्न हुआ है। इस प्रकार अनिवृत्तिकरणकालके संख्यातवें भाग तक उतारना चाहिये। वहांके अनिवृत्तिकरणके स्थितिसत्त्वसे बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीवके ज्ञानावरणका जघन्य स्थितिसत्त्व पल्योपमके असंख्यातवें भागसे विशेष अधिक है।

पुनः इस अनिवृत्तिकरणके स्थितिसत्त्वको छोड़कर और बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तके जघन्य स्थितिसत्त्वको ग्रहण करके एक एक समय बढ़कर बांधनेपर दूसरा निरन्तर अपुनरुक्त स्थान उत्पन्न होता है।

शंका—यह कौनसी वृद्धि द्वारा वृद्धिंगत हुआ है?

समाधान—वह असंख्यातभागवृद्धिके द्वारा वृद्धिंगत हुआ है।

शंका—इस बढ़े हुए समयके निकालनेके लिये भागहार क्या है?

समाधान—इसके लिये भागहार बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थिति है, क्योंकि, बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिका बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिमें भाग देनेपर जो एक

१ आप्रतौ 'अप्पिद-अणप्पिद' इति पाठः।

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

समयं तम्मि चेव धुवट्ठिदिं पडिरासिय पक्खित्ते वट्टमाणवड्ढिट्ठाणुप्पत्तीदो[1]। दुसमउत्तरं वड्ढिदूण बंधमाणस्स वि असंखेज्जभागवड्ढिट्ठाणं चेव। कुदो? पुव्विल्लभागहारस्स दुभागेण धुवट्ठिदीए ओवट्टिदाए दोण्णं समयाणमागमणदंसणादो। तिसमयउत्तरं वड्ढिदूण बंधमाणस्स वि असंखेज्जभागवड्ढी चेव, धुवट्ठिदीए तिभागेण धुवट्ठिदिमोवट्टिदे तिण्णं वड्ढिदसमयाणमागमणदंसणादो। चदुसमयउत्तरं वड्ढिदूण बंधमाणस्स असंखेज्जदिभागवड्ढी चेव, धुवट्ठिदीए चदुब्भागेण धुवट्ठिदीए ओवट्टिदाए वड्ढिदचदुरूवाणमागमणदंसणादो। एवं बादरेइंदियधुवट्ठिदीए उवरि बादरेइंदियधुवट्ठिदीए जत्तियाओ पलिदोवमसलागाओ अत्थि, तत्तियमेत्तेसु समएसु वड्ढिदेसु वि असंखेज्जभागवड्ढी चेव होदि, पलिदोवमेण धुवट्ठिदीए ओवट्टिदाए वड्ढिदधुवट्ठिदिपलिदोवमसलागमेत्तसमयाणमागमणदंसणादो। पुणो एगसमयं वड्ढिदूण बंधमाणस्स वि असंखेज्जभागवड्ढी चेव, किंचूणपलिदोवमेण धुवट्ठिदीए भागे हिदाए रूवाहियपलिदोवमसलागमेत्तसमयाणमागमणदंसणादो। धुवट्ठिदिपलिदोवमसलागासु दुगुणमेत्तासु वड्ढिदासु वि असंखेज्जभागवड्ढी चेव होदि, पलिदोवमदुभागेण धुवट्ठिदीए ओवट्टिदाए दुगुणधुवट्ठिदिपलिदोवमसलागाणमागमणुवलंभादो[2]। एवं पलिदोवमगुण-

---

समय लब्ध होता है उसे ध्रुवस्थितिको प्रतिराशि करके मिला देनेपर वर्तमान वृद्धिका स्थान उत्पन्न होता है।

उत्तरोत्तर दो-दो समय बढ़कर बांधनेवाले जीवके भी असंख्यातभागवृद्धिस्थान ही होता है, क्योंकि, पूर्व भागहारके द्वितीय भागका ध्रुवस्थितिमें भाग देनेपर दो समय आते देखे जाते हैं। उत्तरोत्तर तीन-तीन समय बढ़कर बांधनेवालेके भी असंख्यातभागवृद्धि ही होती है, क्योंकि, ध्रुवस्थितिके तृतीय भागका ध्रुवस्थितिमें भाग देनेपर वृद्धिगत तीन समयोंकी प्राप्ति देखी जाती है। चार-चार समय उत्तरोत्तर बढ़कर बांधनेवालेके असंख्यातभागवृद्धि ही होती है, क्योंकि, ध्रुवस्थितिके चतुर्थ भागका ध्रुवस्थितिमें भाग देनेपर वृद्धिप्राप्त चार रूपोंकी उपलब्धि देखी जाती है। इस प्रकार बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिके ऊपर बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिमें जितनी पल्योपमशलाकायें हैं उतने मात्र समयोंकी वृद्धि हो चुकनेपर भी असंख्यातभागवृद्धि ही होती है, क्योंकि, पल्योपमका ध्रुवस्थितिमें भाग देनेपर ध्रुवस्थितिकी पल्योपमशलाकाओं प्रमाण वृद्धिगत समयोंकी उपलब्धि देखी जाती है। तत्पश्चात् एक समयकी वृद्धि होकर बांधनेवालेके भी असंख्यातभागवृद्धि ही होती है, क्योंकि, कुछ कम पल्योपमका ध्रुवस्थितिमें भाग देनेपर एक अधिक पल्योपमशलाकाओं प्रमाण समयोंकी उपलब्धि देखी जाती है। ध्रुवस्थितिमें जितनी पल्योपमशलाकायें हैं उनसे दूनी वृद्धिके होनेपर भी असंख्यातभागवृद्धि ही होती है, क्योंकि, पल्योपमके अर्ध भागका ध्रुवस्थितिमें भाग देनेपर दूनी ध्रुवस्थितिकी पल्योपमशलाकायें प्राप्त होती हैं। इस प्रकार पल्योपमकी

---

१ ताप्रतौ 'वड्ढमाणवड्ढिट्ठाणुप्पत्तीदो' इति पाठः। २ अ-काप्रत्योः '- भागमुवलंभादो' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गारसलागमेत्तपढमवग्गमूलाणि वड्ढिदूण बंधमाणस्स वि असंखेज्जभागवड्ढिट्ठाणं चेव होदि। कुदो? पलिदोवमवग्गमूलेण धुवट्ठिदीए ओवट्टिदाए धुवट्ठिदिपलिदोवमसलागमेत्तपलिदोवमपढमवग्गमूलाणमागमुवलंभादो। एवं बादरधुवट्ठिदीए भागहारो पलिदोवमबिदियवग्गमूलं होदूण, पुणो कमेण हाइदूण तदियवग्गमूलं होदूण, पुणो आवलियं होदूण जाव जहण्णपरित्तासंखेज्जं पत्तो त्ति ताव वड्ढावेदव्वो। एवं वड्ढिदे वि असंखेज्जभागवड्ढी चेव। कुदो? जहण्णपरित्तासंखेज्जेण बादरेइंदियधुवट्ठिदीए ओवट्टिदाए वड्ढिरूवाणमुवलंभादो। बादरेइंदियवीचारट्ठाणाणि पेक्खिदूण एदे वड्ढिदसमया असंखेज्जगुणा होंति, पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागत्तादो, आवलियाए असंखेज्जदिभागेण पलिदोवमे भागे हिदे बादरेइंदियवीचारट्ठाणाणं पमाणुप्पत्तीदो; बादरेइंदियउक्कस्सट्ठिदीए उवरि समउत्तरादिकमेण बंधो ण लब्भदि त्ति।

संपहि ट्ठिदिघादमस्सिदूण उवरिमट्ठाणाणमुप्पत्ती परूवेदव्वा। तं जहा— बादरेइंदियउक्कस्सट्ठिदीदो समउत्तरं घादिदूण ट्ठविदे असंखेज्जभागवड्ढी होदि। उवरिमट्ठिदिं पुणो घादिदूण बादरेइंदियउक्कस्सट्ठिदिबंधादो दुसमउत्तरं कादूण ट्ठविदे तमण्णमपुणरुत्तमसंखेज्जभागवड्ढिट्ठाणं होदि। तिसमउत्तरं कादूण ट्ठविदे अण्णमपुणरुत्त-

---

गुणकारभूत शलाकाओं प्रमाण पल्योपम-प्रथमवर्गमूलोंकी वृद्धि होकर बांधनेवालेके भी असंख्यातभागवृद्धिका ही स्थान होता है, क्योंकि, पल्योपमके वर्गमूलका ध्रुवस्थितिमें भाग देनेपर ध्रुवस्थितिकी पल्योपमशलाकाओं प्रमाण पल्योपम-प्रथम वर्गमूलोंकी उपलब्धि पायी जाती है। इस प्रकार बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिका भागहार पल्योपमका द्वितीय वर्गमूल होकर, फिर क्रमसे हीन होकर तृतीय वर्गमूल होकर, फिर आवली होकर, जब तक जघन्य परीतासंख्यात प्राप्त नहीं होता तब तक बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार भागहारके बढ़नेपर भी असंख्यातभागवृद्धि ही होती है, क्योंकि, जघन्य परीतासंख्यातका बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिमें भाग देनेपर वृद्धिप्राप्त अंक उपलब्ध होते हैं। ये वृद्धिगत समय बादर एकेन्द्रियके वीचारस्थानोंकी अपेक्षा असंख्यातगुणे हैं, क्योंकि, वे पल्योपमके संख्यातवें भाग प्रमाण हैं, आवलीके असंख्यातवें भागका पल्योपममें भाग देनेपर बादर एकेन्द्रियके वीचारस्थानोंका प्रमाण उत्पन्न होता है तथा बादर एकेन्द्रियकी उत्कृष्ट स्थितिके ऊपर एक समयादिककी अधिकताके क्रमसे बन्ध नहीं पाया जाता।

अब स्थितिघातका आश्रय करके उपरिम स्थानोंकी उत्पत्तिकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है— बादर एकेन्द्रियकी उत्कृष्ट स्थितिमेंसे एक-एक समय घात करके स्थापित करनेपर असंख्यातभागवृद्धि होती है। पश्चात् उपरिम स्थितिको फिरसे घातकर बादर एकेन्द्रियके उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे दो दो समय अधिक करके स्थापित करनेपर वह दूसरा अपुनरुक्त असंख्यातभागवृद्धिका स्थान होता है। तीन-तीन समय अधिक करके स्थापित करनेपर अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है। इस

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

ट्ठाणं होदि । एवं णेदव्वं जाव बादरेइंदियधुवट्ठिदिं जहण्णपरित्तासंखेज्जेण खंडेदूण एगखंडमेत्तेण वड्डिदूणच्छिदट्ठिदि' त्ति । पुणो एदस्सुवरि ट्ठिदिघादेण समउत्तरं वड्डिदे वि असंखेज्जभागवड्डी होदि ।

एदस्स छेदभागहारो । तं जहा— जहण्णपरित्तासंखेज्जं विरलेदूण बादरेइंदिय-धुवट्ठिदिं समखंडं कादूण दिण्णे विरलणरूवं पडि जहण्णपरित्तासंखेज्जेण खंडिदेगखंड-मागच्छदि । पुणो एदं समयाहियमिच्छामो त्ति एत्थ एगरूवधरिदं हेट्ठा विरलिय तं चेव समखंडं कादूण दिण्णे एगरूवस्स वड्डिपमाणं पावदि । पुणो एदं उवरि दादूण समकरणं करिय रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणाए किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिय लद्धमेगरूवस्स असंखेज्जदिभागमुवरिमविरलणाए

(अच्छेदनस्य राशेः रूपं छेदं वदन्ति गणितज्ञाः ।
अंशाभावे नाशं छेदस्याहुस्तदन्वेव ॥ ५ ॥)

प्रकार बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिको जघन्य परीतासंख्यातसे खण्डित करके एक खण्ड मात्रसे वृद्धिगत होकर स्थितिके स्थित होने तक ले जाना चाहिये । पश्चात् इसके ऊपर स्थितिघातसे उत्तरोत्तर एक एक समय बढ़नेपर भी असंख्यातभागवृद्धि होती है ।

इसके छेदभागहारको कहते हैं । यथा— जघन्य परीतासंख्यातका विरलन करके ऊपर बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिको समखण्ड करके देनेपर एक एक विरलन अंकके प्रति जघन्य परीतासंख्यातसे खण्डित करनेपर एक खण्ड प्राप्त होता है । फिर चूंकि इसे एक समय अधिक चाहते हैं, अतः एक अंकके प्रति प्राप्त राशिका नीचे विरलन करके ऊपर उसको ही समखण्ड करके देनेपर एक रूपका वृद्धिप्रमाण प्राप्त होता है । फिर इसको ऊपर देकर समकरण करके एक अधिक नीचेके विरलन प्रमाण स्थान जाकर उसको ही समखण्ड करके देने-पर एक रूपका वृद्धिप्रमाण प्राप्त होता है । इसको ऊपर देकर समकरण करके एक अधिक नीचेकी विरलन राशिके बराबर स्थान जाकर यदि एक रूपकी हानि प्राप्त होती है तो उपरिम विरलनके बराबर स्थान जाकर कितनी हानि प्राप्त होगी, इस प्रकार फल राशिसे गुणित इच्छा राशिमें प्रमाण राशिका भाग देनेपर जो एक रूपका असंख्यातवां भाग प्राप्त होता है उसको ऊपरकी विरलन राशिमेंसे—

जब राशिमें कोई छेद नहीं होता तब गणितज्ञ उसका छेद एक मान लेते हैं (जैसे $२ = \frac{२}{१}$) । और जब अंशका अभाव हो जाता है तब छेदोंका भी नाश समझना चाहिये ($\frac{६}{२०} - \frac{६}{२०} = \frac{६-६}{२०} = \frac{०}{२०} = ०$) ॥ ५ ॥

---

२ अ-काप्रत्योः 'ट्ठिदीट्ठिदि' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एदेण लक्खणेण सरिसछेदं कादूण सोहिदे सुद्धसेसमुक्कस्ससंखेज्जमेगरूवस्स असं-खेज्जा भागा च भागहारो होदि । एदेण बादरधुवट्ठिदीए ओवट्टिदाए इच्छिदट्ठाणस्स वड्ढिसमया आगच्छंति । पुणो ट्ठिदिघादेण दुसमउत्तरं ट्ठिदिं धरेदूण ट्ठिदस्स वि असंखेज्ज-भागवड्डीए अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । एत्थ वि छेदभागहारो चेव । तिसमउत्तरं धरेदूण ट्ठिदस्स असंखेज्जभागवड्डीए अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । एवं ताव छेदभागहारो होदूण गच्छदि जाव बादरेइंदियधुवट्ठिदिं जहण्णपरित्तासंखेज्जेण खंडेदूण तत्थ एगखंडस्सुवरि तं चेव उक्कस्ससंखेज्जेण खंडेदूण तत्थ एगखंडं रूऊणं वड्डिदं त्ति । पुणो संपुण्णं वड्डिदे समभागहारो होदि । कुदो ? उक्कस्ससंखेज्जेण रूवाहिएण जहण्णपरित्तासंखेज्जे भागे हिदे उवरिमविरलणाए अवणेदुमेगरूवुवलंभादो । एत्थ संखेज्जभागवड्डीए आदी असंखेज्ज-भागवड्डीए परिसमत्ती च जादा ।

पुणो एदस्सुवरि अण्णो जीवो ट्ठिदिघादं करेमाणो समउत्तरट्ठिदिं धरेदूण ट्ठिदो । एत्थ वि संखेज्जभागवड्डी चेव । एदिस्से वड्डीए छेदभागहारो होदि । तं जहा— उवरि-मेगरूवधरिदं हेट्ठा विरलेदूण तं चेव समखंडं कादूण दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स एगेगो समओ पावदि । पुणो एदं उवरिमरूवधरिदेसु पक्खिविय समकरणे कीरमाणे परिहीण-

इस नियमके अनुसार समखण्ड करके घटा देनेपर अवशिष्ट उत्कृष्ट संख्यात व एक रूपका असंख्यात बहुभाग भागहार होता है । इसका बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थिति-में भाग देनेपर अभीष्ट स्थानके वृद्धिगत समय प्राप्त होते हैं । फिर स्थितिघातसे उत्तरोत्तर दो समयोंकी अधिकताको प्राप्त स्थितिको ग्रहणकर स्थित हुए जीवके भी असंख्यातभागवृद्धिका अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है । यहां भी छेदभागहार ही होता है । तीन तीन समय अधिक स्थितिको ग्रहणकर स्थित जीवके असंख्यात भाग-वृद्धिका अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है । इस प्रकार तब तक छेदभागहार होकर जाता है जब तक कि बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिको जघन्य परीतासंख्यातसे खण्डित कर उसमेंसे एक खण्डके ऊपर उसको ही उत्कृष्ट संख्यातसे खण्डित करके उस-मेंसे एक अंक कम एक खण्डकी वृद्धि नहीं हो जाती । तत्पश्चात् पूरे खण्ड प्रमाण वृद्धि हो जानेपर समभागहार होता है, क्योंकि, जघन्य परीतासंख्यातमें एक अधिक उत्कृष्ट संख्यातका भाग देनेपर ऊपरकी विरलन राशिमेंसे कम करनेके लिये एक रूप उपलब्ध होता है । अब यहां संख्यातभागवृद्धिका प्रारम्भ और असंख्यातभागवृद्धिकी समाप्ति हो जाती है ।

इसके ऊपर अन्य जीव स्थितिघातको करता हुआ एक-एक समय अधिक स्थितिको लेकर स्थित हुआ । यहां भी संख्यातभागवृद्धि ही होती है । इस वृद्धिका छेदभागहार होता है । यथा— ऊपरके एक एक अंकके ऊपर स्थित राशिका नीचे विरलन करके ऊपर उसको ही समखण्ड करके देनेपर हर एक अंकके प्रति एक एक समय प्राप्त होता है । फिर इसको ऊपरके अंकोंपर स्थित राशियोंमें मिलाकर

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

रूवाणं पमाणं उच्चदे— रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणम्मि किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए एगरूवस्स असंखेज्जदिभागो आगच्छदि। एदमुक्कस्ससंखेज्जम्मि सोहिदे एगरूवस्स असंखेज्जा भागा रूवूणुक्कस्ससंखेज्जं च भागहारो होदि। पुणो दुसमउत्तरं वड्डिदे संखेज्जभागवड्डिट्ठाणं होदि। एदस्स वि छेदभागहारो। तिसमउत्तरं वड्डिदे वि संखेज्ज-भागवड्डी चेव। एवं ताव छेदभागहारो होदूण गच्छदि जाव बादरेइंदियधुवट्ठिदिं उक्कस्ससंखेज्जेण खंडेदूण पुणो तत्थेगखंडं रूवूणुक्कस्ससंखेज्जेण खंडेदूण तत्थेगखंडं रूवूणं वड्डिदं ति। संपुण्णं वड्डिदे समभागहारो होदि। तं च कधं ? रूवूणुक्कस्ससंखेज्जं विरलेदूण उवरिमेगरूवधरिदं समखंडं कादूण दिण्णे वड्डिपमाणं होदि। एदमुवरिमरूव-धरिदेसु दादूण समकरणे कीरमाणे रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण एगरूवपरिहाणी होदि त्ति रूवाहियहेट्ठिमविरलणाए उवरिमविरलणाए ओवट्टिदाए एगरूवमागच्छदि। तम्मि उवरिमविरलणाए सोहिदे रूवूणुक्कस्ससंखेज्जं भागहारो होदि। पुणो एदेण

....

समकरण करते हुए हीन रूपोंके प्रमाणको कहते हैं— एक अधिक नीचेकी विरलन राशि प्रमाण अध्वान जाकर यदि एक रूपकी हानि पायी जाती है तो ऊपरकी विरलन राशिमें वह कितनी प्राप्त होगी, इस प्रकार फलगुणित इच्छा राशिमें प्रमाण राशिका भाग देनेपर एक रूपका असंख्यातवां भाग प्राप्त होता है। इसको उत्कृष्ट संख्यातमेंसे कम करनेपर शेष एक रूपका असंख्यात बहुभाग और एक कम उत्कृष्ट संख्यात भागहार होता है। आगे दो-दो समय बढ़नेपर संख्यातभाग-वृद्धिका स्थान होता है। इसका भी छेदभागहार है। तीन-तीन समय बढ़नेपर भी संख्यातभागवृद्धि ही होती है। इस प्रकार तब तक छेदभागहार होकर जाता है जब तक कि बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिको उत्कृष्ट संख्यातसे खण्डित करके फिर उसमेंसे एक खण्डको एक कम उत्कृष्ट संख्यातसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक कम एक खण्ड प्रमाण वृद्धि नहीं हो जाती। सम्पूर्ण खण्ड प्रमाण वृद्धि हो चुकनेपर समभागहार होता है।

शंका— वह कैसे ?

समाधान— एक कम उत्कृष्ट संख्यातका विरलन कर उपरिम विरलनके एक रूपपर रखी हुई राशिको समखण्ड करके देनेपर वृद्धिका प्रमाण होता है। इसको उपरिम रूपोंपर रखी हुई राशियोंके ऊपर देकर समकरण करते हुए एक अधिक नीचेकी विरलनराशि प्रमाण अध्वान जाकर चूंकि एक अंककी हानि होती है, अतः एक अधिक नीचेकी विरलन राशिका ऊपरकी विरलन राशिमें भाग देनेपर एक अंक आता है। उसको उपरिम विरलन राशिमेंसे कम करनेपर एक कम उत्कृष्ट संख्यात भागहार होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बादरधुवट्ठिदीए ओवट्टिदाए संखेज्जभागवड्डिसमया लब्भंति । एवं छेदभागहार-समभागहारेहि ट्ठिदिघादमस्सिदूण णेदव्वं जाव धुवट्ठिदिभागहारो दोरूवपमाणो पत्तो त्ति ।

पुणो अण्णो जीवो ट्ठिदिघादं करेमाणो समउत्तराए ट्ठिदीए आगदो । तमण्णं संखेज्जभागवड्डिट्ठाणं होदि । पुणो एदस्स छेदभागहारो । तं जहा— उवरिमएगरूवधरिदं विरलेदूण तं चेव समखंडं कादूण दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स एगेगसमयपमाणं पावदि । पुणो एत्थ एगरूवधरिदं घेत्तूण उवरिमएगरूवधरिदम्मि दादूण समकरणे कीरमाणे रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण एगरूवपरिहाणी होदि त्ति रूवाहियहेट्ठिमविरलणाए उवरिमविरलणाए ओवट्टिदाए एगरूवस्स असंखेज्जदिभागो आगच्छदि । एदं सरिसछेदं कादूण दोरूवेसु सोहिदे एगरूवस्स असंखेज्जा भागा सगलमेगरूवं च भागहारो होदि । पुणो एदेण बादरधुवट्ठिदिमोवट्टिय लद्धमेत्ते वड्डाविदे अण्णमपुणरुत्तं संखेज्जभागवड्डिट्ठाणं होदि । पुणो दुसमउत्तरं वड्डिदे वि संखेज्जभागवड्डिट्ठाणं होदि । एदस्स वि छेदभागहारो होदि । एदेण कमेण छेदभागहारो ताव गच्छदि जाव बादरधुवट्ठिदिं दोहि रूवेहि खंडेदूण पुणो तत्थ एगखंडं रूऊणं दोहि रूवेहि अवहिरिय

फिर इसका बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिमें भाग देनेपर संख्यातभागवृद्धिके समय प्राप्त होते हैं । इस प्रकार छेदभागहार और समभागहारके द्वारा स्थितिघातका आश्रय करके ध्रुवस्थितिभागहारके दो अंक प्रमाण प्राप्त होने तक ले जाना चाहिये ।

पुनः दूसरा जीव स्थितिघातको करता हुआ उत्तरोत्तर एक-एक समय अधिक स्थितिके साथ आया । वह संख्यातभागवृद्धिका अन्य स्थान होता है । अब इसके छेदभागहारको कहते हैं । यथा— ऊपरके एक अंकके प्रति प्राप्त राशिका विरलन करके उसे ही समखण्ड करके देनेपर एक एक अंकके प्रति एक एक समय प्रमाण प्राप्त होता है । फिर इसमेंसे एक अंकके ऊपर रखी हुई राशिको ग्रहण कर उसे उपरिम एक अंकके प्रति प्राप्त राशिमें देकर समकरण करते हुए एक अधिक अधस्तन विरलन प्रमाण स्थान जाकर चूंकि एक रूपकी हानि होती है, अतः एक अधिक अधस्तन विरलनका उपरिम विरलनमें भाग देनेपर एक रूपका असंख्यातवां भाग प्राप्त होता है । इसको समानखण्ड करके दो रूपोंमेंसे घटा देनेपर एक रूपका असंख्यात बहुभाग और एक पूर्ण रूप भागहार होता है । फिर इससे बादर ध्रुवस्थितिको अपवर्तित करनेपर जो लब्ध हो उतना बढ़ानेपर संख्यातभागवृद्धिका अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है । पुनः दो दो समय अधिक बढ़नेपर भी संख्यातभागवृद्धिका स्थान होता है । इसका भी छेदभागहार होता है । इस क्रमसे छेदभागहार तब तक जाता है जब तक बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिको दो रूपोंसे खण्डित करके उसमेंसे एक खण्डको एक कम करके पुनः दो रूपोंसे खण्डित करनेपर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लद्धरूवूणमेत्तं वड्डिदं त्ति । संपुण्णे वड्डिदे समभागहारो होदि । तं जहा— एगरूवं विरलेदूण उवरिमेगरूवधरिदं दादूण समकरणं करिय रूवाहियहेट्ठिमविरलणाए उवरिमविरलणाए ओवट्टिदाए एगरूवमागच्छदि । तम्मि दोसु रूवेसु सोहिदे एगरूवं भागहारो होदि । एदेणोवट्टिदबादरधुवट्ठिदीए बादरधुवट्ठिदीएं उवरि[2] पक्खित्ताए संखेज्जगुणवड्ढीए आदी होदि, दोरूवेहि बादरधुवट्ठिदीए गुणिदाए उप्पण्णत्तादो । एदस्सुवरि समउत्तरं वड्डिदे छेदगुणगारो होदि । दोण्णं रूवाणं उवरि एगरूववड्ढिणिमित्तपक्खेवो उच्चदे । तं जहा— धुवट्ठिदीए वड्डमाणाए जदि एगरूवगुणगारो लब्भदि तो एगसमयस्स किं लभामो त्ति धुवट्ठिदीए एगरूवे ओवट्टिदे पक्खेवपमाणं होदि ।

एत्थ धुवट्ठिदि त्ति संदिट्ठीए चत्तारि | ४ | रूवाणि । एदस्स गुणगारो एत्तिओ होदि $\frac{९}{४}$ । पुणो एदेण बादरधुवट्ठिदीए गुणिदाए रूवाहियदुगुणवड्ढिट्ठाणं होदि | ९ | । पुणो दुसमउत्तरं वड्डिदे वि छेदगुणगारो होदि । एत्थ पुव्वं व तेरासियकमेण छेदगुणगारो साहेयव्वो । तस्स पमाणमेदं $\frac{५}{२}$ । एदेण बादरधुवट्ठिदीए गुणिदाए दुसमउत्तरदुगुणवड्ढी

जो प्राप्त हो उसमेंसे एक कम करनेपर प्राप्त राशि प्रमाण वृद्धि नहीं हो जाती। पूर्ण लब्ध प्रमाण वृद्धिके होनेपर समभागहार होता है। यथा—

एक रूपका विरलन करके ऊपर उपरिम एक अंकके प्रति प्राप्त राशिको देकर समकरण करके एक अधिक अधस्तन विरलनका उपरिम विरलनमें भाग देनेपर एक रूप प्राप्त होता है। उसको दो रूपोंमेंसे कम कर देनेपर एक रूप भागहार होता है। इससे अपवर्तित बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिको उसकी ध्रुवस्थितिके ऊपर प्रक्षिप्त करनेपर संख्यातगुणवृद्धिका प्रारम्भ होता है, क्योंकि, वह बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थितिको दो अंकोंसे गुणित करनेपर उत्पन्न हुई है। इसके ऊपर उत्तरोत्तर एक एक समयकी वृद्धि होनेपर छेदगुणकार होता है। अब दो रूपोंके ऊपर वृद्धिके निमित्तभूत प्रक्षेपको कहते हैं। यथा— ध्रुवस्थिति प्रमाण वृद्धिके होनेपर यदि एक रूप गुणकार प्राप्त होता है तो एक समयकी वृद्धिमें क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार ध्रुवस्थितिसे एक रूपको अपवर्तित करनेपर प्रक्षेपका प्रमाण होता है।

यहां संदृष्टिमें ध्रुवस्थितिके लिये ४ अंक है। इसका गुणकार इतना ($\frac{९}{४}$) है। इससे बादर ध्रुवस्थितिको गुणित करनेपर एक अधिक दूनी वृद्धिका स्थान होता है— $४ \times \frac{९}{४} = ९ = ४ \times २ + १$। दो समय अधिक वृद्धिके होनेपर भी छेदगुणकार होता है। यहां पहिलेके समान ही त्रैराशिक क्रमसे छेदगुणकारको सिद्ध करना चाहिये। उसका प्रमाण यह है— $\frac{५}{२}$। इससे बादर ध्रुवस्थितिको गुणित करनेपर दो समय अधिक

१ अप्रतौ 'बादरअद्धुवट्ठिदीए' इति पाठः । २ प्रतिषु 'उवरिम' इति पाठः ।

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

होदि |१०|। एदेण कमेण छेदगुणगारो होदूण ताव गच्छदि जाव अण्णेगं[1]रूवूणधुवट्ठिदिमेत्तं वड्ढिदे त्ति। पुणो संपुण्णधुवट्ठिदीए वड्ढिदाए तिगुणवड्ढी होदि, बादरधुवट्ठिदिमेत्तसमयाणं जदि एगा गुणगारसलागा लब्भदि तो बादरधुवट्ठिदीए किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए एगगुणगारसलागुवलंभादो। पुणो एदं सलागं दोसु रूवेसु पक्खिविय बादरधुवट्ठिदीए गुणिदाए तिगुणवड्ढिट्ठाणं होदि। तस्स पमाणमेदं |१२|। पुणो एदस्सुवरि समउत्तरं वड्ढिदे छेदगुणगारो होदि। तं जहा— धुवट्ठिदिमेत्तसमयाणं जदि एगरूवं गुणगारो लब्भदि तो एगसमयस्स किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए एगरूवस्स असंखेज्जदिभागो आगच्छदि $\left|\frac{१}{४}\right|$। एदम्मि तिसु रूवेसु पक्खित्ते एत्तियं होदि $\left|\frac{१३}{४}\right|$। एदेण बादरधुवट्ठिदीए गुणिदाए समयाहियतिगुणवड्ढिट्ठाणं होदि |१३|। पुणो दुसमउत्तरं वड्ढिदे छेदगुणगारो होदि। एत्थ गुणगारे उप्पाइज्जमाणे पुव्विल्लमंसं दुगुणिय तिसु रूवेसु पक्खेवो कायव्वो। $\frac{१}{४}$। २। तिसमयउत्तरं वड्ढिदे छेदगुणगारो होदि। एत्थ पुव्वु-

---

दुगुणी वृद्धि होती है— $४ \times \frac{५}{२} = १० = ४ \times २ + २$। इस क्रमसे छेदगुणकार होकर तब तक जाता है जब तक कि अन्य एक अंकसे कम ध्रुवस्थिति प्रमाण वृद्धि नहीं हो जाती। पश्चात् सम्पूर्ण ध्रुवस्थिति प्रमाण वृद्धिके हो जानेपर तिगुणी वृद्धि होती है। कारण यह है कि बादर एकेन्द्रियकी ध्रुवस्थिति प्रमाण समयोंके यदि एक गुणकारशलाका पायी जाती है तो बादर ध्रुवस्थितिमें कितनी गुणकारशलाकायें प्राप्त होंगीं, इस प्रकार फलगुणित इच्छामें प्रमाण राशिका भाग देनेपर एक गुणकारशलाका पायी जाती है। इस शलाकाको दो रूपोंमें मिलाकर उससे बादर ध्रुवस्थितिको गुणित करनेपर तिगुणी वृद्धि होती है। उसका प्रमाण यह है— $(२ + १) \times ४ = १२$। इसके ऊपर एक समय अधिक बढ़नेपर छेदगुणकार होता है। यथा— ध्रुवस्थिति प्रमाण समयोंका यदि एक अंक गुणकार प्राप्त होता है तो एक समयका कितना गुणकार प्राप्त होगा, इस प्रकार फलगुणित इच्छामें प्रमाण राशिका भाग देनेपर एक रूपका असंख्यातवां भाग आता है— $\frac{१\times१}{४} = \frac{१}{४}$। इसको तीन रूपोंमें मिलानेपर इतना होता है— $३ + \frac{१}{४} = \frac{१३}{४}$। इसके द्वारा बादर ध्रुवस्थितिको गुणित करनेपर एक समय अधिक तिगुणी वृद्धिका स्थान होता है— $४ \times \frac{१३}{४} = १३ = ४ \times ३ + १$। पश्चात् दो समय अधिक वृद्धिके होनेपर छेदगुणकार होता है। यहां गुणकारको उत्पन्न कराते समय पूर्वके अंशको दुगुणित कर उसे तीन रूपोंमें मिलाना चाहिये। $\frac{१}{४} \times २$। तीन समय अधिक बढ़नेपर छेदगुणकार होता है। यहां पूर्वके अंशको तीनसे गुणित

---

१ प्रतिषु 'अण्णेगं' इति पाठः।

क. ११–१७.

पंसो तिगुणेदव्वो । $\frac{१}{४}$ । ३ । एदं गुणगारो होदूण ताव गच्छदि जाव पुव्विल्लंसो रूवूणधुवट्ठिदीए गुणेदूण तिसु रूवेसु पक्खित्तो त्ति । पुणो एत्थ वि पुव्विल्लंसं पुण्णधुवट्ठिदीए गुणिय तिसु रूवेसु पक्खित्ते चत्तारिगुणगाररूवाणि होंति । तेहि धुवट्ठिदीए गुणिदाए चदुगुणवड्ढी होदि । १६ । एवं छेद-समगुणगारकमेण बंध-संते अस्सिदूण णेदव्वं जाव सण्णिपंचिंदियधुवट्ठिदि त्ति । तिस्से पमाणं संदिट्ठीए अट्ठावीस । २८ । पुणो एदिस्से उवरि समउत्तरं पबद्धे अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । एदस्स गुणगारपमाणमेदं | ७ $\frac{१}{४}$ | । एदेण धुवट्ठिदीए गुणिदाए सण्णिपंचिंदियस्स समयाहियधुवट्ठिदिट्ठाणं होदि | २९ | । एवं छेद-समगुणगारसरूवेण णेदव्वं जाव बादरधुवट्ठिदीए उक्कस्सगुणगारसलागाओ रूवूणाओ पविट्ठाओ त्ति । एदमण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । २२८ । पुणो एदिस्से उवरि समउत्तरं वड्ढिदूण बद्धे[1] अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि । एदस्स छेदगुणगारो । तं जहा— बादरधुवट्ठिदिमेत्तसमएसु वड्ढिदेसु जदि एगा गुणगारसलागा लब्भदि तो एगसमए वड्ढिदे किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छमोवट्टिय लद्धे

करना चाहिये $\frac{१}{४}$ × ३। इस प्रकार छेदगुणकार होकर तब तक जाता है जब तक कि पूर्वका अंश एक कम ध्रुवस्थितिसे गुणित होकर तीन रूपोंमें प्रक्षिप्त नहीं हो जाता। फिर यहां भी पूर्वके अंशको पूर्ण ध्रुवस्थितिसे गुणित कर तीन रूपोंमें मिला देनेपर गुणकार चार अंक होते हैं। उससे ध्रुवस्थितिको गुणित करनेपर चौगुणी वृद्धि होती है—४ × ४ = १६। इस प्रकार छेदगुणकार और समगुणकारके क्रमसे बन्ध व सत्त्वका आश्रय करके संज्ञी पंचेन्द्रिय जीवकी ध्रुवस्थिति तक ले जाना चाहिये। उसका प्रमाण संदृष्टिमें अट्ठाईस २८ है। फिर इसके ऊपर एक समयकी वृद्धि होनेपर अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है। उसके गुणकारका प्रमाण यह है—७$\frac{१}{४}$। इससे ध्रुवस्थितिको गुणित करनेपर संज्ञी पंचेन्द्रिय जीवकी एक समयसे अधिक ध्रुवस्थितिका स्थान होता है — $\frac{४}{१} \times \frac{२९}{४}$ = २९। इस प्रकार छेदगुणकार और समगुणकार स्वरूपसे बादर ध्रुवस्थितिमें एक कम उत्कृष्ट गुणकारशलाकाओंके प्रविष्ट होने तक ले जाना चाहिये। यह अन्य अपुनरुक्तस्थान होता है २२८।

इसके ऊपर एक समय अधिक बढ़ करके बन्ध होनेपर अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है। इसका छेदगुणकार होता है। यथा— बादर ध्रुवस्थिति प्रमाण समयोंके बढ़नेपर यदि एक गुणकारशलाका प्राप्त होती है तो एक समयके बढ़नेपर कितनी गुणकारशलाकायें प्राप्त होंगी, इस प्रकार फलगुणित इच्छामें प्रमाण राशिका भाग

---

१ प्रतिषु ' लद्धे ', मप्रतौ ' बंधे ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुव्विल्लरूवेसु पक्खित्तेसु गुणगारो होदि त्ति $\left|\begin{matrix} ५७ \\ १ \\ ४ \end{matrix}\right|$। पुणो एदेण बादरधुवट्ठिदीए गुणिदाए संपहियट्ठाणं होदि [२२९]। दुसमउत्तरं वड्ढिदूण बद्धे अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। एत्थ पुव्वुत्तंसं दुगुणिय सगलरूवेसु पक्खेवो कायव्वो। $\frac{१ । २ ।}{४}$ एदम्मि पुव्विल्लरूवेसु पक्खित्ते एत्तियं होदि $\left|\begin{matrix} ५७ \\ १ \\ २ \end{matrix}\right|$। एदेण बादरधुवट्ठिदीए गुणिदाए दुसमउत्तरट्ठाणं होदि [२३०]। तिसमउत्तरं बंधिदूणागदस्स अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं होदि। पुव्वत्तंसं तिगुणिय $\left|\begin{matrix} १ । ३ \\ ४ \end{matrix}\right|$। पुव्वुत्तगुणगाररूवेहि सह मेलाविदे एत्तियं होदि $\left|\begin{matrix} ५७ \\ ३ \\ ४ \end{matrix}\right|$। पुणो एदेण बादरधुवट्ठिदीए गुणिदाए इच्छिदवड्ढिट्ठाणं होदि [२३१]। एवं छेदगुणगारो होदूण ताव गच्छदि जाव पुव्वुत्तंसस्स रूवूणबादरधुवट्ठिदी गुणगारो जादो त्ति। पुणो समउत्तरं वड्ढिदूण पबद्धे समगुणगारो होदि। तस्स पमाणमट्ठवंचास [५८]। पुणो एदेण बादरधुवट्ठिदीए गुणिदाए चरिमसंखेज्जगुणवड्ढिट्ठाणं होदि। तं च एदं [२३२]। एवं णाणावरणीयस्स तीहि वड्ढीहि अजहण्णपरूवणा बादरधुवट्ठिदिमस्सिदूण कदा। जहण्णट्ठिदिमस्सिदूण पुण

देनेपर जो लब्ध हो उसे पूर्व रूपोंमें मिलानेपर गुणकार होता है—$५७\frac{१}{४}$। इससे बादर ध्रुवस्थितिको गुणित करनेपर साम्प्रतिक स्थान होता है—$\frac{२२९}{४} \times \frac{४}{१} = २२९$। पश्चात् दो समय अधिक बढ़कर बन्ध होनेपर अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है। यहां पूर्वोक्त अंशको दुगुणित करके समस्त रूपोंमें मिलाना चाहिये—$\frac{१}{४} \times २ = \frac{१}{२}$। इसको पूर्व रूपोंमें मिलानेपर इतना होता है—$५७ + \frac{१}{२} = ५७\frac{१}{२}$। इससे बादर ध्रुवस्थितिको गुणित करनेपर दो समय अधिक वृद्धिका स्थान होता है—$\frac{११५}{२} \times \frac{४}{१} = २३०$। तीन समय अधिक बढ़कर आये हुए जीवके अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है। पूर्वोक्त अंशको तिगुणा करके ($\frac{१}{४} \times ३$) पूर्वोक्त गुणकार रूपोंके साथ मिलानेपर इतना होता है—$५७\frac{३}{४}$। इससे बादर ध्रुवस्थितिको गुणित करनेपर इच्छित वृद्धिस्थान होता है—$\frac{२३१}{४} \times \frac{४}{१} = २३१$। इस प्रकार पूर्वोक्त अंशका गुणकार एक कम ध्रुवस्थितिके होने तक छेदगुणकार होकर जाता है। पश्चात् एक समय अधिक बढ़कर बन्ध होनेपर समगुणकार होता है। उसका प्रमाण अट्ठावन ५८ है। इससे बादर ध्रुवस्थितिको गुणित करनेपर संख्यात गुणवृद्धिका अन्तिम स्थान होता है। वह यह है—$५८ \times ४ = २३२$। इस प्रकार बादर एकेन्द्रिय जीवकी ध्रुवस्थितिका आश्रय करके तीन वृद्धियोंके द्वारा ज्ञानावरणीयकी अजघन्य स्थितिके स्वामित्वकी प्ररूपणा की है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संखेज्जगुणवड्ढि-असंखेज्जगुणवड्ढि त्ति दो चेव वड्ढीओ होंति, ओघजहण्णट्ठिदिं पेक्खिदूण ओघुक्कस्सट्ठिदीए असंखेज्जगुणत्तुवलंभादो । एवं संखेज्जपलिदोवमेहि ऊण तीससागरोवम-[1] कोडाकोडिमेत्तअजहण्णट्ठाणवियप्पा णाणावरणीयस्स परूविदा । एत्थ जीवसमुदाहारपरूवणा जहा अणुक्कस्सट्ठाणेसु परूविदा तहा परूवेदव्वा ।

एवं दंसणावरणीय-अंतराइयाणं ॥ १७ ॥

जहा णाणावरणीयस्स जहण्णाजहण्णट्ठिदिसामित्तपरूवणा कदा तहा दंसणावरणीय-अंतराइयाणं पि कायव्वा, विसेसाभावादो ।

सामित्तेण जहण्णपदे वेयणीयवेयणा कालदो जहण्णिया कस्स ? ॥ १८ ॥

सुगममेदं ।

अण्णदरस्स चरिमसमयभवसिद्धियस्स तस्स वेयणीयवेयणा कालदो जहण्णा ॥ १९ ॥

परन्तु जघन्य स्थितिका आश्रय करके संख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणवृद्धि ये दो ही वृद्धियां होती हैं, क्योंकि, ओघजघन्य स्थितिकी अपेक्षा ओघउत्कृष्ट स्थिति असंख्यातगुणी पायी जाती है । इस प्रकार संख्यात पल्योपमोंसे हीन तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम मात्र ज्ञानावरणीयके अजघन्य स्थानभेदोंकी प्ररूपणा की है । यहां जीवसमुदाहारकी प्ररूपणा जैसे अनुत्कृष्ट स्थानोंमें की गई है वैसे ही करनी चाहिये ।

इसी प्रकार दर्शनावरणीय एवं अन्तराय कर्मोंकी जघन्य व अजघन्य स्थितिके स्वामित्वकी प्ररूपणा करना चाहिये ॥ १७ ॥

जैसे ज्ञानावरणीय कर्मकी जघन्य व अजघन्य स्थितिके स्वामित्वकी प्ररूपणा की है वैसे ही दर्शनावरणीय और अन्तराय की भी करना चाहिये, क्योंकि, उसमें कोई विशेषता नहीं है ।

स्वामित्वसे जघन्य पदमें वेदनीय कर्मकी वेदना कालकी अपेक्षा जघन्य किसके होती है ? । १८ ॥

यह सूत्र सुगम है ।

जो कोई जीव भव्यसिद्धिककालके अन्तिम समयमें स्थित है उसके वेदनीयकी वेदना कालकी अपेक्षा जघन्य होती है ॥ १९ ॥

---

१ अ-आ-काप्रतिषु '-सागरोवमाणि ' इति पाठः ।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

ओगाहण-संठाणादीहि विसेसो णत्थि त्ति अण्णदरस्से त्ति उत्तं। भवसिद्धिओ णाम अजोगिभडारओ। तस्स चरिमसमए एगा ट्ठिदी एगसमयकाला होदि त्ति भवसिद्धिय-चरिमसमए जहण्णसामित्तं उत्तं। दुचरिमादिसमएसु जहण्णसामित्तं किण्ण भण्णदे? ण, तत्थ वेयणीयस्स एगसमयट्ठिदीए अणुवलंभादो।

तव्वदिरित्तमजहण्णा ॥ २० ॥

तदो जहण्णादो वदिरित्तं तव्वदिरित्तं, सा अजहण्णा ट्ठिदिवेयणा होदि। एत्थ जहा णाणावरणीयस्स अजहण्णट्ठाणपरूवणा कदा तहा कायव्वा। णवरि अजोगिचरिम-समयादो ताव णिरंतरट्ठाणपरूवणा कायव्वा जाव अजोगिपढमसमओ त्ति। पुणो सजोगि-चरिमसमए ट्ठिदस्स सांतरमजहण्णट्ठाणं होदि। कुदो? तत्थ चरिमफालीए अंतोमुहुत्तमेत्तीए दंसणादो। पुणो हेट्ठा रूवूणुक्कीरणद्धामेत्तणिरंतरट्ठाणेसु उप्पण्णेसु सइं सांतरट्ठाणमुप्प-ज्जदि, तत्थंतोमुहुत्तट्ठाणंतरदंसणादो। एवं णेदव्वं जाव लोगपूरणं करिय ट्ठिदसजोगि-केवलि त्ति। तदो पदरगदकेवलिम्हि अण्णमपुणरुत्तसांतरट्ठाणं। कुदो? लोगपूरणगद-केवलिट्ठिदिसंतादो पदरगदकेवलिट्ठिदिसंतस्स असंखेज्जगुणत्तुवलंभादो। तदो कवाडगद-

---

अवगाहना व संस्थान आदिकोंसे कोई विशेषता नहीं होती, यह जतलानेके लिये सूत्रमें 'अन्यतर' पदका प्रयोग किया है। भव्यसिद्धिकसे अयोगकेवली भट्टारक विवक्षित हैं। उनके अन्तिम समयमें चूंकि एक समय कालवाली एक स्थिति होती है, अतः भव्यसिद्धिकके अन्तिम समयमें जघन्य स्वामित्व बतलाया गया है।

शंका— अयोगकेवलीके द्विचरमादिक समयोंमें जघन्य स्वामित्व क्यों नहीं बतलाया जाता है?

समाधान— नहीं, क्योंकि, उक्त समयोंमें वेदनीयकी एक समयवाली स्थिति नहीं पायी जाती।

उससे भिन्न अजघन्य स्थितिवेदना होती है ॥ २० ॥

उससे अर्थात् जघन्य स्थितिवेदनासे जो भिन्न वेदना है वह अजघन्य स्थिति-वेदना है। यहां जैसे ज्ञानावरणीयके अजघन्य स्थानोंकी प्ररूपणा की गई है वैसे ही वेदनीयके भी करना चाहिये। विशेष इतना है कि अयोगकेवलीके अन्तिम समयसे लेकर अयोगकेवलीके प्रथम समय तक निरन्तर स्थानोंकी प्ररूपणा करना चाहिये। फिर सयोगकेवली गुणस्थानके अन्तिम समयमें स्थित जीवके सान्तर अजघन्य स्थान होता है, क्योंकि, वहां अन्तिम फालि अन्तर्मुहूर्त प्रमाण देखी जाती है। पुनः नीचे एक कम उत्कीरणकाल प्रमाण निरन्तर स्थानोंके उत्पन्न होनेपर एक बार सान्तर स्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि, वहां अन्तर्मुहूर्त स्थानान्तर देखा जाता है। इस प्रकार लोकपूरण समुद्घातको करके स्थित सयोगकेवली तक ले जाना चाहिये। पश्चात् प्रतरसमुद्घातगत केवलीमें अन्य अपुनरुक्त सान्तर स्थान होता है, क्योंकि, लोकपूरण समुद्घातगत केवलीके स्थितिसत्त्वसे प्रतरसमुद्घात-गत केवलीका स्थितिसत्त्व असंख्यातगुणा पाया जाता है। पश्चात् कपाटसमुद्घातगत

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

केवलिम्हि अण्णं सांतरमपुणरुत्तट्ठाणं, पदरगदकेवलिट्ठिदिसंतादो कवाडगदकेवलिट्ठिदिसंतस्स असंखेज्जगुणत्तुवलंभादो। तदो दंडगदकेवलिम्हि सांतरमण्णमपुणरुत्तट्ठाणं, कवाडगदकेवलिट्ठिदिसंतादो दंडगदकेवलिट्ठिदिसंतस्स असंखेज्जगुणत्तुवलंभादो। दंडाहिमुहकेवलिम्हि अण्णं सांतरमपुणरुत्तट्ठाणं, दंडगदकेवलिट्ठिदिसंतादो एदम्हि असंखेज्जगुणट्ठिदिसंतदंसणादो। एत्तो प्पहुडि हेट्ठा णिरंतरट्ठाणाणि ताव उप्पज्जंति जाव खीणकसायचरिमसमओ त्ति। कुदो? एत्थंतरे ट्ठिदिकंदयाभावादो। एत्तो हेट्ठा णिरंतर-सांतरकमेण णाणावरणीयविहाणेण अजहण्णट्ठाणपरूवणा कायव्वा, विसेसाभावादो।

एवं आउअ-णामागोदाणं ॥ २१ ॥

जहा वेयणीयस्स जहण्णाजहण्णसामित्तपरूवणा कदा तहा एदेसिं पि जहण्णाजहण्णसामित्तं वत्तव्वं, विसेसाभावादो। णवरि आउअस्स अजहण्णसामित्तपरूवणम्मि जो विसेसो तं वत्तइस्सामो। तं जहा— भवसिद्धियदुचरिमसमए एगमजहण्णट्ठाणं। पुणो तिचरिमसमए बिदियमजहण्णट्ठाणं। पुणो चदुचरिमसमए तदियमजहण्णट्ठाणं। एत्थ

केवलीमें अन्य सान्तर अपुनरुक्त स्थान होता है, क्योंकि, प्रतरगत केवलीके स्थितिसत्त्वसे कपाटगत केवलीका स्थितिसत्त्व असंख्यातगुणा पाया जाता है। पश्चात् दण्डसमुद्घातगत केवलीमें अन्य सान्तर अपुनरुक्त स्थान होता है, क्योंकि, कपाटसमुद्घातगत केवलीके स्थितिसत्त्वसे दण्डसमुद्घातगत केवलीका स्थितिसत्त्व असंख्यातगुणा पाया जाता है। दण्डसमुद्घातके अभिमुख हुए केवलीमें अन्य सान्तर अपुनरुक्त स्थान होता है, क्योंकि, दण्डसमुद्घातगत केवलीके स्थितिसत्त्वसे उसके अभिमुख हुए केवलीमें असंख्यातगुणा स्थितिसत्त्व देखा जाता है। यहांसे लेकर नीचे क्षीणकषायके अन्तिम समय तक निरन्तर स्थान उत्पन्न होते हैं, क्योंकि, इस बीचमें स्थितिकाण्डकका अभाव है। इसके नीचे निरन्तर और सान्तर क्रमसे ज्ञानावरणीयके विधानके अनुसार अजघन्य स्थानोंकी प्ररूपणा करना चाहिये, क्योंकि, उनमें कोई विशेषता नहीं है।

इसी प्रकार आयु, नाम और गोत्र कर्मोंके जघन्य एवं अजघन्य स्वामित्वकी प्ररूपणा है ॥ २१ ॥

जैसे वेदनीय कर्मके जघन्य व अजघन्य स्वामित्वकी प्ररूपणा की गई है वैसे ही इन तीनों कर्मोंके जघन्य व अजघन्य स्वामित्वकी प्ररूपणा करना चाहिये, क्योंकि, उसमें कोई विशेषता नहीं है। विशेष इतना है कि आयु कर्मके अजघन्य स्वामित्वकी प्ररूपणामें जो कुछ विशेषता है उसे कहते हैं। यथा— भव्यसिद्धिक रहनेके द्विचरम समयमें एक अजघन्य स्थान होता है। पश्चात् त्रिचरम समयमें द्वितीय अजघन्य स्थान होता है। चतुश्चरम समयमें तृतीय अजघन्य स्थान होता है। यहां दुगुणी वृद्धि

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

दुगुणवड्ढी होदि । एत्तो प्पहुडि संखेज्जगुणवड्ढी होदूण ताव गच्छदि जाव उक्कस्स-संखेज्जगुणगारसरूवेण दोण्णं समयाणं पविट्ठं ति । पुणो एदस्सुवरि एगसमए वड्ढिदे संखेज्जगुणवड्ढी चेव, अद्धरूवेणब्भहियउक्कस्ससंखेज्जमेत्तगुणगारुवलंभादो । पुणो तदणंतरहेट्ठिमसमयम्मि असंखेज्जगुणवड्ढी होदि, तत्थ दोण्णं समयाणं जहण्णपरित्तासंखेज्ज-गुणगारुवलंभादो । एत्तो प्पहुडि असंखेज्जगुणवड्ढीए ताव ओदारेदव्वं जाव समयाहिय-छम्मासो त्ति । पुणो एदेणाउएण सरिसं आउअबंधेण विणा ट्ठिदसव्वट्ठसिद्धिदेवाउअं तेत्तीससागरोवमाणि समयाहियछम्मासूणाणि गालिय ट्ठिदं होदि । पुव्विल्लं मोत्तूण इमं घेत्तूण समउत्तरादिकमेण णिरंतरं वड्ढाविय णेयव्वं जाव सव्वट्ठसिद्धिसमुप्पण्णदेवपढमसमओ त्ति । पुणो तेत्तीसाउअं बंधिय चरिमसमयमणुस्सो होदूण ट्ठिदसंजदम्मि अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं । मणुसदुचरिमसमयट्ठिदसंजदम्मि अण्णमपुणरुत्तट्ठाणं । एवमसंखेज्जगुणवड्ढीए ताव ओदारेदव्वं जाव पुव्वकोडितिभागपढमसमयट्ठिदसंजदो त्ति । एत्थ जीवसमुदाहारो जाणिय वत्तव्वो ।

सामित्तेण जहण्णपदे मोहणीयवेयणा कालदो जहण्णिया कस्स ? ॥ २२ ॥

होती है । यहांसे संख्यातगुणवृद्धि प्रारम्भ होकर तब तक जाती है जब तक कि उत्कृष्ट संख्यात गुणकार स्वरूपसे दो समय प्रविष्ट नहीं हो जाते । पश्चात् इसके ऊपर एक समयकी वृद्धि होनेपर संख्यातगुणवृद्धि ही रहती है, क्योंकि, वहां अर्ध रूपसे अधिक उत्कृष्ट संख्यात प्रमाण गुणकार पाया जाता है । तत्पश्चात् उससे अनन्तर अधस्तन समयमें असंख्यातगु वृद्धि होती है, क्योंकि, वहां दो समयोंका जघन्य परीतासंख्यात गुणकार पाया जाता है । इसके आगे एक समय अधिक छह मास स्थिति तक असंख्यातगुणवृद्धिके द्वारा उतारना चाहिये । पश्चात् आयु-बन्धसे रहित होकर स्थित सर्वार्थसिद्धिस्थ देवकी एक समय अधिक छह मासोंसे कम तेतीस सागरोपम प्रमाण आयुको गलाकर स्थित हुए जीवकी आयु इस आयुके सदृश होती है । पूर्वोक्त जीवको छोड़कर और इसे ग्रहण करके एक एक समयकी अधिकताके क्रमसे निरन्तर बढ़ाकर सर्वार्थसिद्धिमें उत्पन्न हुए देवकी उत्पत्तिके प्रथम समय तक ले जाना चाहिये । पुनः तेतीस सागरोपम प्रमाण आयुको बांधकर मनुष्य भवके अन्तिम समयमें स्थित संयतके अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है । मनुष्य भवके द्विचरम समयमें स्थित संयतके अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है । इस प्रकार पूर्वकोटित्रिभागके प्रथम समयमें स्थित संयत तक असंख्यातगुणवृद्धिके द्वारा उतारना चाहिये । यहां जीवसमुदाहारको जानकर कहना चाहिये ।

स्वामित्वसे जघन्य पदमें मोहनीय कर्मकी वेदना कालकी अपेक्षा जघन्य किसके होती है ? ॥ २२ ॥

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

सुगममेदं ।

अण्णदरस्स खवगस्स चरिमसमयसकसाइयस्स मोहणीयवेयणा कालदो जहण्णा ॥ २३ ॥

उवसामगपडिसेहफलो खवगस्से त्ति णिद्देसो । खीणकसायादिपडिसेहफलो सकसाइयस्से त्ति णिद्देसो । दुचरिमादिसकसाइयपडिसेहट्ठं चरिमसमएण सकसाई[1] विसेसिदो । चरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स[2] मोहणीयवेयणा कालदो जहण्णिया होदि त्ति उत्तं होदि ।

तव्वदिरित्तमजहण्णा ॥ २४ ॥

एदस्सत्थो णाणावरणअजहण्णसुत्तस्सेव परूवेदव्वो । एवं सामित्तं सगंतोक्खित्तट्ठाण-संखा-जीवसमुदाहाराणिओगद्दारं समत्तं ।

अप्पाबहुए त्ति । तत्थ इमाणि तिण्णि अणिओगद्दाराणि—जहण्णपदे उक्कस्सपदे जहण्णुक्कस्सपदे ॥ २५ ॥

तिण्णि चेव अणिओगद्दाराणि एत्थ होंति त्ति कधं णव्वदे ? जहण्णुक्कस्सपदेसु एग-दुसंजोगेण तिण्णि भंगे मोत्तूण एत्तो अहियभंगुप्पत्तीए अणुवलंभादो ।

यह सूत्र सुगम है ?

जो कोई क्षपक सकषाय अवस्थाके अन्तिम समयमें स्थित है उसके मोहनीय कर्मकी वेदना कालकी अपेक्षा जघन्य होती है ॥ २३ ॥

सूत्रमें क्षपक पदके निर्देशका प्रयोजन उपशामकका प्रतिषेध करना है । सकषाय पदके निर्देशका फल क्षीणकषाय आदिकोंका प्रतिषेध करना है । द्विचरम सकषायी आदिकोंका प्रतिषेध करनेके लिये सकषायीको 'चरम समय' विशेषणसे विशेषित किया गया है । अभिप्राय यह कि सूक्ष्मसाम्परायिक गुणस्थानके अन्तिम समयमें स्थित जीवके मोहनीयकी वेदना कालकी अपेक्षा जघन्य होती है ।

उससे भिन्न अजघन्य वेदना होती है ॥ २४ ॥

इस सूत्रके अर्थकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके अजघन्य स्वामित्वकी प्ररूपणा करनेवाले सूत्रके समान करना चाहिये । इस प्रकार स्थान, संख्या एवं जीवसमुदाहारसे गर्भित स्वामित्व अनुयोगद्वार समाप्त हुआ ।

अब अल्पबहुत्व अनुयोगद्वारका अधिकार है । उसमें ये तीन अनुयोगद्वार हैं—जघन्य पदमें, उत्कृष्ट पदमें और जघन्य-उत्कृष्ट पदमें ॥ २५ ॥

शंका—इस अधिकारमें तीन ही अनुयोगद्वार हैं, यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—चूंकि जघन्य व उत्कृष्ट पदमें एक व दोके संयोगसे होनेवाले तीन भंगोंको छोड़कर इनसे अधिक भंगोंकी उत्पत्ति नहीं देखी जाती है, अतः इसीसे जाना जाता है कि उसमें तीन ही अनुयोगद्वार हैं ।

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'सकसाय' इति पाठः । २ ताप्रतौ 'चरिमसुहुम' इति पाठः ।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

जहण्णपदेण अट्ठण्णं पि कम्माणं वेयणाओ कालदो जहण्णियाओ तुल्लाओ ॥ २६ ॥

कुदो ? एगाए ट्ठिदीए एगसमयकालाए अट्ठण्णं पि कम्माणं जहण्णकालवेयणाए गहणादो । परमाणुभेदेण कालभेदो एत्थ किण्ण गहिदो ? ण, कालं मोत्तूण एत्थ पदेसाणं विवक्खाभावादो । समयभावेण एगत्तमावण्णसमयविसेसम्मि परमाणुपवेसादो वा । जेणेदाओ अट्ठ वि कालवेयणाओ तुल्लाओ तेण जहण्णपदप्पाबहुअं णत्थि त्ति भावत्थो ।

उक्कस्सपदेण सव्वत्थोवा आउअवेयणा कालदो उक्कस्सिया ॥ २७ ॥

पुव्वकोडितिभागाहियतेत्तीससागरोवमपमाणत्तादो ।

णामा-गोदवेयणाओ कालदो उक्कस्सियाओ दो वि तुल्लाओ संखेज्जगुणाओ ॥ २८ ॥

कुदो ? वीससागरोवमकोडाकोडिपमाणत्तादो । गुणगारो संखेज्जा समया । एग-

---

जघन्य पदकी अपेक्षा आठों ही कर्मोंकी कालसे जघन्य वेदनायें तुल्य हैं ॥ २६ ॥

कारण यह कि आठों ही कर्मोंकी एक एक समय कालवाली एक स्थितिको जघन्य कालवेदना ग्रहण किया गया है ।

शंका – परमाणुभेदसे यहां कालके भेदको क्यों नहीं ग्रहण किया गया है ?

समाधान — नहीं, क्योंकि कालको छोड़कर यहां प्रदेशोंकी विवक्षा नहीं की गई है । अथवा, समय स्वरूपसे अभेदको प्राप्त हुए समयविशेषमें परमाणुओंका प्रवेश होनेसे कालभेदको ग्रहण नहीं किया गया ।

चूंकि ये आठों ही कालवेदनायें परस्पर समान हैं, अतः जघन्य अल्पबहुत्व नहीं है; यह भावार्थ है ।

उत्कृष्ट पदकी अपेक्षा कालसे उत्कृष्ट आयु कर्मकी वेदना सबसे स्तोक है ॥ २७ ॥

कारण यह कि वह पूर्वकोटिके तृतीय भागसे अधिक तेतीस सागरोपम प्रमाण है ।

उससे नाम व गोत्र कर्मकी कालसे उत्कृष्ट वेदनायें दोनों ही तुल्य व संख्यातगुणी हैं ॥ २८ ॥

कारण यह कि वे बीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण हैं । गुणकार यहां संख्यात

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रूवस्स असंखेज्जदिभागब्भहियतेत्तीससागरोवमपलिदोवमसलागाहि वीससागरोवमकोडाकोडि-पलिदोवमसलागासु खंडिदासु तत्थ एगभागो गुणगारो होदि त्ति उत्तं होदि ।

णाणावरणीय--दंसणावरणीय--वेयणीय -- अंतराइयवेयणाओ कालदो उक्कस्सियाओ चत्तारि वि तुल्लाओ विसेसाहियाओ ॥२९॥

कुदो ? वीससागरोवमकोडाकोडीहिंतो तीससागरोवमकोडाकोडीणं दुभागाहियत्त-दंसणादो ।

मोहणीयस्स वेयणा कालदो उक्कस्सिया संखेज्जगुणा ॥३०॥

कुदो ? तीससागरोवमकोडाकोडीहिंतो सत्तरिसागरोवमकोडाकोडीणं सत्तिभागदोरूव-गुणगारत्तुवलंभादो । एवं उक्कस्सवेयणा समत्ता ।

जहण्णुक्कस्सपदे अट्ठण्णं[1] पि कम्माणं वेयणाओ कालदो जहण्णियाओ तुल्लाओ थोवाओ ॥ ३१ ॥

कुदो ? एगसमयत्तादो ।

समय है । अभिप्राय यह कि एक रूपके असंख्यातवें भागसे अधिक तेतीस सागरोपमोंकी पल्योपमशलाकाओंका बीस कोड़ाकोड़ि सागरोपमोंकी पल्योपमशलाकाओंमें भाग देनेपर जो एक भाग लब्ध होता है वह यहां गुणकार है ।

उनसे ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय और अन्तराय कर्मकी कालसे उत्कृष्ट वेदनायें चारों ही तुल्य व विशेष अधिक हैं ॥ २९ ॥

कारण कि बीस कोड़ाकोड़ि सागरोपमोंसे तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम द्वितीय भाग ($\frac{1}{2}$) से अधिक देखे जाते हैं ।

उनसे मोहनीय कर्मकी कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट वेदना संख्यातगुणी है ॥ ३० ॥

कारण कि तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपमोंसे सत्तर कोड़ाकोड़ि सागरोपमोंका एक तृतीय भाग सहित दो अंक गुणकार देखा जाता है । इस प्रकार उत्कृष्ट वेदना समाप्त हुई ।

जघन्य-उत्कृष्ट पदमें कालकी अपेक्षा आठों ही कर्मोंकी जघन्य वेदनायें परस्पर तुल्य व स्तोक हैं ॥ ३१ ॥

कारण कि उनका कालप्रमाण एक समय है ।

---

1 प्रतिषु 'अण्णेसिं' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आउअवेयणा कालदो उक्कस्सिया असंखेज्जगुणा ॥ ३२ ॥

कुदो ? एगसमयं पेक्खिदूण पुव्वकोडितिभागाहियतेत्तीससागरोवमेसु असंखेज्जगुणत्तुवलंभादो ।

णामा-गोदवेयणाओ कालदो उक्कस्सियाओ दो वि तुल्लाओ असंखेज्जगुणाओ ॥ ३३ ॥

को गुणगारो ? संखेज्जा समया । कारणं पुव्वं व वत्तव्वं ।

णाणावरणीय---दंसणावरणीय--- वेयणीय --- अंतराइयवेयणाओ कालदो उक्कस्सियाओ चत्तारि वि तुल्लाओ विसेसाहियाओ ॥ ३४ ॥

कारणं पुव्वं व वत्तव्वं ।

मोहणीयवेयणा कालदो उक्कस्सिया संखेज्जगुणा ॥ ३५ ॥

को गुणगारो ? संखेज्जा समया । कारणं पुव्वं व वत्तव्वं । एवमप्पाबहुगाणियोगद्दारं[1] संगतोक्खित्तगुणगाराहियारं समत्तं ।

उनसे आयु कर्मकी कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट वेदना असंख्यातगुणी है ॥ ३२ ॥

कारण कि एक समयकी अपेक्षा पूर्वकोटिके तृतीय भागसे अधिक तेत्तीस सागरोपम असंख्यातगुणे पाये जाते हैं ।

उससे कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट नाम व गोत्र कर्मकी वेदनायें दोनों ही तुल्य व असंख्यातगुणी हैं ॥ ३३ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार संख्यात समय है । इसका कारण पहिलेके ही समान बतलाना चाहिये ।

उनसे ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय और अन्तराय कर्मकी कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट वेदनायें चारों ही तुल्य व विशेष अधिक हैं ॥ ३४ ॥

इसका कारण पहिलेके ही समान कहना चाहिये ।

इनसे मोहनीय कर्मकी कालकी अपेक्षा उत्कृष्ट वेदना संख्यातगुणी है ॥ ३५ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार संख्यात समय है । इसका कारण पहिलेके ही समान बतलाना चाहिये ।

इस प्रकार गुणकाराधिकारगर्भित अल्पबहुत्वानुयोगद्वार समाप्त हुआ ।

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' -योगद्दाराणि ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(चूलिया)

एत्तो मूलपयडिट्ठिदिबंधे पुव्वं गमणिज्जे तत्थ इमाणि चत्तारि अणियोगद्दाराणि— ट्ठिदिबंधट्ठाणपरूवणा णिसेयपरूवणा आबाधाकंदयपरूवणा अप्पाबहुए त्ति ॥ ३६ ॥

पदमीमांसा सामित्तप्पाबहुए त्ति तीहि अणियोगद्दारेहि कालविहाणं परूविदं । तं च समत्तं, तिण्णेव अणियोगद्दाराणि कालविहाणे सुत्तस्सादीए होंति त्ति परूविदत्तादो । अह ण समत्तं, कालविहाणे तिण्णि चेव अणियोगद्दाराणि होंति त्ति भणिदसुत्तस्स अणत्थयत्तं पसज्जेज्ज । ण च सुत्तमणत्थयं होदि, विरोहादो । तदो कालविहाणं समत्तं चेव । एवं समत्ते उवरिमसुत्तारंभो अणत्थओ त्ति ? एत्थ परिहारो उच्चदे— तीहि अणियोगद्दारेहि कालविहाणं परूविय समत्तं चेव । किंतु तस्स समत्तस्स वेयणाकालविहाणस्स उवरिगंथेण चूलिया उच्चदे । चूलिया णाम किं ? कालविहाणेण सूचिदत्थाणं विवरणं चूलिया । जाए अत्थपरूवणाए कदाए पुव्वपरूविदत्थम्मि सिस्साणं णिच्छओ उप्पज्जदि सा चूलिया त्ति भणिदं होदि । तम्हा उवरिमगंथावयारो संबद्धो त्ति घेत्तव्वो ।

आगे मूलप्रकृतिस्थितिबन्ध पूर्वमें ज्ञातव्य है । उसमें ये चार अनुयोगद्वार हैं— स्थितिबन्धस्थानप्ररूपणा, निषेकप्ररूपणा, आबाधाकाण्डकप्ररूपणा और अल्पबहुत्व ॥ ३६ ॥

शंका— पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व, इन तीन अनुयोगद्वारोंके द्वारा कालविधानकी प्ररूपणा की जा चुकी है, वह समाप्त भी हो चुकी; क्योंकि, कालविधानमें सूत्रके प्रारम्भमें ' तीन ही अनुयोगद्वार होते हैं ' ऐसा कहा गया है । फिर भी यदि उसको समाप्त न माना जाय तो फिर " कालविधानमें तीन ही अनुयोगद्वार हैं " इस प्रकार वहां कहे गये सूत्रके अनर्थक होनेका प्रसंग आवेगा । किन्तु सूत्र अनर्थक होता नहीं है, क्योंकि, इसमें विरोध होता है । इस कारण कालविधानको समाप्त ही मानना चाहिये । इस प्रकार उसके समाप्त हो जानेपर आगे सूत्रका प्रारम्भ करना अनर्थक है ?

समाधान— इस शंकाका परिहार करते हैं । तीन अनुयोगद्वारोंके द्वारा उसकी प्ररूपणा हो चुकनेपर वह समाप्त ही हो गया है । किन्तु आगेके ग्रन्थसे समाप्तिको प्राप्त हुए उक्त कालविधानकी चूलिका कही जाती है ।

शंका— चूलिका किसे कहते हैं ?

समाधान— कालविधानके द्वारा सूचित अर्थोंका विशेष वर्णन करना चूलिका कहलाती है । जिस अर्थप्ररूपणाके किये जानेपर पूर्वमें वर्णित पदार्थके विषयमें शिष्योंको निश्चय उत्पन्न हो उसे चूलिका कहते हैं, यह अभिप्राय है । अत एव अग्रिम ग्रन्थका अवतार सम्बद्ध ही है, ऐसा ग्रहण करना चाहिये ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मूलपयडिट्ठिदिबंधे त्ति णिद्देसेण उत्तरपयडिट्ठिदिबंधवुदासो कदो। उत्तरपयडिट्ठिदिबंधवुदासो किमट्ठं कदो ? ण, मूलपयडिट्ठिदिबंधावगमादो तदवगमो होदि त्ति तव्वुदासकरणादो। पुव्वसद्दो[1] कारणवाचओ किरियाविसेसणभावेण घेत्तव्वो। ण च पुव्वसद्दो[1] कारणत्थभावेण अप्पसिद्धो, मदिपुव्वं सुदमिच्चेत्थ कारणे वट्टमाणपुव्वसद्दुवलंभादो। तेहि अणियोगद्दारेहि पुव्वं परूविदत्थविसयबोहस्स[2] पुव्वं कारणं होदूण गमणिज्जे मूलपयडिट्ठिदिबंधे इमाणि अणियोगद्दाराणि होंति त्ति भणिदं होदि। अधवा, मूलपयडिट्ठिदिबंधो कालविहाणे पुव्वं पढममेव गमणिज्जो[3], ट्ठिदिअद्धाच्छेदादिसु अणवगदेसु सामित्तादिअणिओगद्दाराणमवगमोवायाभावादो। तत्थ इमाणि अणियोगद्दाराणि होंति त्ति भणिदं होदि।

अणुक्कस्सअजहण्णाट्ठिदिट्ठाणाणि पुव्वं परूविदाणि। तेसु ट्ठाणेसु कम्हि कम्हि जीवसमासे तत्थ केत्तियाणि बंधट्ठाणाणि केत्तियाणि वा संतट्ठाणाणि[4] कस्स जीवसमासस्स बंधट्ठाणेहिंतो कस्स वा बंधट्ठाणाणि समाणि अहियाणि ऊणाणि त्ति पुच्छिदे तस्स णिच्छयुप्पायणट्ठं[5] ट्ठिदिबंधट्ठाणपरूवणा आगदा। बज्झमाणकम्मपदेसविण्णासो किं पढमसमयप्पहुडि

'मूलप्रकृतिबन्धस्थान' इस निर्देशसे उत्तर प्रकृतियोंके स्थितिबन्धका निषेध किया गया है।

शंका—उत्तर प्रकृतियोंके स्थितिबन्धका प्रतिषेध किसलिये किया जाता है ?

समाधान—नहीं, चूंकि मूलप्रकृति-स्थितिबन्धके ज्ञात हो जानेपर उसका ज्ञान हो जाता है, अतः उसका प्रतिषेध किया गया है।

यहां पूर्व शब्दको क्रियाविशेषण स्वरूपसे कारण अर्थका वाचक ग्रहण करना चाहिये। पूर्व शब्द कारण अर्थका वाचक अप्रसिद्ध भी नहीं है, क्योंकि, "मतिपूर्वं श्रुतम्" इस सूत्रमें कारण अर्थमें वर्तमान पूर्व शब्द देखा जाता है। तीन अनुयोगद्वारोंसे पूर्वमें प्ररूपित अर्थविषयक बोधका पूर्व अर्थात् कारण होनेसे अवगमनीय मूलप्रकृति-स्थितिबन्धमें ये अनुयोगद्वार होते हैं, यह उसका अभिप्राय है। अथवा, मूलप्रकृति-स्थितिबन्ध कालविधानमें पूर्वमें अर्थात् पहिले ही ज्ञातव्य है, क्योंकि, स्थितिअर्धच्छेदादिकोंके अज्ञात होनेपर स्वामित्व आदि अनुयोगद्वारोंके जाननेका कोई उपाय नहीं रहता। उसमें ये अनुयोगद्वार हैं, यह उक्त कथनका निष्कर्ष है।

अनुत्कृष्ट-अजघन्यस्थितिस्थान पूर्वमें कहे जा चुके हैं। उन स्थानोंमेंसे किस किस जीवसमासमें वहां कितने बन्धस्थान हैं व कितने सत्त्वस्थान, किस जीवसमासके बन्धस्थानोंसे किसके बन्धस्थान समान, अधिक अथवा कम हैं; ऐसा पूछनेपर उसका निश्चय उत्पन्न करानेके लिये स्थितिबन्धस्थानप्ररूपणा प्राप्त हुई है।

---

१ अ-आ-काप्रत्योः 'पुव्वं सद्दो' इति पाठः। २ प्रतिषु 'विसयजाद्दस्स' इति पाठः। ३ अ-आ-काप्रतिषु 'गमणिज्जा'; ताप्रतौ 'गमणिज्जे' इति पाठः। ४ प्रतिषु 'तिसु' इति पाठः। ५ अ-आ-काप्रतिषु 'संदट्ठाणाणि' इति पाठः। ६ अप्रतौ 'णिच्छउप्पायणट्ठं'; आप्रतौ 'णिच्छयउप्पायणट्ठं' इति पाठः।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

आहो अण्णहा होदि त्ति पुच्छिदे एवं होदि त्ति आबाधपमाणपरूवणट्ठं णिसिंचमाणकम्म-पदेसाणं णिसेगक्कमपरूवणट्ठं च णिसेयपरूवणा आगदा। एगमाबाधं काद्दूण किमेक्कं चेव ट्ठिदिबंधट्ठाणं बंधदि, आहो अण्णहा बंधदि त्ति पुच्छिदे एक्काए आबाधाए एत्तियाणि ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि बंधदि, अवराणि ण बंधदि त्ति जाणावणट्ठमाबाधाकंदयपरूवणा आगदा। आबाधाणं आबाधकंदयाणं च थोवबहुत्तजाणावणट्ठमप्पाबहुगपरूवणा आगदा। एवमेत्थ चत्तारि चेव अणियोगद्दाराणि होंति अण्णेसिमेत्थेवं[1] अंतब्भावादो।

ट्ठिदिबंधट्ठाणपरूवणदाए सव्वत्थोवा सुहुमेइंदियअपज्जत्तयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि ॥ ३७ ॥

एदमप्पाबहुअसुत्तं देसामासियं, सूइदट्ठिदिट्ठाणपरूवणा पमाणाणिओगद्दारत्तादो। ण च अत्थित्त-पमाणेहि अणवगयाणं ट्ठिदिबंधट्ठाणाणमप्पाबहुगं संभवदि, विरोहादो। तम्हा ट्ठिदिबंधट्ठाणपरूवणदाए परूवणा-पमाणप्पाबहुगं चेदि तिण्णि अणियोगद्दाराणि। तत्थ परूवणदाए अत्थि चोद्दसण्णं जीवसमासाणं पुध पुध ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि। एत्थ ट्ठिदिबंध-ट्ठाणाणि त्ति उत्ते केसिं गहणं? (बध्यत इति बन्धः। स्थितिरेव बन्धः स्थितिबन्धः।)

बध्यमान कर्मप्रदेशोंका विन्यास क्या प्रथम समयसे लेकर होता है, अथवा अन्य प्रकारसे होता है, ऐसा पूछनेपर वह इस प्रकारसे होता है, इस प्रकार आबाधा-प्रमाणकी प्ररूपणाके लिये तथा निषिच्यमान कर्मप्रदेशोंके निषेकक्रमकी प्ररूपणाके लिये निषेकप्ररूपणा प्राप्त हुई है। एक आबाधाको करके क्या एक ही स्थितिबन्धस्थान बंधता है अथवा अन्य प्रकारसे बंधता है, ऐसा पूछनेपर एक आबाधामें इतने स्थितिबन्धस्थानोंको बांधता है, इतर स्थानोंको नहीं बांधता है; यह ज्ञात करानेके लिये आबाधाकाण्डकप्ररूपणा प्राप्त हुई है। आबाधाओं और आबाधाकाण्डकोंके अल्प-बहुत्वको बतलानेके लिये अल्पबहुत्वप्ररूपणा प्राप्त हुई है। इस प्रकार इसमें चार ही अनुयोगद्वार हैं, क्योंकि, अन्य अनुयोगद्वारोंका इन्हींमें अन्तर्भाव हो जाता है।

स्थितिबन्धस्थानप्ररूपणाकी अपेक्षा सूक्ष्म एकेन्द्रिय अपर्याप्तकके स्थितिबन्धस्थान सबसे स्तोक हैं ॥ ३७ ॥

यह अल्पबहुत्वसूत्र देशामर्शक है, क्योंकि, वह स्थितिस्थानोंके प्ररूपणानुयोगद्वार और प्रमाणानुयोगद्वारका सूचक है। इन अनुयोगद्वारोंकी आवश्यकता यहां इसलिये है कि इनके विना अस्तित्व और प्रमाणसे अज्ञात स्थितिस्थानोंका अल्पबहुत्व सम्भव नहीं है, क्योंकि, वैसा होनेमें विरोध है। इस कारण स्थितिबन्धस्थानप्ररूपणामें प्ररूपणा, प्रमाण और अल्पबहुत्व ये तीन अनुयोगद्वार हैं। उनमेंसे प्ररूपणाकी अपेक्षा चौदह जीवसमासोंके पृथक् पृथक् स्थितिबन्धस्थान हैं।

शंका — यहां स्थितिबन्धस्थान ऐसा कहनेपर किनका ग्रहण किया गया है?

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'अण्णेसमुत्थेव' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थितिबंधस्स स्थानमवस्थाविशेष इति यावत् । एदेसिं ट्ठिदिबंधविसेसाणं गहणं । जहण्णट्ठिदिमुक्कस्सट्ठिदीए सोहिय एगरूवे पक्खित्ते ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि होंति, तेसिं गहणमिदि उत्तं होदि । परूवणा गदा ।

सव्वएइंदियाणं ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो । कुदो ? अप्पप्पणो जहण्णाबाहाए समऊणाए अप्पप्पणो समऊणजहण्णट्ठिदीए ओवट्टिदाए एगमाबाधाकंदयमागच्छदि । पुणो एदमावलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तआबाधाट्ठाणेहि गुणिय एगरूवे अवणिदे एइंदिएसु ट्ठिदिबंधट्ठाणविसेसो उप्पज्जदि, तत्थ एगरूवे पक्खित्ते ट्ठिदिबंधट्ठाणुप्पत्तीदो । विगलिंदिएसु ट्ठिदिबंधट्ठाणाणं पमाणं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो । कुदो ? सग-सगउक्कस्साबाहाए सग-सगउक्कस्सट्ठिदीए ओवट्टिदाए एगमाबाहकंदयमागच्छदि । पुणो एदमाबाहट्ठाणेहि आवलियाए संखेज्जदिभागमत्तेहि गुणिदे पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागट्ठिदिबंधट्ठाणुप्पत्तिदंसणादो । सण्णिपंचिंदियअपज्जत्तयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि अंतोकोडाकोडिसागरोवममेत्ताणि । कुदो ? सगुक्कस्साबाहाए सगुक्कस्सट्ठिदीए ओवट्टिदाए एगमाबाहाकंदयमा-

---

समाधान— जो बांधा जाता है वह बन्ध कहा जाता है । स्थिति ही बन्ध, स्थितिबन्ध इस प्रकार यहां कर्मधारय समास है । स्थितिबन्धका स्थान अर्थात् अवस्थाविशेष, इस प्रकार यहां तत्पुरुष समास है । इन स्थितिबन्धविशेषोंका ग्रहण किया गया है । अर्थात् जघन्य स्थितिको उत्कृष्ट स्थितिमेंसे घटा देनेपर जो शेष रहे उसमें एक अंकका प्रक्षेप करनेपर स्थितिबन्धस्थान होते हैं, उनका यहां ग्रहण किया है, यह उक्त कथनका अभिप्राय है । प्ररूपणा समाप्त हुई ।

समस्त एकेन्द्रिय जीवोंके स्थितिबन्धस्थान पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं, क्योंकि, एक समय कम अपनी अपनी आबाधाका अपनी अपनी एक समय कम जघन्य स्थितिमें भाग देनेपर एक आबाधाकाण्डकका प्रमाण आता है । फिर इसको आवलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण आबाधास्थानोंसे गुणित करके उसमेंसे एक अंकको घटा देनेपर एकेन्द्रिय जीवोंमें स्थितिबन्धस्थानविशेष उत्पन्न होता है । उसमें एक अंक मिलानेपर स्थितिबन्धस्थान उत्पन्न होता है ।

विकलेन्द्रिय जीवोंमें बन्धस्थानोंका प्रमाण पल्योपमका संख्यातवां भाग है । इसका कारण यह है कि अपनी अपनी उत्कृष्ट आबाधाका अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिमें भाग देनेपर एक आबाधाकाण्डक आता है । इसको आवलीके संख्यातवें भाग मात्र आबाधास्थानोंसे गुणित करनेपर पल्योपमके संख्यातवें भाग प्रमाण स्थितिस्थानोंकी उत्पत्ति देखी जाती है ।

संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तकके स्थितिबन्धस्थान अन्तःकोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण हैं । इसका कारण यह है कि अपनी उत्कृष्ट आबाधाका अपनी उत्कृष्ट स्थितिमें भाग देनेपर एक आबाधाकाण्डक आता है । फिर इसको जघन्य आबाधाकी अपेक्षा

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

गच्छदि। पुणो एदम्हि संखेज्जावलियमेत्तआबाधाट्ठाणेहि जहण्णाबाधादो संखेज्जगुणेहि गुणिदे संखेज्जसागरोवममेत्तट्ठिदिबंधट्ठाणुप्पत्तीदो। सण्णिपंचिंदियपज्जत्तयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि णाणावरणादीणं सग-सगसमऊणधुवट्ठिदीए परिहीणसग सगुत्तरसग-सगमेत्ताणि। एवं पमाणपरूवणा गदा।

संपहि बंधट्ठाणाणं अप्पाबहुगं उच्चदे। तं जहा— सव्वत्थोवा सुहुमेइंदिय-अपज्जत्तयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि, पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागपमाणत्तादो।

बादरेइंदियअपज्जत्तयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि ॥ ३८ ॥

कुदो ? सुहुमेइंदियअपज्जत्तयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणेहिंतो बादरेइंदियअपज्जएसु सुहुमे-इंदियअपज्जत्तपढमचरिमट्ठिदिबंधट्ठाणादो हेट्ठा उवरिं च संखेज्जगुणवीचारट्ठाणाणमुवलंभादो।

सुहुमेइंदियपज्जत्तयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि ॥ ३९ ॥

कुदो ? बादरेइंदियअपज्जत्तजहण्णुक्कस्सट्ठिदीहिंतो हेट्ठा उवरिं च बादरेइंदिय-अपज्जत्तट्ठिदिबंधट्ठाणेहिंतो संखेज्जगुणट्ठिदिबंधट्ठाणाणं सुहुमेइंदियपज्जत्तएसु उवलंभादो।

संख्यातगुणे संख्यात आवली मात्र आबाधास्थानोंसे गुणित करनेपर संख्यात सागरोपम प्रमाण स्थितिबन्धस्थान उत्पन्न होते हैं।

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

अजहण्णअणुक्कस्सदव्वमसंखेज्जगुणं । को गुणगारो ? सादिरेगेगरूवपरिहीणदिवड्ढगुणहाणी । किं कारणं ? रूवूणदिवड्ढगुणहाणिसलागाहि पढमणिसेगे गुणिदे पढमणिसेयवदिरित्तउवरिम-सव्वट्ठिदिदव्वं होदि २८१६ । पुणो एदम्मि चरिमट्ठिदिदव्वेण विणा इच्छिज्जमाणे रूवूण-दिवड्ढगुणहाणीए एगरूवस्स असंखेज्जदिभागमवणिय पढमणिसेगे गुणिदे अजहण्णअणुक्कस्स-दव्वं होदि २८०७ । अपढमं विसेसाहियं । केत्तियमेत्तो विसेसो ? उक्कस्सट्ठिदिदव्वमेत्तो २८१६ । अणुक्कस्सं विसेसाहियं । केत्तियमेत्तो विसेसो ? चरिमणिसेगेणूणपढमणिसेगमेत्तो । सव्वासु ट्ठिदीसु पदेसग्गं विसेसाहियं । केत्तियमेत्तेण ? चरिमट्ठिदिदव्वमेत्तेण । एवं णिसेयपरूवणा समत्ता ।

आबाधकंदयपरूवणदाए ॥ १२१ ॥

किमट्ठमाबाधकंदयपरूवणा आगदा ? किं सव्वट्ठिदिबंधट्ठाणेसु एक्का चेव आबाहा होदि, आहो अण्णण्णा[1] होदि त्ति पुच्छिदे एवं होदि त्ति जाणावणट्ठमाबाहाकंदयपरूवणा

निषेकको गुणित करनेपर प्रथम निषेक होता है—$\frac{२५६}{९}$×९ = २५६ । उससे अजघन्या-नुत्कृष्ट द्रव्य असंख्यातगुणा है । गुणकार क्या है ? गुणकार साधिक एक अंकसे हीन डेढ़ गुणहानियां हैं ।

शंका— इसका कारण क्या है ?

समाधान— इसका कारण यह है कि एक कम डेढ़गुणहानिशलाओंसे प्रथम निषेकको गुणित करनेपर प्रथम निषेकसे रहित अग्रिम सब स्थितियोंके द्रव्यका प्रमाण होता है—[२५६×(१२-१)=२८१६=(३०७२—२५६)] ।

अब यदि यह द्रव्य अन्तिम स्थितिके द्रव्यसे रहित अभीष्ट है, तो एक कम डेढ़ गुण-हानिमेंसे एक अंकके असंख्यातवें भागको घटाकर शेषसे प्रथम निषेकको गुणित करनेपर अजघन्यअनुत्कृष्ट द्रव्यका प्रमाण होता है—१२-१=११; ११-$\frac{९}{२५६}$=१०$\frac{२४७}{२५६}$; २५६×$\frac{२८०७}{२५६}$= २८०७ । इसकी अपेक्षा प्रथम स्थितिसे हीन सब द्रव्य विशेष अधिक है । विशेष कितना है ? वह उत्कृष्ट अर्थात् अन्तिम स्थितिके द्रव्यके बराबर है—२८०७+९=२८१६ । इससे अनुत्कृष्ट द्रव्य विशेष अधिक है । विशेष कितना है ? वह अन्तिम निषेकसे हीन प्रथम निषेकके बराबर है—(२५६-९=२४७; २८१६+२४७=३०६३) । इससे सब स्थितियोंमें प्रदेशाग्र विशेष अधिक है । कितने मात्र विशेषसे वह अधिक है ? वह अन्तिम स्थितिके द्रव्यप्रमाणसे अधिक है—(३०६३+९=३०७२) । इस प्रकार निषेकप्ररूपणा समाप्त हुई ।

आबाधाकाण्डक प्ररूपणाका अधिकार है ॥ १२१ ॥

शंका— आबाधाकाण्डक प्ररूपणाका अवतार किसलिये हुआ है ?

समाधान— सब स्थितिबन्धस्थानोंमें क्या एक ही आबाधा है, अथवा अन्य-अन्य हैं, ऐसा पूछनेपर 'इस प्रकारकी आबाधा-व्यवस्था है' यह जतलानेके लिये आबाधाकाण्डक प्ररूपणाका अवतार हुआ है ।

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'अण्णोण्णा', ताप्रतौ 'अण्णा ण' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगदा। एत्थ तिण्णि अणियोगद्दाराणि परूवणा पमाणमप्पाबहुअं चेव। पमाणप्पाबहुआणं संभवो होदु णाम, सुत्तसिद्धत्तादो। सुत्तम्मि असंतीए परूवणाए कधमेत्थ संभवो? ण एस दोसो, परूवणाए विणा पमाणप्पाबहुआणमणुववत्तीदो। तत्थ ताव सुत्तेण सूचिदपरूवणा वुच्चदे। तं जहा—चोद्दसण्णं जीवसमासाणं अत्थि आबाहाकंदयाणि आबाहाट्ठाणाणि च। आबाहाकंदयपरूवणाए कधमाबाहट्ठाणाणि वुच्चंति? ण, आबाहाकंदयपरूवणाए आबाहट्ठाणाविणाभावेण देसामासियत्तमावण्णाए आबाहट्ठाणपरूवणं पडि विरोहाभावादो।

पंचिंदियाणं सण्णीणमसण्णीणं चउरिंदियाणं तीइंदियाणं बीइंदियाणं एइंदियबादर-सुहुम-पज्जत्त-अपज्जत्तयाणं सत्तण्णं कम्माण-माउववज्जाणमुक्कस्सियादो ट्ठिदीदो समए समए पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तमोसरिदूण एयमाबाहाकंदयं करेदि। एस कमो जाव जहण्णिया ट्ठिदि त्ति[1] ॥ १२२ ॥

समए समए इदि वुत्ते आबाधाए एगेगसमए इदि वुत्तं होदि। उक्कस्साबाहाए

इस आबाधाकाण्डकप्ररूपणामें तीन अनुयोगद्वार हैं—प्ररूपणा, प्रमाण और अल्पबहुत्व।

शंका— प्रमाण और अल्पबहुत्व अनुयोगद्वारोंकी सम्भावना भले ही हो, क्योंकि, वे सूत्रसे सिद्ध हैं। परन्तु सूत्रमें न पाये जानेवाले प्ररूपणा अनुयोगद्वारकी सम्भावना यहां कैसे हो सकती है?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, प्ररूपणाके विना प्रमाण और अल्पबहुत्वका कथन बन ही नहीं सकता।

उनमें पहिले सूत्रसे सूचित प्ररूपणा अनुयोगद्वारका कथन करते हैं। वह इस प्रकार है— चौदह जीवसमासोंके आबाधाकाण्डक और आबाधास्थान दोनों हैं।

शंका— आबाधाकाण्डकप्ररूपणामें आबाधास्थानोंका कथन क्यों किया जा रहा है?

समाधान— नहीं, क्योंकि आबाधाकाण्डकप्ररूपणाका आबाधास्थानप्ररूपणाके साथ अविनाभाव सम्बन्ध है, अतः आबाधास्थानप्ररूपणाके प्रति देशामर्शक भावको प्राप्त हुई आबाधाकाण्डकरूपणामें आबाधास्थानोंका कथन करना विरुद्ध नहीं है।

संज्ञी व असंज्ञी पंचेन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, द्वीन्द्रिय और बादर व सूक्ष्म एकेन्द्रिय इन पर्याप्त व अपर्याप्त जीवोंके आयुको छोड़ शेष सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिसे समय समयमें पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र नीचे उतर कर एक आबाधाकाण्डकको करता है। यह क्रम जघन्य स्थिति तक है॥ १२२॥

सूत्रमें 'समए समए' ऐसा कहनेसे आबाधाके एक एक समयमें, ऐसा अभिप्राय

---

१ मोत्तूण आउगाइं समए समए अबाहहाणीए। पल्लासंखियभागं कंडं कुण अप्पबहुमेसिं ॥ क. प्र. १, ८५.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चरिमसमए णिरुद्धे उक्कस्सट्ठिदीदो हेट्ठा पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तमोसरिदूण एयमाबाहाकंदयं करेदि । आबाहचरिमसमयं णिरुंभिदूण उक्कस्सियं ट्ठिदिं बंधदि । तत्तो समऊणं पि बंधदि[1]। एवं दुसमऊणादिकमेण णेदव्वं जाव पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेणूणट्ठिदि त्ति । एवमेदेण आबाहाचरिमसमएण बंधपाओग्गट्ठिदिविसेसाणमेगमाबाहाकंदयमिदि सण्णा त्ति वुत्तं होदि । आबाधाए दुचरिमसमयस्स णिरुंभणं कादूण एवं चेव बिदियमाबाहाकंदयं परूवेदव्वं । आबाहाए तिचरिमसमयणिरुंभणं कादूण पुव्वं व तदिओ आबाहाकंदओ परूवेदव्वो । एवं णेयव्वं जाव जहण्णिया ट्ठिदि त्ति । एदेण सुत्तेण एगाबाहाकंदयस्स पमाणपरूवणा कदा ।

संपहि देसामासियत्तमावण्णेण एदेण सुत्तेण सूचिदाणमाबाहट्ठाणाणमाबाहाकंदयसलागाणं च पमाणपरूवणा कीरदे । तं जहा— सण्णिपंचिंदियपज्जत्ताणमाबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि संखेज्जवासमेत्ताणि । सण्णिपंचिंदियअपज्जत्ताणमाबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि अंतोमुहुत्तमेत्ताणि । असण्णिपंचिंदिय-चउरिंदिय-तीइंदिय-

---

समझना चाहिये । उत्कृष्ट आबाधाके अन्तिम समयकी विवक्षा होनेपर उत्कृष्ट स्थितिसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र नीचे उतर कर एक आबाधाकाण्डकको करता है । आबाधाके अन्तिम समयको विवक्षित करके उत्कृष्ट स्थितिको बांधता है । उससे एक समय कम भी स्थितिको बांधता है । इस प्रकार दो समय कम इत्यादि क्रमसे पल्योपमके असंख्यातवें भागसे रहित स्थिति तक ले जाना चाहिये । इस प्रकार आबाधाके इस अन्तिम समयमें बन्धके योग्य स्थितिविशेषोंकी एक आबाधाकाण्डक संज्ञा है, यह अभिप्राय है । आबाधाके द्विचरम समयकी विवक्षा करके इसी प्रकारसे द्वितीय आबाधाकाण्डककी प्ररूपणा करना चाहिये । आबाधाके त्रिचरम समयकी विवक्षा करके पहिलेके ही समान तृतीय आबाधाकाण्डककी प्ररूपणा करना चाहिये । इस प्रकार जघन्य स्थिति तक यही क्रम जानना चाहिये । इस सूत्रके द्वारा एक आबाधाकाण्डकके प्रमाणकी प्ररूपणा की गई है ।

अब देशामर्शक भावको प्राप्त हुए इस सूत्रके द्वारा सूचित आबाधास्थानों और आबाधाकाण्डकशलाओंके प्रमाणकी प्ररूपणा करते हैं । वह इस प्रकार है— संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही संख्यात वर्ष प्रमाण हैं । संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तक जीवोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही अन्तर्मुहूर्त प्रमाण हैं । असंज्ञी पंचेन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और द्वीन्द्रिय [पर्याप्तक-अपर्याप्त]

---

१ ताप्रतौ ' समऊणं बंधदि ' इति पाठः ।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

चौइंदियाणमट्ठण्हं जीवसमासाणमाबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयसलगाओ च आवलियाए संखेज्जदिभागमेत्ताणि । चदुण्णमेइंदियाणं आबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ताणि।

आउअस्स आबाहाकंदयपरूवणा किमट्ठं ण कदा ? ण एस दोसो, आउअस्स इमा ट्ठिदी एदीए चेवे आबाहाए बज्झदि त्ति णियमाभावादो। पुव्वकोडितिभागमाबाहं काऊण तेत्तीसाउअं बंधदि, समऊणतेत्तीसं पि बंधदि, एवं दुसमऊणं-तिसमऊणादिकमेण पुव्वकोडितिभागाबाहं धुवं कादूण णेदव्वं जाव बंधखुद्दाभवग्गहणं ति। पुणो एदे चेव आउवबंधवियप्पा पुव्वकोडितिभागे समऊणे आबाधत्तणेण णिरुद्धे वि होंति। एवं दुसमऊणादिकमेण णेदव्वं जाव असंखेयद्धा त्ति। जेणेवमणियमो तेण आउअस्स आबाहा-कंदयपरूवणा ण कदा। ण च आबाहाकंदयाणि णत्थि त्ति आबाहट्ठाणाणमसंभवो, तदभावे लिंगाभावादो। तदो आउअस्स णत्थि आबाहाकंदयाणि त्ति सिद्धं।

इन आठ जीवसमासोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डकशलाकायें आवलीके संख्यातवें भाग प्रमाण हैं। चार एकेन्द्रिय जीवोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक आवलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं।

शंका— यहां आयु कर्मके आबाधाकाण्डकोंकी प्ररूपणा किसलिये नहीं की गई ?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, कारण कि आयुकी यह स्थिति इसी आबाधामें बंधती है, ऐसा कोई नियम नहीं है। पूर्वकोटिके त्रिभागको आबाधा करके तेतीस सागरोपम प्रमाण आयुको बांधता है, एक समय कम तेतीस सागरोपम प्रमाण आयुको भी बांधता है; इस प्रकार पूर्वकोटिके त्रिभाग रूप आबाधाको ध्रुव करके दो समय कम, तीन समय कम इत्यादि क्रमसे बन्ध क्षुद्रभवग्रहण प्रमाण स्थिति तक ले जाना चाहिये। पूर्वकोटिके एक समय कम त्रिभागको आबाधा रूपसे विवक्षित करनेपर भी ये ही आयुबन्धके विकल्प होते हैं। इसी प्रकार दो समय कम, तीन समय कम इत्यादि क्रमसे असंख्येयाद्धा काल प्रमाण आबाधा तक ले जाना चाहिये। जिस कारण यहां कोई ऐसा नियम नहीं है, इसीलिये आयुके आबाधाकाण्डकोंकी प्ररूपणा नहीं की गई।

आबाधाकाण्डक चूंकि नहीं हैं, इसलिये आबाधास्थान असम्भव हों; ऐसी कोई बात नहीं है; क्योंकि, उनके अभावमें कोई हेतु नहीं है। इस कारण आयुके आबाधा-काण्डक नहीं हैं, यह सिद्ध है।

१ आप्रतौ 'असंखे०', ताप्रतौ 'असंखे०' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'इमा ट्ठिदीए चेव' इति पाठः। ३ अ-आ-काप्रतिषु 'दुसमऊणा' इति पाठः। ४ अ-आ-ताप्रतिषु 'पुव्वकोडिभागे' इति पाठः। ५ ताप्रतौ 'दुसमयादि-' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एत्थ अप्पाबहुगपरूवणा किण्ण कीरदे ? ण एस दोसो, उवरि भण्णमाणअप्पाबहुआणियोगद्दारेण तदवगमादो । एवमाबाधाकंदयपरूवणा समत्ता ।

अप्पाबहुएत्ति ॥ १२३ ॥

जं तं चउत्थमणियोगद्दारमप्पाबहुगमिदि तं[1] वत्तइस्सामो त्ति भणिदं होदि ।

पंचिंदियाणं सण्णीणं मिच्छाइट्ठीणं पज्जत्तापज्जत्ताणं सत्तण्हं कम्माणमाउववज्जाणं सव्वत्थोवा जहण्णिया आबाहा[2] ॥ १२४ ॥

कुदो ? संखेज्जावलियमेत्ता होदूण अंतोमुहुत्तपमाणत्तादो ।

आबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि संखेज्जगुणाणि[3] ॥ १२५ ॥

कुदो ? जहण्णाबाधादो उक्कस्साबाहा संखेज्जगुणा, तेण आबाहट्ठाणाणि वि

शंका— यहां अल्पबहुत्वप्ररूपणा क्यों नहीं की जाती है ?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, उसका ज्ञान आगे कहे जानेवाले अल्पबहुत्व अनुयोगद्वारसे हो जाता है । इस प्रकार आबधाकाण्डक प्ररूपणा समाप्त हुई ।

अल्पबहुत्व अनुयोगद्वारका अधिकार है ॥ १२३ ॥

जो वह चौथा अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार है उसको कहते हैं, यह अभिप्राय है ।

संज्ञी मिथ्यादृष्टि पर्याप्तक व अपर्याप्तक पंचेन्द्रिय जीवोंके आयुको छोड़कर शेष सात कर्मोंकी जघन्य आबाधा सबसे स्तोक है ॥ १२४ ॥

इसका कारण यह है कि उक्त आबाधा संख्यात आवली प्रमाण हो करके अन्तर्मुहूर्त मात्र है ।

आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य संख्यातगुणे हैं ॥ १२५ ॥

चूंकि जघन्य आबाधाकी अपेक्षा उत्कृष्ट आबाधा संख्यातगुणी है, इसीलिये आबाधास्थान भी उससे संख्यातगुणे ही हैं ।

शंका— कैसे ?

---

१ अाप्रतौ ' तं ' इति नोपलभ्यते । २ एतेषां दशानां स्थानानामल्पबहुत्वमुच्यते–– तत्र संज्ञिपंचेन्द्रियेषु पर्याप्तेषु अपर्याप्तकेषु वा बन्धकेषु आयुर्वर्जानां सप्तानां कर्मणां सर्वस्तोका जघन्याबाधा (१) । सा च अन्तर्मुहूर्तप्रमाणा । क. प्र. (मलय. टीका) १, ८६. ३ आप्रतौ ' च तुल्लाणि दो वि संखेज्जगुणाणि ' इति पाठः । ततोऽबाधास्थानानि कंडकस्थानानि चासंख्येयगुणानि । तानि तु परस्परं तुल्यानि । तथाहि— जघन्यामबाधामादिं कृत्वोत्कृष्टाऽबाधाचरमसमयमभिव्याप्य यावन्तः समयाः प्राप्यन्ते तावन्त्यबाधास्थानानि भवन्ति । तद्यथा—जघन्याऽबाधा एकमबाधास्थानम् । सैव समयाधिका द्वितीयम् । द्विसमयाधिका तृतीयम् । एवं तावद्वाच्यं यावदुत्कृष्टाबाधाचरमसमयः । एतावन्त्येव चाबाधाकंडकानि, जघन्याबाधात आरभ्य समयं समयं प्रति कंडकस्य प्राप्यमाणत्वात् । एतच्च प्रागेवोक्तम् (२-३) । क. प्र. (म. टी.) १,८६.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संखेज्जगुणाणि चेव । कधं ? समऊणजहण्णाबाहाए उक्कस्साबाहादो सोहिदाए आबाहट्ठाणुप्पत्तीदो । कधमाबाहट्ठाणेहि आबाहाकंदयसलागाणं सरिसत्तं ? ण एस दोसो, एगेगाबाहट्ठाणस्स पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तट्ठिदिबंधट्ठाणाणमाबाहाकंदयसण्णिदाणं उवलंभेण समाणत्ता ।

उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया[1] ॥ १२६ ॥

केत्तियमेत्तेण ? समऊणजहण्णाबाहमेत्तेण ।

णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि[2] ॥ १२७ ॥

कुदो ? उक्कस्साबाहाओ संखेज्जावलियमेत्ताओ होदूण सण्णीसु पज्जत्तएसु संखेज्जवस्साणि अपज्जत्तएसु अंतोमुहुत्तं होंति । णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि पुण असंखेज्जवस्साणि होदूण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्ताणि । तेण उक्कस्सआबाहादो णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि त्ति जुज्जदे ।

एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जगुणं[3] ॥ १२८ ॥

समाधान— क्योंकि, उत्कृष्ट आबाधामेंसे एक समय कम जघन्य आबाधाको घटा देनेपर आबाधास्थानोंकी उत्पत्ति होती है ।

शंका— आबाधास्थानोंसे आबाधाकाण्डकशलाकायें समान कैसे हैं ?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, एक एक आबाधास्थान सम्बन्धी जो पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र स्थितिबन्धस्थान हैं उनकी आबाधाकाण्डक संज्ञा है; अत एव उनके समानता है ही ।

उनसे उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है ॥ १२६ ॥

शंका— वह कितने प्रमाणसे अधिक है ?

समाधान— वह एक समय कम जघन्य आबाधाके प्रमाणसे अधिक है ।

नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं ॥ १२७ ॥

कारण कि उत्कृष्ट आबाधायें संख्यात आवली प्रमाण हो करके संज्ञी पर्याप्तक जीवोंमें संख्यात वर्ष और अपर्याप्तकोंमें अन्तर्मुहूर्त प्रमाण होती हैं । परन्तु नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यात वर्ष प्रमाण हो करके पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र हैं । अतएव उत्कृष्ट आबाधाकी अपेक्षा नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरोंका असंख्यातगुणा होना उचित ही है ।

एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणा है ॥ १२८ ॥

---

१ तेभ्य उत्कृष्टाबाधा विशेषाधिका, जघन्याबाधायास्तत्र प्रवेशात् (४) । क. प्र. (म. टी.) १,८६. २ ततो दलिकनिषेकविधौ द्विगुणहानिस्थानानि असंख्येयगुणानि, पल्योपमप्रथमवर्गमूलासंख्येयभागगतसमयप्रमाणत्वात् (५) । क. प्र. (म. टी.) १,८६. ३ तत एकस्मिन् द्विगुणहान्योरन्तरे निषेकस्थानान्यसंख्येयगुणानि, तेषामसंख्येयानि पल्योपमवर्गमूलानि परिमाणमितिं कृत्वा (६) । क. प्र. (म. टी.) १,८६.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुदो ? असंखेज्जपलिदोवमपढमवग्गमूलपमाणत्तादो ।

एयमाबाहाकंदयमसंखेज्जगुणं[1] ॥ १२९ ॥

णाणापदेसगुणहाणिसलागाहि असंखेज्जवस्सपमाणाहि कम्मट्ठिदीए ओवट्टिदाए एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरमागच्छदि । उक्कस्साबाहाए संखेज्जवस्समेत्ताए अंतोमुहुत्तमेत्ताए च सग-सगुक्कस्सट्ठिदीए ओवट्टिदाए जेणेगमाबाहाकंदयपमाणं होदि, तेणेगपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरादो एगमाबाहाकंदयमसंखेज्जगुणमिदि घेत्तव्वं ।

जहण्णओ ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो[2] ॥ १३० ॥

एगमाबाहाकंदयं णाम पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो, जहण्णट्ठिदिबंधो पुण अंतोकोडाकोडिमेत्तसागरोवमाणि । तेण एगाबाहाकंदयादो जहण्णओ ट्ठिदिबंधो असंखेज्ज-गुणो जादो ।

ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि[3] ॥ १३१ ॥

जहण्णट्ठिदिबंधादो उक्कस्सट्ठिदिबंधो जेण संखेज्जगुणो तेण ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि वि

क्योंकि, वे पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूलोंके बराबर हैं ।

एक आबाधाकाण्डक असंख्यातगुणा है ॥ १२९ ॥

असंख्यात वर्ष प्रमाण नानाप्रदेशगुणहानिशलाकाओंका कर्मस्थितिमें भाग देनेपर एकगुणहानिस्थानान्तर लब्ध होता है । संख्यात वर्ष मात्र व अन्तर्मुहूर्त मात्र उत्कृष्ट आबाधाका अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिमें भाग देनेपर चूंकि एक आबाधाकाण्डकका प्रमाण होता है, अत एव एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरकी अपेक्षा एक आबाधाकाण्डक असंख्यातगुणा है, ऐसा ग्रहण करना चाहिये ।

जघन्य स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है ॥ १३० ॥

चूंकि एक आबाधाकाण्डक पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण है, परन्तु जघन्य स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ि सागरोपमों प्रमाण है; अत एव एक आबाधाकाण्डककी अपेक्षा जघन्य स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा हो जाता है ।

स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं ॥ १३१ ॥

चूंकि जघन्य स्थितिबन्धकी अपेक्षा उत्कृष्ट स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है, अतः उससे

---

१ तेभ्योऽपि अर्थेन कंडक- [पंचसंग्रहे पुनरेतस्य स्थानेऽबाधाकंडकमित्येतदेवोपलभ्यते] मसंख्येय-गुणम् (७) । क. प्र. (म. टी.) १,८६. २ तस्माज्जघन्यः स्थितिबन्धोऽसंख्येयगुणः, अन्तःसागरोपम-कोटीकोटीप्रमाणत्वात् । संज्ञिपंचेन्द्रिया हि श्रेणिमनारूढा जघन्यतोऽपि स्थितिबन्धमन्तःसागरोपमकोटीकोटी-प्रमाणमेव कुर्वन्ति (८) । क. प्र. (म. टी.) १,८६. ३ ततोऽपि स्थितिबन्धस्थानानि संख्येयगुणानि (९) । क. प्र. (म. टी.) १,८६.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संखेज्जगुणाणि चेव, समऊणजहण्णट्ठिदिबंधेणूणउक्कस्सट्ठिदिबंधस्सेव ट्ठिदिबंधट्ठाणववएसादो।

उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ॥ १३२ ॥

केत्तियमेत्तेण ? समऊणजहण्णट्ठिदिबंधमेत्तेण ।

पंचिंदियाणं सण्णीणमसण्णीणं पज्जत्तयाणमाउअस्स सव्वत्थोवा जहण्णिया आबाहा[2] ॥ १३३ ॥

कुदो ? आउअं बंधिय समयाहियसव्वजहण्णविस्समणकालग्गहणादो ।

जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो ॥ १३४ ॥

कुदो ? खुद्दाभवग्गहणपमाणत्तादो ।

आबाहाट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि ॥ १३५ ॥

स्थितिबन्धस्थान भी संख्यातगुणे ही होने चाहिये, क्योंकि एक समय कम जघन्य स्थितिबन्धसे रहित उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी ही स्थितिबन्धस्थान संज्ञा है ।

उत्कृष्ट स्थितिबन्ध उससे विशेष अधिक है ॥ १३२ ॥

कितने मात्रसे वह अधिक है ? एक समय कम जघन्य स्थितिबन्धके प्रमाणसे वह अधिक है ।

संज्ञी व असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके आयुकी जघन्य आबाधा सबसे स्तोक है ॥ १३३ ॥

क्योंकि, यहां आयुको बांधकर एक समय अधिक सर्वजघन्य विश्रमणकालका ग्रहण है ।

उससे जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है ॥ १३४ ॥

क्योंकि, वह क्षुद्रभवग्रहणके बराबर है ।

उससे आबाधास्थान संख्यातगुणे हैं ॥ १३५ ॥

---

१ तेभ्य उत्कृष्टा स्थितिर्विशेषाधिका, जघन्यस्थितेराबाधायाश्च तत्र प्रवेशात् । क. प्र. (म. टी.) १,८६.
२ तथा संज्ञिपंचेन्द्रियेष्वसंज्ञिपंचेन्द्रियेषु वा पर्याप्तकेषु प्रत्येकमायुषो जघन्याबाधा सर्वस्तोका (१) । ततो जघन्यः स्थितिबन्धः संख्येयगुणः । स च क्षुल्लकभवरूपः (२) । ततोऽबाधास्थानानि संख्येयगुणानि । जघन्याबाधारहितः पूर्वकोटित्रिभाग इति कृत्वा (३) । ततोऽप्युत्कृष्टाबाधा विशेषाधिका, जघन्याबाधाया अपि तत्र प्रवेशात् (४) । ततो द्विगुणहानिस्थानान्यसंख्येयगुणानि, पल्योपमप्रथमवर्गमूलासंख्येयभागगतसमयप्रमाणत्वात् (५) । तेभ्योऽप्येकस्मिन् द्विगुणहान्योरन्तरे निषेकस्थानान्यसंख्येयगुणानि (६) । तत्र युक्तिः प्रागुक्ता वक्तव्या । ततः स्थितिबन्धस्थानान्यसंख्येयगुणानि (७) । तेभ्योऽप्युत्कृष्टः स्थितिबन्धो विशेषाधिकः, जघन्यस्थितेराबाधायाश्च तत्र प्रवेशात् (८) । क. प्र. (म. टी.) १,८६.

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

जहण्णओ ट्ठिदिबंधो णाम अंतोमुहुत्तमेत्तो[1], आबाहाट्ठाणाणि पुण संखेज्जपमाण-पुव्वकोडितिभागमेत्ताणि; तेण जहण्णट्ठिदिबंधादो आबाहट्ठाणाणं संखेज्जगुणत्तं णव्वदे ।

उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया ॥ १३६ ॥

केत्तियमेत्तेण ? समऊणजहण्णाबाहमेत्तेण ।

णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि ॥ १३७ ॥

पुव्वकोडितिभागं पेक्खिदूण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तणाणागुणहाणिसलागाणमसंखेज्जगुणत्तुवलंभादो ।

एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जगुणं ॥ १३८ ॥

कुदो ? पलिदोवमपढमवग्गमूलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तणाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतरसलागाहि असंखेज्जपलिदोवमवग्गमूलमेत्तएगपदेसगुणहाणीए ओवट्टिदाए असंखेज्जरूवुवलंभादो ।

ठिदिबंधट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि ॥ १३९ ॥

कुदो ? एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरं णाम पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो, ठिदिबंधट्ठाणाणि पुण संखेज्जसागरोवममेत्ताणि पलिदोवमस्सासंखेज्जदिभागो[3] च; तेण एगपदेसगुण-

---

जघन्य स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है, परन्तु आबाधास्थान संख्यात प्रमाण [जघन्य आबाधासे रहित] पूर्वकोटित्रिभाग मात्र हैं; इसीसे जाना जाता है कि जघन्य स्थितिबन्धकी अपेक्षा आबाधास्थान संख्यातगुणे हैं ।

उनसे उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है ॥ १३६ ॥

कितने प्रमाणसे वह अधिक है ? एक समय कम जघन्य आबाधाके प्रमाणसे वह विशेष अधिक है ।

नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं ॥ १३७ ॥

क्योंकि, पूर्वकोटित्रिभागकी अपेक्षा पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण नानागुणहानिशलाकाओंके असंख्यातगुणत्व पाया जाता है ।

एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणा है ॥ १३८ ॥

क्योंकि, पल्योपम सम्बन्धी प्रथम वर्गमूलके असंख्यातवें भाग मात्र नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरशलाकाओंका पल्योपमके असंख्यात वर्गमूलोंके बराबर एकप्रदेशगुणहानिमें भाग देनेपर असंख्यात अंक पाये जाते हैं ।

स्थितिबन्धस्थान असंख्यातगुणे हैं ॥ १३९ ॥

क्योंकि, एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण है, परन्तु स्थितिबन्धस्थान संख्यात सागरोपम मात्र व पल्योपमके असंख्यातवें भाग हैं; इस कारण

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' मेत्ता ' इति पाठः । २ प्रतिषु ' असंखेज्ज ' इति पाठः । ३ अ-आप्रत्योः ' पलिदोवमस्स संखे० भागो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हाणिट्ठाणंतरादो ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि त्ति[1] घेत्तव्वं ।

उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ॥ १४० ॥

केत्तियमेत्तेण ? समऊणजहण्णट्ठिदिबंधमेत्तेण ।

पंचिंदियाणं सण्णीणमसण्णीणमपज्जत्तयाणं चउरिंदियाणं तीइंदियाणं बीइंदियाणं एइंदियबादर-सुहुमपज्जत्तापज्जत्तयाणमाउअस्स सव्वत्थोवा जहण्णिया आबाहा[3] ॥ १४१ ॥

आउअं बंधिय समयाहियसव्वजहण्णविस्समणकालग्गहणादो ।

जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो ॥ १४२ ॥

कुदो ? बंधखुद्दाभवग्गहणादो ।

आबाहट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि ॥ १४३ ॥

सग-सगउक्कस्साउआणं तिभागस्स समऊणजहण्णाबाहाए परिहीणस्स गहणादो ।

एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरकी अपेक्षा स्थितिबन्धस्थान असंख्यातगुणे हैं, ऐसा ग्रहण करना चाहिये ।

उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ॥ १४० ॥

वह कितने मात्रसे अधिक है ? एक समय कम जघन्य स्थितिबन्धके प्रमाणसे वह विशेष अधिक है ।

संज्ञी व असंज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तकों तथा चतुरिन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, द्वीन्द्रिय और बादर एवं सूक्ष्म एकेन्द्रिय, इन पर्याप्त-अपर्याप्तोंके आयुकी जघन्य आबाधा सबसे स्तोक है ॥ १४१ ॥

क्योंकि, यहां आयुको बांधकर एक समयसे अधिक सर्वजघन्य विश्रमणकालका ग्रहण है ।

जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है ॥ १४२ ॥

क्योंकि, यहां बन्धक्षुद्रभवका ग्रहण है ।

आबाधास्थान संख्यातगुणे हैं ॥ १४३ ॥

क्योंकि, एक समय कम जघन्य आबाधासे हीन अपनी अपनी उत्कृष्ट आयुओंके त्रिभागका यहां ग्रहण है ।

---

१ ताप्रतौ 'असंखेज्जगुणात्ति' इति पाठः। २ प्रतिषु 'सुहुमपज्जत्तयाण-' इति पाठः। ३ तथा पंचेन्द्रियेषु संज्ञिष्वसंज्ञिष्वपर्याप्तेषु चतुरिन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-द्वीन्द्रिय-बादरसूक्ष्मैकेन्द्रियेषु च पर्याप्तापर्याप्तेषु प्रत्येकमायुषः सर्वस्तोका जघन्याबाधा (१)। ततो जघन्यः स्थितिबन्धः संख्येयगुणः, स च क्षुल्लकभवरूपः (२)। ततोऽबाधास्थानानि संख्येयगुणानि (३)। ततोऽप्युत्कृष्टाबाधा विशेषाधिका (४)। ततोऽपि स्थितिबन्धस्थानानि संख्येयगुणानि, जघन्यस्थितिन्यूनपूर्वकोटिप्रमाणत्वात् (५)। तत उत्कृष्टः स्थितिबन्धो विशेषाधिकः, जघन्यस्थितेराबाधायाश्च तत्र प्रवेशात् (६)। क. प्र. (म. टी.) १,८६.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया ॥ १४४ ॥

केत्तियमेत्तेण ? समऊणजहण्णाबाहामेत्तेण ।

ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि ॥ १४५ ॥

कुदो ? समऊणजहण्णट्ठिदिबंधेणूणपुव्वकोडिग्गहणादो ।

उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ॥ १४६ ॥

केत्तियमेत्तेण ? समऊणजहण्णट्ठिदिबंधमेत्तेण ।

पंचिंदियाणमसण्णीणं चउरिंदियाणं तीइंदियाणं बीइंदियाणं पज्जत्त-अपज्जत्तयाणं सत्तण्णं कम्माणं आउववज्जाणमाबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि थोवाणि[1] ॥ १४७ ॥

कुदो ? आवलियाए संखेज्जदिभागप्पमाणत्तादो ।

उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है ॥ १४४ ॥

वह कितने मात्र विशेषसे अधिक है ? वह एक समय कम जघन्य आबाधा मात्रसे अधिक है ।

स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं ॥ १४५ ॥

क्योंकि, एक समय कम जघन्य स्थितिबन्धसे हीन पूर्वकोटिका ग्रहण है ।

उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ॥ १४६ ॥

वह कितने मात्रसे अधिक है ? वह एक समय कम जघन्य स्थितिबन्धके प्रमाणसे विशेष अधिक है ।

असंज्ञी पंचेन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और द्वीन्द्रिय पर्याप्तक-अपर्याप्तक जीवोंके आयुको छोड़कर शेष सात कर्मोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं ॥ १४७ ॥

क्योंकि, वे आवलीके संख्यातवें भाग प्रमाण हैं ।

---

१ तथाऽसंज्ञिपंचेन्द्रिय-चतुरिन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-द्वीन्द्रिय-सूक्ष्मबादरैकेन्द्रियेषु पर्याप्तापर्याप्तेष्वायुर्वर्जानां सप्तानां कर्मणां प्रत्येकमबाधास्थानानि कंडकानि च स्तोकानि परस्परं च तुल्यानि, आवलिकाऽसंख्येयभागगतसमयप्रमाणत्वात् (१–२) । ततो जघन्याबाधाऽसंख्येयगुणा, अन्तर्मुहूर्तप्रमाणत्वात् (३) । ततोऽप्युत्कृष्टाबाधा विशेषाधिका, जघन्याबाधाया अपि तत्र प्रवेशात् (४) । ततो द्विगुणहीनानि (हानि) स्थानान्यसंख्येयगुणानि (५) । तत एकस्मिन् द्विगुणहान्योरन्तरे निषेकस्थानान्यसंख्येयगुणानि (६) । ततोऽर्थेन कंडकमसंख्येयगुणम् (७) । ततोऽपि स्थितिबन्धस्थानान्यसंख्येयगुणानि, पल्योपमा (म) संख्येयभागगतसमयप्रमाणत्वात् (८) । ततोऽपि जघन्यस्थितिबन्धोऽसंख्येयगुणः (९) । ततोऽप्युत्कृष्टस्थितिबन्धो विशेषाधिकः, पल्योपमासंख्येयभागेनाभ्यधिकत्वादिति (१०) । क. प्र. (म. टी.) १,८६.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा ॥ १४८ ॥

कुदो ? संखेज्जावलियमेत्तजहण्णाबाहाए आवलियाए संखेज्जदिभागमेत्तआबाहट्ठाणेहि भागे हिदाए संखेज्जरूवोवलंभादो ।

उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया ॥ १४९ ॥

केत्तियमेत्तेण ? आवलियाए संखेज्जदिभागमेत्तेण ।

णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि ॥ १५० ॥

कुदो ? संखेज्जावलियमेत्तउक्कस्साबाहाए पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तणाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतरेसु अवहिरिदेसु असंखेज्जरूवोवलंभादो ।

एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जगुणं ॥ १५१ ॥

कुदो ? पलिदोवमच्छेदणाणं संखेज्जदिभागमेत्तणाणापदेसगुणहाणिसलागाहि असंखेज्जपलिदोवमपढमवग्गमूलमेत्तएयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरे भागे हिदे असंखेज्जरूवोवलंभादो ।

एयमाबाधाकंदयमसंखेज्जगुणं ॥ १५२ ॥

को गुणगारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो उक्कस्साबाहाए ओवट्टिदणाणागुणहाणिसलागाओ वा ।

जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है ॥ १४८ ॥

क्योंकि, संख्यात आवलियों प्रमाण जघन्य आबाधामें आवलीके संख्यातवें भाग मात्र आबाधास्थानोंका भाग देनेपर संख्यात अंक प्राप्त होते हैं ।

उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है ॥ १४९ ॥

कितने मात्रसे वह विशेष अधिक है ? वह आवलीके संख्यातवें भाग मात्रसे विशेष अधिक है ।

नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं ॥ १५० ॥

क्योंकि, संख्यात आवली प्रमाण उत्कृष्ट आबाधाका पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरोंमें भाग देनेपर असंख्यात अंक लब्ध होते हैं ।

एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणा है ॥ १५१ ॥

क्योंकि, पल्योपमके अर्धच्छेदोंके संख्यातवें भाग प्रमाण नानाप्रदेशगुणहानिशलाकाओंका पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूल प्रमाण एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरमें भाग देनेपर असंख्यात अंक लब्ध होते हैं ।

एक आबाधाकाण्डक असंख्यातगुणा है ॥ १५२ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग अथवा उत्कृष्ट आबाधासे अपवर्तित नानागुणहानिशलाकायें हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ठिदिबंधट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि ॥ १५३ ॥

को गुणगारो ? संखेज्जरूवोवट्टिदसगुक्कस्साबाहा ।

जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो ॥ १५४ ॥

सुगमं ।

उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ॥ १५५ ॥

केत्तियमेत्तेण ? पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागमेत्तेण ।

एइंदियबादर-सुहुम-पज्जत्त-अपज्जत्तयाणं सत्तण्हं कम्माणं आउववज्जाणमाबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि थोवाणि ॥ १५६ ॥

कुदो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागप्पमाणत्तादो ।

जहण्णिया आबाहा असंखेज्जगुणा ॥ १५७ ॥

को गुणगारो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो । कुदो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तआबाहट्ठाणेहि संखेज्जावलियमेत्तजहण्णाबाहाए ओवट्टिदाए आवलियाए[1] असंखेज्जदिभागुवलंभादो ।

स्थितिबन्धस्थान असंख्यातगुणे हैं ॥ १५३ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार संख्यात अंकोंसे अपवर्तित अपनी उत्कृष्ट आबाधा है ।

जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है ॥ १५४ ॥

यह सूत्र सुगम है ।

उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ॥ १५५ ॥

वह कितने मात्रसे विशेष अधिक है ? वह पल्योपमके संख्यातवें भाग मात्रसे अधिक है ।

बादर और सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्त-अपर्याप्त जीवोंके आयुको छोड़कर शेष सात कर्मोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं ॥ १५६ ॥

क्योंकि, वे आवलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं ।

जघन्य आबाधा असंख्यातगुणी है ॥ १५७ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार आवलीका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, आवलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण आबाधास्थानोंका संख्यात आवली मात्र जघन्य आबाधामें भाग देनेपर आवलीका असंख्यातवां भाग पाया जाता है ।

---

१ ताप्रतौ 'आवलियाए' इत्येतत्पदं नोपलभ्यते ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया ॥ १५८ ॥

केत्तियमेत्तो विसेसो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो ।

णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि ॥ १५९ ॥

को गुणगारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो उक्कस्साबाहोवट्टिदणाणागुणहाणिसलागाओ वा ।

एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जगुणं ॥ १६० ॥

सुगममेदं ।

एयमाबाहाकंदयमसंखेज्जगुणं ॥ १६१ ॥

एदं पि सुगमं ।

ठिदिबंधट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि ॥ १६२ ॥

को गुणगारो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो ।

जहण्णओ ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो ॥ १६३ ॥

को गुणगारो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो ।

उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ॥ १६४ ॥

केत्तियमेत्तेण ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तेण । संपहि एदेण अप्पाबहुअसुत्तेण

उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है ॥ १५८ ॥

विशेष कितना है ? वह आवलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण है ।

नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं ॥ १५९ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग अथवा उत्कृष्ट आबाधासे अपवर्तित नानागुणहानिशलाकायें हैं ।

एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणा है ॥ १६० ॥

यह सूत्र सुगम है ।

एक आबाधाकाण्डक असंख्यातगुणा है ॥ १६१ ॥

यह सूत्र भी सुगम है ।

स्थितिबन्धस्थान असंख्यातगुणे हैं ॥ १६२ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार आवलीका असंख्यातवां भाग है ।

जघन्य स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है ॥ १६३ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार आवलीका असंख्यातवां भाग है ।

उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ॥ १६४ ॥

वह कितने मात्रसे विशेष अधिक है ? वह पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्रसे अधिक है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूचिदाणं सत्थाण-परत्थाणअप्पाबहुआणं परूवणं कस्सामो । सत्थाणे पयदं— पंचिंदियाणं पज्जत्तयाणं सण्णीणं सव्वत्थोवा आउअस्स जहण्णिया आबाहा । जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो । णामा-गोदाणं जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । चदुण्णं कम्माणं जहण्णिया आबाहा विसेसाहिया । मोहणीयस्स जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । णामा-गोदाण-माबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि संखेज्जगुणाणि । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । चदुण्णं कम्माणमाबाहाट्ठाणा आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि विसेसाहि-याणि । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । मोहणीयस्स आबाहाट्ठाणाणि आबाहा-कंदयाणि च दो वि तुल्लाणि असंखेज्जगुणाणि[1] । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । आउअस्स आबाहाट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । आउअस्स णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि । णामा-गोदाणं णाणापदेसगुणहाणि-ट्ठाणंतराणि संखेज्जगुणाणि । चदुण्णं कम्माणं णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि विसेसाहियाणि । मोहणीयस्स णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि संखेज्जगुणाणि । अट्ठण्णं कम्माणं एगपदेसगुण-हाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जगुणं । सत्तण्णं कम्माणमेगमाबाहाकंदयमसंखेज्जगुणं । आउअस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । णामा-गोदाणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो । चदुण्णं कम्माणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ।

अब इस अल्पबहुत्वसूत्रसे सूचित स्वस्थान और परस्थान अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करते हैं । इनमें स्वस्थान अल्पबहुत्व प्रकृत है— संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके आयुकी जघन्य आबाधा सबसे स्तोक है । जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । नाम व गोत्रकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है । चार कर्मोंकी जघन्य आबाधा विशेष अधिक है । मोहनीयकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है । नाम व गोत्रके आबाधास्थान व आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य व संख्यातगुणे हैं । उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है । चार कर्मोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य व विशेष अधिक हैं । उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है । मोहनीयके आबाधास्थान व आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य असंख्यातगुणे हैं । उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है । आयुके आबाधास्थान संख्यातगुणे हैं । उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है । आयु कर्मके नानाप्रदेशगुणहानि-स्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं । नाम-गोत्रके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर संख्यातगुणे हैं । चार कर्मोंके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर विशेष अधिक हैं । मोहनीयके नानाप्रदेश-गुणहानिस्थानान्तर संख्यातगुणे हैं । आठ कर्मोंका एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यात-गुणा है । सात कर्मोंका एक आबाधाकाण्डक असंख्यातगुणा है । आयुके स्थितिबन्धस्थान असंख्यातगुणे हैं । उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । नाम-गोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । चार कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । मोहनीयका जघन्य

१ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-का-ताप्रतिषु ' संखेज्जगुणाणि ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मोहणीयस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो । णामा-गोदाणं ट्ठिदिबंधट्ठाणविसेसो संखेज्जगुणो । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । चदुण्णं कम्माणं ट्ठिदिबंधट्ठाणविसेसो विसेसाहिओ । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणविसेसो संखेज्जगुणो । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ।

पंचिंदियाणं सण्णीणमपज्जत्तयाणमाउअस्स सव्वत्थोवा जहण्णिया आबाहा । जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो । आबाहाट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । णामा-गोदाणं जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । चदुण्णं कम्माणं जहण्णिया आबाहा विसेसाहिया । मोहणीयस्स जयण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । णामा-गोदाणमाबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि संखेज्जगुणाणि । उकस्सिया आबाहा विसेसाहिआ । चदुण्णं कम्माणमाबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि विसेसाहियाणि । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । मोहणीयस्स आबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि संखेज्जगुणाणि । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । आउअस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । णामा-गोदाणं णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि । को गुणगारो? पलिदोवमस्स वग्गमूलस्स असंखेज्जदिभागो । चदुण्णं कम्माणं णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि विसेसाहियाणि । मोहणीयस्स णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि संखेज्जगुणाणि । सत्तण्णं

स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है। नाम-गोत्रका स्थितिबन्धस्थानविशेष संख्यातगुणा है। उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है। चार कर्मोंका स्थितिबन्धस्थानविशेष विशेष अधिक है। उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है। मोहनीयका स्थितिबन्धस्थानविशेष संख्यातगुणा है। उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है।

संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तक जीवोंके आयुकी जघन्य आबाधा सबसे स्तोक है। जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है। आबाधास्थान संख्यातगुणे हैं। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। नाम-गोत्रकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है। चार कर्मोंकी जघन्य आबाधा विशेष अधिक है। मोहनीयकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है। नाम-गोत्रके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य संख्यातगुणे हैं। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। चार कर्मोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य व विशेष अधिक हैं। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। मोहनीयके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य संख्यातगुणे हैं। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। आयुके स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं। उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है। नाम-गोत्रके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं। गुणकार क्या है। गुणकार पल्योपमके वर्गमूलका असंख्यातवां भाग है। चार कर्मोंके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर विशेष अधिक हैं। मोहनीयके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर संख्यातगुणे हैं। सात

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

कम्माणमेगपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जगुणं । को गुणगारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो असंखेज्जाणि पलिदोवमवग्गमूलाणि । सत्तण्णं कम्माणमेगमाबाहाकंदयमसंखेज्जगुणं । को गुणगारो ? असंखेज्जावलियाओ गुणगारो । आवलियाए असंखेज्जदिभागो त्ति णिक्खेवाइरियो भणदि । किंतु सो एत्थ ण उत्तो, बहुवेहि आइरिएहि असम्मदत्तादो[1] । णामा-गोदाणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो । को गुणगारो ? अंतोमुहुत्तं । चदुण्णं कम्माणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । मोहणीयस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो । णामा-गोदाणं ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । चदुण्णं कम्माणं ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि विसेसाहियाणि । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ।

पंचिंदियाणं असण्णीणं पज्जत्तयाणं णामा-गोदाणमाबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि थोवाणि । चदुण्णं कम्माणं आबाहाट्ठाणाणि आबाहकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि विसेसाहियाणि । मोहणीयस्स आबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि संखेज्जगुणाणि । आउअस्स जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो । णामा-गोदाणं जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । चदुण्णं कम्माणं जहण्णिया आबाहा विसेसाहिया । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया ।

कर्मोंका एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणा है। गुणकार क्या है? गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है जो पल्योपमके असंख्यात वर्गमूल प्रमाण है। सात कर्मोंका एक आबाधाकाण्डक असंख्यातगुणा है। गुणकार क्या है? गुणकार असंख्यात आवलियां हैं। गुणकार आवलीका असंख्यातवां भाग है, ऐसा निक्षेपाचार्य कहते हैं। किन्तु उसे यहां नहीं कहा गया है, क्योंकि, वह बहुतसे आचार्योंको इष्ट नहीं है। नाम-गोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है। गुणकार क्या है? गुणकार अन्तर्मुहूर्त है। चार कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध विशेष अधिक है। मोहनीयका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है। नाम-गोत्रके स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं। उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है। चार कर्मोंके स्थितिबन्धस्थान विशेष अधिक हैं। उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है। मोहनीयके स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं। उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है।

असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके नाम व गोत्रके आबाधास्थान एवं आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं। चार कर्मोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य विशेष अधिक हैं। मोहनीयके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य संख्यातगुणे हैं। आयुकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है। जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है। नाम व गोत्रकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। चार कर्मोंकी जघन्य आबाधा विशेष अधिक है। उत्कृष्ट आबाधा विशेष

१ अप्रतौ ' असम्मुद्दत्तादो ', आप्रतौ ' असम्मुद्दत्तादो ', काप्रतौ ' असम्मुदत्तादो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मोहणीयस्स जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । आउअस्स आबाहाट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । आउअस्स णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि । को गुणगारो ? पलिदोवमवग्गमूलस्स असंखेज्जदिभागो । णामा-गोदाणं णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि । को गुणगारो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो । चदुण्णं कम्माणं णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि विसेसाहियाणि । मोहणीयस्स णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि संखेज्जगुणाणि । अट्ठण्णं कम्माणमेगपदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि । को गुणगारो ? असंखेज्जपलिदोवमपढमवग्गमूलाणि । सत्तण्हं कम्माणमेयमाबाहाकंदयमसंखेज्जगुणं । को गुणगारो ? णाणागुणहाणिसलागाणमसंखेज्जदिभागो । आउअस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि । को गुणगारो ? अंतोमुहुत्तं । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । णामा-गोदाणं ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि । को गुणगारो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो । चदुण्णं कम्माणं ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि विसेसाहियाणि । मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि । णामा-गोदाणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । चदुण्णं कम्माणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । मोहणीयस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ।

असण्णिपंचिंदियअपज्जत्तयाण णामा-गोदाणं आबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च

अधिक है । मोहनीयकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है । उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है । आयुके आबाधास्थान संख्यातगुणे हैं । उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है । आयुके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार पल्योपमके वर्गमूलका असंख्यातवां भाग है । नाम-गोत्रके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानन्तर असंख्यातगुणे हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार आवलीका असंख्यातवां भाग है । चार कर्मोंके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर विशेष अधिक हैं । मोहनीयके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर संख्यातगुणे हैं । आठ कर्मोंके एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूल हैं । सात कर्मोंका आबाधाकाण्डक असंख्यातगुणा है । गुणकार क्या है ? गुणकार नानागुणहानिशलाकाओंका असंख्यातवां भाग है । आयुके स्थितिबन्धस्थान असंख्यातगुणे हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । नाम-गोत्रके स्थितिबन्धस्थान असंख्यातगुणे हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार आवलीका असंख्यातवां भाग है । चार कर्मोंके स्थितिबन्धस्थान विशेष अधिक हैं । मोहनीयके स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं । नाम-गोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है चार कर्मोंका जघन्द स्थितिबन्धविशेष अधिक है । उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । मोहनीयका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ।

असंज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तकोंके नाम-गोत्रके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दो वि तुल्लाणि थोवाणि । चदुण्णं कम्माणं आबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि विसेसाहियाणि । मोहणीयस्स आबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि संखेज्जगुणाणि । आउअस्स जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो । आबाहाट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । णामा-गोदाणं जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । चदुण्णं कम्माणं जहण्णिया आबाहा विसेसाहिया । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । मोहणीयस्स जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । आउअस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । णामा-गोदाणं णाणापदेसगुहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि । चदुण्णं कम्माणं णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि विसेसाहियाणि । मोहणीयस्स णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि संखेज्जगुणाणि । सत्तण्णं कम्माणमेगपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जगुणं । सत्तण्णं कम्माणमेगमाबाहाकंदयमसंखेज्जगुणं । उवरि सेसपदाणमसण्णिपंचिंदियपज्जत्तभंगो ।

बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदियपज्जत्तयाणं णामा-गोदाणमाबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि थोवाणि । चदुण्णं कम्माणमाबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि विसेसाहियाणि । मोहणीयस्स आबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि संखेज्जगुणाणि । आउअस्स जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । तस्सेव जहण्णओ

दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं । चार कर्मोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य विशेष अधिक हैं । मोहनीयके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य संख्यातगुणे हैं । आयुकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है । जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । आबाधास्थान संख्यातगुणे हैं । उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है । नाम व गोत्रकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है । उनकी उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है । चार कर्मोंकी जघन्य आबाधा विशेष अधिक है । उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है । मोहनीयकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है । उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है । आयुके स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं । उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । नाम-गोत्रके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं । चार कर्मोंके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर विशेष अधिक हैं । मोहनीयके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर संख्यातगुणे हैं । सात कर्मोंका एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणा है । सात कर्मोंका एक आबाधाकाण्डक असंख्यातगुणा है । आगे शेष पदोंकी प्ररूपणा असंज्ञी पचेन्द्रिय पर्याप्तकोंके समान है ।

द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके नाम-गोत्रके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं । चार कर्मोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य विशेष अधिक हैं । मोहनीयके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य संख्यातगुणे हैं । आयुकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है । उसीका जघन्य

ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो। णामा-गोदाणं जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा। उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया। चदुण्णं कम्माणं जहण्णिया आबाहा विसेसाहिया। उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया। मोहणीयस्स जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा। उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया। आउअस्स आबाहाट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि। उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया। तस्सेव आउअस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि। उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ। णामा-गोदाणं णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि। सेसपदाणमसण्णिपंचिंदियअपज्जत्तभंगो।

एदेसिं चेव अपज्जत्ताणं असण्णिपंचिंदियअपज्जत्तभंगो। बादरेइंदियपज्जत्तएसु णामा-गोदाणमाबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि थोवाणि। चदुण्णं कम्माण-माबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि विसेसाहियाणि। मोहणीयस्स आबाहा-ट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि संखेज्जगुणाणि। आउअस्स जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा। जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो। णामा-गोदाणं जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा। उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया। चदुण्णं कम्माणं जहण्णिया आबाहा विसेसाहिया। उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया। मोहणीयस्स जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा। उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया। आउअस्स आबाहाट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि। उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया। तस्सेव आउअस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि

स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है। नाम व गोत्रकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। चार कर्मोंकी जघन्य आबाधा विशेष अधिक है। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। मोहनीयकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। आयुके आबाधास्थान संख्यातगुणे हैं। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। उसीके आयुके स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं। उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है। नाम गोत्रके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं। शेष पदोंकी प्ररूपणा असंज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तकोंके समान है।

इन्हीं द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय अपर्याप्तक जीवोंकी प्ररूपणा असंज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तकोंके समान है। बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंमें नाम-गोत्रके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं। चार कर्मोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य विशेष अधिक हैं। मोहनीयके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य संख्यातगुणे हैं। आयुकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है। जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है। नाम-गोत्रकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। चार कर्मोंकी जघन्य आबाधा विशेष अधिक है। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। मोहनीयकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। आयुके आबाधास्थान संख्यातगुणे हैं। उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। उसीके आयुके स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं। उत्कृष्ट स्थितिबन्ध

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संखेज्जगुणाणि । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । णामा-गोदाणं णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि । चदुण्णं कम्माणं णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि विसेसाहियाणि । मोहणीयस्स णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि संखेज्जगुणाणि । सत्तण्णं कम्माणमेगपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जगुणं । सत्तण्णं कम्माणमेगमाबाहाकंदयमसंखेज्जगुणं । णामा-गोदाणं ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि । चदुण्णं कम्माणं ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि विसेसाहियाणि । मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि । णामा-गोदाणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । चदुण्णं कम्माणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । मोहणीयस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ।

बादरेइंदियअपज्जत्त-सुहुमेइंदियपज्जत्तापज्जत्ताणं च णामा-गोदाणमाबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि थोवाणि । चदुण्णं कम्माणमाबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि विसेसाहियाणि । मोहणीयस्स आबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि संखेज्जगुणाणि । आउअस्स जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो । आउअस्स आबाहाट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । णामा-गोदाणं जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया । चदुण्णं कम्माणं जहण्णिया आबाहा विसेसाहिया । उक्कस्सिया आबाहा

विशेष अधिक है । नाम-गोत्रके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं । चार कर्मोंके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर विशेष अधिक हैं । मोहनीयके नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर संख्यातगुणे हैं । सात कर्मोंका एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणा है । सात कर्मोंका एक आबाधाकाण्डक असंख्यातगुणा है । नाम-गोत्रके स्थितिबन्धस्थान असंख्यातगुणे हैं । चार कर्मोंके स्थितिबन्धस्थान विशेष अधिक हैं । मोहनीयके स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं । नाम-गोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है । उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । चार कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । मोहनीयका जघन्य स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है । उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ।

बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त और सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्त-अपर्याप्त जीवोंके नाम-गोत्रके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं । चार कर्मोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य विशेष अधिक हैं । मोहनीयके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों ही तुल्य संख्यातगुणे हैं । आयुकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है । जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । आयुके आबाधास्थान संख्यातगुणे हैं । उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है । नाम-गोत्रकी जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है । उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है । चार कर्मोंकी जघन्य आबाधा विशेष अधिक है । उत्कृष्ट

Jain Education International	For Private & Personal Use Only	www.jainelibrary.org

विसेसाहिया। मोहणीयस्स जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा । उक्कस्सिया आबाहा विसेसाहिया। आउअस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि। उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ। णामा-गोदाणं णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि । चदुण्णं कम्माणं णाणापदेसगुहाणिट्ठाणंतराणि विसेसाहियाणि। मोहणीयस्स णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि संखेज्जगुणाणि। सत्तण्णं कम्माणमेगपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जगुणं। सत्तण्णं कम्माणमेगमाबाहाकंदयमसंखेज्जगुणं। णामा-गोदाणं ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि। चदुण्णं कम्माणं ट्ठिदिबधंट्ठाणाणि विसेसाहियाणि । मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि। णामा-गोदाणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । चदुण्णं कम्माणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ। मोहणीयस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो । उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ। एवं सत्थाणप्पाबहुगं समत्तं।

परत्थाणे पयदं— सुहुमेइंदियअपज्जत्तयाण णामा-गोदाणमाबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि थोवाणि। चदुण्णं कम्माणमाबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि विसेसाहियाणि। मोहणीयस्स आबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि संखेज्जगुणाणि । बादरएइंदियअपज्जत्तयाणं णामा-गोदाणमाबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च दो वि तुल्लाणि संखेज्जगुणाणि। चदुण्णं कम्माणं आबाहाट्ठाणाणि

जघन्य स्थितिबन्धसे एक समय अधिक, दो समय अधिक, इत्यादि क्रमसे जब तक एक समय कम आबाधाकाण्डकके बराबर स्थितियां वृद्धिगत होकर बन्ध होता है तब तक आबाधा जघन्य ही होती है। पुनः सम्पूर्ण एक आबाधाकाण्डकके बराबर स्थितियोंके वृद्धिगत होनेपर स्थितिको बाँधनेवाले जीवके जघन्य आबाधाकी अपेक्षा एक समय अधिक आबाधा होती है। आबाधाकी वृद्धिके समयमें निषेकस्थितिकी वृद्धि नहीं होती, क्योंकि, वैसा होनेपर एक साथ दोनों स्थितियोंकी वृद्धिका प्रसंग आता है।

शंका—दो समयोंकी एक साथ वृद्धि होनेपर क्या दोष है?

१ प्रतिषु 'परिहीणेसु' इति पाठः। २ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु 'वड्ढिदे' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोसो ? ण, जहण्णट्ठिदिमुक्कस्सट्ठिदिम्हि सोहिय रूवे पक्खित्ते ट्ठिदिबंधट्ठाणाणमणुप्पत्ति-प्पसंगादो । ण च एवं, ट्ठिदिबंधट्ठाणसुत्तेण सह विरोहादो । एवं कदे अन्तोमुहुत्तूणतिण्णि-वाससहस्समेत्ताणि आबाहाट्ठाणाणि लद्धाणि[2] होंति । जत्तियाणि आबाहाट्ठाणाणि तत्तियाणि चेव आबाहाकंदयाणि लब्भंति । णवरि अंतिममाबाहकंदयमेगरूवूणं[3] । कुदो ? जहण्णट्ठिदिजहण्णाबाहाए चरिमसमयस्स सव्वणिसेगट्ठिदीसु परिहीणासु जहण्णट्ठिदिग्गहणादो ।

मोहणीयस्स अंतोमुहुत्तूणसत्तवाससहस्समेत्ताणि आबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च हवंति । एत्थ आबाहाकंदएसु एगरूवअवणयणस्स कारणं पुव्वं व वत्तव्वं । एवमूणिदे आबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च तुल्लाणि त्ति अप्पाबहुगसुत्तेण विरोहो किण्ण होदि त्ति उत्ते, ण, वीचारट्ठाणेसु उप्पण्णआबाहाकंदयसलागाणं तेहि समाणत्तं पडि विरोहाभावादो ।

णामा-गोदाणमंतोमुहुत्तूणबेवाससहस्समेत्ताणि आबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि हवंति ।

समाधान—नहीं, क्योंकि, ऐसा होनेसे उत्कृष्ट स्थितिमेंसे जघन्य स्थितिको कम करके एक अंक मिलानेपर स्थितिबन्धस्थानोंकी उत्पत्तिका प्रसंग आता है । परन्तु ऐसा है नहीं, क्योंकि, स्थितिबन्धस्थान सूत्रके साथ विरोध आता है ।

इस प्रकार करनेपर अन्तमुहूर्तसे रहित तीन हजार वर्ष प्रमाण आबाधास्थान प्राप्त होते हैं । जितने आबाधास्थान प्राप्त हैं उतने ही आबाधाकाण्डक प्राप्त होते हैं । विशेष इतना है कि अन्तिम आबाधाकाण्डक एक अंकसे हीन होता है, क्योंकि, जघन्य स्थिति सम्बन्धी जघन्य आबाधाके अन्तिम समयकी सब निषेकस्थितियोंकी हानि हो जानेपर जघन्य स्थितिका ग्रहण किया गया है ।

मोहनीय कर्मके अन्तर्मुहूर्तसे हीन सात हजार वर्ष प्रमाण आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक होते हैं । यहाँ आबाधाकाण्डकोंमेंसे एक अंक कम करनेका कारण पहिलेके ही समान कहना चाहिये ।

शंका—इस प्रकार कम करनेपर 'आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक दोनों तुल्य हैं' इस अल्पबहुत्वसूत्रके साथ विरोध क्यों नहीं होगा ?

समाधान—इस शंकाके उत्तरमें कहते हैं कि उससे विरोध नहीं होगा, क्योंकि, वीचारस्थानोंमें उत्पन्न आबाधाकाण्डकशलाकाओंकी उनके साथ समानतामें कोई विरोध नहीं है ।

नाम व गोत्रके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक अन्तर्मुहूर्त कम दो हजार वर्ष प्रमाण हैं ।

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'ट्ठिदीहि' इति पाठः । २ अ-आ-का प्रतिषु 'अद्धाणि' इति पाठः । ३ अ-आ-काप्रतिषु 'रूवाणं' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आउअस्स अंतोमुहुत्तूणपुव्वकोडितिभागमेत्ताणि आबाहट्ठाणाणि । आबाहाकंदयाणि पुण णत्थि । कारणं चिंतिय वत्तव्वं ।

जेणेवंविहमाबाहाकंदयं तेणेगाबाहाकंदएण समऊणजहण्णट्ठिदिमोवट्टिय लद्धम्मि एगरूवे पक्खित्ते जहण्णिया आबाहा आगच्छदि । अधवा, जहण्णाबाहाए आबाहाट्ठाण-गुणिदएगाबाहाकंदए भागे हिदे जं लद्धं तेणं ट्ठिदिबंधट्ठाणेसु भागे हिदे जहण्णिया आबाहा आगच्छदि । अधवा, जहण्णाबाहाए उक्कस्साबाहमोवट्टिय लद्धेण एगमाबाहाकंदयं गुणिय तेण उक्कस्सट्ठिदीए भागे हिदाए जहण्णियाबाहा होदि ।

एक्केण आबाहाकंदएण ट्ठिदिबंधट्ठाणेसु भागे हिदेसु आबाहट्ठाणाणि आगच्छंति । जहण्णाबाहमुक्कस्साबाहादो सोहिदे सुद्धसेसमाबाहट्ठाणविसेसो णाम । एक्केणाबाहाकंदएण उक्कस्सट्ठिदीए भागे हिदाए उक्कस्साबाहा होदि । एगपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरेण कम्मट्ठिदिम्हि भागे हिदे णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि आगच्छंति । णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतरेहि कम्मट्ठिदीए ओवट्टिदाए एगपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरं होदि । उक्कस्सियाए आबाहाए उक्कस्स-ट्ठिदीए ओवट्टिदाए एगमाबाहाकंदयं होदि । अधवा, आबाहाट्ठाणेहि ट्ठिदिबंधट्ठाणेसु ओवट्टिदेसु एगमाबाहकंदयं होदि । जहण्णियाए आबाहाए एगमाबाहाकंदयं गुणिय पुणो

आयुके आबाधास्थान अन्तर्मुहूर्त कम पूर्वकोटिके तृतीय भाग प्रमाण हैं । उसके आबाधाकाण्डक नहीं होते । इसका कारण विचारपूर्वक कहना चाहिये ।

जिस कारण इस प्रकारका आबाधाकाण्डक है इसीलिये एक आबाधाकाण्डकका एक समय कम जघन्य स्थितिमें भाग देनेपर जो लब्ध हो उसमें एक अंक मिला देनेपर ज[?]न्य आबाधाका प्रमाण आता है । अथवा, जघन्य आबाधाका आबाधास्थानोंसे गुणित एक आबाधाकाण्डकमें भाग देनेपर जो लब्ध हो उसका स्थितिबन्धस्थानोंमें भाग देनेसे जघन्य आबाधा आती है । अथवा, उत्कृष्ट आबाधामें जघन्य आबाधाका भाग देकर जो प्राप्त हो उससे एक आबाधाकाण्डकको गुणित करना चाहिये । पश्चात् प्राप्त राशिका उत्कृष्ट स्थितिमें भाग देनेपर जघन्य आबाधाका प्रमाण आता है ।

स्थितिबन्धस्थानोंमें एक आबाधाकाण्डकका भाग देनेपर आबाधास्थानोंका प्रमाण आता है । उत्कृष्ट आबाधामेंसे जघन्य आबाधाको कम करनेपर जो शेष रहे वह आबाधास्थानविशेष कहलाता है । उत्कृष्ट स्थितिमें एक आबाधाकाण्डकका भाग देनेपर उत्कृष्ट आबाधाका प्रमाण आता है । कर्मस्थितिमें एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरका भाग देनेपर नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरका प्रमाण आता है । नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरका कर्मस्थितिमें भाग देनेपर एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरका प्रमाण आता है । उत्कृष्ट स्थितिमें उत्कृष्ट आबाधाका भाग देनेपर आबाधाकण्डकका प्रमाण होता है । अथवा, स्थितिबन्धस्थानोंमें आबाधास्थानोंका भाग देनेपर एक आबाधाकाण्डकका प्रमाण

१ अप्रतौ 'जं बंधं ति तेण', आप्रतौ 'जं बंध तेण', इति पाठः । २ अ-आ-ताप्रतिषु 'कम्मट्ठिदिं', काप्रतौ 'कम्मट्ठिदि' इति पाठः ।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

तत्थ रूवूणे आबाहाकंदए अवणिदे जहण्णट्ठिदिबंधो होदि । आबाहट्ठाणविसेसेहि एगमाबाहाकंदयं गुणिय तत्थ रूवूणाबाहाकंदए पक्खित्ते ट्ठिदिबंधट्ठाणविसेसो होदि । उक्कस्सियाए आबाहाए एगआबाहाकंदए गुणिदे उक्कस्सट्ठिदिबंधो होदि ।

संपहि चदुण्णमेइंदियजीवसमासाणमट्ठण्णं विगलिंदियजीवसमासाणं च आबाहाट्ठाणाणमाबाहाकंदयाणं च पमाणपरूवणं कस्सामो । तं जहा—संखेज्जपलिदोवममेत्तवीचारट्ठाणेहि जदि[2] संखेज्जावलियमेत्ताणि आबाहट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च लब्भंति[3] तो पलिदोवमस्स संखेज्जदि[4]भागमेत्तवीचारट्ठाणाणं पलिदोवमस्स असंखेज्जदि[5]भागमेत्तवीचारट्ठाणाणं च केत्तियाणि आबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए चदुण्णमेइंदियजीवसमासाणमावलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ताणि आबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च[6] होंति । बेइंदियादिअट्ठण्णं पि जीवसमासाणमावलियाए संखेज्जदिभागमेत्ताणि आबाहाट्ठाणाणि आबाहाकंदयाणि च होंति । एवं णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणमेगपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरस्स च तेरासियं काऊण सव्वजीवसमाससव्वकम्मट्ठिदीणं पमाणपरूवणं कायव्वं ।

होता है । जघन्य आबाधासे एक आबाधाकाण्डकको गुणित करके उसमेंसे एक कम आबाधाकाण्डकको घटा देनेपर जघन्य स्थितिबन्ध होता है । आबाधास्थानविशेषोंसे एक आबाधाकाण्डकको गुणित करके प्राप्त राशिमें एक कम आबाधाकाण्डकको मिलानेपर स्थितिबन्धस्थानविशेष प्राप्त होता है । उत्कृष्ट आबाधासे एक आबाधाकाण्डकको गुणित करनेपर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध प्राप्त होता है ।

अब चार एकेन्द्रिय समासों और आठ विकलेन्द्रिय जीवसमासोंके आबाधास्थानों व आबाधाकाण्डकोंके प्रमाणकी प्ररूपणा करते हैं । वह इस प्रकार है—संख्यात पल्योपम प्रमाण वीचारस्थानोंसे यदि संख्यात आवलि प्रमाण आबाधास्थान व आबाधाकाण्डक प्राप्त होते हैं, तो पल्योपमके संख्यातवें भाग मात्र वीचारस्थानों और पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र वीचारस्थानोंके कितने आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक प्राप्त होंगे, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर चार एकेन्द्रिय जीवसमासोंके आवलिके असंख्यातवें भाग मात्र आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक प्राप्त होते हैं । द्वीन्द्रियादिक आठोंही जीवसमासोंके आवलिके संख्यातवें भाग मात्र आबाधास्थान व आबाधाकाण्डक होते हैं । इसी प्रकार नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरों और एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरका त्रैराशिक करके समस्त जीवसमासों सम्बन्धी कर्मस्थितियोंके प्रमाणकी प्ररूपणा करना चाहिये ।

१ काप्रतौ 'आबाहाट्ठाणाणि', ताप्रतौ 'आबाहाट्ठणाणि (णं)' इति पाठः । २ अ-आप्रत्योः 'विचारट्ठाणेहियो जदि', काप्रतौ 'विचारट्ठाणेहिओ जदि', ताप्रतौ 'विचारट्ठाणेहिय (हिंतो) इति पाठः । ३ ताप्रतौ 'लब्भदि (ब्भंति)', इति पाठः । ४ ताप्रतौ 'असंखे०' इति पाठः । ५ ताप्रतौ 'संखेज्जदि' इति पाठः ६ ताप्रतौ 'च' इत्येतत्पदं नास्ति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वत्थोवा आउअस्स जहण्णाबाहा इदि वुत्ते असंखेयद्धापढमसमए आउअकम्मबंध-माढविय जहण्णबंधगद्धाए चरिमसमए वट्टमाणस्स जा आबाहा सा घेत्तव्वा[2], तत्तो ऊणाए[3] अण्णाबाहाए अणुवलंभादो[4]। खुद्दाभवग्गहणप्पहुडि समउत्तर-दुसमउत्तरादिकमेण जाव अपज्जत्तउक्कस्साउअं ति ताव णिरंतरं गंतूण पुणो उवरि अंतोमुहुत्तमंतरं होदूण सण्णि-असण्णि-पज्जत्ताणं जहण्णाउअं होदि। पुणो एदमादिं कादूण उवरि णिरंतरं गच्छदि जाव तेत्तीससागरोवमाणि त्ति। तेण जहण्णट्ठिदिबंधमुक्कस्सट्ठिदिबंधम्हि सोहिदे सेसकम्माणं व आउअस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणविसेसो ण उप्पज्जदि त्ति घेत्तव्वं। एवमप्पाबहुगं समत्तं।

(बिदिया चूलिया)

ठिदिबंधज्झवसाणपरूवणदाए तत्थ इमाणि तिण्णि अणिओगद्दाराणि जीवसमुदाहारो पयडिसमुदाहारो ट्ठिदिसमुदाहारो त्ति[5]॥ १६५॥

संपधि इमा कालविहाणस्स बिदिया चूलिया किमट्ठमागदा? ठिदिबंधट्ठाणाणं कारणभूदअज्झवसाणट्ठाणपरूवणट्ठं। ट्ठिदिबंधट्ठाणबंधकारणसंकिलेस-विसोहिट्ठाणाणं परूवणा

'आयुकी जघन्य आबाधा सबसे स्तोक है ऐसा' कहनेपर असंख्येयाद्धा (असंक्षेपाद्धा) के प्रथम समयमें आयु कर्मके बन्धको प्रारम्भ करके जघन्य बन्धककालके अन्तिम समयमें वर्तमान जीवके जो आबाधा होती है उसका ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि उससे हीन और अन्य आबाधा पायी नहीं जाती। क्षुद्रभवग्रहणको आदि लेकर एक समय अधिक दो समय अधिक इत्यादि क्रमसे जब तक अपर्याप्तककी उत्कृष्ट आयु नहीं प्राप्त होती तब तक निरन्तर जाकर, तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त अन्तर होकर संज्ञी व असंज्ञी पर्याप्तकोंकी जघन्य आयु होती है। फिर इसको आदि लेकर आगे तेतीस सागरोपम तक निरन्तर जाते हैं। इसलिये उत्कृष्ट स्थितिबन्धमेंसे जघन्य स्थितिबन्धको कम करनेपर शेष कर्मोंके समान आयु कर्मका स्थितिबन्धविशेष उत्पन्न नहीं होता, ऐसा ग्रहण करना चाहिये। इस प्रकार अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

(द्वितीय चूलिका)

स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानप्ररूपणा अधिकृत है। उसमें ये तीन अनुयोगद्वार हैं— जीवसमुदाहार, प्रकृतिसमुदाहार और स्थितिसमुदाहार ॥ १६५ ॥

शंका—अब यह कालविधानकी द्वितीय चूलिका किसलिये आयी है?

समाधान—वह स्थितिबन्धस्थानोंके कारणभूत अध्यवसानस्थानोंकी प्ररूपणा करनेके लिये प्राप्त हुई है।

१ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु 'संखेयद्धा—' इति पाठः। २ अ-आ-काप्रतिषु 'जाव आबाहा घेत्तव्वा', मप्रतौ 'जाव आबाहा सा घेत्तव्वा' इति पाठः। ३ प्रतिषु 'ऊणए' इति पाठः। ४ मप्रति-पाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु 'अण्णाबाहाअणुवलंभादो' इति पाठः। ५ तदेवमुक्तमल्पबहुत्वम्। इदानीं स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानप्ररूपणा कर्तव्या। तत्र त्रीण्यनुयोगद्वाराणि। तद्यथा—स्थितिसमुदाहारः १, प्रकृति-समुदाहारः २, जीवसमुदाहारश्च ३। समुदाहारः प्रतिपादनम्। क.प्र. (म.टी.) १,८७ गाथाया उत्थानिका।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पढमाए चूलियाए कदा चेव, पुणो तत्थ परूविदाणं संकिलेस-विसोहिट्ठाणाणं परूवणा ण कायव्वा; पुणरुत्तदोसप्पसंगादो। ण च कसाउदयट्ठाणाणि मोत्तूण ट्ठिदिबंधस्स अण्णं कारणमत्थि, ट्ठिदिअणुभागे कसायदो कुणदि त्ति वयणेण विरोहप्पसंगादो त्ति ? एत्थ परिहारो उच्चदे। तं जहा—असादबंधपाओग्गकसाउदयट्ठाणाणि संकिलेसो णाम। ताणि च जहण्णट्ठिदीए थोवाणि होदूण विदियट्ठिदिप्पहुडि विसेसाहियं कमेण ताव गच्छंति जाव उक्कस्सट्ठिदि त्ति। एदाणि च सव्वमूलपयडीणं समाणाणि, कसाएण विणा बज्झमाणमूलपयडीए अणुवलंभादो। सादबंधपाओग्गाणि कसाउदयट्ठाणाणि विसोहिट्ठाणाणि। एदाणि च उक्कस्सट्ठिदीए थोवाणि होदूण दुचरिमट्ठिदिप्पहुडिप्पगणणादो विसेसाहियकमेण ताव गच्छंति जाव जहण्णट्ठिदि त्ति। संकिलेसट्ठाणेहिंतो किमट्ठं विसोहिट्ठाणाणि ऊणत्तमुवगयाणि ? ण, साभावियादो। एदाणि संकिलेसविसोहिट्ठाणाणि णाम ट्ठिदिबंधमूलकारणभूदाणि एदेसिं ट्ठिदिबंधट्ठाणपरूवणाए वण्णणा कदा। ण च एत्थ एदेसिं पुव्वं परूविदाणं परूवणा अत्थि जेण पुणरुत्तदोसो होज्ज[1], किंतु एत्थ ट्ठिदिबंधट्ठाणाणं विसेसपच्चयस्स ट्ठिदिबंधज्झवसाणसण्णिदस्स परूवणा कीरदे। ण पुणरुत्तदोसो वि ढुक्कदे, पुव्वमपरूविदट्ठिदि-

शंका—स्थितिबन्धस्थानोंके कारणभूत संक्लेश-विशुद्धिस्थानोंकी प्ररूपणा प्रथम चूलिकामें की ही जा चुकी है, अतः वहां वर्णित संक्लेश-विशुद्धिस्थानोंकी प्ररूपणा फिरसे नहीं की जानी चाहिये; क्योंकि, वैसा करनेपर पुनरुक्त दोषका प्रसंग आता है। कषायोदयस्थानोंको छोड़कर स्थितिबन्धका और कोई दूसरा कारण संभव नहीं है, क्योंकि, वैसा होनेपर "स्थिति व अनुभागको कषायसे करता है" इस आगम वाक्यके साथ विरोधका प्रसंग आता है ?

समाधान—यहां इस शंकाका उत्तर कहते हैं। वह इस प्रकार है—असाता वेदनीयके बन्ध योग्य कषायोदयस्थानोंको संक्लेश कहा जाता है। वे जघन्य स्थितिमें स्तोक होकर आगे द्वितीय स्थितिसे लेकर उत्कृष्ट स्थिति तक विशेषाधिकताके क्रमसे जाते हैं। ये सब मूल प्रकृतियोंके समान हैं, क्योंकि, कषायके विना बंधको प्राप्त होनेवाली कोई मूल प्रकृति पायी नहीं जाती। सातावेदनीयके बन्ध योग्य परिणामोंको विशुद्धिस्थान कहते हैं। ये उत्कृष्ट स्थितिमें स्तोक होकर आगे द्विचरम स्थितिसे लेकर जघन्य स्थिति तक गणनाकी अपेक्षा विशेष अधिकताके क्रमसे जाते हैं।

शंका—विशुद्धिस्थान संक्लेशस्थानोंकी अपेक्षा हीनताको क्यों प्राप्त हैं ?

समाधान—नहीं, क्योंकि वे स्वभावसे ही हीनताको प्राप्त हैं।

ये संक्लेश-विशुद्धिस्थान स्थितिबन्धके मूल कारणभूत हैं। इनका वर्णन स्थितिबन्धस्थानप्ररूपणामें किया गया है। यहां पूर्वमें वर्णित इनकी पुनः प्ररूपणा नहीं की जा रही है, जिससे कि पुनरुक्त दोष होनेकी सम्भावना हो। किन्तु यहां स्थितिबंधाध्यवसान नामसे प्रसिद्ध स्थितिबन्धस्थानोंके विशेष प्रत्यय (कारण) की प्ररूपणा की जा रही है। अतः पुनरुक्त दोष भी सम्भव नहीं है, क्योंकि, यहां पूर्वमें जिनकी प्ररूपणा नहीं की गयी है, उन बन्धाध्यवसानस्थानोंकी प्ररूवणा की गयी है।

१ अ-आप्रतोः 'जेण पुणरुत्तदोसो ण होज्ज' काप्रतौ 'जे पुण रुत्तदोसो ण होज्ज' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बंधज्झवसाणट्ठाणपरूवणत्तादो[1] । ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि कसाउदयट्ठाणाणि ण होंति त्ति कधं णव्वदे ? णामा-गोदाणं ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणेहिंतो चदुण्णं कम्माणं ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि [असंखेज्जगुणाणि त्ति अप्पाबहुगसुत्तादो । जदि पुण कसाउदयट्ठाणाणि चेव ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि] होंति तो णेदमप्पाबहुगं घडदे, कसायोदयट्ठाणेण विणा मूलपयडिबंधाभावेण सव्वपयडिट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणं समाणत्तप्पसंगादो । तम्हा सव्वमूलपयडीणं सग-सगउदयादो समुप्पण्णपरिणामाणं सग-सगट्ठिदिबंधकारणत्तेण ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणसण्णिदाणं एत्थ गहणं कायव्वं, अण्णहा उत्तदोसप्पसंगादो । एदेसिं ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणं परूवणट्ठमिमा बिदिया चूलिया आगदा । तत्थ तिण्णि अणियोगद्दाराणि जीव-पयडि-ट्ठिदिसमुदाहारभेदेण । तत्थ जीवसमुदाहारो किमट्ठं आगदो ? सादासादाणं एक्केक्किस्से ट्ठिदीए एत्तिया जीवा होंति ण होंति त्ति जाणावणट्ठमागदो । पयडिसमुदाहारो किमट्ठमागदो ? एदिस्से पयडीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि एत्तियाणि

शंका—स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान कषायोदयस्थान नहीं हैं, यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—नाम व गोत्रके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी अपेक्षा चार कर्मोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं, इस अल्पबहुत्वसूत्रसे वह जाना जाता है। यदि कषायोदयस्थान ही स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान हों तो यह अल्पबहुत्व घटित नहीं हो सकता है, क्योंकि, कषायोदयस्थानके विना मूल प्रकृतियोंका बन्ध न हो सकनेसे सभी मूल प्रकृतियोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी समानताका प्रसंग आता है। अत एव सब मूल प्रकृतियोंके अपने अपने उदयसे जो परिणाम उत्पन्न होते हैं उनकी ही अपनी अपनी स्थितिके बन्धमें कारण होनेसे स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान संज्ञा है। उनका ही ग्रहण यहाँ करना चाहिये, क्योंकि, अन्यथा पुनरुक्त दोषका प्रसंग आता है।

इन स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी प्ररूपणाके लिये द्वितीय चूलिकाका अवतार हुआ है। उसमें तीन अनुयोगद्वार हैं—जीवसमुदाहार, प्रकृतिसमुदाहार और स्थितिसमुदाहार।

शंका—इनमें जीवसमुदाहार किसलिये आया है ?

समाधान—साता व असाताकी एक एक स्थितिमें इतने जीव हैं व इतने नहीं है, इस बातके ज्ञापनार्थ जीवसमुदाहार प्राप्त हुआ है।

प्रकृतिसमुदाहार किसलिये आया है ?

इस प्रकृतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान इतने होते हैं और इतने नहीं होते हैं, इस

१ अ-आ-का-ताप्रतिष्वनुपलभ्यमानमिदं हेतुवचनं मप्रतितोऽत्र योजितम्। २ अ-आ-का-ताप्रतिष्वनुपलभ्यमानोऽयं कोष्ठकस्थः पाठो मप्रतितोऽत्र योजितः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होंति [एत्तियाणि] ण होंति त्ति जाणावणट्ठमागदो । ट्ठिदिसमुदाहारो किमट्ठमागदो ? एदिस्से ट्ठिदीए एत्तियाणि ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि होंति, एत्तियाणि ण होंति त्ति जाणावणट्ठं । ण च[1] तिण्णि अणियोगद्दाराणि मोत्तूण एत्थ चउत्थमणियोगदारं संभवदि, अणुवलंभादो । पयडिट्ठिदिसमुदाहाराणं ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणपरूवणट्ठं[2] होदु णाम, पयडि-ट्ठिदीओ अस्सिदूण तत्थ ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणपरूवणुवलंभादो । ण जीवसमुदाहारस्स[3], तत्थ तदणुवलंभादो त्ति[4] ? ण एस दोसो, ठिदीणं कज्जे कारणोवयारेण ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणववएसोवलंभादो । ण च जीवसमुदाहारो उवयारेण ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणसण्णिदट्ठिदीयो ण परूवेदि, तत्थ जीवविसेसिदट्ठिदिपरूवणुवलंभादो । अधवा, ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणमासओ त्ति जीवाणं तत्थ तव्ववएसो त्ति ण दोसो ।

जीवसमुदाहारे त्ति जे ते णाणावरणीयस्स बंधा जीवा ते दुविहा-सादबंधा चेव असादबंधा चेव ॥ १६६ ॥

पुव्वुद्दिट्ठअहियारसंभालणट्ठं जीवसमुदाहारो पयदं ति अज्झाहारो कायव्वो, अण्णहा

बातका परिज्ञान करानेके लिये प्रकृतिसमुदाहारका अवतार हुआ है। स्थितिसमुदाहार किस लिये आया है? इस स्थितिके इतने स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान होते हैं और इतने नहीं होते हैं, इसका परिज्ञान करानेके लिये स्थितिसमुदाहार प्राप्त हुआ है। इन तीन अनुयोगद्वारोंको छोड़कर यहां किसी चौथे अनुयोगद्वारकी सम्भावना नहीं है, क्योंकि, वह पाया नहीं जाता।

शंका—स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी प्ररूपणा करनेके लिये प्रकृतिसमुदाहार व स्थितिसमुदाहारकी सम्भावना भले ही हो, क्योंकि, प्रकृति व स्थितिका आश्रय करके वहां स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी प्ररूपणा पायी जाती है। किन्तु जीवसमुदाहारकी सम्भावना नहीं है, क्योंकि, वहां उनकी प्ररूपणा पायी नहीं जाती?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, कार्यमें कारणका उपचार करनेसे स्थितियोंकी स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान संज्ञा पायी जाती है। और जीवसमुदाहार उपचारसे स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान संज्ञाको प्राप्त हुई स्थितियोंकी प्ररूपणा न करता हो, ऐसा है नहीं; क्योंकि, उसमें जीवसे विशेषताको प्राप्त हुई स्थितियोंकी प्ररूपणा पायी जाती है। अथवा, चूँकि स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान आश्रय है, अतः वहाँ जीवोंकी उक्त संज्ञामें कोई दोष नहीं है।

जीवसमुदाहार प्रकृत है। जो ज्ञानावरणीयके बन्धक जीव हैं वे दो प्रकार हैं—सातबन्धक और असातबन्धक ॥ १६६ ॥

पूर्वोद्दिष्ट अधिकारका स्मरण करानेके लिये 'जीवसमुदाहार प्रकृत है' ऐसा अध्याहार करना चाहिये, क्योंकि अन्यथा परिज्ञान नहीं हो सकता। 'सादबंधा'

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'जाणावणट्ठं च' इति पाठः। २ आ-का-ताप्रतिषु 'परूवणत्तं' इति पाठः। ३ अप्रतौ 'जीवसमुदाहारो' इति पाठः। ४ ताप्रतौ 'त्ति' इत्येतत्पदं नास्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अत्थपडिवत्तीए अभावादो । सादबंधा त्ति उत्ते सादबंधया त्ति घेत्तव्वं, कत्तारणिद्देसादो । णाणावरणीयस्स बंधया जीवा दुविहा चेव सादबंधया असादबंधया चेदि । ण च सादासादाणं बंधेण विणा णाणावरणीयस्स बंधया जीवा अत्थि, अणुवलंभादो । एत्थ णाणावरणीयगहणेण णाणावरणादीणं धुवबंधीणं पयडीणं बंधया जीवा दुविहा त्ति वत्तव्वं । सादबंधया इदि उत्ते साद-थिर-सुभ-सुस्सर-सुभग-आदेज्ज-जसकित्ति-उच्चागोदाणमट्ठण्णं सुहपयडीणं परियत्तमाणीणं गहणं कायव्वं, अण्णोण्णाविणाभाविबंधादो । असादबंधया इदि उत्ते असाद-अथिर-असुह-दुभग-दुस्सर-अणादेज्ज-अजसगित्ति-णीचागोदबंधयाणं गहणं कायव्वं, बंधेण अण्णोण्णाविणाभावित्तदंसणादो । सादासादादीणमक्कमेण एगजीवम्मि बंधो किण्ण जायदे ? ण, अच्चंताभावेण पडिसिद्धअक्कमप्पउत्तीदो । सादासादादीणमक्कम-बंधे जीवाणं सत्ती णत्थि त्ति भणिदं होदि ।

तत्थ जे ते सादबंधा जीवा ते तिविहा- चउट्ठाणबंधा तिट्ठाण-बंधा बिट्ठाणबंधा[1] ॥ १६७ ॥

तत्थ सादबंधा जीवा त्ति णिद्देसेण असादबंधयजीवाणं पडिसेहो कदो । तिविहा त्ति वयणेण चउव्विहादिपडिसेहो कदो । चउट्ठाण-तिट्ठाण-बिट्ठाणमिदि तिविहो सादाणु भागो होदि । सादावेदणीए एगट्ठाणाणुभागो णत्थि, तहाणुवलंभादो । बंधं पडि एगट्ठा-

---

कहनेपर 'सादबंधया' अर्थात् साताबेदनीयके बन्धक, ऐसा ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि, कर्ताका निर्देश है । ज्ञानावरणीयके बन्धक जीव दो प्रकार ही हैं—सातबन्धक और असातबन्धक । साता व असाता वेदनीयके बन्धसे रहित ज्ञानावरणीयके बन्धक जीव नहीं हैं, क्योंकि वे पाये नहीं जाते । सूत्रमें जो ज्ञानावरणीय पदका उपादान किया है उससे ज्ञानावरणादिक ध्रुव प्रकृतियोंके बन्धक जीव दो प्रकार हैं, ऐसा कहना चाहिये । 'सादबंधया' कहनेपर साता, स्थिर, शुभ, सुस्वर, सुभग, आदेय, यशकीर्ति और उच्चगोत्र, इन आठ परिवर्तमान प्रकृतियोंका ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि, इनके बन्धमें परस्पर अविनाभाव सम्बन्ध है । 'असादबंधया' कहनेसे असाता, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, अयशकीर्ति और नीच गोत्रके बन्धकोंका ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि, बन्धकी अपेक्षा उनमें अविनाभाव सम्बन्ध देखा जाता है ।

शंका—एक जीवमें एक साथ साता व असातादिकोंकाबन्ध क्यों नहीं होता है ?

समाधान—नहीं, उनकी युगपत् प्रवृत्ति अत्यन्ताभावसे प्रतिषिद्ध है, अर्थात् साता व असाता आदिकोंको एक साथ बाँधनेमें जीवोंकी शक्ति नहीं है, यह अभिप्राय है ।

उनमें जो सातबन्धक जीव हैं वे तीन प्रकार हैं—चतुःस्थानबन्धक, त्रिस्थान-बन्धक और द्विस्थानबन्धक ॥ १६७ ॥

सूत्रमें 'सादबन्धा जीवा' इस निर्देशसे असातबन्धक जीवोंका निषेध किया गया है । चतुःस्थान, त्रिस्थान और द्विस्थान इस प्रकारसे साता वेदनीयका अनुभाग तीन प्रकार है । सातावेदनीयमें एकस्थान अनुभाग नहीं है, क्योंकि, वैसा पाया नहीं जाता ।

१ बंधंती धुवपगडी परित्तमाणिगसुभाण तिविहरसं । चउ-तिगबिट्ठाणगयं विवरीयगयं च असुभाणं ॥ क. प्र. १, ९०.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णाणुभागस्स संभवो जदि वि णत्थि तो वि संतं पडुच्च अत्थि त्ति एगट्ठाणाणुभागो एत्थ किण्ण परूविदो ? ण, बंधाहियारे संतपरूवणाणुववत्तीदो । एत्थ सादाणुभागो जहण्ण-फद्दयप्पहुडि जाव उक्कस्सफद्दयो त्ति ताव रचेयव्वो सेडिआगारेण । तत्थ पढमो भागो गुडसमाणो[1] एगं ट्ठाणं, बिदियो भागो खंडसमाणो बिदियं ट्ठाणं, तदियो भागो सक्करातुल्लो तदियं ट्ठाणं, चउत्थो भागो अमियसमो चउत्थट्ठाणं । एदाणि चत्तारिट्ठाणाणि जम्मि सादाणुभागबंधे अत्थि सो अणुभागबंधो चउत्थट्ठाणो । तस्स बंधया जीवा चउट्ठाणबंधया णाम । एवं तिट्ठाण-बिट्ठाणबंधाणं पि परूवणं कायव्वं[2] । एवं सादबंधया अणुभागबंध-भेदेण तिविहा चेव होंति ।

असादबंधा जीवा तिविहा[3]- बिट्ठाणबंधा तिट्ठाणबंधा चउट्ठाण-बंधा त्ति ॥ १६८ ॥

एत्थ असादाणुभागो पुव्वं व सेडिआगारेण ठइदूण चत्तारिभागेसु कदेसु तत्थ पढम-भागो णिंबसमो एगट्ठाणं, बिदियभागो कांजीरसमो बिदियट्ठाणं, तदियभागो विससमो

शंका—यद्यपि बन्धकी अपेक्षा एकस्थान अनुभागकी सम्भावना नहीं है, तथापि सत्त्वकी अपेक्षा तो उसकी सम्भावना है ही । फिर एकस्थानानुभागकी प्ररूपणा यहाँ क्यों नहीं की गई ?

समाधान—नहीं, क्योंकि बन्धके अधिकारमें सत्त्वकी प्ररूपणा संगत नहीं है ।

यहाँ जघन्य स्पर्धकसे लेकर उत्कृष्ट स्पर्धक तक श्रेणिके आकारसे साताके अनुभागकी रचना करना चाहिये । उसमें प्रथम भाग गुड़के समान एक स्थान, द्वितीय भाग खाँड़के समान दूसरा स्थान, तृतीय भाग शक्करके समान तीसरा स्थान, और चतुर्थ भाग अमृतके समान चौथा स्थान है । इस प्रकार जिस साताके अनुभागमें ये चार स्थान हों वह अनुभागबन्ध चतुर्थस्थान कहा जाता है । उसको बाँधनेवाले जीव चतुःस्थानबन्धक कहलाते हैं । इसी प्रकार त्रिस्थान और द्विस्थानबन्धकोंकी भी प्ररूपणा करना चाहिये । इस अनुभागके भेदसे सातबन्धक तीन प्रकारके हैं ।

असातबन्धक जीव तीन प्रकारके हैं—द्विस्थानबन्धक, त्रिस्थानबन्धक और चतुःस्थानबन्धक ॥ १६८ ॥

यहाँ असाताके अनुभागको पहिलेके ही समान श्रेणिके आकारसे स्थापित करके चार भाग करनेपर उनमेंसे प्रथम भाग नीमके समान एक स्थान, द्वितीय भाग कांजीरके समान दूसरे स्थान, तृतीय भाग विषके समान तीसरे स्थान, और चतुर्थ भाग हालाहलके

१ अ-आ-काप्रतिषु 'गुणसमाणो', ताप्रतौ 'गुण (ड) समाणो' इति पाठः ।

२ इह शुभप्रकृतीनां रसः क्षीरादिरसोपमः । अशुभप्रकृतीनां तु घोषातकी-निंबादिरसोपमः । उक्तं च—'घोसाडइ-निंबुवमो असुभाण सुभाण खीर-खंडुवमो' इति । क्षीरादिरसश्च स्वाभाविक एकस्थानिक उच्यते । द्वयोस्तु कर्षयोरावर्तने कृते सति योऽवशिष्यते एकः कर्षः स द्विस्थानिकः । त्रयाणामावर्तने कृते सति य उद्धरित एकः कर्षः त्रिस्थानगतः । चतुर्णां तु कर्षणामावर्तने कृते सति योऽवशिष्टः एकः कर्षः स चतुस्थानगतः । क. प्र. (म. टी.) १,९०. ३ अप्रतौ 'असादबंधजीवा तिविहा' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तदियं ठाणं, चउत्थो भागो हालाहलतुल्लो चउत्थट्ठाणं । तत्थ दोण्णि ट्ठाणाणि जम्हि अणुभागबंधे सो बिट्ठाणो[1] णाम । तस्स बंधया जीवा बिट्ठाणबंधा । एवं तिट्ठाणबंधाणं चउट्ठाणबंधाणं च परूवणा कायव्वा । एवमणुभागबंधमस्सिदूण असादबंधा तिविहा होंति ।

सव्वविसुद्धा सादस्स चउट्ठाणबंधा जीवा[2] ॥ १६९ ॥

सव्वेहिंतो विसुद्धा सव्वविसुद्धा । सादबिट्ठाण-तिट्ठाणबंधएहिंतो सादस्स चउट्ठाणबंधा जीवा सुट्ठु विसुद्धा त्ति उत्तं होदि । एत्थ[3] का विसुद्धदा णाम ? अइतिव्वकसायाभावो मंदकसाओ विसुद्धदा त्ति घेत्तव्वा । तत्थ सादस्स चउट्ठाणबंधा जीवा सव्वविसुद्ध त्ति भणिदे सुट्ठुमंदसंकिलेसा त्ति घेत्तव्वं । जहण्णट्ठिदिबंधकारणजीवपरिणामो वा विसुद्धदा णाम ।

तिट्ठाणबंधा जीवा संकिलिट्ठदरा[4] ॥ १७० ॥

सादचउट्ठाणबंधएहिंतो सादस्सेव तिट्ठाणाणुभागबंधया जीवा संकिलिट्ठदरा, कसाउक्कड्डा त्ति भणिदं होदि ।

समान चौथे स्थान रूप है । उनमेंसे जिस अनुभागबन्धमें दो स्थान हैं वह द्विस्थान अनुभागबन्ध कहलाता है । उसको बांधनेवाले जीव द्विस्थानबन्धक कहे जाते हैं । इसी प्रकार त्रिस्थानबन्धक और चतुःस्थानबन्धक जीवोंकी प्ररूपणा करना चाहिये । इस प्रकार अनुभागबन्धका आश्रय करके असातबन्धक तीन प्रकारके होते हैं ।

सातावेदनीयके चतुःस्थानबन्धक जीव सबसे विशुद्ध हैं ॥ १६९ ॥

'सव्वेहिंतो विसुद्ध सव्वविसुद्धा' इस प्रकार सर्वविशुद्ध पदमें तत्पुरुष समास है । साता वेदनीयके द्विस्थानबन्धकों और त्रिस्थानबन्धकोंकी अपेक्षा उनके चतुःस्थानबन्धक जीव अतिशय विशुद्ध हैं, यह उसका अभिप्राय है ।

शंका—यहां विशुद्धतासे क्या अभिप्राय है ?

समाधान—अत्यन्त तीव्र कषायके अभावमें जो मन्द कषाय होती है उसे विशुद्धता पदसे ग्रहण करना चाहिये ।

सातावेदनीयके चतुःस्थानबन्धक जीव सर्वविशुद्ध हैं, ऐसा कहनेपर 'वे अतिशय मन्द संक्लेशसे सहित हैं' ऐसा ग्रहण करना चाहिये । अथवा, जघन्य स्थितिबन्धका कारण स्वरूप जो जीवका परिणाम है उसे विशुद्धता समझना चाहिये ।

त्रिस्थानबन्धक जीव संक्लिष्टतर हैं ॥ १७० ॥

साताके चतुःस्थानबन्धकोंकी अपेक्षा साताके ही त्रिस्थानानुभागबंधक जीव संक्लिष्टतर हैं, अर्थात् वे उनकी अपेक्षा उत्कट कषायवाले हैं, यह अभिप्राय है ।

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'अणुभागबंधो सो बिट्ठाणू' इति पाठः । २ ये सर्वविशुद्धा रसं बध्नन्ति । क. प्र. (म. टी.) १,९१. । ३ अप्रतौ 'एवं एत्थ' इति पाठः । ४ ये पुनर्मध्यमपरिणामास्ते त्रिस्थानगतं रसं बध्नन्ति । क. प्र. (म. टी.) १,९१ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बिट्ठाणबंधा जीवा संकिलिट्ठदरा[1] ॥ १७१ ॥

सादतिट्ठाणुभागबंधएहिंतो सादस्सेव बिट्ठाणाणुभागबंधया जीवा संकिलिट्ठदरा, संकिलेसेणे[2] अहिया त्ति भणिदं होदि ।

सव्वविसुद्धा असादस्स बिट्ठाणबंधा जीवा[3] ॥ १७२ ॥

असादस्स तिट्ठाणाणुभागबंधएहिंतो तस्सेव बिट्ठाणाणुभागबंधया मंदकसाया त्ति भणिदं होदि ।

तिट्ठाणबंधा जीवा संकिलिट्ठदरा[4] ॥ १७३ ॥

असादस्स बिट्ठाणाणुभागबंधएहिंतो तिट्ठाणाणुभागबंधया जीवा सुट्ठुक्कडसंकिलेसा होंति । कुदो ? साभावियादो ।

चउट्ठाणबंधा जीवा संकिलिट्ठदरा[5] ॥ १७४ ॥

असादतिट्ठाणाणुभागबंधएहिंतो तस्सेव चउट्ठाणाणुभागबंधयाणं कसायो अइबहुलो होदि । कुदो ? साभावियादो । संकिलेसे वड्ढमाणे सादादीणं सुहपयडीणमणुभागबंधो हायदि, असादादीणमसुहपयडीणमणुभागबंधो वड्ढदि । संकिलेसे हायमाणे सादादीणं

द्विस्थानबन्धक जीव संक्लिष्टतर हैं ॥ १७१ ॥

साताके त्रिस्थानुभागबन्धकोंकी अपेक्षा साताके ही द्विस्थानबन्धक जीव संक्लिष्टतर हैं, अर्थात् वे अधिक संक्लेशवाले हैं ।

असातावेदनीयके द्विस्थानबन्धक जीव सर्वविशुद्ध हैं ॥ १७२ ॥

असाता वेदनीयके त्रिस्थानानुभागबन्धकोंकी अपेक्षा उसके ही द्विस्थानानुभाग बन्धक जीव मन्दकषायवाले हैं, यह सूत्रका अभिप्राय है ।

त्रिस्थानबन्धक जीव संक्लिष्टतर हैं ॥ १७३ ॥

असाताके द्विस्थानानुभागबन्धकोंकी अपेक्षा उसके ही त्रिस्थानानुभागबन्धक जीव अति उत्कट संक्लेशसे संयुक्त होते हैं, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है ।

चतुःस्थानबन्धक जीव संक्लिष्टतर हैं ॥ १७४ ॥

असाताके त्रिस्थानानुभागबन्धकोंकी अपेक्षा उसके ही चतुःस्थानानुभागबन्धकोंकी कषाय अतिशय बहुल होती है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है । संक्लेशकी वृद्धि होनेपर साता आदिक शुभ प्रकृतियोंका अनुभागबन्ध हीन होता है और असाता आदिक अशुभ

---

१ संक्लिष्टपरिणामास्तु द्विस्थानगतम् । क. प्र. (म.टी.) १,९१. । २ अ-आ-काप्रतिषु 'संकिलेसेव' इति पाठः । ३ ये पुनस्तद्योग्यभूमिकानुसारेण सर्वविशुद्धा परावर्तमाना अशुभप्रकृतीर्बध्नन्ति ते तास-द्विस्थानगतं रसं निवर्तयन्ति क. प्र. (म. टी.) १,९१ । ४ मध्यमपरिणामास्त्रिस्थानगम् । क. प्र. (म. टी.) १,८१. । ५ संक्लिष्टपरिणामास्तु चतुःस्थानगतम् । क. प्र. (म. टी.) १,९१. ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुहपयडीणमणुभागबंधो वड्ढदि, असादादीणं असुहपयडीणमणुभागबंधो हायदि त्ति उत्तं होदि ।

सादस्स चउट्ठाणबंधा जीवा णाणावरणीयस्स जहण्णियं ट्ठिदिं बंधंति[1] ॥ १७५ ॥

णाणावरणग्गहणं जेण देसामासियं तेण णाणावरणादीणं[2] धुवबंधीणमसुहपयडीणं[3] सव्वासिं जहण्णयं ट्ठिदिं बंधंति त्ति घेत्तव्वं । जे जे सादस्स चउट्ठाणाणुभागबंधया जीवा ते ते णाणावरणादीणं जहण्णियं चेव ट्ठिदिं बंधंति त्ति णावहारणं[4] कीरदे, चउट्ठाणबंधएसु णाणावरणादीणमजहण्णट्ठिदीणं पि बंधदंसणादो । जेण कसाओ ट्ठिदिबंधस्स कारणं तेण मंदकसाइणो सादस्स चउट्ठाणबंधया जीवा णाणावरणीयस्स जहण्णियं ट्ठिदिं बंधंति त्ति भणिदं ।

सादस्स तिट्ठाणबंधा जीवा णाणावरणीयस्स अजहण्ण-अणुक्कस्सियं ठिदिं बंधंति[5] ॥ १७६ ॥

ण ताव उक्कस्सियं ट्ठिदिं बंधंति, असादजोग्गुक्कस्ससंकिलेसेहि विणा णाणावरणी-

---

प्रकृतियोंका अनुभागबन्ध बढ़ता है। संक्लेशकी हानि होनेपर साता आदिक शुभ प्रकृतियोंका अनुभागबन्ध बढ़ता है और असाता आदिक अशुभ प्रकृतियोंका अनुभागबन्ध हीन होता है, यह अभिप्राय है।

सातावेदनीयके चतुस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिको बाँधते हैं ॥ १७५ ॥

चूँकि ज्ञानावरणका ग्रहण देशामर्शक है, अतः उससे ज्ञानावरणादिक ध्रुवबन्धी सब अशुभ प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिको बाँधते हैं; ऐसा ग्रहण करना चाहिये। जो जो साता वेदनीयके चतुरस्थानानुभागबन्धक जीव हैं वे वे ज्ञानावरणादिकोंकी जघन्य ही स्थितिको बाँधते हैं, ऐसा अवधारण नहीं किया जा रहा है, क्योंकि, चतुःस्थानबन्धकोंमें ज्ञानावरणादिकोंकी अजघन्य स्थितियोंका भी बन्ध देखा जाता है। चूँकि स्थितिबन्धका कारण कषाय है, अतः सातावेदनीयके चतुःस्थानबन्धक मन्दकषायी जीव ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिको बाँधते हैं; ऐसा कहा गया है।

सातके त्रिस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरणीयकी अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थितिको बाँधते हैं ॥ १७६ ॥

ये जीव ज्ञानावरणीयकी उत्कृष्ट स्थितिको नहीं बांधते हैं, क्योंकि, असाताके योग्य

---

१ ये सर्वविशुद्धा शुभप्रकृतीनां चतुःस्थानगतं रसं बध्नन्ति ते ध्रुवप्रकृतीनां जघन्यां स्थितिं निवर्तयन्ति । क. प्र. (म. टी.) १,९१. । २ ताप्रतौ 'णाणावरणीयादीणं' इति पाठः । ३ अ-आ-काप्रतिषु 'धुवव्हीणमसुह—' ताप्रतौ 'धुववड्डीए असुह—' इति पाठः । ४ अ-आ-काप्रतिषु 'णाणावहारणं' इति पाठः । ५ परावर्तमानशुभप्रकृतीनां त्रिस्थानगतस्य रसस्य ये बन्धकास्ते ध्रुवप्रकृतीनामजघन्यां मध्यमां स्थितिं बध्नन्ति । क. प्र. (म. टी.) १,९२. । ६ काप्रतौ 'सायरुकस्स', अ-आ प्रत्योः 'सागरुक्कस्स' ताप्रतौ 'सागरु (?) क्कस्स—' इति पाठः ।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

यस्स [उक्कस्स] ट्ठिदिबंधासंभवादो। ण जहण्णयं पि बंधंति, उक्कट्ठविसोहीए अभावादो। तम्हा सादस्स तिट्ठाणबंधा जीवा णाणावरणादीणमजहण्णमणुक्कस्सियं ट्ठिदिं बंधंति त्ति उत्तं।

सादस्स बिट्ठाणबंधा जीवा सादस्स चेव उक्कस्सियं ट्ठिदिं बंधंति ॥ १७७ ॥

सादस्स बिट्ठाणबंधया जीवा जेण उक्कट्ठसंकिलेसा तेण सादस्स उक्कस्सियं ट्ठिदिं बंधंति, ण[1] णाणावरणीयस्स; ओघुक्कस्ससंकिलेसाभावादो। ण च सादबंधपाओग्गउक्कस्ससंकिलेसेण णाणावरणीयस्स उक्कस्सट्ठिदिं[3] बंधदि, विरोहादो। ण च सादस्स बिट्ठाणबंधया सव्वे वि सादुक्कस्सट्ठिदिं पण्णारससागरोवमकोडाकोडिमेत्तं बंधंति[4], तत्थ[5] अणुक्कस्सट्ठिदिबंधस्स वि उवलंभादो। तम्हा अजोगववच्छेदो एत्थ कायव्वो। अत्रोपयोगिनौ श्लोकौ विशेषण-विशेष्याभ्यां क्रियया च सहोदितः। पार्थो धनुर्धरो नीलं सरोजमिति वा यथा[6] ॥७॥ अयोगमपरैर्योगमत्यन्तायोगमेवं[7] च। व्यवच्छिनत्ति धर्मस्य निपातो व्यतिरेचकः ॥ ८[8] ॥

उत्कृष्ट संक्लेशके बिना ज्ञानावरणीयके [उत्कृष्ट] स्थितिबन्धकी सम्भावना नहीं है। उसकी जघन्य स्थितिको भी नहीं बांधते हैं, क्योंकि उनके उत्कृष्ट विशुद्धिका अभाव है। अतएव त्रिस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरणादिकोंकी अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थितिको बांधते हैं, ऐसा कहा गया है।

सातावेदनीयके द्विस्थानबन्धक जीव सातावेदनीयकी ही उत्कृष्ट स्थितिको बाँधते हैं ॥१७७॥

सातावेदनीयके द्विस्थानबन्धक जीव चूंकि उत्कृष्ट संक्लेशसे संयुक्त होते हैं अतः वे साता वेदनीयकी उत्कृष्ट स्थितिको बांधते हैं, न कि ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट स्थितिको, क्योंकि, यहां सामान्य उत्कृष्ट संक्लेशका अभाव है। साताके बन्ध योग्य उत्कृष्ट संक्लेशके ज्ञानावरणीयकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध नहीं हो सकता, क्योंकि, इसमें विरोध है। दूसरे, साता वेदनीयके द्विस्थानबन्धक सभी जीव सातावेदनीयकी पन्द्रह कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण उत्कृष्ट स्थितिको नहीं बांधते हैं, क्योंकि उनमें उसका अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध भी पाया जाता है। इस कारण यहां अयोगव्यवच्छेद करना चाहिये। यहां उपयोगी दो श्लोक—

निपात अर्थात् एवकार व्यतिरेचक अर्थात् निवर्तक या नियामक होता है। विशेषण, विशेष्य और क्रियाके साथ कहा गया निपात क्रमसे अयोग, अपरयोग (अन्ययोग)

१ अ-का-ताप्रतिषु 'संकिलेसेहि वि णाणावरणीयस्स' इति पाठः। २ अ-आ-का-ताप्रतिषु 'ण' इत्येतत्पदं नास्ति, मप्रतौ त्वस्ति तत्। ३ प्रतिषु 'उक्कस्सट्ठिदी' इति पाठः। ४ आप्रतौ 'सागरोवममेत्तं कोडाकोडी बध्नन्ति' इति पाठः। ५ अप्रतौ 'तस्स' इति पाठः। ६ ताप्रतौ 'वामथा (?)' इति पाठः। ७ अ-काप्रत्योः '-योगमेव' इति पाठः। ८ प्रमाणवार्तिक ४-१९०.।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असादस्स बेट्ठाणबंधा जीवा सत्थाणेण[1] णाणावरणीयस्स जहण्णियं ट्ठिदिं बंधंति[2] ॥ १७८ ॥

असादबंधएसु बेट्ठाणबंधया जीवा अइविसुद्धा मंदकसाइत्तादो जहण्णट्ठिदिकारण-परिणामेहि संजुत्ता[3], तेण णाणावरणीयस्स जहण्णियं ट्ठिदिं बंधंति। जहण्णट्ठिदिं बंधंता वि ओघजहण्णियं ट्ठिदिं ण बंधंति त्ति जाणावणट्ठं सत्थाणेण णाणावरणीयस्स जहण्णियं ट्ठिदिं बंधंति त्ति भणिदं। सत्थाणेण णाणावरणीयस्स का जहण्णट्ठिदी णाम? असादेण सह

और अत्यन्तायोगका व्यवच्छेद करता है। जैसे—'पार्थो धनुर्धरः' और 'नीलं सरोजम्' इन वाक्योंके साथ प्रयुक्त एवकार ॥ ७-८ ॥

विशेषार्थ—विशेषणके साथ प्रयुक्त एवकार अयोगव्यवच्छेदका बोधक होता है। जैसे—'पार्थो धनुर्धरः एव' अर्थात् पार्थ धनुषधारी ही है, इस वाक्यमें प्रयुक्त एवकार पार्थमें अधनुर्धरत्वकी आशंकाको दूरकर धनुर्धरत्वका विधान करता है। अतः वह अयोगव्यवच्छेदका बोधक है। विशेष्यके साथ प्रयुक्त एवकार अन्ययोगव्यवच्छेदका बोधक होता है। जैसे—'पार्थ एव धनुर्धरः' अर्थात् अर्जुन ही एक मात्र धनुर्धर है, इस वाक्यमें प्रयुक्त एवकार अर्जुनमें जो अन्य धनुर्धरोंकी अपेक्षा सातिशय धनुर्धरत्व विद्यमान है उसका अन्य पुरुषोंमें निषेध करता है। अतएव वह अन्ययोगव्यवच्छेदका बोधक है। क्रियापदके साथ प्रयुक्त एवकार अत्यन्तायोगव्यवच्छेदका बोधक होता है। जैसे—'नीलं सरोजं भवत्येव' अर्थात् सरोज नील होता ही है, इस वाक्यमें प्रयुक्त एवकार सरोजमें नीलत्वके अत्यन्ताभावका व्यवच्छेदक होनेसे अत्यन्तायोगव्यवच्छेदका बोधक है। (देखिये न्यायकुमुदचन्द्र भा. २ पृ. ६९३)

असातावेदनीयके द्विस्थानबन्धक जीव स्वस्थानसे ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिको बाँधते हैं ॥ १७८ ॥

असातबन्धकोंमें द्विस्थानबन्धक जीव अतिशय विशुद्ध होते हुए, मन्दकषायी होनेसे चूँकि जघन्य स्थितिके कारणभूत परिणामोंसे संयुक्त हैं, इसीलिये वे ज्ञानावरणकी जघन्य स्थितिको बाँधते हैं। जघन्य स्थितिको बाँधते हुए भी वे ओघ जघन्य स्थितिको नहीं बाँधते है, इस बातके ज्ञापनार्थ 'स्वस्थानसे ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिको बांधते हैं' ऐसा कहा गया है।

शंका—स्वस्थानसे ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थिति किसे कहते हैं।

१ अ-आ-काप्रतिषु 'संठाणेण' इति पाठः। २ तथा इतरासां परावर्तमानाशुभप्रकृतीनां ये द्विस्थानगतं रसं बध्नन्ति ते ध्रुवप्रकृतीनां जघन्यां स्थितिं स्वस्थाने, स्वविशुद्धिभूमिकानुसारेणेत्यर्थः, बध्नन्ति। परावर्तमानाशुभप्रकृतिसत्कद्विस्थानगतरसबन्धहेतुविशुद्ध्यनुसारेण जघन्यां स्थितिं बध्नन्ति, न त्वतिजघन्या-मित्यर्थः। जघन्यस्थितिबन्धो हि ध्रुवप्रकृतीनामेकान्तविशुद्धौ सम्भवति, न च तदानीं परावर्तमानाशुभ-प्रकृतीनां बन्धा सम्भवन्ति। क. प्र. (म. टी.) १,९२. । ३ प्रतिषु 'संजुत्तं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बंधपाओग्गा णाणावरणीयस्स सव्वजहण्णट्ठिदी सा सत्थाणजहण्णा णाम । तिस्से बंधया त्ति उत्तं होदि

असादस्स तिट्ठाणबंधा जीवा णाणावरणीयस्स अजहण्ण-अणुक्कस्सियं ट्ठिदिं बंधंति[1] ॥ १७९ ॥

कुदो ? ण ताव उक्कस्सियं ट्ठिदिं बंधंति, उक्कस्ससंकिलेसाभावादो । ण जहण्णियं पि, अइविसुद्धपरिणामाभावादो । तम्हा णाणावरणीयस्स अजहण्ण-अणुक्कस्सियं चेव ट्ठिदिं असादतिट्ठाणबंधा जीवा बंधंति त्ति सिद्धं ।

असादस्स चउट्ठाणबंधा जीवा असादस्स चेव उक्कस्सियं ट्ठिदिं बंधंति[2] ॥ १८० ॥

जेण असादस्स चउट्ठाणबंधया जीवा तिव्वसंकिलेसा तेण असादस्स उक्कस्सियं ट्ठिदिं बंधंति । एत्थ चेव सद्दो अवि-सद्दट्ठे वट्टदे । तेण णाणावरणादीणं पि उक्कस्सियं ट्ठिदिं बंधंति त्ति घेत्तव्वं, अण्णहा तदुक्कस्सट्ठिदीणं बंधकारणभावप्पसंगादो । एवं

समाधान—असातावेदनीयके साथ बन्धके योग्य जो ज्ञानावरणीयकी सबसे जघन्य स्थिति है वह स्वस्थान जघन्य स्थिति कही जाती है ।

उक्त जीव उसी स्थितिके बन्धक हैं, यह अभिप्राय है ।

असातावेदनीयके त्रिस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरणीयकी अजघन्य अनुत्कृष्ट स्थितिको बांधते हैं ॥ १७९ ॥

कारण यह कि वे उत्कृष्ट स्थितिको तो बांधते नहीं हैं, क्योंकि, उनके उत्कृष्ट संक्लेशका अभाव है । न जघन्य स्थितिको भी बांधते हैं, क्योंकि, उनके अत्यन्त विशुद्ध परिणामोंका अभाव है । इस कारण असाताके त्रिस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरणीयकी अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थितिको ही बांधते हैं, यह सिद्ध है ।

असाता वेदनीयके चतुस्थानबन्धक जीव असातावेदनीयकी ही उत्कृष्ट स्थितिको बाँधते हैं ॥ १८० ॥

चूँकि असाता वेदनीयके चतुस्थानबन्धक जीव तीव्र संक्लेशसे संयुक्त होते हैं, अतएव वे असाता वेदनीयकी उत्कृष्ट स्थितिको बाँधते हैं । यहाँ सूत्रमें प्रयुक्त 'चेव' शब्द 'अपि' शब्दके अर्थमें वर्तमान है । इसीलिये वे ज्ञानावरणादिकोंकी भी उत्कृष्ट स्थितिको बाँधते हैं, ऐसा ग्रहण करना चाहिये; क्योंकि, इसके विना उनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके कारणोंके अभावका प्रसंग आवेगा । इस प्रकार साता व असाता वेदनीयके

---

१ ये पुनः परावर्तमानशुभप्रकृतीनां त्रिस्थानगतस्य रसस्य बन्धकास्ते ध्रुवप्रकृतीनामजघन्यां स्थितिं बध्नन्ति । क. प्र. (म. टी.) १,९२. । २ तथा ये परावर्तमानाशुभप्रकृतीनां चतुःस्थानगतं रसं बध्नन्ति ते ध्रुवप्रकृतीनामुत्कृष्टां स्थितिं निवर्तयन्ति । क. प्र. (म. टी.) १,९२ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादासादाणं चउट्ठाण-तिट्ठाण-बिट्ठाणाणुभागबंधेसु ट्ठिदीणं संकिलेस-विसोहीणं च पमाणं परूविय संपहि ट्ठिदीयो आधारं कादूण तत्थ ट्ठिदजीवाणं सेडिपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तं भणदि—

तेसिं दुविहा सेडिपरूवणा अणंतरोवणिधा परंपरोवणिधा ॥ १८१ ॥

एदं सुत्तं देसामासियं, सेडिपरूवणं भणिदूण परूवणा-पमाण-अवहार-भागाभाग-अप्पाबहुगाणं सूचयत्तादो। तेण ताव परूवणादीणं पण्णवणा कीरदे । तं जहा- सादस्स चउट्ठाणबंधया तिट्ठाणबंधया बिट्ठाणबंधया असादस्स बिट्ठाणबंधया तिट्ठाणबंधया चउट्ठाणबंधया णाणावरणीयस्स सग-सगजहण्णियाए ट्ठिदीए अत्थि जीवा बिदियाए ठिदीए अत्थि जीवा एवं णेयव्वं जाव अप्पप्पणो उक्कस्सट्ठिदि त्ति । परूवणा गदा ।

सादस्स चउट्ठाण-तिट्ठाण-बिट्ठाणबंधया असादस्स बिट्ठाण-तिट्ठाण-चउट्ठाणबंधगा णाणावरणीयस्स सग-सगजहण्णियाए ट्ठिदीए जीवा पदरस्स असंखेज्जदिभागमेत्ता, बिदियाए ठिदीए पदरस्स असंखेज्जदिभागमेत्ता, एवं णेदव्वं जाव अप्पप्पणो उक्कस्सट्ठिदि त्ति । सादबिट्ठाणिय जवमज्झादो असादचउट्ठाणियजवमज्झादो च उवरिमट्ठिदीसु कत्थ वि सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ता जीवा किण्ण होंति त्ति उत्ते- ण होंति । किं कारणं ? अप्पप्पणो

चतुःस्थान, त्रिस्थान और द्विस्थान रूप अनुभागबन्धोंमें स्थितियों एवं संक्लेश व विशुद्धिके प्रमाणकी प्ररूपणा करके अब स्थितियोंका आश्रय करके उनमें स्थित जीवोंकी श्रेणिप्ररूपणा करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

उनकी श्रेणिप्ररूपणा दो प्रकार है—अनन्तरोपनिधा और परम्परोपनिधा ॥१८१॥

यह सूत्र देशामर्शक है, क्योंकि, वह श्रेणिप्ररूपणाको कहकर प्ररूपणा, प्रमाण, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व अनुयोगद्वारोंका सूचक है। अतएव पहिले प्ररूपणा आदिक अनुयोगद्वारोंका प्रज्ञापन किया जाता है। यथा—सातावेदनीयके चतुःस्थानबन्धक, त्रिस्थानबन्धक और द्विस्थानबन्धक तथा असातावेदनीयके द्विस्थानबन्धक त्रिस्थानबन्धक और चतुस्थानबन्धक ज्ञानावरणीयकी अपनी अपनी जघन्य स्थितिमें जीव हैं। द्वितीय स्थितिमें जीव हैं। इस प्रकार अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थिति तक ले जाना चाहिये। प्ररूपणा समाप्त हुई।

सातावेदनीयके चतुःस्थानबन्धक, त्रिस्थानबन्धक और द्विस्थानबन्धक तथा असाता वेदनीयके द्विस्थानबन्धक, त्रिस्थानबन्धक और चतुःस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरणीयकी अपनी अपनी जघन्य स्थितिमें जगप्रतरके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। द्वितीय स्थितिमें जीव प्रतरके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। इस प्रकार अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थिति तक ले जाना चाहिये।

शंका—साता वेदनीयके द्विस्थानिक यवमध्यसे तथा असातावेदनीयके चतुःस्थानिक यवमध्यसे ऊपरकी स्थितियोंमें कहींपर भी जगश्रेणिके असंख्यातवें भाग प्रमाण जीव क्यों नहीं होते ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहण्णट्ठिदीए जीवेहि समाणजवमज्झउवरिमट्ठिदिजीवा पदरस्स असंखेज्जदिभागमेत्ता, तसरासिम्मि तिण्णिगुणहाणिगुणिदपलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण भागे हिदे सेडीए असंखेज्ज-दिभागमेत्तसेडीणमुवलंभादो । ण च एदेसु पदरस्स असंखेज्जदिभागमेत्तजीवेसु पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तद्धाणं गंतूण अद्धद्धेणं[1] ज्झीयमाणेसु अवसाणे सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तं होदि, उवरिमअण्णोण्णब्भत्थरासिणा पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण पदरस्स असंखेज्ज-दिभागे[2] भागे हिदे असंखेज्जसेडिमेत्तजीवोवलंभादो । उवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ सेडिछेदणाहिंतो बहुगाओ त्ति के वि आइरिया भणंति । तेसिमाइरियाणमहिप्पाएण सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ता जीवा उवरि तप्पाओग्गासंखेज्जगुणहाणीयो गंतूण होंति । ण च एवं, वक्खाणे अण्णोण्णब्भत्थरासिस्स पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागत्तुवलंभादो । पमाणपरूवणा गदा ।

अणंतरोवणिधाए सादस्स चउट्ठाणबंधा तिट्ठाणबंधा जीवा असादस्स विट्ठाणबंधा तिट्ठाणबंधा[3] जीवा णाणावरणीयस्स जहण्णि-याए ट्ठिदीए जीवा थोवा[4] ॥ १८२ ॥

समाधान—उक्त शंकाके उत्तरमें कहते हैं कि वे श्रेणिके असंख्यातवें भाग प्रमाण नहीं होते हैं । कारण यह कि अपनी अपनी जघन्य स्थितिके जीवोंके समान यवमध्यसे उपरिम स्थितियोंके जीव प्रतरके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं, क्योंकि, त्रस राशिमें तीन गुणहानियोंसे गुणित पल्योपमके असंख्यातवें भागका भाग देनेपर श्रेणिके असंख्यातवें भाग प्रमाण जगश्रेणियाँ लब्ध होती हैं । परन्तु प्रतरके असंख्यातवें भाग मात्र इन जीवोंके पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र अध्वान जाकर अर्ध-अर्ध भागसे हीन होनेपर अन्तमें उनका प्रमाण श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र रहता है, क्योंकि, पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण उपरिम अन्योन्याभ्यस्त राशिका प्रतरके असंख्यातवें भागमें भाग देनेपर असंख्यात श्रेणियों प्रमाण जीव उपलब्ध होते हैं ।

ऊपरकी नानागुणहानिशलाकायें श्रेणिके अर्धच्छेदोंसे बहुत हैं, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं । उन आचार्योंके अभिप्रायसे श्रेणिके असंख्यातवें भाग प्रमाण जीव आगे तत्प्रायोग्य असंख्यात गुणहानियां जाकर हैं । परन्तु ऐसा नहीं है, क्योंकि, इस व्याख्यानमें अन्योन्याभ्यस्त राशि पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण पायी जाती है । प्रमाणप्ररूपणा समाप्त हुई ।

अनन्तरोपनिधाकी अपेक्षा साता वेदनीयके चतुःस्थानबन्धक व त्रिस्थानबन्धक जीव, असातावेदनीयके द्विस्थानबन्धक व त्रिस्थानबन्धक जीव तथा ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिके जीव स्तोक हैं ॥ १८२ ॥

१ अ-आ-का-प्रतिषु 'अद्धेण' इति पाठः । २ ताप्रतौ 'पदरस्स असंखेज्जदिभागे' इत्येतावान् पाठो नास्ति । आप्रतौ 'असंखे० भागेण भागे हिदे' काप्रतौ 'असंखेज्जदिभागे हिदे' इति पाठः ।
३ ताप्रतौ 'विट्ठाणतिट्ठाणबंधा' इति पाठः । ४ थोवा जहण्णियाए होंति विसेसाहिओ दहिसयाई ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादस्स चउट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गट्ठिदीयो सागरोवमसदपुधत्तमेत्ताओ। ताओ बुद्धीए पुध ट्ठविय, तिट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गाओ सागरोवमसदपुधत्तमेत्ताओ, एदाओ वि पुध ट्ठविय; एवमसादस्स बिट्ठाणतिट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गसागरोवमसदपुधत्तमेत्ताट्ठिदीयो च पुध ट्ठविय, तत्थ एदेसिं चदुण्णं पि पंतीणं[1] णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए जीवा थोवा; तसरासिस्स संखेज्जदिभागमेक्केक्कट्ठिदिपंतिअब्भंतरे ट्ठिदजीवरासिं तिण्णिगुणहाणिगुणिदपलिदोवमस्स[2] असंखेज्जदिभागेण भागे हिदे जहण्णट्ठिदिजीवाणं पमाणुवलंभादो।

बिदियाए ट्ठिदीए जीवा विसेसाहिया ॥ १८३ ॥

कुदो ? एगगुणहाणियद्धाणमसंखेज्जपलिदोवमपढमवग्गमूलमेत्तं विरलिय जहण्णट्ठिदिजीवे समखंडं करिय विरलणरूवं पडि दादूण तत्थ एगखंडमेत्तेण अहियत्तुवलंभादो। एगगुणअद्धाणं चेव भागहारो होदि त्ति कधं णव्वदे ? पक्खेवाणं दुगुणत्तुवलंभादो। तं पि कुदो ? अण्णहा जवमज्झभावाणुववत्तीदो।

साता वेदनीयकी चतुःस्थानानुभागबन्धके योग्य शतपृथक्त्व सागरोपम प्रमाण स्थितियां हैं। उनको बुद्धिसे पृथक् स्थापित करके उसीकी त्रिस्थानानुभागबन्धके योग्य जो शतपृथक्त्व सागरोपम प्रमाण स्थितियां हैं इनको भी पृथक् स्थापित करके, इसी प्रकार असाता वेदनीयकी द्विस्थान व त्रिस्थान रूप अनुभागबन्धके योग्य शतपृथक्त्व सागरोपम प्रमाण स्थितियोंको पृथक् स्थापित करके उनमें इन चारों ही कर्मोंकी पंक्तियोंके ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिके जीव स्तोक हैं, क्योंकि, त्रस राशिके संख्यातवें भाग एक एक पंक्तिके भीतर स्थित जीवराशिमें तीन गुणहानिगुणित पल्योपमके असंख्यातवें भागका भाग देनेपर जघन्य स्थितिके जीवोंका प्रमाण उपलब्ध होता है।

द्वितीय स्थितिके जीव विशेष अधिक हैं ॥ १८३ ॥

इसका कारण यह है कि पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूल प्रमाण एकगुणहानि-अध्वानका विरलन करके जघन्य स्थितिके जीवोंको समखण्ड करके प्रत्येक विरलन रूपके ऊपर देकर उनमेंसे एक खण्डके प्रमाणसे उनमें अधिकता पायी जाती है।

शंका—एकगुणहानिअध्वान ही भागहार होता है, यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—प्रक्षेपोंमें दुगुणताकी उपलब्धि होनेसे जाना जाता है कि एक गुणहानिअध्वान ही भागहार होता है।

शंका—वह भी कहांसे जाना जाता है ?

जीवा विसेसहीणा उदहिसयपुहत्त मो जाव ॥ एवं तिट्ठाणकरा बिट्ठाणकरा य आ सुभुक्कोसा। असुभाणं बिट्ठाणे ति-चउट्ठाणे य उक्कोसा ॥ क. प्र. १, ९३-९४.। परावर्तमानानां शुभप्रकृतीनां चतुस्थानगतरसबन्धका सन्तो ज्ञानावरणीयादीनां ध्रुवप्रकृतीनां जघन्यस्थितौ बन्धकत्वेन वर्तमाना जीवा स्तोकाः (म. टी.)।

१ अप्रतौ 'पि कम्माणं पंतीणं' इति पाठः। २ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-का-ताप्रतिषु 'जीवरासीतिण्णि', आप्रतौ 'जीवरासितिण्णि' इति पाठः।

Jain Education International　　For Private & Personal Use Only　　www.jainelibrary.org

तदियाए ट्ठिदीए जीवा विसेसाहिया ॥ १८४ ॥

केत्तियमेत्तेण ? एगविसेसमेत्तेण । एवं उवरिं पि एगेगजीवविसेसमहियं कादूण णेदव्वं ।

एवं विसेसाहिया विसेसाहिया जाव सागरोवमसदपुधत्तं ॥१८५॥

सागरोवमसदपुधत्तवयणेण चदुण्णं पि जवमज्झाणं हेट्ठिमअद्धाणपमाणं जाणाविदं । एत्थ विसेसो अणवट्ठिदो दट्ठव्वो, गुणहाणिं पडि दुगुणक्कमेण विसेसाणं वड्ढिदंसणादो ।

तेण परं विसेसहीणा विसेसहीणा जाव सागरोवमसदपुधत्तं ॥ १८६ ॥

एदेण सागरोवमसदपुधत्तवयणेण चदुण्णं जवमज्झाणं उवरिमअद्धाणपमाणं जाणाविदं । जवमज्झउवरिमगुणहाणीयो वि हेट्ठिमगुणहाणीहि अद्धाणपमाणेण समाणाओ । जीवविसेसा पुण अणवट्ठिदा; अद्धद्धक्कमेण गुणहाणिं पडि तेसिं गमणुवलंभादो ।

समाधान—चूंकि इसके विना यवमध्यपना बनता नहीं है, इसलिये उनका दुगुणत्व निश्चित होता है ।

तृतीय स्थितिमें जीव विशेष अधिक हैं ॥ १८४ ॥

कितने प्रमाणसे वे अधिक हैं ? वे एक विशेष मात्रसे अधिक हैं । इसी प्रकार आगे भी एक एक जीवविशेषको अधिक करके ले जाना चाहिये ।

इस प्रकार शतपृथक्त्व सागरोपमों तक विशेष अधिक विशेष अधिक ही हैं ॥ १८५ ॥

'शतपृथक्त्व सागरोपम' के कहनेसे चारों ही यवमध्योंके अधस्तन अध्वानका प्रमाण बतलाया गया है । यहां विशेषको अनवस्थित समझना चाहिये, क्योंकि, प्रत्येक गुणहानिके प्रति दुगुणे क्रमसे विशेषोंकी वृद्धि देखी जाती है ।

उसके आगे शतपृथक्त्व सागरोपमों तक विशेष हीन विशेष हीन हैं ॥ १८६ ॥

इस 'सागरोपमशतपृथक्त्व' के कहनेसे चारों यवमध्योंके उपरिम अध्वानका प्रमाण बतलाया गया है । यवमध्यसे ऊपरकी गुणहानियां भी अध्वानप्रमाणकी अपेक्षा नीचेकी गुणहानियोंके समान हैं । परन्तु जीवविशेष अनवस्थित हैं, क्योंकि, प्रत्येक गुणहानिके प्रति उनकी आधे आधे क्रमसे प्रवृत्ति देखी जाती है ।

---

१ ततो द्वितीयस्यां स्थितौ विशेषाधिकाः । ततोऽपि तृतीयस्यां स्थितौ विशेषाधिकाः । एवं तावद्विशेषाधिका वक्तव्या यावत्प्रभूतानि सागरोपमशतान्यतिक्रान्तानि भवन्ति । ततः परं विशेषहीना विशेषहीनास्तावद्वक्तव्या यावद्विशेषहानावपि 'उदहिसयपुहुत्तं त्ति' प्रभूतानि सागरोपमशतानि भवन्ति । 'मो' इति पादपूरणे । पृथक्त्वशब्दोऽत्र बहुत्ववाची । यदाह चूर्णिकृत्—पुहुत्तसद्दो बहुत्तवाचीति ।' इति । क. प्र. (म. टी.) १,९१. ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादस्स बिट्ठाणबंधा जीवा असादस्स चउट्ठाणबंधा जीवा णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए जीवा थोवा ॥ १८७ ॥

कुदो ? जहण्णट्ठाणजीवेहिंतो विसेसाहियकमेण उवरिमट्ठिदिजीवाणं वड्ढिदंसणादो।

बिदियाए ट्ठिदीए जीवा विसेसाहिया ॥ १८८ ॥

केत्तियमेत्तो विसेसो ? एगजीवविसेसमेत्तो। को पडिभागो ? एगदुगुणवड्ढिअद्धाणं।

तदियाए ट्ठिदीए जीवा विसेसाहिया ॥ १८९ ॥

को विसेसो ? रूवाहियगुणहाणीए खंडिदएगखंडमेत्तो।

एवं विसेसाहिया विसेसाहिया जाव सागरोवमसदपुधत्तं ॥ १९० ॥

एदेण सागरोवमसदपुधत्तणिद्देसेण जवमज्झाणं हेट्ठिमअद्धाणं जाणाविदं। एत्थ गुणहाणिअद्धाणाणं पमाणमवट्ठिदं। जीवविसेसा पुण अणवट्ठिदा, गुणहाणिं पडि दुगुण-दुगुणक्कमेण तेसिं वड्ढिदंसणादो।

तेण परं विसेसहीणा विसेसहीणा जाव सादस्स असादस्स उक्कस्सिया ट्ठिदि त्ति ॥ १९१ ॥

साताके द्विस्थानबन्धक जीव और असाताके चतुःस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिमें स्तोक हैं ॥ १८७ ॥

इसका कारण यह है कि जघन्य स्थितिके जीवोंकी अपेक्षा उपरिम स्थितियोंके जीवोंके विशेष अधिक क्रमसे वृद्धि देखी जाती है।

द्वितीय स्थितिमें जीव विशेष अधिक हैं ॥ १८८ ॥

विशेष कितना है ? वह एक जीवविशेषके बराबर है। प्रतिभाग क्या है ? एक दुगुणवृद्धिअध्वान प्रतिभाग है।

तृतीय स्थितिमें जीव विशेष अधिक हैं ॥ १८९ ॥

विशेष क्या है ? एक अधिक गुणहानिका द्वितीय स्थितिमें भाग देनेपर जो एक भाग प्राप्त हो उतना विशेषका प्रमाण है।

इस प्रकार शतपृथक्त्व सागरोपम प्रमाण स्थिति तक जीवोंका प्रमाण विशेष अधिक विशेष अधिक होता गया है ॥ १९० ॥

' शतपृथक्त्व सागरोपम ' इस निर्देशसे यवमध्योंके अधस्तन अध्वानको बतलाया गया है। यहां गुणहानिअध्वानोंका प्रमाण अवस्थित है। परन्तु जीव विशेष अनवस्थित हैं, प्रत्येक गुणहानिके अनुसार उनके दुगुण-दुगुण वृद्धि देखी जाती है।

इसके आगे साता व असाता वेदनीयकी उत्कृष्ट स्थिति तक वे विशेष हीन विशेष हीन होते गये हैं ॥ १९१ ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एदेसिं दोण्णं जवमज्झाणं पुध परूवणा किमट्ठं कदा ? पुव्विल्लचदुण्णं जवमज्झाणं जवमज्झादो हेट्ठिम-उवरिमअद्धाणाणि सागरोवमसदपुधत्तमेत्ताणि चेव, एदेसिं दोण्णं जवमज्झाणं हेट्ठिमअद्धाणाणि सागरोवमसदपुधत्तमेत्ताणि, उवरिमअद्धाणाणि पुण पण्णारस-तीससागरोवमकोडाकोडिमेत्ताणि त्ति जाणावणट्ठं पुध परूवणा कदा । एत्थ छण्णं पि जवमज्झाणं एगेगगुणहाणिअद्धाणं समाणं । कुदो । गुरूवएसादो । णाणागुणहाणिसलागाओ पुण असमाणाओ,[1] जवमज्झे हेट्ठिमउवरिमअद्धाणाणं अण्णोण्णसमाणत्ताभावादो । एत्थ संदिट्ठी एसा १६।२०।२४।२८।३२।४०।४८।५६।६४।५६।४८।४०।३२।२८।२४।२०।१६।१४।१२।१०।८।७।६।५। एवमणंतरोवणिधा समत्ता ।

परंपरोवणिधाए सादस्स चउट्ठाणबंधा तिट्ठाणबंधा जीवा असादस्स बिट्ठाणबंधा तिट्ठाणबंधा णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए जीवेहिंतो तदो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं गंतूण दुगुणवड्ढिदा[2] ॥ १९२ ॥

तदो जहण्णट्ठाणजीवेहिंतो त्ति [उत्तं] होदि । जहण्णट्ठाणजीवेहिंतो दुगुणत्तं

शंका—इन दो यवमध्योंकी पृथक् प्ररूपणा किसलिये की गई है ?

समाधान—पूर्व चार यवमध्यों सम्बन्धी यवमध्यसे नीचे व ऊपरके अध्वान शतपृथक्त्व सागरोपम प्रमाण ही हैं, परन्तु इन दो यवमध्योंके नीचेके अध्वान शतपृथक्त्व सागरोपम प्रमाण और उपरिम अध्वान पन्द्रह व तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण हैं; इस बातको बतलानेके लिये उनकी पृथक् प्ररूपणा की गई है ।

यहां छहों यवमध्योंकी एक एक गुणहानिका अध्वान समान है, क्योंकि, ऐसा गुरुका उपदेश है । परन्तु नानागुणहानिशलाकायें असमान हैं, क्योंकि, यवमध्यमें नीचे व ऊपरके अध्वानोंके परस्पर समानता नहीं है । यहां उनकी संदृष्टि यह है—(मूलमें देखिये) इस प्रकार अनन्तरोपनिधा समाप्त हुई ।

परम्परोपनिधाकी अपेक्षा साताके चतुस्थानबन्धक व त्रिस्थानबन्धक जीव तथा असाताके द्विस्थानबन्धक व त्रिस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिके जीवोंकी अपेक्षा उनसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग जाकर दुगुणी वृद्धिको प्राप्त होते हैं ॥ १९२ ॥

'तदो' पदका अर्थ 'जघन्य स्थितिके जीवोंकी अपेक्षा' है । अर्थात् वे जघन्य

१ ताप्रतौ 'असमाणाओ त्ति', इति पाठः । २ पल्लासंखियमूलानि गंतुं दुगुणा य दुगुणहीणा य । नाणंतराणि पल्लस्स मूलभागो असंखतमो ॥ क. प्र. १,९५ । पल्ल त्ति—परावर्तमानशुभप्रकृतीनां चतुःस्थानगतरसबन्धका ध्रुवप्रकृतीनां जघन्यस्थितौ बन्धकत्वेन वर्तमाना ये जीवास्तदपेक्षया जघन्यस्थितेः परतः पल्योपमस्यासंख्येयानि वर्गमूलानि—पल्योपमस्यासंख्येयेषु वर्गमूलेषु यावन्तः समयास्तावत्प्रमाणाः स्थितीरतिक्रम्यान्तरे स्थितिस्थाने द्विगुणा भवन्ति (म. टी.) ।

Jain Education International For Private & Personal-Use Only www.jainelibrary.org

पडिवज्जमाणा । कं पेक्खिदूण दुगुणत्ते पुच्छिदे जहण्णट्ठिदीए जीवेहिंतो त्ति भणिदं होदि । एदेसिं जवमज्झाणं णाणागुणहाणिसलागाहि अप्पप्पणो अद्धाणे भागे हिदे एगगुणहाणि-अद्धाणं होदि त्ति घेत्तव्वं । जवमज्झस्स हेट्ठा एक्का चेव गुणहाणी ण होदि, अणेगाओ होंति त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तं भणदि—

एवं दुगुणवड्ढिदा दुगुणवड्ढिदा जाव जवमज्झं ॥ १९३ ॥

अवट्ठिदमद्धाणं गंतूण दुगुणवड्ढी होदि त्ति जाणावणट्ठमेवमिदि णिद्देसो कदो । जवमज्झस्स हेट्ठा गुणहाणीयो बहुगाओ होंति त्ति जाणावणट्ठं विच्छाणिद्देसो[1] कदो ।

तेण परं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं गंतूण दुगुणहीणा ॥ १९४ ॥

जवमज्झादो उवरिमगुणहाणीयो आयामेण हेट्ठिमगुणहाणीहि समाणाओ । सेसं सुगमं ।

एवं दुगुणहीणा दुगुणहीणा जाव सागरोवमसदपुधत्तं ॥१९५॥

एदेसिं चदुण्णं जवमज्झाणं हेट्ठिमभागो व्व उवरिमभागो सागरोवमसदपुधत्तमेत्तो चेव होदि त्ति जाणावणट्ठं सागरोवमसदपुधत्तग्गहणं कदं । सेसं सुगमं ।

स्थितिके जीवोंकी अपेक्षा दुगुणी दुगुणी वृद्धिको प्राप्त होते हैं । किसकी अपेक्षा वे दुगुणे हैं, ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं कि वे जघन्य स्थितिके जीवोंकी अपेक्षा दुगुणे हैं, यह अभिप्राय निकलता है । इन यवमध्योंकी नानागुणहानिशलाकाओंका अपने अपने अध्वानमें भाग देनेपर एक गुणहानिअध्वान प्राप्त होता है, ऐसा ग्रहण करना चाहिये । यवमध्यके नीचे एक ही गुणहानि नहीं होती, किन्तु वे अनेक होती हैं; इस बातका ज्ञापन करानेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

इस प्रकार यवमध्य तक वे दुगुणी दुगुणी वृद्धिको प्राप्त हुए हैं ॥ १९३ ॥

अवस्थित अध्वान जाकर दुगुणी वृद्धि होती है, इस बातका परिज्ञान करानेके लिये 'एवं' पदका निर्देश किया गया है । यवमध्यके नीचे गुणहानियां बहुत होती हैं, इस बातके ज्ञापनार्थ 'दुगुणवड्ढिदा दुगुणवड्ढिदा' यह वीप्सा (द्विरुक्ति) का निर्देश किया है ।

इसके आगे पल्योपमके असंख्यातवें भाग जाकर वे दुगुणी हानिको प्राप्त होते हैं ॥ १९४ ॥

यवमध्यसे ऊपरकी गुणहानियां आयामकी अपेक्षा समान हैं । शेष कथन सुगम है ।

इस प्रकार शतपृथक्त्व सागरोपम प्रमाण स्थितितक दुगुणी दुगुणी हानिको प्राप्त होते गये है ॥ १९५ ॥

इन चार यवमध्योंके अधस्तन भागके समान उपरिम भाग भी शतपृथक्त्व सागरोपम प्रमाण ही है, इस बातका परिज्ञान करानेके लिये सूत्रमें 'सागरोपमशतपृथक्त्व' का ग्रहण किया है । शेष कथन सुगम है ।

---

१ प्रतिषु 'मिच्छाणिद्देसो' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादस्स बिट्ठाणबंधा जीवा असादस्स चउट्ठाणबंधा जीवा णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए जीवेहिंतो तदो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं गंतूण दुगुणवड्ढिदा ॥ १९६ ॥

सुगममेदं ।

एवं दुगुणवड्ढिदा दुगुणवड्ढिदा जाव सागरोवमसद-पुधत्तं ॥ १९७ ॥

एदं पि सुगमं ।

तेण परं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं गंतूण दुगुण-हीणा ॥ १९८ ॥

एदं पि सुगमं ।

एवं दुगुणहीणा दुगुणहीणा जाव सादस्स असादस्स उक्कस्सिया ट्ठिदि त्ति ॥ १९९ ॥

एदं पि सुगमं ।

एगजीव-दुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जाणि पलिदोवम-वग्गमूलाणि ॥ २०० ॥

पुव्वं गुणहाणीए आयामो सामण्णेण परूविदो, विसेसेण विणा पलस्स असंखेज्जदि-

---

सातावेदनीयके द्विस्थानबन्धक जीव व असातावेदनीयके चतुस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिके जीवोंकी अपेक्षा उससे पल्योपमके असंख्यातवें भाग जाकर दुगुणी वृद्धिको प्राप्त होते गये हैं ॥ १९६ ॥

यह सूत्र सुगम है ।

इस प्रकार शतपृथक्त्व सागरोपमों तक दुगुणी दुगुणी वृद्धिको प्राप्त होते गये हैं ॥ १९७ ॥

यह सूत्र भी सुगम है ।

इसके आगे पल्योपमका असंख्यातवां भाग जाकर वे दुगुणी हानिको प्राप्त होते गये हैं ॥ १९८ ॥

यह सूत्र भी सुगम है ।

इस प्रकार साता व असाता वेदनीयकी उत्कृष्ट स्थिति तक दुगुणे दुगुणे हीन होते गये हैं ॥ १९९ ॥

यह सूत्र भी सुगम है ।

एकजीवदुगुणवृद्धि-हानिस्थानान्तर पल्योपमके असंख्यात वर्गमूल प्रमाण है ॥ २०० ॥

पहिले सामान्य रूपसे गुणहानिके आयामकी प्ररूपणा की गई है, क्योंकि, वह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भागो त्ति उवइट्ठत्तादो । संपधि तस्स अद्धाणस्स विसेसो एदेण सुत्तेण परूविदो । असंखेज्जाणि पलिदोवमवग्गमूलाणि त्ति भणिदे असंखेज्जा पलिदोवमपढमवग्गमूलाणि त्ति घेत्तव्वं, बिदियादिवग्गमूलेसु[1] वग्गिदेसु पलिदोवमाणुप्पत्तीदो ।

णाणाजीव-दुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतराणि पलिदोवमवग्गमूलस्स असंखेज्जदिभागो ॥ २०१ ॥

पलिदोवमवग्गमूलस्स असंखेज्जदि भागमेत्ताओ णाणागुणहाणिसलागाओ होंति त्ति जदि वि सामण्णेण उत्तं तो वि पलिदोवमअद्धछेदणएहिंतो थोवाओ त्ति घेत्तव्वं । कुदो ? एदेसिमण्णोण्णब्भत्थरासी पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो त्ति गुरूवदेसादो ।

णाणाजीव-दुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतराणि थोवाणि ॥ २०२ ॥

कुदो ? पलिदोवमादो असंखेज्जाणि वग्गट्ठाणाणि हेट्ठा ओसरिय उप्पण्णत्तादो ।

एगजीव-दुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जगुणं ॥ २०३ ॥

कुदो ? असंखेज्जपलिदोवमपढमवग्गमूलपमाणत्तादो । कम्मपदेसगुणहाणीदो एसा जीवगुणहाणी किं सरिसा किमसरिसा त्ति पुच्छिदे एदं ण जाणिज्जदे । कुदो ? सुत्ताभावादो । एवं सेडिपरूवणा समत्ता ।

विशेषके विना पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण है, ऐसा उपदिष्ट है । इस समय इस सूत्रके द्वारा उस अध्वानका विशेष बतलाया गया है । 'असंखेज्जाणि पलिदोवम-वग्गमूलाणि' ऐसा कहनेपर पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूलोंको ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि, द्वितीयादि वर्गमूलोंका वर्ग करनेपर पल्योपम उत्पन्न नहीं होता है ।

नानाजीवदुगुणवृद्धि-हानिस्थानान्तर पल्योपमके वर्गमूलके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं ॥ २०१ ॥

यद्यपि पल्योपमके वर्गमूलके असंख्यातवें भाग प्रमाण नानागुणहानिशलाकायें होती हैं, ऐसा सामान्य रूपसे कहा गया है, तो भी वे पल्योपमके अर्धच्छेदोंसे स्तोक हैं, ऐसा ग्रहण करना चाहिये; क्योंकि, इनकी अन्योन्याभ्यस्त राशि पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण है, ऐसा गुरुका उपदेश है ।

नानाजीवदुगुणवृद्धि-हानिस्थानान्तर स्तोक हैं ॥ २०२ ॥

क्योंकि, वे पल्योपमसे असंख्यात वर्गस्थान नीचे हटकर उत्पन्न हुए हैं ।

एकजीवदुगुणवृद्धि-हानिस्थानान्तर असंख्यातगुणा है ॥ २०३ ॥

क्योंकि, वह पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूलोंके बराबर है । कर्मप्रदेशोंकी गुणहानिकी अपेक्षा यह जीवगुणहानि क्या सदृश है या विसदृश है, ऐसा पूछनेपर उसका उत्तर ज्ञात नहीं होता, क्योंकि, उसकी प्ररूपणा करनेवाला कोई सूत्र नहीं है । इस प्रकार श्रेणिप्ररूपणा समाप्त हुई ।

---

१ प्रतिषु 'वग्गेसु' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जवमज्झजीवपमाणेण सव्वजीवा केवचिरेण कालेण अपहिरिज्जंति ? तिण्णिगुणहाणिट्ठाणंतरेण । छण्णं जवाणं जीवे अप्पप्पणो जवमज्झजीवपमाणेण कदे किंचूणतिण्णिगुणहाणिमेत्ता होंति । संदिट्ठीए सव्वदव्वमट्ठतीसाहियछस्सदमेत्तं ६३८ । किंचूणतिण्णिगुणहाणीओ एदाओ ३१९।३२ । एदाहि सव्वदव्वे भागे हिदे जवमज्झजीवपमाणं होदि ६४ ।

पुणो छण्णं जवाणं जवमज्झस्स हेट्ठिमजहण्णट्ठिदिजीवपमाणेण सव्वजीवा केवचिरेण कालेण अवहिरिज्जंति ? तिण्णिगुणहाणिगुणिदपलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तेण । तं जहा— जीवजवमज्झस्स हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाओ (२) विरलिय विगुणिय अण्णोण्णब्भत्थे कदे पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो उप्पज्जदि (४)। पुणो एदेण किंचूणतिसु गुणहाणीसु गुणिदासु पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तगुणहाणिपमाणं होदि (३१९।८)। पुणो एदेण सव्वदव्वे भागे हिदे जहण्णट्ठिदिजीवपमाणं होदि (१६)। पुणो एदं परिहाणिं कादूण णेदव्वं जाव पढमगुणहाणिचरिमट्ठिदिजीवेत्ति ।

पुणो बिदियगुणहाणिपढमट्ठिदिजीवपमाणेण सव्वट्ठिदिजीवा केवचिरेण कालेण अवहिरिज्जंति ? जहण्णट्ठिदिजीवभागहारादो अद्धमेत्तेण । कुदो ? एगदुगुणवड्ढिं चडिदो त्ति एगरूवं विरलिय विगुणिय अण्णोण्णब्भत्थं कादूण पुव्वभागहारे ओवट्टिदे तदद्धुप्पत्तीदो

यवमध्यके जीवोंके प्रमाणसे सब जीव कितने कालके द्वारा अपहृत होते हैं ? उक्त प्रमाणसे वे तीन गुणहानिस्थानान्तरकालके द्वारा अपहृत होते हैं । छह यवोंके जीवोंको अपने अपने यवमध्यजीवोंके प्रमाणसे करनेपर वे कुछ कम तीन गुणहानियोंके बराबर होते हैं । संदृष्टिमें सब द्रव्यका प्रमाण छह सौ अड़तीस (६३८) है । कुछ कम तीन गुणहानियां ये हैं — $\frac{३१९}{३२}$ । इनका सब द्रव्यमें भाग देनेपर यवमध्यके जीवोंका प्रमाण होता है — $६३८ \div \frac{३१९}{३२} = \frac{२०४१६}{३२} \times \frac{३२}{३१९} = ६४$ । छह यवोंके यवमध्यसे नीचेकी जघन्य स्थितिके जीवोंके प्रमाणसे सब जीव कितने कालके द्वारा अपहृत होते हैं ? उक्त प्रमाणसे वे तीन गुणहानियोंसे गुणित पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र कालके द्वारा अपहृत होते हैं । यथा जीवयवमध्यके नीचेकी नानागुणहानिशलाकाओं (२) का विरलन करके द्विगुणित कर परस्पर गुणित करनेपर पल्योपमका असंख्यातवां भाग (२×२=४) उत्पन्न होता है । इसके द्वारा कुछ कम तीन गुणहानियोंको गुणित करनेपर पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र गुणहानियोंका प्रमाण होता है— $\frac{३१९}{३२} \div ४ = \frac{३१९}{८}$ । इसका सब द्रव्यमें भाग देनेपर जघन्य स्थितिके जीवोंका प्रमाण होता है — $६३८ \div \frac{३१९}{८} = \frac{५१०४}{८} \div \frac{३१९}{८} = १६$ । इसकी हानि करके प्रथम गुणहानि सम्बन्धी अन्तिम स्थितिके जीवों तक ले जाना चाहिये ।

द्वितीय गुणहानिकी प्रथम स्थितिके जीवोंके प्रमाणसे सब स्थितियोंके जीव कितने कालके द्वारा अपहृत होते हैं ? वे उक्त प्रमाण से जघन्य स्थिति सम्बन्धी जीवोंके भागहारके अर्ध भाग मात्रसे अपहृत होते हैं, क्योंकि, एक दुगुणवृद्धि आगे गये हैं, अतः एक अंकका विरलन करके दुगुणा करके परस्पर गुणित करनेपर जो प्राप्त हो उससे पूर्व

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३१९ । १६ । पुणो एदेण सव्वदव्वे भागे हिदे बिदियगुणहाणिपढमट्ठिदिजीवपमाणं होदि ३२ । पुणो परिहाणिं कादूण णेदव्वं जाव छण्णं जवाणं सागरोवमसदपुधत्तमेत्तमुवरि चढिदूण ट्ठिदजवमज्झजीवपमाणं पत्तं त्ति । पुणो तस्स भागहारो किंचूणतिण्णिगुणहाणीयो ३१९ । ३२ । पुणो एदस्सुवरि पक्खेवं कादूण णेदव्वं जाव छण्णं जवाणं चरिमट्ठिदिजीवपमाणं पत्तं ति । पुणो तप्पमाणेण अवहिरिज्जमाणे पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तगुणहाणिट्ठाणंतरेण कालेण अवहिरिज्जंति । तं जहा—जवमज्झाणमुवरिमणाणागुणहाणिसलागाणं (४) अण्णोण्णब्भत्थरासिणा (१६) तिण्णिगुणहाणीयो गुणिय किंचूणे कदे पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तगुणहाणीयो भागहारो होदि त्ति (६३८ । ५) । पुणो एदेण सव्वदव्वे भागे हिदे चरिमट्ठिदिजीवपमाणमागच्छदि (५) । एवं भागहारपरूवणा गदा ।

छण्णं जवाणं जवमज्झजीवा सव्वजीवाणं केवडियो भागो ? असंखेज्जदिभागो । को पडिभागो ? किंचूणतिण्णिगुणहाणीयो । एवं जवमज्झस्स हेट्ठोवरिं जाणिदूण भागाभागपरूवणा कायव्वा । भागाभागपरूवणा गदा ।

सव्वत्थोवा छण्णं जवाणं चरिमट्ठिदिजीवा ५ । तेसिं जहण्णट्ठिदिजीवा असंखेज्जगुणा । को गुणगारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो । कुदो ? जवमज्झस्स उवरिम-

---

भागहारको अपवर्तित करनेपर उसका अर्ध भाग उत्पन्न होता है—१×२; $\frac{३१९}{८}$÷२=$\frac{३१९}{१६}$ । इसका सब द्रव्यमें भाग देनेपर द्वितीय गुणहानिकी प्रथम स्थितिके जीवोंका प्रमाण होता है—६३८÷$\frac{३१९}{१६}$=३२ । इतनी हानि करके छह यवोंके शतपृथक्त्व सागरोपम प्रमाण आगे जाकर स्थित यवमध्य सम्बन्धी जीवोंका प्रमाण प्राप्त होने तक ले जाना चाहिये । उसका भागहार कुछ कम तीन गुणहानियां है—$\frac{३१९}{३२}$ । इसके आगे प्रक्षेप करके छह यवोंकी अन्तिम स्थिति सम्बन्धी जीवोंका प्रमाण प्राप्त होने तक ले जाना चाहिये । उस प्रमाणसे अपहृत करनेपर वे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र गुणहानिस्थानान्तरकालके द्वारा अपहृत होते हैं । यथा—यवमध्योंकी उपरिम नानागुणहानिशलाकाओं (४) की अन्योन्याभ्यस्त राशि (१६) से तीन गुणहानियोंको गुणित करके कुछ कम करनेपर पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र गुणहानियां भागहार होती हैं $\frac{६३८}{५}$ । इसका सब द्रव्यमें भाग देनेपर अन्तिम स्थितिके जीवोंका प्रमाण (५) आता है । इस प्रकार भागहारप्ररूपणा समाप्त हुई ।

छह यवोंके यवमध्यके जीव सब जीवोंके कितनेवें भाग प्रमाण हैं ? वे सब जीवोंके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं । प्रतिभाग क्या है ? प्रतिभाग कुछ कम तीन गुणहानियां हैं । इसी प्रकार यवमध्यके नीचे व ऊपर भी जानकर भागाभागकी प्ररूपणा करना चाहिये । भागाभागकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

छह यवोंकी अन्तिम स्थितिके जीव सबसे स्तोक हैं (५) । उनकी जघन्य स्थितिके जीव उनसे असंख्यातगुणे हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहण्णट्ठिदिजीवसमाण[1]जीवट्ठिदीदो उवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ (२) विरलिय विगं करिय अण्णोण्णब्भत्थं कादूण किंचूणे कदे पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तगुणगाररासिसमुप्पत्तीदो १६। ५। एदेण चरिमट्ठिदिजीवे गुणिदे[2] जहण्णट्ठिदिजीवपमाणं होदि १६। जवमज्झजीवा असंखेज्जगुणा। को गुणगारो? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कुदो? जवमज्झस्सुवरिमजहण्णट्ठिदिसमाणजीवाणं[3] च हेट्ठिम (२) णाणागुणहाणिसलागाओ विरलिय विगं करिय अण्णोण्णब्भत्थरासिस्स गुणगारभूदस्स पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तुवलंभादो[4] ४। एदेण जहण्णट्ठिदिजीवे गुणिदे जवमज्झजीवा होंति ६४। केत्तियासु ट्ठिदीसु जवमज्झं? एक्किस्से चेव। जवमज्झप्पहुडि हेट्ठिमजीवा असंखेज्जगुणा। को गुणगारो? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो, किंचूणदिवड्ढगुणहाणीयो त्ति उत्तं होदि। ३९। ८। एदेण जवमज्झजीवे गुणिदे जवमज्झेण सह हेट्ठिमजीवपमाणं होदि ३१२[5]। जवमज्झस्स उवरिमजीवा विसेसाहिया। बंधविसेसाहियकारणं उच्चदे। तं जहा—जवमज्झहेट्ठिमआयामादो[6]। तत्तो उवरिमदीहपमाणं संखेज्जगुणं। पुणो जवमज्झस्स हेट्ठा

है, क्योंकि, उपरिम जघन्य स्थितिके जीवोंके समान जीवस्थितिसे ऊपरकी नानागुणहानिशलाकाओंका विरलन करके दूना कर परस्पर गुणन करनेपर जो प्राप्त हो उसमें कुछ कम करनेपर पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण गुणकार राशि उत्पन्न होती है—१६/५। इससे अन्तिम स्थितिके जीवोंको गुणित करनेपर जघन्य स्थितिके जीवोंका प्रमाण होता है—१६। उनसे यवमध्यके जीव असंख्यातगुणे हैं। गुणकार क्या है? गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, यवमध्यसे ऊपरकी और जघन्य स्थितिके समान जीवोंके नीचेकी नानागुणहानिशलाकाओंका विरलन करके द्विगुणित कर परस्पर गुणा करनेपर जो गुणकारभूत राशि प्राप्त होती है वह पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण पायी जाती हैं—४। इससे जघन्य स्थितिके जीवोंको गुणित करनेपर यवमध्यके जीव होते हैं—६४।

शंका—कितनी स्थितियोंमें यवमध्य होता है?

समाधान—एक ही स्थितिमें होता है।

यवमध्यसे लेकर नीचेके जीव असंख्यात गुणे हैं। गुणकार क्या है? गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग अर्थात् कुछ कम डेढ गुणहानियां हैं, यह अभिप्राय है—३९/८। इससे यवमध्यजीवोंको गुणित करनेपर यवमध्यके साथ नीचेके जीवोंका प्रमाण होता है—३१२। यवमध्यसे ऊपरके जीव विशेष अधिक हैं। उनके विशेष अधिक होनेका कारण बतलाते हैं। वह इस प्रकार है—यवमध्यके अधस्तन आयामकी अपेक्षा उससे ऊपरकी दीर्घताका प्रमाण संख्यातगुणा है। यवमध्यके नीचे जितना अध्वान है उतना

१ अ-काप्रत्योः '–समाखाण–', ताप्रतौ 'समाखाणं' इति पाठः। २ प्रतिषु 'जीवगुणिदे' इति पाठः। ३ ताप्रतौ 'जहण्णट्ठिदिसमएण जीवाणं' इति पाठः। ४ अ-आ-काप्रतिषु 'मेत्तुवलंभादो' इति पाठः। ५ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु १२ इति पाठः। ६ अप्रतौ 'जवमज्झहेट्ठिमजीवेहि सरिसं होदि आयामादो' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जत्तियमद्धाणं तत्तियमेत्तमुवरि गंतूण ट्ठिदट्ठिदीणं जीवपमाणं जवमज्झहेट्ठिमजीवेहि सरिसं होदि। पुणो वि उवरिमट्ठिदिदीहपमाणं संखेज्जगुणमत्थि । तासु ट्ठिदीसु ट्ठिदसव्वजीवा जवमज्झहेट्ठिमजीवाणमसंखेज्जदिभागमेत्ता । तेसिं पमाणमेदं ७८ । पुणो एदम्मि एत्थ ३१२ पक्खित्ते जवमज्झहेट्ठिमजीवाणमसंखेज्जदिभागमेत्तेण उवरिमजीवा अहिया होंति ३९० । सव्वासु ट्ठिदीसु जीवा विसेसाहिया । केत्तियमेत्तेण ? जवमज्झहेट्ठिमजीवपक्खित्तमेत्तेण ६३८ । अधवा, पुणरवि अण्णेण पयारेण अप्पाबहुअं भणिस्सामो । तं जहा—सव्वत्थोवा छण्णं जवाणं उक्कस्सियाए ट्ठिदीए जीवा । अप्पप्पणो जहण्णियाए ट्ठिदीए जीवा पुध पुध असंखेज्जगुणा । अजहण्ण-अणुक्कस्सियासु[1] ट्ठिदीसु जीवा असंखेज्जगुणा । पढमासु ट्ठिदीसु जीवा विसेसाहिया । अचरिमासु ट्ठिदीसु जीवा विसेसाहिया । सव्वासु ट्ठिदीसु जीवा विसेसाहिया । एदाओ ट्ठिदीओ णाणोवजोगेण बज्झंति, एदाओ च दंसणोवजोगेण बज्झंति त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तं भणदि—

सादस्स असादस्स य बिट्ठाणयम्मि णियमा अणागारपाओग्ग-ट्ठाणाणि[2] ॥ २०४ ॥

अणागारउवजोगपाओग्गट्ठिदिबंधट्ठाणाणि णियमा णिच्छएण सादासादाणं बिट्ठा-

---

मात्र ऊपर जाकर स्थित स्थितियोंके जीवोंका प्रमाण यवमध्यसे नीचेके जीवोंके समान होता है। फिर भी उपरिम स्थितियोंकी दीर्घताका प्रमाण संख्यातगुणा है । उन स्थितियोंमें स्थित सब जीव यवमध्यके अधस्तन जीवोंके असंख्यातवें भाग मात्र हैं। उनका प्रमाण यह है—७८ । इसको इसमें (३१२) मिलानेपर यवमध्यसे नीचेके जीवोंके असंख्यातवें भाग मात्रसे ऊपरके जीव अधिक होते है—३१२+७८=३९० । सब स्थितियोंमें जीव विशेष अधिक हैं । कितने मात्रसे अधिक हैं ? यवमध्यके नीचेके जीवोंके प्रक्षिप्त मात्रसे वे अधिक हैं—६३८ ।

अथवा फिरसे भी दूसरे प्रकारसे अल्पबहुत्वको कहते हैं। वह इस प्रकार है—छह यवोंकी उत्कृष्ट स्थितिमें जीव सबसे स्तोक हैं। अपनी अपनी जघन्य स्थितिमें पृथक् पृथक् असंख्यातगुणे हैं। अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थितियोंमें जीव असंख्यातगुणे हैं। प्रथम स्थितियोंमें जीव विशेष अधिक हैं। अचरम स्थितियोंमें जीव विशेष अधिक हैं। सब स्थितियोंमें जीव विशेष अधिक हैं। ये स्थितियाँ ज्ञानोपयोगसे बँधती हैं और ये स्थितियाँ दर्शनोपयोगसे बंधती हैं, यह बतलानेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

साता व असाता वेदनीयके द्विस्थानिक अनुभागमें निश्चयसे अनाकार उपयोग योग्य स्थान होते हैं ॥ २०४ ॥

अनाकार उपयोग योग्य स्थितिबन्धस्थान नियम अर्थात् निश्चयसे साता व असाता

---

१ प्रतिषु 'अजहण्णा—' इति पाठः । २ अणगारप्पाउग्गा बिट्ठाणगयाउ दुविहपगईणं । सागारा सव्वत्थ वि...॥ क. प्र. १,९६. ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णियम्मि अणुभागे बज्झमाणे होंति, ण अण्णत्थ; दंसणोवजोगकाले अइसंकिलेसविसोहीण-मभावादो। को दंसणोवजोगो णाम? अंतरंगउवजोगो[1]। कुदो? आगारो णाम कम्म-कत्तारभावो, तेण विणा जा उवलद्धी[2] सो अणागारउवजोगो। अंतरंगउवजोगे[3] वि कम्म-कत्तारभावो अत्थि त्ति णासंकणिज्जं, तत्थ कत्तारादो दव्व-खेत्तेहि फट्टकम्माभावादो[4]। एवं संते सुद-मणपज्जवणाणाणं पि दंसणोवजोगपुरंगमत्तं पसज्जदि त्ति उत्ते, ण, मदिणाण-पुरंगमाणं तेसिं दोण्णं पि दंसणोवजोगपुरंगमत्तविरोहादो। तदो[5] बज्झत्थगहणसंते विसिट्ठसगसरूवसंवेयणं दंसणमिदि सिद्धं। ण च बज्झत्थग्गहणुम्मुहावत्था चेव दंसणं, किंतु बज्झत्थग्गहणुवसंहरणपढमसमयप्पहुडि जाव बज्झत्थअग्गहणचरिमसमओ त्ति दंसणुव-जोगो त्ति घेत्तव्वं, अण्णहा दंसण-णाणोवजोगवदिरित्तस्स वि जीवस्स अत्थित्तप्पसंगादो।

सागारपाओग्गट्ठाणाणि सव्वत्थ ॥ २०५ ॥

वेदनीयके द्विस्थानिक अनुभागका बन्ध होनेपर होते हैं, अन्यत्र नहीं होते; क्योंकि, दर्शनोपयोगके समयमें अतिशय संक्लेश और विशुद्धिका अभाव होता है।

शंका—दर्शनोपयोग किसे कहते हैं?

समाधान—अन्तरंग उपयोगको दर्शनोपयोग कहते हैं। कारण यह कि आकारका अर्थ कर्मकर्तृत्व है, उसके विना जो अर्थोपलब्धि होती है उसे अनाकार उपयोग कहा जाता है।

अन्तरंग उपयोगमें भी कर्मकर्तृत्व होता है, ऐसी आशंका नहीं करना चाहिये; क्योंकि, उसमें कर्ताकी अपेक्षा द्रव्य व क्षेत्रसे स्पष्ट कर्मका अभाव है।

शंका—ऐसा होनेपर श्रुतज्ञान और मनःपर्यय ज्ञानके भी दर्शनोपयोगपूर्वक होनेका प्रसंग आवेगा?

समाधान—नहीं आवेगा, क्योंकि, वे दोनों ज्ञान मतिज्ञानपूर्वक होते हैं, अतः उनके दर्शनोपयोगपूर्वक होनेमें विरोध है। इस कारण बाह्य अर्थका ग्रहण होनेपर जो विशिष्ट आत्मस्वरूपका वेदन होता है वह दर्शन है, यह सिद्ध होता है।

बाह्य अर्थके ग्रहणके उन्मुख होने रूप जो अवस्था होती है वही दर्शन हो, ऐसी बात भी नहीं है; किन्तु बाह्यार्थग्रहणके उपसंहारके प्रथम समयसे लेकर बाह्यार्थके अग्रहणके अन्तिम समय तक दर्शनोपयोग होता है, ऐसा ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि, इसके विना दर्शन व ज्ञानोपयोगसे भिन्न भी जीवके अस्तित्वका प्रसंग आता है।

साकार उपयोगके योग्य स्थान सर्वत्र बँधते हैं ॥ २०५ ॥

१ ताप्रतौ 'णाम? अंतरोवजोगो अंतरंगउवजोगो' इति पाठः। २ अप्रतौ 'जाउवाउवलद्धी' इति पाठः। ३ ताप्रतौ 'अंतरंगउवजागो' इति पाठः। ४ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-काप्रतिषु 'फट्टि', ताप्रतौ 'फट्ट(?)' इति पाठः। ५ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु 'कुदो' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सागारो णाणोवजोगो, तत्थ कम्म-कत्तारभावसंभवादो। तस्स सागारस्स पाओग्गाणि ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि सव्वत्थ अत्थि। भावत्थो—जाणि ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि दंसणोवजोगेण सह बज्झंति ताणि णाणोवजोगेण वि बज्झंति। जाणि दंसणोवजोगेण ण बज्झंति[1] ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि ताणि[2] वि णाणोवजोगेण बज्झंति त्ति उत्तं होदि। एदेसिं छण्णं जवाणं हेट्ठिम-उवरिमभागाणं थोवबहुत्तजाणावणट्ठमणागार[3]पाओग्गट्ठाणाणं पमाणजाणावणट्ठं च उवरिल्लमप्पाबहुगसुत्तमागदं—

सादस्स चउट्ठाणियं[4]जवमज्झस्स हेट्ठदो ट्ठाणाणि थोवाणि[5] ॥ २०६ ॥

कुदो? सागरोवमसदपुधत्तपमाणत्तादो।

उवरि संखेज्जगुणाणि[6] ॥ २०७ ॥

जवमज्झादो उवरिमट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि। किं कारणं? अइविसुद्ध-ट्ठिदीहिंतो मंदविसुद्धट्ठिदीणं बहुत्ताविरोहादो।

साकारसे अभिप्राय ज्ञानोपयोगका है, क्योंकि, उसमें कर्म और कर्तृत्वकी सम्भावना है। उक्त साकार उपयोगके योग्य स्थितिबन्धस्थान सर्वत्र होते हैं। भावार्थ—जो स्थिति-बन्धस्थान दर्शनोपयोगके साथ बँधते हैं वे ज्ञानोपयोगके साथ भी बँधते हैं। जो स्थितिबन्धस्थान दर्शनोपयोगके साथ नहीं बंधते हैं वे भी ज्ञानोपयोगके साथ बँधते हैं, यह उसका अभिप्राय है।

इन छह यवोंके अधस्तन और उपरिम भागोंके अल्पबहुत्वको बतलानेके लिये तथा असाकार उपयोगके योग्य स्थानोंके प्रमाणको भी बतलानेके लिये आगेका अल्पबहुत्वसूत्र प्राप्त होता है—

साता वेदनीयके चतुःस्थानिक यवमध्यके नीचेके स्थान स्तोक हैं ॥ २०६ ॥

कारण कि वे शतपृथक्त्व सागरोपम प्रमाण हैं।

उपरिम स्थान उनसे संख्यातगुणे हैं ॥ २०७ ॥

यवमध्यसे ऊपरके स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं, क्योंकि, अति विशुद्ध

---

१ ताप्रतौ 'जाणि दंसणोवजोगेण ण बज्झंति' इत्येतावानयं पाठस्त्रुटितोऽस्ति। २ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-काप्रतिषु 'तिण्णि' इति पाठः। ३ प्रतिषु 'अणगार' इति पाठः (काप्रतौ त्रुटितोऽत्र पाठः)। ४ ताप्रतौ 'चउट्ठाणिया जव—' इति पाठः। ५...हिट्ठा थोवाणि जवमज्झा॥ ठाणाणि चउट्ठाणा संखेज्ज-गुणाणि उवरिमेवन्ति (एवं)। तिट्ठाणे बिट्ठाणे सुभाणि एगंतमीसाणि॥ उवरिं मिस्साणि जहन्नगो सुभाणं तओ विसेसहिओ। होइ सुभाण जहण्णो संखेज्जगुणाणि ठाणाणि॥ बिट्ठाणे जवमज्झा हेट्ठा एगंत मीसगाणुवरिं। एवं ति-चउट्ठाणे जवमज्झाओ य डायठिई॥ अंतोकोडाकोडी सुभबिट्ठाण जवमज्झओ उवरिं। एगंतगा विसिट्ठा सुभजिट्ठा डायट्ठिइजेट्ठा॥ क. प्र. १,९९—१००, परावर्तमानशुभप्रकृतीनां चतुःस्थानकरसयवमध्यादधः स्थितिस्थानानि सर्वस्तोकानि (म. टी. १,९९)। ६ तेभ्यश्चतुःस्थान-करसयवमध्यस्यैवोपरि स्थितिस्थानानि संख्येयगुणानि (२)। क. प्र. (म. टी.) १,९७.।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादस्स तिट्ठाणियजवमज्झस्स हेट्ठदो ट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि[1] ॥ २०८ ॥

कुदो ? चउट्ठाणियअणुभागबंधपाओग्गअज्झवसाणेहिंतो सादतिट्ठाणियजवमज्झहेट्ठिमअणुभागबंधपाओग्गअज्झवसाणाणमसुहत्तदंसणादो ।

उवरि संखेज्जगुणाणि[2] ॥ २०९ ॥

कुदो ? सादतिट्ठाणियजवमज्झहेट्ठिमअज्झवसाणेहिंतो उवरिमअज्झवसाणाणमसुहत्तदंसणादो । मंदविसोहीहि परिणममाणा जीवा बहुगा होंति, तासिं पाओग्गट्ठिदीयो वि बहुगीयो त्ति उत्तं होदि । कुदो ? जं तेण[3] वि मंदविसोहीणसुप्पत्तीदो ।

सादस्स बिट्ठाणियजवमज्झस्स हेट्ठदो एयंतसागार[4]पाओग्गट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि[5] ॥ २१० ॥

कुदो ? सादतिट्ठाणियजवमज्झस्स उवरिमट्ठिदिसंकिलेसादो सादबिट्ठाणियजव-

---

स्थितियोंकी अपेक्षा मन्द विशुद्ध स्थितियोंके बहुत होनेमें कोई विरोध नहीं है ।

साता वेदनीयके त्रिस्थानिक यवमध्यके नीचेके स्थान उनसे असंख्यातगुणे हैं ॥२०८॥

कारण यह कि चतुःस्थानिक अनुभागबन्धके योग्य परिणामोंकी अपेक्षा साताके त्रिस्थानिक यवमध्यके नीचेके अनुभागबन्धके योग्य परिणाम अशुभ देखे जाते हैं ।

यवमध्यसे ऊपरके स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २०९ ॥

कारण कि साताके त्रिस्थानिक यवमध्यके अधस्तन परिणामोंकी अपेक्षा उपरिम परिणाम अशुभ देखे जाते हैं । मन्द विशुद्धियों रूप परिणमन करनेवाले जीव बहुत हैं तथा उनके योग्य स्थितियां भी बहुत हैं, यह अभिप्राय है । इसका कारण यह है कि उससे भी मन्द विशुद्धियां उत्पन्न होती हैं ।

साता वेदनीयके द्विस्थानिक यवमध्यके नीचेके एकान्ततः साकार उपयोगके योग्य स्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २१० ॥

इसका कारण यह है कि साता वेदनीयके त्रिस्थानिक यवमध्यके ऊपरके स्थितिबन्ध-

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'असंखेज्जगुणाणि' इति पाठः । २ तेभ्योऽपि त्रिस्थानकरसयवमध्यस्योपरि स्थितिस्थानानि संख्येयगुणानि ४ । क. प्र. (म. टी.) १,९७ । तेभ्योऽपि परावर्तमानशुभप्रकृतीनां त्रिस्थानकरसयवमध्यादधः स्थितिस्थानानि संख्येयगुणानि ३ । क. प्र. (म. टी.) १,९७ । ३ अ-आ-काप्रतिषु 'कुत्तेण' इति पाठः । ४ अप्रतौ 'सायर', आ-काप्रत्योः 'सागर' इति पाठः । ५ तेभ्योऽपि परावर्तमानशुभप्रकृतीनां द्विस्थानकरसयवमध्यादधःस्थितिस्थानानि एकान्तसाकारोपयोगयोग्यानि संख्येयगुणानि५ । क. प्र. (म. टी.) १,९७. ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुज्झस्स हेट्ठिमट्ठिदिबंधट्ठाणाणं सागारोवजोगेणेव बज्झमाणाणं संकिलेसस्स असुहत्तदंसणादो । दीसइ च सुहवज्जादिपाओग्गट्ठाणेहिंतो असुहपत्थरादिपाओग्गट्ठाणाणमइबहुत्तं ।

मिस्सयाणि संखेज्जगुणाणि[2] ॥ २११ ॥

सागार-अणागारउवजोगाणं जाणि पाओग्गाणि सादवेट्ठाणियजवमज्झादो हेट्ठिमाणि ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि ताणि संखेज्जगुणाणि । कुदो ? हेट्ठिमअज्झवसाणेहिंतो एदेसिमज्झवसाणाणं असुहत्तुवलंभादो । मोक्खकारणादो संसारकारणेण बहुएण होदव्वं, अण्णहा देव-मणुस्सेहिंतो तिरिक्खाणमणंतगुणत्ताणुववत्तीदो ।

सादस्स चेव[3] बिट्ठाणियजवमज्झस्स उवरि मिस्सयाणि संखेज्जगुणाणि[4] ॥ २१२ ॥

कारणं हेट्ठिमअज्झवसाणेहिंतो उवरिमअज्झवसाणाणं सुट्ठु असुहत्तं ।

असादस्स बिट्ठाणियजवमज्झस्स हेट्ठदो एयंतसायारपाओग्गट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि[5] ॥ २१३ ॥

स्थानोंके संक्लेशकी अपेक्षा साता वेदनीयके द्विस्थानिक यवमध्यके नीचेके साकार उपयोगसे बंधनेवाले स्थितिबन्धस्थानोंका संक्लेश अशुभ देखा जाता है । वज्र आदिके योग्य शुभ स्थानोंकी अपेक्षा अशुभ पत्थर आदिके योग्य स्थान अत्यन्त बहुत देखे भी जाते हैं ।

मिश्र स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २११ ॥

साकार व अनाकार उपयोगके योग्य जो साता वेदनीयके द्विस्थानिक यवमध्यके नीचके स्थितिबन्धस्थान हैं वे संख्यातगुणे हैं, क्योंकि नीचेके अध्यवसानोंकी अपेक्षा ये अध्यवसान अशुभ देखे जाते हैं । मोक्षके कारणकी अपेक्षा संसारका कारण बहुत होना चाहिये, क्योंकि, अन्यथा देव और मनुष्योंकी अपेक्षा तिर्यंचोंका अनन्तगुणत्व बन नहीं सकता ।

साताके ही द्विस्थानिक यवमध्यके ऊपर मिश्र स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २१२ ॥

इसका कारण अधस्तन अध्यवसानोंकी अपेक्षा उपरिम अध्यवसानोंका अत्यन्त अशुभ होना है ।

असाताके द्विस्थानिक यवमध्यके नीचे एकान्ततः साकार उपयोगके योग्य स्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २१३ ॥

---

१ ताप्रतौ 'वज्जदि' इति पाठः । २ तेभ्योपि द्विस्थानकरसयवमध्यादधः पाश्चात्येभ्य ऊर्ध्वं स्थितिस्थानानि मिश्राणि साकारानाकारोपयोगयोग्यानि संख्येयगुणानि ६ । क. प्र. (म. टी.) १,९७. । ३ अप्रतौ 'सादस्सेव' इति पाठः । ४ तेभ्योऽपि द्विस्थानकरसयवमध्यस्योपरि मिश्राणि स्थितिस्थानानि संख्येयगुणानि ७ । क. प्र. १,९८. । ५ ताप्रतौ 'असंखेज्जगुणानि इति पाठः । ततोऽप्यशुभपरावर्तमानप्रकृतीनामेव द्विस्थानकरसयवमध्यादध एकान्तसाकारोपयोगयोग्यानि स्थितिस्थानानि संख्येयगुणानि १० । क. प्र. (म. टी.) १,९९ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुदो ? सादबिट्ठाणियजवमज्झस्स उवरि सागाराणागारपाओग्गट्ठिदिबंधज्झवसाणेहिंतो असादबिट्ठाणियजवमज्झस्स हेट्ठिमएयंतसागारपाओग्गट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणमसुहत्तुवलंभादो ।

मिस्सयाणि संखेज्जगुणाणि[1] ॥ २१४ ॥

कारणं सुगमं ।

असादस्स चेव बिट्ठाणियजवमज्झस्सुवरि मिस्सयाणि संखेज्जगुणाणि[2] ॥ २१५ ॥

एदेसिं ट्ठिदिबंधट्ठाणाणं संखेज्जगुणत्तस्स कारणं पुव्वं परूविदमिदि णेह परूविज्जदे । सादस्स सागाराणागारपाओग्गट्ठिदिबंधट्ठाणप्पहुडिबिट्ठाण-तिट्ठाण-चउट्ठाणपाओग्गादिहेट्ठिमासेसट्ठिदीहिंतो संखेज्जगुणमद्धाणमुवरि गंतूण असादस्स बिट्ठाणजवमज्झस्स सागार-अणागारपाओग्गट्ठाणाणि होंति । कुदो ? पयडिविसेसेण तदो संखेज्जगुणं गंतूण तदुप्पत्तिविरोहाभावादो ।

एयंतसागारपाओग्गट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि[3] ॥ २१६ ॥

कारणं सुगमं ।

इसका कारण यह है कि साताके द्विस्थानिक यवमध्यके ऊपरके साकार व अनाकार उपयोगके योग्य स्थितिबन्धाध्यवसानोंकी अपेक्षा असाताके द्विस्थानिक यवमध्यके नीचेके सर्वथा साकार उपयोगके योग्य स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान अशुभ पाये जाते हैं ।

मिश्र स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २१४ ॥

इसका कारण सुगम है ।

ऊपर मिश्र स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २१५ ॥

इन स्थितिबन्धस्थानोंके संख्यातगुणे होनेका जो कारण है उसकी प्ररूपणा पहिले की जा चुकी है, अतः वह यहां फिरसे नहीं की जा रही है। साता वेदनीयके साकार और अनाकार उपयोगके योग्य स्थितिबन्धस्थानोंको लेकर द्विस्थान त्रिस्थान एवं चतुस्थान योग्य इत्यादि नीचेकी समस्त स्थितियोंसे संख्यातगुणे अध्वान आगे जाकर असातावेदनीयके द्विस्थान यवमध्यके साकार व अनाकार उपयोग योग्य स्थान होते हैं, क्योंकि, प्रकृतिविशेषके कारण उनसे संख्यातगुणे स्थान आगे जाकर उनके उत्पन्न होनेमें कोई विरोध नहीं है ।

एकान्ततः साकार उपयोगके योग्य स्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २१६ ॥

इसका कारण सुगम है ।

---

१ ततस्तासामेव परावर्तमानाशुभप्रकृतीनां द्विस्थानकरसयवमध्यादधः पाश्चात्येभ्य ऊर्ध्वं मिश्राणि स्थितिस्थानानि संख्येयगुणाणि ११ । क. प्र. (म. टी.) १,९९. । २ तेभ्योऽपि तासामेवाशुभपरावर्तमानप्रकृतीनां द्विस्थानकरसयवमध्यादुपरि स्थितिस्थानानि मिश्राणि संख्येयगुणानि १२ । क. प्र. (म. टी) १,९९. ३ तेभ्योऽप्युपरि एकान्तसाकारोपयोगयोग्यानि स्थितिस्थानानि संख्येयगुणानि १३ । क.प्र. (म.टी.) १,९९. ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असादस्स तिट्ठाणियजवमज्झस्स हेट्ठदो ट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि[1] ॥ २१७ ॥

कुदो ? हेट्ठिमसंकिलेसेहिंतो एदेसिं संकिलेसाणमसुहत्तदंसणादो ।

उवरि संखेज्जगुणाणि[2] ॥ २१८ ॥

कारणं सुगमं ।

असादस्स चउट्ठाणियजवमज्झस्स हेट्ठदो ट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि[3] ॥ २१९ ॥

कारणं सुगमं ।

सादस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो[4] ॥ २२० ॥

कुदो ? असादस्स चउट्ठाणियजवमज्झस्स हेट्ठिमट्ठिदिबंधट्ठाणाणि सागरोवमसदपुधत्तमेत्ताणि । सादस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो पुण अंतोकोडाकोडिआबाधूणा । तेण असादस्स चउट्ठाणियजवमज्झहेट्ठिमट्ठाणेहिंतो सादस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो जादो ।

जट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ॥ २२१ ॥

असाता वेदनीयके त्रिस्थानिक यवमध्यके नीचेके स्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २१७ ॥

कारण यह कि नीचेके संक्लेश परिणामोंकी अपेक्षा ये संक्लेश परिणाम अशुभ देखे जाते हैं ।

उसके ऊपरके स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २१८ ॥

इसका कारण सुगम है ।

असाता वेदनीयके चतुःस्थानिक यवमध्यके नीचेके स्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २१९ ॥

इसका कारण सुगम है ।

सातावेदनीयका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है ॥ २२० ॥

कारण कि असाता वेदनीयके चतुःस्थानिक यवमध्यके नीचेके स्थितिबन्धस्थान शतपृथक्त्व सागरोपम प्रमाण हैं । परन्तु सातावेदनीयका जघन्य स्थितिबन्ध आबाधासे हीन अन्तःकोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण है । इसीलिये असाताके चतुस्थानिक यवमध्यके नीचेके स्थानोंकी अपेक्षा साता वेदनीयका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा हो जाता है ।

ज-स्थितिबन्ध उससे विशेष अधिक है ॥ २२१ ॥

---

१ तेभ्योऽपि तासामेव परावर्तमानाशुभप्रकृतीनां त्रिस्थानकरसयवमध्यादधः स्थितिस्थानानि संख्येयगुणानि १४ । क. प्र. (म. टी.) १,९९. । २ तेभ्योऽपि तासामेव परावर्तमानाशुभप्रकृतीनां त्रिस्थानकरसयवमध्यस्योपरि स्थितिस्थानानि संख्येयगुणानि १५ । क. प्र. (म. टी.) १,९९. । ३ तेभ्योऽप्यशुभपरावर्तमानप्रकृतीनामेव चतुःस्थानकरसयवमध्यादधःस्थितिस्थानानि संख्येयगुणानि १६ । क. प्र. (म. टी.) १,९९. ४ तेभ्योऽपि शुभानां परावर्तमानप्रकृतीनां जघन्यः स्थितिबन्धः संख्येयगुणः ८ । क. प्र. (म. टी.) १,९८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जट्ठिदिबंधो णाम आबाहाए सहिदजहण्णट्ठिदिबंधो, पहाणीकयकालत्तादो। जहण्णबंधो णाम आबाधूणजहण्णबंधो, पहाणीकयणिसेगट्ठिदित्तादो। तेण जहण्णट्ठिदिबंधादो जट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ। केत्तियमेत्तेण? सगअंतोमुहुत्तजहण्णाबाहामेत्तेण।

असादस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ[1] ॥ २२२ ॥

केत्तियमेत्तेण? संखेज्जसागरोवममेत्तेण।

जट्ठिदिबंधो[2] विसेसाहिओ ॥ २२३ ॥

केत्तियमेत्तेण? जहण्णाबाहामेत्तेण।

जत्तो उक्कस्सयं दाहं गच्छदि सा ट्ठिदी संखेज्जगुणा[3] ॥ २२४ ॥

दाहो णाम संकिलेसो। कुदो? इह-परभवसंतावकारणत्तादो। उक्कस्सदाहो णाम उक्कस्सट्ठिदिबंधकारणउक्कस्ससंकिलेसो। जिस्से ट्ठिदीए ठाइदूण उक्कस्ससंकिलेसं गंतूण उक्कस्सट्ठिदिं[4] बंधदि सा ट्ठिदी संखेज्जगुणा त्ति उत्तं होदि।

अंतोकोडाकोडी संखेज्जगुणा[5] ॥ २२५ ॥

आबाधासे सहित जघन्य स्थितिबन्धको ज-स्थितिबन्ध कहा जाता है, क्योंकि, वहां कालकी प्रधानता है। आबाधासे हीन जघन्य स्थितिबन्ध जघन्य बन्ध कहलाता है, क्योंकि, उसमें निषेकस्थितिकी प्रधानता है। इसीलिये जघन्य स्थितिबन्धसे ज-स्थितिबन्ध विशेष अधिक है। कितने मात्रसे वह अधिक है? वह अपनी अन्तर्मुहूर्त मात्र जघन्य आबाधाके प्रमाणसे अधिक है।

असातावेदनीयका जघन्य स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ॥ २२२ ॥

वह कितने मात्रसे अधिक है। वह संख्यात सागरोपम मात्रसे अधिक है।

ज-स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ॥ २२३ ॥

कितने मात्रसे अधिक है? वह जघन्य आबाधा मात्रसे अधिक है।

जिसके कारण प्राणी उत्कृष्ट दाहको प्राप्त होता है वह स्थिति संख्यातगुणी है ॥ २२४ ॥

दाहका अर्थ संक्लेश है, क्योंकि, वह इस भव और पर भवमें सन्तापका कारण है। उत्कृष्ट दाहका अर्थ उत्कृष्ट स्थितिबन्धका कारणभूत उत्कृष्ट संक्लेश है। जिस स्थितिमें स्थित होकर उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हो जीव उत्कृष्ट स्थितिको बांधता है वह स्थिति संख्यातगुणी है, यह अभिप्राय है।

अन्तःकोड़ाकोड़िका प्रमाण संख्यातगुणा है ॥ २२५ ॥

---

१ ततोऽप्यशुभपरावर्तमानप्रकृतीनां जघन्यः स्थितिबन्धः विशेषाधिकः ९। क. प्र. (म. टी.) १,९८.। २ अ-आ-काप्रतिषु 'जहण्णट्ठिदिबन्धो' इति पाठः। ३ तेभ्योऽपि यवमध्यादुपरि डायस्थितिः संख्येयगुणः १७। यतः स्थितिस्थानादपवर्तनाकरणवशेनोत्कृष्टां स्थितिं याति तावती स्थितिर्डायस्थितिरित्युच्यते। क. प्र. (म. टी.) १,९९. ४ ताप्रतौ 'उक्कस्सट्ठिदी' इति पाठः। ५ ततोऽपि सागरोपमाणामन्तःकोटाकोटी संख्येयगुणा १८। क. प्र. (म. टी.) १,१००।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुव्विल्लट्ठिदी अंतोकोडाकोडिमेत्ता, एसा वि ट्ठिदी[1] अंतोकोडाकोडिमेत्ता चेव। किंतु एसा णिव्वियप्पा, तेण संखेज्जगुणा त्ति भणिदा।

सादस्स बिट्ठाणियजवमज्झस्स उवरि एयंतसागारपाओग्गट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि[2] ॥ २२६ ॥

कुदो? अंतोकोडाकोडीए ऊणपण्णारससागरोवमकोडाकोडिपमाणत्तादो।

सादस्स उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो[3] विसेसाहिओ[4] ॥ २२७ ॥

केत्तियमेत्तेण? सादअणागारपाओग्गट्ठाणप्पहुडि हेट्ठिमआबाधूणअंतोकोडाकोडिणिसेयट्ठिदिमेत्तेणँ।

जट्ठिदिबंधो विसेसाहियो ॥ २२८ ॥

केत्तियमेत्तेण? सगआबाधामेत्तेण।

दाहट्ठिदी विसेसाहियाँ ॥ २२९ ॥

पूर्वोक्त स्थितिका प्रमाण अन्तःकोडाकोडि मात्र है, यह स्थिति भी अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण ही है। किन्तु यह स्थिति निर्विकल्प है, इसीलिये संख्यातगुणी कही गई है।

साता वेदनीयके द्विस्थानिक यवमध्यके ऊपरके एकान्ततः साकार उपयोगके योग्य स्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २२६ ॥

क्योंकि, वे अन्तःकोड़ाकोड़िसे हीन पन्द्रह कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण हैं।

साता वेदनीयका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ॥ २२७ ॥

वह कितने मात्रसे अधिक है? साताके अनाकार उपयोगके योग्य स्थानोंको लेकर नीचे आबाधासे रहित अन्तःकोड़ाकोड़ि सागरोपम निषेकस्थितियोंके प्रमाणसे वह अधिक हैं।

ज-स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ॥ २२८ ॥

कितने मात्रसे वह अधिक है? वह अपनी आबाधाके प्रमाणसे अधिक है।

दाहस्थिति विशेष अधिक है ॥ २२९ ॥

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'एसा दि ट्ठिदि' इति पाठः। २ ततोऽपि परावर्तमान शुभप्रकृतीनां द्विस्थानकरसयवमध्यस्योपरि यानि मिश्राणि स्थितिस्थानानि तेषु मुख्यैकान्तसाकारोपयोगयोग्यानि स्थितिस्थानानि संख्येयगुणानि १९। क. प्र. (म. टी.) १,१००. ३ अ-आ-काप्रतिषु 'उक्कस्सट्ठिदिबन्धो' इति पाठः। ४ तेभ्योऽपि परावर्तमानशुभप्रकृतीनामुत्कृष्टः स्थितिबन्धो विशेषाधिकः २०। क. प्र. (म. टी.) १,१००.। ५ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु 'मेत्तो' इति पाठः। ६ अ-आ-काप्रतिषु 'जहण्णट्ठिदिबन्धो' इति पाठः। ७ ततोऽप्यशुभ-(?) परावर्तमानशुभप्रकृतीनां बद्धा डायस्थितिर्विशेषाधिका २१। यतः स्थितिस्थानात् मण्डूकप्लुतिन्यायेन डायां फालां दत्वा या या स्थितिर्बध्यते ततः प्रभृति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दाहो उक्कस्सट्ठिदिपाओग्गसंकिलेसो तस्स दाहस्स कारणभूदट्ठिदी दाहट्ठिदी णाम, कारणे कज्जुवयारादो। तत्थ जहण्णदाहट्ठिदिप्पहुडि जाव उक्कस्सदाहट्ठिदि त्ति एदासिं सव्वासिं जादिदुवारेण एयत्तमावण्णाणं दाहट्ठिदि त्ति सण्णा। सा पण्णारससागरोवम-कोडाकोडीयो पेक्खिदूण विसेसाहिया, किंचूणतीससागरोवमकोडाकोडिपमाणत्तादो।

असादस्स चउट्ठाणियजवमज्झस्स उवरिमट्ठाणाणि विसेसाहि-याणि ॥ २३० ॥

केत्तियमेत्तेण? असादचउट्ठाणियजवमज्झादो उवरिमजहण्णदाहट्ठिदीदो हेट्ठिम-अंतोकोडाकोडिसागरोवममेत्तेण।

असादस्स उक्कस्सट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ[1] ॥ २३१ ॥

केत्तियमेत्तेण? अंतोकोडाकोडीए।

जट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ॥ २३२ ॥

केत्तियमेत्तेण? तिण्णिवाससहस्समेत्तेण।

एदेण अट्ठपदेण सव्वत्थोवा सादस्स चउट्ठाणबंधा जीवा[2] ॥२३३॥

दाहका अर्थ उत्कृष्ट स्थितिके योग्य संक्लेश है। उस दाहकी कारणभूत स्थिति कारणमें कार्यका उपचार करनेसे दाहस्थिति कही जाती है। उसमें जघन्य दाहस्थितिसे लेकर उत्कृष्ट दाहस्थितिपर्यन्त जातिके द्वारा एकताको प्राप्त हुई इन सब स्थितियोंकी दाहस्थिति संज्ञा है। वह पन्द्रह कोड़ाकोड़ि सागरोपमोंकी अपेक्षा विशेष अधिक है, क्योंकि, वह कुछ कम तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण है।

असाता वेदनीयके चतुःस्थानिक यवमध्यके ऊपरके स्थान विशेष अधिक हैं ॥२३०॥

वे कितने मात्रसे अधिक हैं? असाता वेदनीयके चतुस्थानिक यवमध्यके ऊपरकी जघन्य दाहस्थितिसे नीचेके अन्तः कोड़ाकोड़ि सागरोपम मात्रसे अधिक हैं।

असाता वेदनीयका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ॥ २३१ ॥

वह कितने मात्रसे अधिक है? वह अन्तःकोड़ाकोड़ि सागरोपम मात्रसे अधिक है।

ज-स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ॥ २३२ ॥

वह कितने मात्रसे अधिक है? वह तीन हजार वर्ष मात्रसे अधिक है।

इस अर्थपदसे सातावेदनीयके चतुःस्थानबन्धक जीव सबसे स्तोक हैं ॥ २३३ ॥

तदन्ता तावती स्थितिर्बद्धा डायस्थितिरिहोच्यते। सा चोत्कर्षतोऽन्तःसागरोपमकोटिकोटयूना सकलकर्मस्थिति-प्रमाणा वेदितव्या। तथाहि—अन्तःसागरोपमकोटिकोटिप्रमाणं स्थितिबन्धं कृत्वा पर्याप्तसंज्ञिपंचेन्द्रिय उत्कृष्टां स्थितिं बध्नातीति, नान्यथा। क. प्र. (म. टी.) १,१००.

१ ततोऽपि परावर्तमानाशुभप्रकृतीनामुत्कृष्टः स्थितिबन्धो विशेषाधिक इति २२। क. प्र. (म. टी.) १,१००. २ संखेज्जगुणा जीवा कमसो एएसु दुविहपगईणं। असुभाणं तिट्ठाणे सव्वुवरि विसेसओ अहिया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एदमत्थमाहारं काऊण छण्णं जवाणं जीवाणमप्पाबहुगं भणिस्सामो । तम्हि भण्णमाणे सादस्स चउट्ठाणबंधा जीवा थोवा । कुदो ? थोवद्धाणत्तादो ।

तिट्ठाणबंधा जीवा संखेज्जगुणा ॥ २३४ ॥

कुदो ? सादचउट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गट्ठिदीहिंतो तिट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गट्ठिदिविसेसाणं संखेज्जगुणत्तुवलंभादो ।

बिट्ठाणबंधा जीवा संखेज्जगुणा ॥ २३५ ॥

कुदो ? सादावेदणीयतिट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गट्ठिदिविसेसेहिंतो तस्सेव बिट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गट्ठिदिविसेसाणं संखेज्जगुणत्तुवलंभादो ।

असादस्स बिट्ठाणबंधा जीवा संखेज्जगुणा २३६ ॥

सादावेदणीयबिट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गट्ठिदिविसेसेहिंतो असादावेदणीयबिट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गट्ठिदिविसेसा संखेज्जगुणहीणा । कुदो ? अंतोकोडाकोडिऊणपण्णारससागरोवमकोडाकोडिमेत्तसादबिट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गट्ठिदीहिंतो सागरोवमसदपुधत्तट्ठिदिविसेसाणं संखेज्जगुणहीणत्तुवलंभादो । तदो असादस्स बिट्ठाणबंधा जीवा संखेज्जगुणा त्ति ण

इस अर्थको आधार करके छह यवोंके जीवोंके अल्पबहुत्वको कहते हैं। उसका कथन करनेमें साता वेदनीयके चतुस्थानबन्धक जीव स्तोक हैं, क्योंकि, उनका अध्वान स्तोक है।

त्रिस्थानबन्धक जीव उनसे संख्यातगुणे हैं ॥ २३४ ॥

इसका कारण यह है कि साता वेदनीयके चतुःस्थान अनुभागबन्धके योग्य स्थितियोंकी अपेक्षा त्रिस्थान अनुभागबन्धके योग्य स्थितिविशेष संख्यातगुणे पाये जाते हैं।

द्विस्थानबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं ॥ २३५ ॥

कारण कि सातावेदनीयके त्रिस्थान अनुभागबन्धके योग्य स्थितिविशेषोंकी अपेक्षा उसके ही द्विस्थान अनुभागबन्धके योग्य स्थितिविशेष संख्यातगुणे पाये जाते हैं।

असाता वेदनीयके द्विस्थानबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं ॥ २३६ ॥

शंका—साता वेदनीयके द्विस्थान अनुभागबन्धके योग्य स्थितिविशेषोंसे असातावेदनीयके द्विस्थान अनुभागबन्धके योग्य स्थितिविशेष संख्यातगुणे हीन हैं, क्योंकि, अन्तःकोड़ाकोड़िसे हीन पन्द्रह कोड़ाकोडि सागरोपम प्रमाण साता वेदनीयके द्विस्थान अनुभागबन्धके योग्य स्थितियोंकी अपेक्षा शतपृथक्त्व सागरोपम प्रमाण स्थितिविशेष संख्यातगुणे हीन पाये जाते हैं। अतएव असाताके द्विस्थानबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं, यह कहना उचित नहीं है ?

क. प्र. १,१०१. सर्वस्तोकाः परावर्तमानशुभप्रकृतीनां चतुःस्थानकरसबन्धका जीवाः तेभ्योऽपि त्रिस्थानकरसबन्धकाः संख्येयगुणाः। तेभ्योऽपि द्विस्थानकरसबन्धकाः संख्येयगुणाः (म. टी.)

१ तेभ्योऽपि परावर्तमानशुभप्रकृतीनां द्विस्थानकरसबन्धकाः संख्येयगुणाः। तेभ्योऽपि चतुःस्थानकरसबन्धका संख्येयगुणाः। तेभ्योऽपि त्रिस्थानकरसबन्धका विशेषाधिकाः। क. प्र. (म. टी.) १,१०१.। २ ताप्रतौ 'सादावेदणीणं विट्ठाणाणु—' इति पाठः। ३ ताप्रतौ 'विट्ठाणाणुबन्ध' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जुज्जदि ? ण, सादावेदणीयबंधगद्धादो संखेज्जगुणाए असादावेदणीयबंधगद्धाए संचिदाणं संखेज्जगुणत्तेण विरोहाभावादो संखेज्जगुणत्तं जुज्जदे ।

चउट्ठाणबंधा जीवा संखेज्जगुणा ॥ २३७ ॥

कुदो ? असादबिट्ठाणुभागबंधपाओग्गट्ठिदिविसेसेहिंतो तस्सेव चउट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गट्ठिदिविसेसाणं संखेज्जगुणत्तुवलंभादो ।

तिट्ठाणबंधा जीवा विसेसाहिया ॥ २३८ ॥

असादस्स चउट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गट्ठिदिविसेसेहिंतो तस्सेव तिट्ठाणाणुभागबंधपाओग्गट्ठिदिविसेसा संखेज्जगुणहीणा । तदो तिट्ठाणबंधजीवाणं विसेसाहियत्तं [ण] जुज्जदि त्ति ? ण एस दोसो, सुक्कुक्कस्सपरिणामेसु बहुट्ठिदिविसेसेसु वट्टमाणजीवेहिंतो थोवट्ठिदिविसेसेसु मज्झिमपरिणामेसु च वट्टमाणजीवाणं बहुत्तं पडि विरोहाभावादो । ण च बहुसंकिलेसविसोहीसु खलुविल्लसंजोगो व्व तुट्टीए[1] समुप्पज्जमाणासु जीवबहुत्तं[2] संभवदि, तहाणुवलंभादो । संखेज्जगुणा ण होंति, विसेसाहिया चेव होंति[3] त्ति कधं णव्वदे ? एदम्हादो

समाधान—नहीं, क्योंकि, सातावेदनीयके बन्धककालकी अपेक्षा संख्यातगुणे असाता वेदनीयके बन्धक कालमें संचित जीवोंके संख्यातगुणत्वसे कोई विरोध न होनेके कारण उनको संख्यातगुणा कहना उचित ही है ।

चतुःस्थानबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं ॥ २३७ ॥

कारण कि असाता वेदनीयके द्विस्थान अनुभागबन्धके योग्य स्थितिविशेषोंकी अपेक्षा उसके ही चतुःस्थान अनुभागबन्धके योग्य स्थितिविशेष संख्यातगुणे पाये जाते हैं ।

त्रिस्थानबन्धक जीव विशेष अधिक हैं ॥ २३८ ॥

शंका—असाता वेदनीयके चतुःस्थान अनुभागबन्धके योग्य स्थितिविशेषोंकी अपेक्षा उसके ही त्रिस्थान अनुभागबन्धके योग्य स्थितिविशेष संख्यातगुणे हीन हैं । इस कारण त्रिस्थानबन्धक जीवोंको उनसे विशेष अधिक कहना उचित [नहीं] है ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं हैं, क्योंकि, शुक्ललेश्याके उत्कृष्ट परिणामोंमें बहुत स्थितिविशेषोंमें वर्तमान जीवोंकी अपेक्षा स्तोक स्थितिविशेषों और मध्यम परिणामोंमें वर्तमान जीवोंके बहुत होनेमें कोई विरोध नहीं है । खल्व-बिल्वसंयोग (खल्वाट और बिल्व फलके संयोग) के समान त्रुटिसे अर्थात् यदा कदाचित् उत्पन्न होनेवाले बहुत संक्लेश व बहुत विशुद्धिमें जीवोंकी अधिकता सम्भव नहीं है, क्योंकि वैसा पाया नहीं जाता ।

शंका—वे संख्यातगुणे नहीं हैं, विशेष अधिक ही हैं; यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—वह इसी सूत्रसे जाना जाता है ।

१ अप्रतौ 'खल्लविल्लसंतो व्व चुट्टीए', आ-काप्रत्योः 'खल्लविल्लसंजो व्व चुट्टीए' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु 'जवबहुत्तं' इति पाठः । ३ ताप्रतौ 'विसेसाहिया होंति' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चेव सुत्तादो। विसंवादिसुत्तं[1] किण्ण जायदे ? ण, विसंवादकारणसयलदोसुम्मुक्कभूदबलिवयण-विणिग्गयस्स सुत्तस्स विसंवादित्तविरोहादो[2]। एसो जीवसमुदाहारो बीइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदिय-असण्णिपंचिंदियपज्जत्तापज्जत्तएसु सण्णिअपज्जत्तएसु च जोजेयव्वो। णवरि ट्ठिदिविसेसो णायव्वो[3]। बादर-सुहुमेइंदियपज्जत्तापज्जत्तेसु वि एवं चेव वत्तव्वो। णवरि एदेसु सव्वेसु वि सादासादाणं बिट्ठाणजवमज्झं चेव, तत्थ तिट्ठाण-चउट्ठाणाणुभागाणं बंधाभावादो। णवरि बादर-सुहुमेइंदियपज्जत्तापज्जत्तएसु एक्केक्किस्से ट्ठिदीए अणंता जीवा। पढमट्ठिदिबंधजीवप्पहुडि कमेण विसेसाहिया। केत्तियमेत्तेण ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण खंडिदमेत्तेण। पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं गंतूण दुगुणवड्ढिदा दुगुणवड्ढिदा जाव जवमज्झं। तेण परं विसेसहीणा। सेसं जाणिदूण वत्तव्वं। एसो जीवसमुदाहारो बहुभेदो वि संतो संखेवेण एत्थ परूविदो। एवं जीवसमुदाहारो समत्तो।

शंका—यह सूत्र विसंवाद सहित क्यों नहीं है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि, जो भूतबलि भट्टारक विसंवादके कारणभूत समस्त दोषोंसे रहित हैं उनके मुखसे निकले हुए सूत्रके विसंवादी होनेमें विरोध है।

इस जीवसमुदाहारको द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक अपर्याप्तक तथा संज्ञी अपर्याप्तक जीवोंमें जोड़ना चाहिये। विशेष इतना है कि उक्त जीवोंके स्थितिभेदको जानना चाहिये। बादर व सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्तक अपर्याप्तक जीवोंमें भी इसी प्रकार कहना चाहिये। विशेष इतना है कि इन सभी जीवोंमें साता व असाताका द्विस्थानिक अनुभाग रूप यवमध्य ही होता है, क्योंकि, उनमें त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिक अनुभागोंके बन्धका अभाव है। विशेषता यह है कि बादर व सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्तक अपर्याप्तक जीवोंमें एक एक स्थितिमें अनन्त जीव होते हैं। वे क्रमशः प्रथम स्थितिबन्धके जीवोंसे लेकर विशेष अधिक हैं। कितने मात्रसे वे अधिक हैं ? उनको पल्योपमके असंख्यातवें भागसे भाजित करनेपर जो एक भाग लब्ध हो उतने मात्रसे भी अधिक हैं। पल्योपमके असंख्यातवें भाग जाकर यवमध्य तक दुगुणी दुगुणी वृद्धिसे वृद्धिगत होते गये हैं। आगे वे विशेष हीन हैं। शेष कथन जानकर कहना चाहिये। बहुत भेदोंसे संयुक्त होनेपर भी इस जीवसमुदाहारकी यहां संक्षेपसे प्ररूपणा की गई है। इस प्रकार जीवसमुदाहार समाप्त हुआ।

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'विसंवादीसुत्तं', ताप्रतौ 'विसंवादी सुत्तं' इति पाठः। २ प्रतिषु 'विसंवादत्त-' इति पाठः। ३ ताप्रतौ 'ट्ठिदिविसेसो वत्तव्वो' इत्येतावानयं पाठस्त्रुटितोऽस्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(संदृष्टियां)



छ. ११-४४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पयडिसमुदाहारे[1] त्ति तत्थ इमाणि दुवे[2] अणियोगद्दाराणि पमाणाणुगमो अप्पाबहुए त्ति[3] ॥ २३९ ॥

परूवणाए सह तिण्णिअणियोगद्दाराणि किण्ण परूविदाणि ? ण, एदेसु चेव परूवणाए अंतब्भूदत्तादो । ण च परूवणाए विणा पमाणादीणं संभवो अत्थि, विरोहादो । तेण एत्थ ताव परूवणं वत्तइस्सामो । तं जहा—अत्थि णाणावरणादीणं पयडीणं ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि । परूवणा गदा ।

पमाणाणुगमे णाणावरणीयस्स असंखेज्जा लोगा ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि ॥ २४० ॥

णाणावरणीयस्स ट्ठिदिबंधकारणअज्झवसाणट्ठाणाणि सव्वाणि एगट्ठं कादूण एसा परूवणा परूविदा । ठिदिं पडि अज्झवसाणट्ठाणाणमेसा पमाणपरूवणा ण होदि, उवरि ट्ठिदिसमुदाहारे ट्ठिदिं पडि अज्झवसाणपमाणस्स परूविज्जमाणत्तादो ।

एवं सत्तण्णं कम्माणं ॥ २४१ ॥

जहा णाणावरणीयस्स ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणमव्वोगाढेण पमाणपरूवणा कदा

अब प्रकृतिसमुदाहारका अधिकार है । उसमें दो अनुयोगद्वार हैं—प्रमाणानुगम और अल्पबहुत्व ॥ २३९ ॥

शंका—प्ररूपणाके साथ यहां तीन अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा क्यों नहीं की गई है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि, इनमें ही प्ररूपणाका अन्तर्भाव हो जाता है । कारण कि प्ररूपणाके विना प्रमाणादिकोंकी सम्भावना ही नहीं है, क्योंकि, उसमें विरोध है ।

इसी कारण यहां पहिले प्ररूपणाको कहते हैं । वह इस प्रकार है—ज्ञानावरणादिक प्रकृतियोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान हैं । प्ररूपणा समाप्त हुई ।

प्रमाणानुगमके अनुसार ज्ञानावरणीयके असंख्यात लोक प्रमाण स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान हैं ॥ २४० ॥

ज्ञानावरणीयके स्थितिबन्धमें कारणभूत सब अध्यवसानस्थानोंको इकट्ठा करके यह प्रमाणप्ररूपणा कही गई है । प्रत्येक स्थितिके अध्यवसानस्थानोंकी यह प्रमाणप्ररूपणा नहीं है, क्योंकि, आगे स्थितिसमुदाहारमें प्रत्येक स्थितिके आश्रयसे अध्यवसानस्थानोंके प्रमाणकी प्ररूपणा की जानेवाली है ।

इसी प्रकार शेष सात कर्मोंकी प्रमाणप्ररूपणा है ॥ २४१ ॥

जिस प्रकार ज्ञानावरणीयके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी अव्वोगाढ स्वरूपसे

---

१ आप्रतौ 'समुदाहारो' इति पाठः । २ अ-आप्रत्योः 'इमा दुवो' इति पाठः । ३ संप्रति प्रकृतिसमुदाहार उच्यते । तत्र च द्वे अनुयोगद्वारे । तद्यथा—प्रमाणानुगमः अल्पबहुत्वं च । तत्र प्रमाणानुगमे ज्ञानावरणीयस्य सर्वेषु स्थितिबन्धेषु कियन्त्यध्यवसायस्थानानि ? उच्यते—असंख्येयलोकाकाशप्रदेशप्रमाणानि । एवं सर्वकर्मणामपि द्रष्टव्यम् । क. प्र. (म. टी.) १,८८. ।

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

तधा सेससत्तण्णं कम्माणं पमाणपरूवणा कायव्वा । एवं पमाणाणुगमे त्ति समत्तमणियोगद्दारं ।

अप्पाबहुए त्ति सव्वत्थोवा आउअस्स ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि[1] ॥ २४२ ॥

कुदो ? चदुण्णमाउआणं सव्वोदयवियप्पग्गहणादो । कसायउदयट्ठाणेसु उच्चिदूण[2] गहिदज्झवसाणट्ठाणाणमाउअबंधपाओग्गाणं किण्ण [परूवणा] कीरदे ? ण, सगट्ठिदिबंधट्ठाणहेदुभूदसोदयट्ठाणाणं परूवणाए अण्णपयडिउदयट्ठाणेहि पओजणाभावादो ।

णामा-गोदाणं ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि दो वि तुल्लाणि असंखेज्जगुणाणि[3] ॥ २४३ ॥

कुदो ? साभावियादो । णामा-गोदाणमुदयस्सेव आउओदयस्स संसारावत्थाए सव्वत्थ संभवे संते ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणं थोवत्तं कत्तो णव्वदे ? ठिदिबंधट्ठाणाणं थोव-

---

प्रमाणप्ररूपणा की गई है उसी प्रकार शेष सात कर्मोंकी प्रमाणप्ररूपणा भी करना चाहिये। इस प्रकार प्रमाणानुगम अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।

अल्पबहुत्व अनुयोगद्वारके अनुसार आयुकर्मके स्थितिबन्धाध्यवसान सबसे स्तोक हैं ॥ २४२ ॥

कारण कि चारों आयुओंके सब उदयविकल्पोंका यहां ग्रहण किया गया है।

शंका—**कषायोदयस्थानोंमेंसे चुनकर ग्रहण किये गये आयुबन्धके योग्य अध्यवसानस्थानोंकी प्ररूपणा यहां क्यों नहीं की जाती है ?**

समाधान—**नहीं, क्योंकि अपने स्थितिबन्धस्थानोंके हेतुभूत अपने उदयस्थानोंकी प्ररूपणामें दूसरी प्रकृतियोंके उदयस्थानोंका कोई प्रयोजन नहीं है।**

नाम व गोत्रके स्थितिबन्धस्थान दोनोंही तुल्य असंख्यातगुणे हैं ॥ २४३ ॥

कारण कि ऐसा स्वभावसे है।

शंका—**जिस प्रकार संसार अवस्थामें नाम व गोत्रका उदय सर्वत्र सम्भव है, उसी प्रकार आयुके उदयकी भी सर्वत्र सम्भावना होनेपर उसके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी स्तोकता कहांसे जानी जाती है ?**

---

१ ठिइदीहयाए त्ति—स्थितिदीर्घतया क्रमशः क्रमेणाध्यवसायस्थानान्यसंख्येयगुणानि वक्तव्यानि । यस्य यतः क्रमेण दीर्घा स्थितिस्तस्य ततः क्रमेणाध्यवसायस्थानान्यसंख्येयगुणानि वक्तव्यानीत्यर्थः । तथाहि —सर्वस्तोकान्यायुषः स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानानि । क. प्र. (म. टी.) १,८९.। २ प्रतिषु ' उव्विदूण ' इति पाठः । ३ तेभ्योऽपि नाम-गोत्रयोरसंख्येयगुणानि । नन्वायुषः स्थितिस्थानेषु यथोत्तरमसंख्येयगुणा वृद्धिः, नाम-गोत्रयोस्तु विशेषाधिका, तत्कथमायुरपेक्षया नाम-गोत्रयोरसंख्येयगुणानि भवन्ति ? उच्यते—आयुषो जघन्यस्थितावध्यवसायस्थानान्यतीव स्तोकानि, नाम-गोत्रयोः पुनर्जघन्यायां स्थितौ अतिप्रभूतानि, स्तोकानि चायुषः स्थितिस्थानानि, नाम-गोत्रयोस्त्वतिप्रभूतानि, ततो न कश्चिद्दोषः । क. प्र. (म. टी.) १,८९. ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

त्तादो। ट्ठिदिबंधट्ठाणाणं पहाणत्ते इच्छिज्जमाणे गुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो होदि। होदु णाम, असंखेज्जलोगमेत्तो चेवेत्ति गुणगारे अम्हाणं पमाणणियमाभावादो। णामा-गोदज्झवसाणट्ठाणाणं कधं तुल्लत्तं ? ण, ट्ठिदिं बंधंताण समाणत्तणेण तत्तुल्लत्तावगमादो।

णाणावरणीय-दंसणावरणीय-वेयणीयअंतराइयाणं ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि चत्तारि वि तुल्लाणि असंखेज्जगुणाणि[1] ॥ २४४ ॥

णामा-गोदेहिंतो चत्तारि वि कम्माणि मिच्छत्तासंजम-कसायपच्चएहि सरिसाणि। तेण णामा-गोदाणं अज्झवसाणेहिंतो चदुण्णं कम्माणं अज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि त्ति ण घडदे। णामा-गोदाणं ट्ठिदिबंधट्ठाणेहिंतो चदुण्णं कम्माणं ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि विसेसाहियाणि त्ति असंखेज्जगुणत्तं ण जुज्जदे। हेट्ठिमबेतिभागट्ठिदिबंधट्ठाणपाओग्गकसाएहिंतो उवरिमतिभागट्ठिदिबंधट्ठाणपाओग्गकसाउदयट्ठाणाणं असमाणाणमणुवलंभेण

समाधान—चूंकि उसके स्थितिबन्धस्थान स्तोक हैं, अतः इसीसे उसके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी स्तोकताका भी परिज्ञान हो जाता है।

स्थितिबन्धस्थानोंकी प्रधानताके अभीष्ट होनेपर गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग होता है।

शंका—यदि पल्योपमक असंख्यातवां भाग गुणकार है तो, हो, क्योंकि असंख्यात लोक मात्र ही गुणकार होता है, ऐसा हमारे पास उसके प्रमाणका कोई नियम नहीं है।

शंका—नाम व गोत्रके स्थितिबन्धस्थानोंके परस्पर समानता कैसे है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि स्थितिबन्धस्थानोंकी समानतासे उनकी समानता भी निश्चित है।

ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय और अन्तराय, इन चारों ही कर्मोंके स्थितिबन्धस्थान तुल्य व असंख्यातगुणे हैं ॥ २४४ ॥

शंका—चारों ही कर्म मिथ्यात्व, असंयम और कषाय रूप प्रत्ययोंकी अपेक्षा चूंकि नाम-गोत्रके समान हैं इसी कारण नाम-गोत्रके अध्यवसानस्थानोंकी अपेक्षा चारों कर्मोंके अध्यवसानस्थानोंको असंख्यातगुणा बतलाना संगत नहीं है। दूसरे, नाम-गोत्रके स्थितिबन्धस्थानोंकी अपेक्षा चार कर्मोंके स्थितिबन्धस्थान चूंकि विशेष अधिक हैं, इसलिये भी उनके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंको असंख्यातगुणा बतलाना उचित नहीं ? इसके अतिरिक्त चूंकि नीचेके दो त्रिभाग मात्र स्थितिबन्धस्थानोंके योग्य कषायोदयस्थानोंकी अपेक्षा ऊपरके एक त्रिभाग मात्र स्थितिबन्धस्थानोंके योग्य कषायोदयस्थानोंके असमान न पाये जानेसे भी उनका असंख्यातगुणत्व घटित नहीं होता ?

---

१ नाम-गोत्रयोः सत्कस्थितिबन्धाध्यवसायस्थानेभ्यो ज्ञानावरणीयदर्शनावरणीय-वेदनीयान्तरायाणं स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानान्यसंख्येयगुणानि। कथमिति चेदुच्यते—इह पल्योपमासंख्येयभागमात्रासु स्थितिष्वतिक्रान्तासु द्विगुणवृद्धिरुपलभ्धा। तथा च सत्येकैकस्यापि पल्योपमस्यान्तेऽसंख्येयगुणानि लभ्यन्ते, किं पुनर्दशसागरोपमकोटीकोट्यन्ते इति। क. प्र. (म. टी.) १,८९.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंखेज्जगुणत्ताणुववत्तीदो ? ण एस दोसो, णामा-गोदाणमुदयट्ठाणेहिंतो चदुण्णं कम्माणं उदयट्ठाणबहुत्तेण असंखेज्जगुणत्ताविरोहादो । कधं चदुण्णं कम्माणं पयडिअज्झवसाणाणं अण्णोण्णं समाणत्तं ? ण, सोदयादिवियप्पेहि तेसिं भेदाभावादो ।

मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि[1] ॥ २४५ ॥

को गुणगारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो । कुदो ? चदुण्णं कम्माणमुदयट्ठाणेहिंतो मोहणीयस्स उदयट्ठाणाणमसंखेज्जगुणत्तादो । एवं पगडिसमुदाहारो समत्तो ।

ठिदिसमुदाहारे त्ति तत्थ इमाणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि पगणणा अणुकट्ठी तिव्व-मंददा त्ति[2] ॥ २४६ ॥

तत्थ पगणणा णाम इमिस्से इमिस्से ट्ठिदीए बंधकारणभूदाणि ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि एत्तियाणि एत्तियाणि होंति त्ति ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणं पमाणं परूवेदि । तत्थ अणुकट्ठी णाम ट्ठिदिं पडि[3] ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणं समाणत्तमसमाणत्तं च परूवेदि । तिव्व-मंददा णाम तेसिं जहण्णुक्कस्सपरिणामाणमविभागपडिच्छेदाणमप्पाबहुगं परूवेदि ।

समाधान—यह कोई दोष नहीं हैं, क्योंकि, नाम-गोत्रके उदयस्थानोंकी अपेक्षा चार कर्मोंके उदयस्थानोंके बहुत होनेसे उनके असंख्यातगुणे होनेमें कोई विरोध नहीं है।

शंका—चार कर्मोंके प्रकृतिअध्यवसानस्थानोंके परस्पर समानता कैसे है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि स्वोदयादिक विकल्पोंकी अपेक्षा उनमें कोई भेद नहीं है।

मोहनीयके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान संख्यातगुणे हैं ॥ २४५ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, चार कर्मोंके उदयस्थानोंकी अपेक्षा मोहनीयके उदयस्थान असंख्यातगुणे हैं। इस प्रकार प्रकृतिसमुदहार समाप्त हुआ।

अब स्थितिसमुदाहारका अधिकार है। उसमें ये तीन अनुयोगद्वार है—प्रगणना, अनुकृष्टि और तीव्रमन्दता ॥ २४६ ॥

इनमें प्रगणना नामक अनुयोगद्वार अमुक अमुक स्थितिके बन्धके कारणभूत स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान इतने इतने होते हैं, इस प्रकार स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंके प्रमाणकी प्ररूपणा करता है। अनुकृति अनुयोगद्वार प्रत्येक स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी समानता व असमानताको बतलाता है। तीव्रमन्दता अनुयोगद्वार उनके जघन्य व उत्कृष्ट परिणामोंके अविभाग प्रतिच्छेदोंके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करता है।

---

१ तेभ्योऽपि कषायमोहनीयस्य स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानान्यसंख्येयगुणानि । तेभ्योऽपि दर्शनमोहनीयस्य स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानान्यसंख्येयगुणानि । क. प्र. (म. टी.) १,८९. । २ तत्र स्थितिसमुदाहारेऽपि त्रीण्यनुयोगद्वाराणि । तद्यथा—प्रगणना १, अनुकृष्टिः २, तीव्रमन्दता ३ च । तत्र प्रगणनाप्ररूपणार्थमाह—क. प्र. (म. टी.) १,८७ गाथाया उत्थानिका । ३ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-का-ताप्रतिषु 'पयडि' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिण्णि चेव अणियोगद्दाराणि किमट्ठं परूविदाणि ? ण, चउत्थादिअणियोगद्दाराणं संभवाभावादो ।

पगणणाए णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जा लोगा ॥ २४७ ॥

जहण्णट्ठिदी णाम धुवट्ठिदी, तत्तो हेट्ठा ट्ठिदिबंधाभावादो । तत्थ ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जलोगमेत्ताणि अणंतभागवड्ढि-असंखेज्जभागवड्ढि-संखेज्जभागवड्ढि-संखेज्जगुणवड्ढि-असंखेज्जगुणवड्ढि-अणंतगुणवड्ढीहि णिप्पण्णअसंखेज्जलोगमेत्तछट्ठाणाणि होंति । कधमेक्कस्स जहण्णट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणस्स अणंतो सव्वजीवरासी भागहारो कीरदे ? ण, जहण्णट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणे वि असंतसव्वजीवरासिमेत्तअविभागपडिच्छेदुवलंभादो ।

बिदियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जा लोगा ॥ २४८ ॥

बिदियाए ट्ठिदीए त्ति वुत्ते समउत्तरमवट्ठिदी घेत्तव्वा । कधं तिस्से बिदियत्तं ? ण,

---

शंका—तीन ही अनुयोगद्वार किस लिये कहे हैं ?

समाधान—नहीं, क्योंकि चतुर्थादिक अन्य अनुयोगद्वारोंकी सम्भावनाका अभाव है ।

प्रगणना अनुयोगद्वारका अधिकार है । ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यात लोक प्रमाण हैं ॥ २४७ ॥

जघन्य स्थितिका अर्थ ध्रुवस्थिति है, क्योंकि, उसके नीचे स्थितिबन्धका अभाव है । उसमें स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यात लोक प्रमाण हैं । वे अनन्तभागवृद्धि, असंख्यातभागवृद्धि संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि और अनन्तगुणवृद्धि, इन छह वृद्धियोंसे उत्पन्न असंख्यात लोक मात्र छह स्थानोंसे संयुक्त होते हैं ।

शंका—अनन्त सर्व जीव राशिको एक जघन्य स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानका भागहार कैसे किया जा रहा है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि एक जघन्य स्थितिबन्धाध्यवसानमें भी अनन्त सब जीवराशि प्रमाण अविभागप्रतिच्छेद पाये जाते हैं ।

द्वितीय स्थितिमें स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यात लोक प्रमाण हैं ॥ २४८ ॥

' बिदियाए ट्ठिदीए ' ऐसा कहनेपर एक समय अधिक अवस्थितिका ग्रहण करना चाहिये ।

शंका—इसको द्वितीय स्थिति कहना कैसे उचित है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि, ध्रुवस्थितिसे एक समय अधिक स्थिति पृथक् पायी

---

१ ठिइबंधे ठितिबंधे अज्झवसाणाणसंखया लोगा । हस्सा वे (वि) सेसवुड्ढी आऊणमसंखगुणवड्ढी ॥ क. प्र. १,८७. ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धुवट्ठिदीदो समउत्तरट्ठिदीए पुधत्तुवलंभादो। तिस्से ट्ठिदीए बंधपाओग्गज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जलोगमेत्तछट्ठाणाणि होंति त्ति भणिदं होदि।

तदियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जा लोगा ॥ २४९ ॥

अणंतभागवड्ढीए अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तद्धाणं गंतूण सइमसंखेज्जभागवड्ढी होदि। पुणो वि तेत्तियमेत्तं चेव अणंतभागवड्ढीए अद्धाणं गंतूण बिदियअसंखेज्जभागवड्ढी होदि। एवं कंदयमेत्तअसंखेज्जभागवड्ढीओ कंदयवग्गं-कंदयमेत्तअणंतभागवड्ढीयो च गंतूण सइं संखेज्जभागवड्ढी होदि। पुणो वि एत्तियमेत्तं चेव अद्धाणं पुव्वविहाणेण गंतूण बिदिया संखेज्जभागवड्ढी होदि। एवमेदेण विहाणेण कंदयमेत्तसंखेज्जभागवड्ढीसु गदासु समयाविरोहेण सइं संखेज्जगुणवड्ढी होदि। एदेण कमेण कंदयमेत्तसंखेज्जगुणवड्ढीसु गदासु सइमसंखेज्जगुणवड्ढी होदि। पुणो समयाविरोहेण कंदयमेत्तअसंखेज्जगुणवड्ढीसु गदासु सइमणंतगुणवड्ढी होदि। एदं सव्वं पि एगं छट्ठाणं त्ति भण्णदि। एरिसाणि असंखेज्जदिलोगमेत्तछट्ठाणाणि घेत्तूण तदियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि होंति।

एवमसंखेज्जा लोगा असंखेज्जा लोगा जाव उक्कसट्ठिदि त्ति ॥ २५० ॥

जाती है।

उक्त स्थितिके बन्धके योग्य अध्यवसानस्थान असंख्यात लोक मात्र छह स्थानोंसे संयुक्त होते हैं, यह अभिप्राय है।

तृतीय स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यात लोक प्रमाण हैं ॥ २४९ ॥

अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र अनन्तभागवृद्धिके स्थानोंके वीतनेपर एक बार असंख्यात भागवृद्धि होती है। फिरसे भी उतना ही अनन्तभागवृद्धिका अध्वान जाकर द्वितीय असंख्यातभागवृद्धि होती है। इस प्रकारसे काण्डक प्रमाण असंख्यातभागवृद्धियों, काण्डक वर्ग और काण्डक प्रमाण अनन्तभागवृद्धियोंके वीतनेपर एक बार संख्यातभागवृद्धि होती है। फिरसे भी पूर्वोक्त रीतिसे इतने मात्र स्थान जाकर द्वितीय संख्यातभागवृद्धि होती है। इस प्रकार इस रीतिसे काण्डक प्रमाण संख्यातभागवृद्धियोंके वीतनेपर आगमाविरोधसे एक बार संख्यातगुणवृद्धि होती है। इस क्रमसे काण्डक प्रमाण संख्यातगुणवृद्धियोंके वीत जानेपर एक बार असंख्यातगुणवृद्धि होती है। पश्चात् आगमाविरोधसे काण्डक प्रमाण असंख्यातगुणवृद्धियोंके वीतनेपर एक बार अनन्तगुणवृद्धि होती है। यह सभी एक षट्स्थान कहा जाता है। ऐसे असंख्यात लोक प्रमाण षट्स्थान ग्रहण करके तृतीय स्थितिमें स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान होते हैं।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्थिति तक असंख्यात लोक असंख्यात लोक प्रमाण स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान होते हैं ॥ २५० ॥

१ प्रतिषु 'कंदयवग्गो कंदय—' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहा पुव्विल्लीणं तिण्णं ट्ठिदीणं अज्झवसाणट्ठाणाणि पमाणेण असंखेज्जलोगमेत्ताणि तहा उवरिमसव्वट्ठिदीणं पि ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणं पमाणं होदि त्ति जाणावणट्ठमेवमिदि णिद्देसो कदो ।

एवं सत्तण्णं कम्माणं ॥ २५१ ॥

जहा णाणावरणीयस्स ट्ठिदिं पडि[1] ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणं पमाणपरूवणा कदा तथा सेससत्तण्णं पि कम्माणं परूवेदव्वं, असंखेज्जलोगपमाणत्तं पडि भेदाभावादो । एवं पमाणपरूवणा गदा ।

एत्थ संतपरूवणा किण्ण परूविदा ? ण, तिस्से पमाणंतब्भावादो । कदो ? पमाणेण विणा संताणुववत्तीदो ।

तेसिं दुविधा सेडिपरूवणा अणंतरोवणिधा परंपरोवणिधा ॥ २५२ ॥

जत्थ णिरंतरं थोवबहुत्तपरिक्खा कीरदे सा अणंतरोवणिधा । जत्थ दुगुण-चदुगुणादिपरिक्खा कीरदि सा परंपरोवणिधा । एवं सेडिपरूवणा दुविहा चेव, तदियादिपयारा-

---

जिस प्रकार पूर्वोक्त तीन स्थितियोंके अध्यवसानस्थान प्रमाणसे असंख्यात लोक मात्र हैं, उसी प्रकार आगेकी सब स्थितियोंके भी स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंका प्रमाण होता है; यह बतलानेके लिये सूत्रमें ' एवं ' पदका निर्देश किया गया है ।

इसी प्रकार सात कर्मोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी प्ररूपणा करना चाहिये ॥ २५१ ॥

जिस प्रकार ज्ञानावरणीयकी प्रत्येक स्थितिसम्बन्धी स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंके प्रमाणकी प्ररूपणा की गई है, उसी प्रकार शेष सात कर्मोंकी भी स्थितियोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी प्ररूपणा करना चाहिये, क्योंकि, उनमें असंख्यात लोक प्रमाणकी अपेक्षा कोई भेद नहीं है । इस प्रकार प्रमाणप्ररूपणा समाप्त हुई ।

शंका—**यहां सत्प्ररूपणाकी प्ररूपणा क्यों नहीं की गई है ?**

समाधान—**नहीं, क्योंकि उसका प्रमाण अनुयोगद्वारमें अन्तर्भाव हो जाता है, कारण कि प्रमाणके विना सत्त्व घटित ही नहीं होता है ।**

उक्त स्थानोंकी श्रेणिप्ररूपणा दो प्रकार है—अनन्तरोपनिधा और परम्परोपनिधा ॥ २५२ ॥

जहांपर निरन्तर अल्पबहुत्वकी परीक्षा की जाती है वह अनन्तरोपनिधा कही जाती है । जहांपर दुगुणत्व और चतुर्गुणत्व आदिकी परीक्षा की जाती है वह परम्परोपनिधा कहलाती है । इस प्रकार श्रेणिप्ररूपणा दो प्रकार ही है, क्योंकि, और तृतीयादि प्रकारोंकी

---

१ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-का-प्रतिषु ' णाणावरणीयस्स पडि ', ताप्रतौ ' णाणावरणीयस्स पयडि ' इति पाठः ।

Jain Education International　　For Private & Personal Use Only　　www.jainelibrary.org

संभवादो । एत्थ संदिट्ठी बालजणबुद्धिविप्फारणट्ठं ठवेदव्वा—१६ । २० । २४ । २८ । ३२ । ४० । ४८ । ५६ । ६४ । ८० । ९६ । ११२ । १२८ । १६० । १९२ । २२४ । २५६ ।

अणंतरोवणिधाए णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि थोवाणि[1] ॥ २५३ ॥

केहिंतो थोवाणि त्ति वुत्ते उवरिमट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणेहिंतो । कधमेदं णव्वदे ? हेट्ठा ट्ठिदिबंधट्ठाणाभावेण ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाभावादो ।

बिदियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि विसेसाहियाणि[2] ॥ २५४ ॥

केत्तियमेत्तेण ? असंखेज्जलोगमेत्तेण । जहण्णट्ठिदिअज्झवसाणट्ठाणाणं विसेसागमणट्ठं को भागहारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो । एगगुणहाणिअद्धाणमिदि वुत्तं होदि ।

सम्भावना नहीं है । यहांपर अज्ञानी जनोंकी बुद्धिको विकसित करनेके लिये संदृष्टिकी स्थापना करना चाहिये (मूलमें देखिये)

अनन्तरोपनिधाकी अपेक्षा ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान स्तोक हैं ॥ २५३ ॥

शंका—किनकी अपेक्षा स्तोक हैं ?

समाधान—इस शंकाके उत्तरमें कहते हैं कि वे ऊपरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी अपेक्षा स्तोक हैं ।

शंका—यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—चूंकि नीचे स्थितिबन्धस्थानोंके न होनेसे स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंका अभाव है; अतः इसीसे ज्ञात होता है कि वे ऊपरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी अपेक्षा स्तोक हैं ।

द्वितीय स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं ॥ २५४ ॥

कितने मात्रसे अधिक हैं ? असंख्यात लोक मात्रसे वे अधिक हैं ।

शंका—जघन्य स्थितिके अध्यवसानस्थानोंके विशेषको लानेके लिये भागहार क्या है ?

---

१ अत्र द्वेधा प्ररूपणा । तद्यथा—अनन्तरोपनिधया परंपरोपनिधया च तत्र । अनन्तरोपनिधया प्रमाणमाह—**हस्सा वे (वि) सेसवड्ढी** आयुर्वर्जानां कर्मणां ह्रस्वाज्जघन्यात् स्थितिबन्धात् परतो द्वितीयादिषु स्थितिस्थानबन्धेषु विशेषवृद्धिः विशेषाधिका वृद्धिरवसेया । तद्यथा—ज्ञानावरणीयस्य जघन्यस्थितौ तद्बन्धहेतुभूता अध्यवसाया नानाजीवापेक्षयाऽसंख्येयलोकाकाशप्रदेशप्रमाणाः । ते चान्यापेक्षया सर्वस्तोका । क. प्र. (म. टी.) १,८७. । २ ततो द्वितीयस्थितौ विशेषाधिकाः । ततोऽपि तृतीयस्थितौ विशेषाधिकाः । एवं तावद्वाच्यं यावदुत्कृष्टा स्थितिः । एवं सर्वेष्वपि कर्मसु वाच्यम् । क. प्र. (म.टी.) १,८७. ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संदिट्ठीए एत्थ गुणहाणिपमाणं चत्तारि ४ । एदं विरलेदूण जहण्णट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि सोलस समखंडं कादूण दिण्णे विरलणरूवं पडि एगेगपक्खेवपमाणं पावदि । एत्थ एगपक्खेवं घेत्तूण जहण्णट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणेसु पक्खित्ते बिदियट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि होंति त्ति घेत्तव्वं ।

तदियाए [ट्ठिदीए] ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि विसेसाहियाणि ॥ २५५ ॥

केत्तियमेत्तेण ? एगपक्खेवमेत्तेण । एत्थ जाव पढमगुणहाणिचरिमसमओ त्ति अवट्ठिदो पक्खेवो । कुदो[1] ? वड्ढिदएगेगपक्खेवाणं ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणमेगेगरूवाहियगुणहाणिभागहारुवलंभादो ।

एवं विसेसाहियाणि विसेसाहियाणि जाव उक्कस्सिया ट्ठिदि त्ति ॥ २५६ ॥

एवं सव्वट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि । अणंतराणंतरेण विसेसाहियकमेण गच्छंति जाव उक्कस्सट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणे त्ति । णवरि गुणहाणिं पडि पक्खेवो दुगुण-दुगुणो होदि । कुदो ? दुगुण-दुगुणक्कमेण ट्ठिदिगुणहाणिचरिमट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणमवट्ठिदएगगुणहाणिभागहारदंसणादो ।

समाधान—भागहार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। अभिप्राय यह कि एकगुणहानिअध्वान भागहार है।

यहां संदृष्टिमें गुणहानिका प्रमाण चार (४) है। इसका विरलन करके जघन्य स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंके प्रमाण सोलहको समखण्ड करके देनेपर एक एक विरलनरूपके ऊपर एक प्रक्षेपका प्रमाण प्राप्त होता है। यहां एक प्रक्षेपको ग्रहण करके जघन्य स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंमें मिलानेपर द्वितीय स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंका प्रमाण होता है, ऐसा जानना चाहिये।

तृतीय स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं ॥ २५५ ॥

कितने मात्रसे वे विशेष अधिक हैं ? एक प्रक्षेपके प्रमाणसे वे विशेष अधिक हैं। यहां प्रथम गुणहानिके अन्तिम समय तक अवस्थित प्रक्षेप है, क्योंकि एक प्रक्षेपसे वृद्धिको प्राप्त हुए स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंका उत्तरोत्तर एक एक अंकसे अधिक गुणहाणि भागहार पाया जाता है।

इस प्रकार वे उत्कृष्ट स्थितितक विशेष अधिक विशेष अधिक हैं ॥ २५६ ॥

इस प्रकार सब स्थितियोंके अध्यवसानस्थान अनन्तर-अनन्तर क्रमसे उत्कृष्ट स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंतक उत्तरोत्तर विशेष अधिक होते गये हैं। विशेष इतना है कि प्रक्षेप प्रत्येक गुणहानिके अनुसार दूना दूना होता गया है। कारण कि दूने दूने क्रमसे स्थित गुणहानियोंमें अन्तिम स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंका अवस्थित एक गुणहानि भागहार देखा जाता है।

---

१ ताप्रतौ 'अवट्ठिदो । कुदो' इति पाठः।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

एवं छण्ण कम्माणं ॥ २५७ ॥

जहा णाणावरणीयस्स अणंतरोवणिधा परूविदा तहा छण्णं कम्माणं आउववज्जाणं परूवेदव्वा, विसेसाहियत्तं पडि भेदाभावादो ।

आउअस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि थोवाणि[1] ॥ २५८ ॥

कुदो ? आउअस्स असंखेज्जदिलोगमेत्तट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणमसंखेज्जदिभागमेत्ताणं चेव जहण्णट्ठिदिपाओग्गत्तादो ।

बिदियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्ज-गुणाणि ॥ २५९ ॥

को गुणगारो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो । कुदो ? जहण्णट्ठिदिबंधकारणादो समउत्तरट्ठिदिबंधकारणाणं बहुत्तुवलंभादो ।

तदियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्ज-गुणाणि ॥ २६० ॥

को गुणगारो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो । कारणं पुव्वं व वत्तव्वं ।

इसी प्रकार छह कर्मोंकी अनन्तरोपनिधाकी प्ररूपणा करना चाहिये ॥ २५७ ॥

जिस प्रकार ज्ञानावरणीय कर्मकी अनन्तरोपनिधाकी प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार आयुको छोड़कर शेष छह कर्मोंकी अनन्तरोपनिधाकी प्ररूपणा करना चाहिये, क्योंकि, उसमें विशेष अधिकताकी अपेक्षा कोई भेद नहीं है ।

आयु कर्मकी जघन्य स्थितिमें स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान स्तोक हैं ॥ २५८ ॥

इसका कारण यह है कि आयु कर्मके असंख्यात लोक प्रमाण स्थितिबन्धाध्यवसान-स्थानोंमें उनके असंख्यातवें भाग मात्र ही जघन्य स्थितिके योग्य हैं ।

द्वितीय स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं ॥ २५९ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार आवलिका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, जघन्य स्थितिबन्धके कारणोंकी अपेक्षा एक एक समय अधिक स्थितिबन्धके कारण बहुत पाये जाते हैं ।

तृतीय स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं ॥ २६० ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार आवलिका असंख्यातवां भाग है । इसके कारणका कथन पहिलेके ही समान करना चाहिये ।

---

१ आऊणमसंखगुणवड्ढी । आयुषां जघन्यस्थितेरारभ्य प्रतिस्थिति बन्धमसंख्येयगुणवृद्धिर्वक्तव्या । तद्यथा—आयुषो जघन्यस्थितौ तद्बन्धहेतुभूता अध्यवसाया असंख्येयलोकाकाशप्रदेशप्रमाणाः । ते च सर्वस्तोकाः । ततो द्वितीयस्थितौ असंख्येयगुणाः । ततोऽपि तृतीयस्थितावसंख्येयगुणाः । एवं तावद्वाच्यं यावदुत्कृष्टा स्थितिः । क. प्र. (म. टी.) १,८७. ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवमसंखेज्जगुणाणि असंखेज्जगुणाणि जाव उक्कसिया ट्ठिदि त्ति ॥ २६१ ॥

एवं ठिदिं पडि[1] ट्ठिदिं पडि आवलियाए असंखेज्जदिभागगुणगारेण सव्वट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि णेदव्वाणि जाव उक्कस्सट्ठिदि त्ति । एवमणंतरोवणिधा समत्ता ।

परंपरोवणिधाए णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणेहिंतो तदो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं गंतूण दुगुणवड्ढिदा ॥ २६२ ॥

कुदो ? विरलणमेत्तपक्खेवेसु जहण्णट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणेसु वड्ढिदेसु दुगुणज्झवसाणट्ठाणसमुप्पत्तीदो ।

एवं दुगुणवड्ढिदा दुगुणवड्ढिदा जाव उक्कस्सिया ट्ठिदि त्ति ॥ २६३ ॥

एवमवट्ठिदमेत्तियमद्धाणं गंतूण सव्वदुगुणवड्ढीओ उप्पज्जंति त्ति वत्तव्वं ।

एवं ट्ठिदिबंधज्झवसाणदुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो[2] ॥ २६४ ॥

इस प्रकार वे उत्कृष्ट स्थिति तक उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे असंख्यातगुणे होते गये हैं ॥ २६१ ॥

इस प्रकार उत्कृष्ट स्थितितक एक एक स्थितिके प्रति सब स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी आवलिके असंख्यातवें भाग गुणकारसे ले जाना चाहिये। इस प्रकार अनन्तरोपनिधा समाप्त हुई ।

परम्परोपनिधाकी अपेक्षा ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी अपेक्षा उनसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग जाकर वे दुगुणी वृद्धिको प्राप्त हैं ॥ २६२ ॥

इसका कारण यह है कि जघन्य स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंमें विरलन राशिके बराबर प्रक्षेपोंकी वृद्धिके होनेपर दुगुणे अध्यवसानस्थानोंकी उत्पत्ति होती है ।

इस प्रकार वे उत्कृष्ट स्थिति तक दुगुणी दुगुणी वृद्धिको प्राप्त हुए हैं ॥ २६३ ॥

इस प्रकार इतना मात्र अध्वान जाकर सब दुगुणवृद्धियां उत्पन्न होती हैं, ऐसा कहना चाहिये ।

एक स्थितिसम्बन्धी अध्यवसानोंके दुगुण-दुगुणवृद्धिहानिस्थानोंके अन्तर पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं ॥ २६४ ॥

---

१ अ-आ-का-प्रतिषु 'पयडि' इति पाठः। २ पल्लासंखियभागं गंतुं दुगुणाणि जाव उक्कोसा क.प्र. १,८८. ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुदो ? णाणागुणहाणिसलागाहि पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्ताहि संखेज्ज-पलिदोवमेसु भागे हिदेसु असंखेज्जपलिदोवमपढमवग्गमूलुवलंभादो । एवमेदेण सुत्तेण एगगुण-हाणिअद्धाणपमाणं परूविदं । णाणागुणहाणिसलागाणं पमाणपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तं भणदि—

णाणाट्ठिदिबंधज्झवसाणदुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतराणि अंगुल-वग्गमूलछेदणाणामसंखेज्जदिभागो[1] ॥ २६५ ॥

अंगुलवग्गमूलमिदि वुत्ते सूचीअंगुलपढमवग्गमूलं घेत्तव्वं । तस्स अद्धछेदणाणं असंखेज्जदिभागमेत्ताओ णाणागुणहाणिसलागाओ होंति । होंताओ वि मोहणीयट्ठिदिपदेस-णाणागुणहाणिसलागाहिंतो थोवाओ, ताणि पलिदोवमवग्गमूलस्स असंखेज्जदिभागमेत्ताओ त्ति पमाणमभणिदूण अंगुलवग्गमूलच्छेदणाणं असंखेज्जदिभागो त्ति परूविदत्तादो । होंताओ वि असंखेज्जगुणहीणाओ पुव्वं विहज्जमाणरासीदो संपहि विहज्जमाणरासीए असंखेज्जगुण-हीणत्तादो ।

णाणाठिदिबंधज्झवसाणदुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतराणि थोवाणि ॥ २६६ ॥

कारण कि पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र नानागुणहानिशलाकाओंका संख्यात पल्योपमोंमें भाग देनेपर पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूल लब्ध होते हैं । इस प्रकार इस सूत्रके द्वारा एक गुणहानिअध्वानके प्रमाणकी प्ररूपणा की गई है । नानागुणहानि-शलाकाओंके प्रमाणकी प्ररूपणाके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

नानास्थितिबन्धाध्यवसानों सम्बन्धी दुगुण-दुगुणवृद्धि-हानिस्थानान्तर अंगुलसम्बन्धी वर्गमूलके अर्धच्छेदोंके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं ॥ २६५ ॥

'अंगुलवर्गमूल' ऐसा कहनेपर सूचीअंगुलके प्रथम वर्गमूलको ग्रहण करना चाहिये । उसके अर्धच्छेदोंके असंख्यातवें भाग प्रमाण नानागुणहानिशलाकायें होती हैं । इतनी होकरके भी मोहनीय कर्मके स्थितिप्रदेशोंकी नानागुणहानिशलाकाओंसे स्तोक हैं, क्योंकि, 'वे पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं' ऐसा उनका प्रमाण न बतलाकर 'वे अंगुलके वर्गमूलसम्बन्धी अर्धच्छेदोंके संख्यातवें भाग हैं' ऐसी प्ररूपणा की गई है। असंख्यातगुणी हीन होती हुई भी पूर्वमें विभज्यमान राशिसे इस समयकी विभज्यमान राशि असंख्यातगुणी हीन है ।

नानास्थितिबन्धाध्यवसानदुगुणवृद्धिहानिस्थानान्तर स्तोक हैं ॥ २६६ ॥

१ णाणंतराणि अंगुलमूलच्छेयणमसंखतमो ॥ क. प्र. १,८८., नानाद्विगुणवृद्धिस्थानानि चांगुलवर्ग-मूलच्छेदनकासंख्येयतमभागप्रमाणाणि । एतदुक्तं भवति—अंगुलमात्रक्षेत्रगतप्रदेशराशेर्यत्प्रथमं वर्गमूलं तन्मनुष्यप्रमाणहेतुराशिषण्णवतिच्छेदनविधिना तावच्छिद्यते यावद् भागं न प्रयच्छति । तेषां च छेदनका-नामसंख्येयतमे भागे यावन्ति छेदनकानि तावन्तु यावानाकाशप्रदेशराशिस्तावत्प्रमाणानि नानाद्विगुण-स्थानानि भवन्ति (म. टी.) । २ अ-आ-काप्रतिषु 'ताणि व पलिदोवम—' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुदो ? पलिदोवमपढमवग्गमूलस्स असंखेज्जदिभागपमाणत्तादो ।

एयट्ठिदिबंधज्झवसाणदुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरमसंखेज्ज-गुणं ॥ २६७ ॥

कुदो ? असंखेज्जपलिदोवमपढमवग्गमूलपमाणत्तादो । कधमेदं णव्वदे ? णाणागुण-हाणिसलागाहि कम्मट्ठिदीए ओवट्टिदाए एगगुणहाणिपमाणुवलंभादो ।

एवं छण्णं कम्माणमाउववज्जाणं ॥ २६८ ॥

जहा णाणावरणीयस्स परंपरोवणिधा परूविदा तहा छण्णं कम्माणं परूवेदव्वं, विसेसाभावादो । आउअस्स एसा परूवणा णत्थि, ठिदिं पडि असंखेज्जगुणक्कमेण ट्ठिदि-बंधज्झवसाणट्ठाणाणं वड्ढिदंसणादो ।

संपहि सेडिपरूवणाए सूचिदाणं अवहार-भागाभाग-अप्पाबहुगाणं परूवणं कस्सामो । तं जहा—जहण्णियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणपमाणेण सव्वट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि केवचिरेण कालेण अवहिरिज्जंति ? असंखेज्जदिवड्ढगुणहाणिट्ठाणंतरेण कालेण अवहिरिज्जंति । तं जहा—उक्कस्सट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणपमाणेण सव्वट्ठिदिबंधज्झवसाणेसु कदेसु किंचूण-

---

क्योंकि, वे पल्योपम सम्बन्धी प्रथम वर्गमूलके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं ।

एक स्थितिबन्धाध्यवसानदुगुणवृद्धिहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणा है ॥ २६७ ॥

क्योंकि, वह पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूलोंके बराबर है ।

शंका—यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—चूंकि कर्मस्थितिमें नानागुणहानिशलाकाओंका भाग देनेपर एक गुणहानिका प्रमाण लब्ध होता है, इसीसे जाना जाता है कि वह पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूलोंके बराबर है ।

इसी प्रकार आयुको छोड़कर छह कर्मोंकी प्ररूपणा करना चाहिये ॥ २६८ ॥

जिस प्रकार ज्ञानावरणीयकी परम्परोपनिधाकी प्ररूपणा की गई है, उसी प्रकार छह कर्मोंकी परम्परोपनिधाकी भी प्ररूपणा करना चाहिये, क्योंकि, उसमें कोई विशेषता नहीं है। आयु कर्मके सम्बन्धमें यह प्ररूपणा लागू नहीं होती, क्योंकि, उसके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंके प्रत्येक स्थितिके अनुसार असंख्यातगुणितक्रमसे वृद्धि देखी जाती है ।

अब श्रेणिप्ररूपणाके द्वारा सूचित अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करते हैं । यथा—जघन्य स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंके प्रमाणसे सब स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान कितने कालके द्वारा अपहृत होते हैं ? उक्त प्रमाणसे वे असंख्यात डेढ गुणहानिस्थानान्तरकालके द्वारा अपहृत होते हैं । यथा—सब स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंको उत्कृष्ट स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंके प्रमाणसे करनेपर वे कुछ कम डेढ गुणहानि प्रमाण होते हैं । वहां संदृष्टिमें सब अध्यवसानस्थानोंका प्रमाण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिवड्डगुणहाणिमेत्तं होदि तत्थ संदिट्ठीए सव्वज्झवसाणट्ठाणपमाणमेदं[1] १५६०। पुणो एदम्मि उक्कस्सट्ठिदिबंधज्झवसाणेहि भागे हिदे दिवड्डगुणहाणिपमाणमागच्छदि। तं च एदं १९५।३२। पुणो एदं जहण्णट्ठिदिअज्झवसाणभागहारमिच्छामो त्ति सव्वज्झवसाणदुगुण-वड्ढि-हाणिसलागाओ विरलिय बिगुणिय अण्णोण्णब्भासे कदे जो उप्पण्णरासी तेण रासिणा १६ दिवड्डगुणहाणीए गुणिदाए जहण्णट्ठिदिअज्झवसाणभागहारो होदि १९५।२। पुणो एदेण सव्वज्झवसाणेसु अवहिरिदेसु[2] जहण्णट्ठिदिअज्झवसाणमागच्छदि १६। पुणो एदस्सुवरि भागहारो विसेसहीणकमेण जाणिदूण णेदव्वो जाव एगदुगुणवड्ढिपमाणमेत्तं चडिदो त्ति। पुणो तप्पमाणेण अवहिरिज्जमाणे पुव्वभागहारो अद्धं होदि। कुदो? एगगुणवड्ढि चडिदो त्ति एगरूवं विरलिय बिगं करिय अण्णोण्णब्भत्थं कादूण पुव्वभागहारे ओवट्टिदे तदद्धुव-लंभादो १९५।४। पुणो एदस्सुवरि भागहारो जाणिदूण णेदव्वो जाव उक्कस्सट्ठिदि-अज्झवसाणे त्ति। पुणो तप्पमाणेण सव्वदव्वे अवहिरिज्जमाणे किंचूणदिवड्डगुणहाणिट्ठाणंतरेण अवहिरिज्जदि।

एवं छण्णं कम्माणं भागहारपरूवणा परूवेदव्वा। एवं आउअस्स वि वत्तव्वं। णवरि जहण्णट्ठिदिअज्झवसाणपमाणेण सव्वज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जलोगमेत्तकालेण अवहि-रिज्जंति तं जहा—आउअस्स अज्झवसाणगुणगारो अवट्ठिदो त्ति के वि आइरिया भणंति।

यह है—१५६०। इसमें उत्कृष्ट स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंका भाग देनेपर डेढ गुणहानि प्रमाण आता है। वह यह है—$\frac{१९५}{३२}$। इस जघन्य स्थितिसम्बन्धी अध्यवसानोंके भागहारको लानेकी इच्छासे सब अध्यवसानस्थानोंकी दुगुणवृद्धि-हानिशलाकाओंका विरलन करके दुगुणित कर परस्पर गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो (१६) उससे डेढ गुणहानिको गुणित करनेपर जघन्य स्थितिके अध्यवसानस्थानोंका भागहार होता है—$\frac{१९५}{३२} \times १६ = \frac{१९५}{२}$। इसका सब अध्यवसानस्थानोंमें भाग देनेपर जघन्य स्थितिके अध्यवसानस्थानोंका प्रमाण आता है—$१५६० \div \frac{१९५}{२} = \frac{३१२०}{१} \times \frac{१}{१९५} = १६$। इसके आगे एक दुगुणवृद्धि प्रमाण मात्र जाने तक भागहारको विशेषहीन क्रमसे जानकर ले जाना चाहिये। फिर उक्त प्रमाणसे अपहृत करनेपर पूर्व भागहार आधा होता है, क्योंकि, एक गुणहानि आगे गये हैं, अतः एक अंकका विरलन करके दुगुणा कर परस्पर गुणा करनेपर जो प्राप्त हो उससे पूर्व भागहारको अपवर्तित करनेपर उसका अर्ध भाग लब्ध होता है—$\frac{१९५}{२} \div २ = \frac{१९५}{४}$। फिर इसके आगे उत्कृष्ट स्थितिके अध्यवसानस्थानोंतक भागहारको जानकर ले जाना चाहिये। उसके प्रमाणसे सब द्रव्यको अपहृत करनेपर वह कुछ कम डेढ गुणहानिस्थानान्तरकालसे अपहृत होता है।

इस प्रकार छह कर्मोंके भागहारकी प्ररूपणा करना चाहिये। इसी प्रकार आयुकर्मके भी भागहारकी प्ररूपणा करना चाहिये। विशेष इतना है कि सब अध्यवसानस्थान जघन्य स्थितिसम्बन्धी अध्यवसानस्थानोंके प्रमाणसे असंख्यात लोक मात्र कालके द्वारा

---

१ ताप्रतौ 'सव्वज्झवसाणपमाणमेदं' इति पाठः। २ प्रतिषु 'अवहिरिज्जदेसु' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेसिमहिप्पाएण भागहारो वुच्चदे—अंतोमुहुत्तूणतेत्तीससागरोवमाणि गच्छं काढूण " अर्द्धे शून्यं रूपेषु गुणम् " इति गणितन्यायेन जं लद्धं तं ठविय " रूपोनमादिसंगुणमेकोणगुणोन्मथितमिच्छा " एदेण सुत्तेण रूवूणं काऊण असंखेज्जलोगमेत्तआदिणा गुणिय रूवूणगुणगारेण आवलियाए असंखेज्जदिभागेण भागे हिदे सव्वज्झवसाणपमाणं होदि । एदम्मि जहण्णट्ठिदिज्झवसाणपमाणेणोवट्टिदे असंखेज्जा लोगा लब्भंति । तेण जहण्णट्ठिदिअज्झवसाणपमाणेण अवहिरिज्जमाणे सव्वज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जलोगमेत्तकालेण अवहिरिज्जंति । एवं उवरिमट्ठिदिअज्झवसाणाणं पि असंखेज्जलोगभागहारो वत्तव्वो । णवरि सव्वत्थ एसो चेव भागहारो होदि त्ति णियमो णत्थि, कत्थ वि घणलोग-जगपदर-सेडि-सागर-पल्ल-आवलिया-तदसंखेज्जदिभागमेत्तभागहारुवलंभादो । उक्कस्सट्ठिदिअज्झवसाणपमाणेण सव्वज्झवसाणाणि सादिरेगएगरूवपमाणेण अवहिरिज्जंति । एत्थ कारणं जाणिदूण वत्तव्वं । एवं भागहारपरूवणा समत्ता ।

जहण्णियाए ट्ठिदीए अज्झवसाणट्ठाणाणि सव्वट्ठिदिअज्झवसाणट्ठाणाणं केवडिओ भागो ? असंखेज्जदिभागो । को पडिभागो ? असंखेज्जाणि गुणहाणिट्ठाणंतराणि । एवं णेदव्वं जाव उक्कस्सट्ठिदिअज्झवसाणट्ठाणे त्ति । एवं छण्णं कम्माणं । आउअस्स वि एवं

अपहृत होते हैं । यथा—आयु कर्मके अध्यवसानोंका गुणकार अवस्थित है, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं । उनके अभिप्रायसे भागहारका कथन करते हैं—अन्तर्मुहूर्त कम तेतीस सागरोपमोंको गच्छ करके " अर्द्धे शून्यं रूपेषु गुणम् " इस गणितन्यायसे जो लब्ध हो उसको स्थापित करके ' रूपोनमादिसंगुणमेकोनगुणोन्मथितमिच्छा ' इस सूत्रके अनुसार एक रूप कम करके असंख्यात लोक मात्र आदिसे गुणितकर एक अंकसे रहित आवलिके असंख्यातवें भाग मात्र गुणकारका भाग देनेपर सब अध्यवसानोंका प्रमाण होता है । इसमें जघन्य स्थितिके अध्यवसानोंका जो प्रमाण हो उसका भाग देनेपर असंख्यात लोक लब्ध होते हैं । इसी कारण जघन्य स्थितिके अध्यवसानोंका जो प्रमाण है उससे सब अध्यवसानस्थानोंको अपहृत करनेपर वे असंख्यात लोक मात्र कालसे अपहृत होते हैं । इसी प्रकार आगेकी स्थितियोंके भी अध्यवसानस्थानोंका भागहार असंख्यात लोक मात्र कहना चाहिये । विशेष इतना है कि सभी जगह यही भागहार हो, ऐसा नियम नहीं है, क्योंकि, कहींपर घनलोक, जगप्रतर, जगश्रेणि, सागर, पल्य, आवलि और उनके असंख्यातवें भाग मात्र भागहार पाया जाता है । उत्कृष्ट स्थितिके अध्यवसानोंके प्रमाणसे सब अध्यवसान साधिक एक रूपके प्रमाणसे अपहृत होते हैं । यहां कारण जानकर बतलाना चाहिये । इस प्रकार भागहार प्ररूपणा समाप्त हुई ।

जघन्य स्थितिके अध्यवसानस्थान सब स्थितियोंके अध्यवसानस्थानोंके कितनेवें भाग प्रमाण हैं ? वे उनके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं । प्रतिभाग क्या है ? प्रतिभाग असंख्यात गुणहानिस्थानान्तर हैं । इस प्रकार, उत्कृष्ट स्थितिके अध्यवसानस्थानोंतक ले जाना चाहिये ? इसी प्रकार छह कर्मोंके सम्बन्धमें भागाभागकी प्ररूपणा करना चाहिये ।

१ अप्रतौ ' परूवणं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चेव वत्तव्वं । णवरि उक्कस्सट्ठिदिअज्झवसाणट्ठाणाणि सव्वज्झवसाणट्ठाणाणमसंखेज्जा भागा होंति । एवं भागाभागपरूवणा समत्ता ।

सव्वत्थोवाणि णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि १६ । उक्कस्सियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणाणि असंखेज्जगुणाणि । को गुणगारो ? अण्णोण्णब्भत्थरासी १६ । अजहण्ण-अणुक्कस्सट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि । को गुणगारो ? किंचूणदिवड्ढगुणहाणीयो । तस्स पमाणमेदं १६३ । ३२ । पुणो एदेण उक्कस्सट्ठिदिअज्झवसाणट्ठाणेसु गुणिदेसु अजहण्ण-अणुक्कस्सट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणपमाणं होदि १३०४ । अणुक्कस्सियासु ट्ठिदीसु ट्ठिदिबंधज्झवसाणाणि विसेसाहियाणि । केत्तियमेत्तेण ? जहण्णट्ठिदिअज्झवसाणमेत्तेण १३२० । अजहण्णियासु ट्ठिदीसु ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि विसेसाहियाणि । केत्तियमेत्तेण ? जहण्णट्ठिदिअज्झवसाणेहि परिहीणउक्कस्सट्ठिदिअज्झवसाणमेत्तेण १५६०[1] । सव्वासु ट्ठिदीसु अज्झवसाणट्ठाणाणि विसेसाहियाणि । केत्तियमेत्तेण ? जहण्णट्ठिदिअज्झवसाणमेत्तेण १५७६ ।

आउववज्जाणं छण्णं पि कम्माणं एवं चेव वत्तव्वं । आउअस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि थोवाणि । अजहण्णअणुक्कस्सियासु ट्ठिदीसु ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठा-

---

आयुके विषयमें भी इसी प्रकार ही कथन करना चाहिये । विशेष इतना है कि आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थिति सम्बन्धी अध्यवसान समस्त अध्यवसानस्थानोंके असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं । इस प्रकार भागाभाग प्ररूपणा समाप्त हुई ।

ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थिति सम्बन्धी स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं (१६) । उत्कृष्ट स्थितिसम्बधी स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार अन्योन्याभ्यस्त राशि है (१६) । अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थिति-बन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार कुछ कम डेढ गुणहानियां हैं । उसका प्रमाण यह है—१६३/३२ । इसके द्वारा उत्कृष्ट स्थिति सम्बधी अध्यव-सानस्थानोंको गुणित करनेपर अजघन्य अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंका प्रमाण होता है—२५६×१६३/३२=१३०४ । अनुत्कृष्ट स्थितियोंमें स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । कितने मात्रसे वे विशेष अधिक हैं ? जघन्य स्थितिके अध्यवसानस्थानोंके प्रमाणसे वे अधिक हैं । १३०४+१६=१३२० अजघन्य स्थितियोंमें स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । कितने मात्रसे अधिक हैं ? जघन्य स्थितिके अध्यवसानस्थानोंसे हीन उत्कृष्ट स्थितिके अध्यवसानस्थानोंके प्रमाणसे वे अधिक हैं—१३२०+(२५६–१६)=१५६० । सब स्थितियोंमें अध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । कितने मात्रसे अधिक हैं । जघन्य स्थितिके अध्यवसानस्थानोंके प्रमाणसे विशेष अधिक है—१५६०+१६=१५७६ ।

आयु कर्मको छोड़कर छह कर्मोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा इसी प्रकारसे करना चाहिये । आयु कर्मकी जघन्य स्थितिमें स्थितिबन्धाध्यव-सानस्थान स्तोक हैं । अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थितियोंमें स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यात-

---

१ प्रतिषु १०६०५ एवंविधात्र संदृष्टिः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णाणि असंखेज्जगुणाणि । को गुणगारो ? असंखेज्जा लोगा । अणुक्कस्सियासु ट्ठिदीसु ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि विसेसाहियाणि । केत्तियमेत्तेण ? जहण्णट्ठिदिअज्झवसाणमेत्तेण । उक्कस्सियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि । को गुणगारो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो । अजहण्णियासु ट्ठिदीसु ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि विसेसाहियाणि । केत्तियमेत्तेण ? अजहण्ण-अणुक्कस्सट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणमेत्तेण । सव्वासु ट्ठिदीसु ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि विसेसाहियाणि । केत्तियमेत्तेण ? जहण्णट्ठिदिअज्झवसाणट्ठाणमेत्तेण । एवं परूवणा त्ति समत्तमणिओगद्दारं ।

अणुकट्ठीए णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए जाणि ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि ताणि बिदियाए ट्ठिदीए बंधज्झवसाणट्ठाणाणि अपुव्वाणि[1] ॥ २६९ ॥

एदस्स सुत्तस्स अत्थे भण्णमाणे संदिट्ठी उच्चदे । तं जहा—जहण्णट्ठिदीए विणा उक्कस्सट्ठिदिपमाणं सत्त ७ । धुवट्ठिदिपमाणं पंच ५ । धुवट्ठिदीए सह उक्कस्सट्ठिदिपमाणमेदं १२ । पुणो एदिस्से समयचरणं कादूण धुवट्ठिदिप्पहुडि उवरिमसव्वट्ठिदिविसेसेसु सव्वज्झ-

गुणे हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार असंख्यात लोक हैं । अनुत्कृष्ट स्थितियोंमें स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । कितने मात्रसे अधिक हैं ? जघन्य स्थिति सम्बन्धी अध्यवसानस्थानोंके प्रमाणसे अधिक हैं । उत्कृष्ट स्थितिमें स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार आवलिका असंख्यातवां भाग है । अजघन्य स्थितियोंमें स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । कितने मात्रसे अधिक हैं ? अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थितियोंके अध्यवसानस्थानोंके प्रमाणसे वे अधिक हैं । सब स्थितियोंमें स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । कितने मात्रसे अधिक हैं ? अजघन्य स्थितियोंके अध्यवसानस्थानोंके प्रमाणसे वे अधिक हैं । इस प्रकार प्ररूपणा अनुयोगद्वार समाप्त हुआ ।

अनुकृष्टिकी अपेक्षा ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिमें जो स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान हैं द्वितीय स्थितिमें वे स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान हैं और अपूर्व स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान भी हैं ॥ २६९ ॥

इस सूत्रका अर्थ कहते समय संदृष्टि कही जाती है । वह इस प्रकार है—जघन्य स्थितिके विना उत्कृष्ट स्थितिका प्रमाण सात (७) है । ध्रुवस्थितिका प्रमाण पांच (५) है । ध्रुवस्थितिके साथ उत्कृष्ट स्थितिका प्रमाण यह है—१२ । इसके समयोंकी

१ सांप्रतमनुकृष्टिश्चिन्त्यते । सा च न विद्यते । तथा हि—ज्ञानावरणीयस्य जघन्यस्थितिबन्धे यान्यध्यवसायस्थानानि, तेभ्यो द्वितीयस्थितिबन्धेऽन्यानि, तेभ्योऽपि तृतीयस्थितिबन्धेऽन्यानि, एवं तावद्वाच्यं यावदुत्कृष्टा स्थितिः । एवं सर्वेषामपि कर्मणां द्रष्टव्यम् (१–२) । क. प्र. (म. टी.) १,८८. ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वसाणाणमसंखेज्जलोगमेत्ताणं तिरिच्छेण रचणा कायव्वा। एवं रचणं कादूण सव्वट्ठिदिविसेसट्ठिदअज्झवसाणट्ठाणाणं णिव्वग्गणाकंदयमेत्तखंडाणि कादव्वाणि। किं पमाणं णिव्वग्गणकंदयं? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। संदिट्ठीए तस्स पमाणं चत्तारि ४। एदाणि खंडाणि किं समाणि, आहो विसमाणि? ण होंति समाणि, विसमाणि[1] चेव। कधं णव्वदे? परमाइरियोवदेसादो। तं जहा—पढमखंडादो बिदियखंडं विसेसाहियं असंखेज्जलोगमेत्तेण। बिदियखंडादो तदियखंडं विसेसाहियं असंखेज्जलोगमेत्तेण। तदियखंडादो चउत्थखंडं विसेसाहियमसंखेज्जलोगमेत्तेण। एवं णेदव्वं जाव चरिमखंडं त्ति। णवरि पढमखंडादो वि चरिमखंडं विसेसाहियं चेव। कुदो? परमाइरियोवदेसादो बाहाणुवलंभादो च। एत्थ संदिट्ठी[2]।

एवं ठविय एदस्स सुत्तस्स अत्थो वुच्चदे-णाणावरणीयस्स जहण्णियाए ट्ठिदीए जाणि

रचना करके ध्रुवस्थितिको आदि लेकर आगेके सब स्थितिविशेषोंमें रहनेवाले असंख्यात लोक प्रमाण सब अध्यवसानस्थानोंकी तिरछे रूपसे रचना करना चाहिये। इस प्रकार रचना करके सब स्थितिविशेषोंमें स्थित अध्यवसानस्थानोंके निर्वर्गणाकाण्डक प्रमाण खण्ड करना चाहिये।

शंका—निर्वर्गणाकाण्डकका प्रमाण कितना है?

समाधान—वह पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण है।

संदृष्टिमें उसका प्रमाण चार (४) है।

शंका—ये खण्ड क्या सम हैं, अथवा विषम?

समाधान—वे सम नहीं होते, विषम ही होते हैं।

शंका—यह कैसे जाना जाता है?

समाधान—यह श्रेष्ठ आचार्योंके उपदेशसे जाना जाता है। जैसे—प्रथम खण्डकी अपेक्षा द्वितीय खण्ड असंख्यात लोक मात्रसे विशेष अधिक है। द्वितीय खण्डकी अपेक्षा तृतीय खण्ड असंख्यात लोक मात्रसे विशेष अधिक है। तृतीय खण्डकी अपेक्षा चतुर्थ खण्ड असंख्यात लोक प्रमाणसे विशेष अधिक है। इस प्रकार अन्तिम खण्ड तक ले जाना चाहिये। विशेष इतना है कि प्रथम खण्डकी अपेक्षा भी अन्तिम खण्ड विशेष अधिक ही है, क्योंकि, ऐसा ही उत्कृष्ट आचार्योंका उपदेश है, तथा उसमें कोई बाधा भी नहीं पायी जाती है। यहां संदृष्टि—(पृष्ठ ३४५ पर देखिये) इस प्रकार स्थापित करके इस सूत्रका अर्थ कहते हैं—ज्ञानावरणीयकी जघन्य स्थितिमें जो स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'विसमाणि ण होंति विसमाणि', ताप्रतौ 'विसमाणि ण होंति ? विसमाणि' इति पाठः। २ अत्रोपलभ्यमाना संदृष्टयः ३४५ तमे पृष्ठे द्रष्टव्याः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि ताणि च बिदियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि होंति, अपुव्वाणि च । कधमपुव्वाणं संभवो ? ण, बिदियट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणचरिमखंडज्झवसाणट्ठाणाणं धुवट्ठिदिअज्झवसाणेसु अभावादो । ण च जहण्णट्ठिदिसव्वज्झवसाणाणि बिदियट्ठिदिअज्झवसाणट्ठाणेसु अत्थि, जहण्णट्ठिदिपढमखंडज्झवसाणट्ठाणाणं बिदियट्ठिदिअज्झवसाणट्ठाणेसु अणुवलंभादो । जाणि बिदियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि ताणि तदियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणेसु होंति त्ति ण घेत्तव्वं, पढमखंडज्झवसाणट्ठाणाणं तदियट्ठिदिअज्झवसाणट्ठाणेसु अणुवलंभादो । कधमेदं णव्वदे ? ताणि सव्वाणि होंति त्ति णिद्देसाभावादो । अपुव्वाणि त्ति वुत्ते अपुव्वाणि चेव वत्तव्वं, च-सद्देण विणा समुच्चयावगमाभावादो । जदि एवं तो सुत्ते च-सद्दो किण्ण परूविदो ? ण, च-सद्दणिद्देसेण[1] विणा वि तदट्ठावगमादो ।

एवमपुव्वाणि अपुव्वाणि जाव उक्कस्सिया ट्ठिदि त्ति ॥२७०॥

हैं वे भी स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान द्वितीय स्थितिमें हैं, तथा अपूर्व भी स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान हैं ।

शंका—अपूर्व स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंकी सम्भावना कैसे है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि द्वितीय स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंके अन्तिम खण्ड सम्बन्धी अध्यवसानस्थान ध्रुवस्थितिके अध्यवसानस्थानोंमें नहीं हैं, तथा जघन्य स्थितिके सब अध्यवसानस्थान द्वितीय स्थितिके अध्यवसानस्थानोंमें नहीं हैं; कारण कि जघन्य स्थितिसम्बन्धी प्रथम खण्डके अध्यवसानस्थान द्वितीय स्थितिके अध्यवसानस्थानोंमें नहीं पाये जाते हैं । जो स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान द्वितीय स्थितिमें हैं वे तृतीय स्थितिके अध्यवसानोंमें होते हैं, ऐसा नहीं ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि द्वितीय स्थितिके प्रथम खण्ड सम्बन्धी अध्यवसानस्थान तृतीय स्थितिके अध्यवसानस्थानोंमें नहीं पाये जाते हैं ।

शंका—यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—क्योंकि, 'वे सभी होते हैं, ऐसा सूत्रमें निर्देश नहीं किया गया हैं, इसीसे उसका ज्ञान हो जाता है ।

सूत्रमें जो 'अपुव्वाणि' ऐसा निर्देश किया है उससे 'अपुव्वाणि चेव' अर्थात् अपूर्व भी होते हैं, ऐसा कथन करना चाहिये, क्योंकि, च शब्दके विना समुच्चयका ज्ञान नहीं होता है ।

शंका—यदि ऐसा है तो सूत्रमें च शब्दका निर्देश क्यों नहीं किया ?

समाधान—नहीं, क्योंकि च शब्दके निर्देशके विना भी उक्त अर्थका ज्ञान हो जाता है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्थिति तक अपूर्व अपूर्व स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान होते हैं ॥२७०॥

१ अ-काप्रत्योः '—णिद्देसेण' इति पाठः ।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

एवं उत्तविधाणेण अपुव्वाण्णि अपुव्वाणि चेव ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि सव्व-ट्ठिदिविसेसेसु होदूण गच्छंति जाव उक्कस्सट्ठिदि त्ति। सव्वट्ठिदिविसेसेसु पुव्वट्ठिदि-बंधज्झवसाणट्ठाणाणि वि अत्थि, ताणि च अभणिदूण अपुव्वाणि चेव अत्थि त्ति किमट्ठं वुच्चदे ? ण, एवमिदि वयणादो चेव पुव्वाणं अत्थित्तसिद्धीदो। एवं वयणादो चेव पुव्वाणं पि अत्थित्तसिद्धीए संतीए अपुव्वाणं णिद्देसो किमट्ठं कदो ? ण, अपुव्वपरिणामअत्थित्तपओ-जणत्तेण तप्पदुप्पायणे दोसाभावादो।

जहण्णट्ठिदीए पढमखंडं उवरि केण वि सरिसं ण होदि। बिदियखंडं समउत्तर-जहण्णट्ठिदीए पढमज्झवसाणखंडेण सरिसं। तदियखंडं दुसमउत्तरजहण्णट्ठिदीए पढमखंडेण सरिसं। चउत्थखंडं तिसमउत्तरजहण्णट्ठिदीए पढमखंडेण सरिसं। एवं णेयव्वं जाव णिव्वग्गणकंदयचरिमसमओ त्ति। तदो उवरिमसमए जहण्णट्ठिदिअज्झवसाणाणमणुकट्ठी वोच्छिज्जदि, तत्थ एदेहि सरिसपरिणामाभावादो। एवं सव्वट्ठिदिविसेससव्वज्झवसाणाणं पादेक्कमणुकट्ठिवोच्छेदो परूवेदव्वो त्ति भावत्थो।

इस प्रकार उक्त प्रक्रियासे उत्कृष्ट स्थितितक सब स्थितिविशेषोंमें होकर अपूर्व ही अपूर्व स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान होते जाते हैं।

शंका—सब स्थितिविशेषोंमें जब पूर्व स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान भी हैं, तब उन्हें न कहकर ' अपूर्व ही हैं ' ऐसा किसलिये कहा जाता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि ' एवं ' अर्थात् ' इसी प्रकार ' ऐसा कहनेसे ही पूर्व स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंका अस्तित्व सिद्ध हो जाता है।

शंका—यदि ' एवं ' पदका निर्देश करनेसे ही पूर्व स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंका अस्तित्व सिद्ध हो जाता है, तो फिर अपूर्व स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानोंका निर्देश किसलिये किया गया है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि यहां अपूर्व परिणामोंके अस्तित्वका प्रयोजन होनेसे उनके कहनेमें कोई दोष नहीं है।

जघन्य स्थितिका प्रथम खण्ड आगे किसीके भी सदृश नहीं है। उसका द्वितीय खण्ड एक समय अधिक जघन्य स्थितिके प्रथम अध्यवसानखण्डके सदृश होता है। जघन्य स्थितिके अध्यवसानोंका तृतीय खण्ड दो समय अधिक जघन्य स्थितिके प्रथम अध्यवसानखण्डके सदृश होता है। चतुर्थ खण्ड तीन समय अधिक जघन्य स्थितिके प्रथम अध्यवसानखण्डके सदृश होता है। इस प्रकार निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समय तक ले जाना चाहिये। उससे आगेके समयमें जघन्य स्थितिके अध्यवसानस्थानोंकी अनुकृष्टिका व्युच्छेद हो जाता है, क्योंकि, वहां इनके सदृश परिणामोंका अभाव है। इस प्रकारसे सब स्थितिविशेषोंके सब अध्यवसानोंमेंसे प्रत्येकमें अनुकृष्टिके व्युच्छेदकी प्ररूपणा करना चाहिये। यह उक्त कथनका भावार्थ है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संपहि अपुणरूत्तज्झवसाणपरूवणा कीरदे। तं जहा—जहण्णट्ठिदिमादिं कादूण जाव दुचरिमट्ठिदि त्ति ताव सव्वट्ठिदिविसेसेसुसव्वज्झवसाणाणं सव्वपढमखंडाणि अपुणरूत्ताणि। उक्कस्सट्ठिदीए सव्वखंडाणि अपुणरुत्ताणि चेव। सेस-दुचरिमादिट्ठिदीणं बिदियादिखंडाणि पुणरूत्ताणि, एदेहि समाणपरिणामाणमपुणरूत्तपरिणामेसु उवलंभादो।

एवं सत्तण्णं कम्माणं ॥ २७१ ॥

जहा णाणावरणीयस्स अणुकट्ठी परूविदा तहा सत्तण्णं कम्माणं परूवेदव्वं। णवरि आउअस्स जहण्णट्ठिदीए णिव्वग्गणमेत्तअज्झवसाणखंडाणि पुव्वं व पढमखंडप्पहुडि विसेसाहियाणि होंति। समउत्तरजहण्णट्ठिदिप्पहुडिसव्वज्झवसाणखंडाणि अण्णोण्णं पेक्खिदूण जहाकमेण विसेसाहियाणि चेव। किंतु तत्थ समयाहियजहण्णट्ठिदीए दुचरिमखंडादो चरिमखंड-मायामेण असंखेज्जगुणं। तदुवरिमट्ठिदीए पुण तिचरिमखंडादो दुचरिमखंडमसंखेज्जगुणं। तदो चरिमखंडमसंखेज्जगुणं। एवं णेदव्वं जाव णिव्वग्गणकंदयदुचरिमसमओ त्ति। पुणो तदुवरिमट्ठिदिप्पहुडि जाव उक्कस्सट्ठिदि त्ति ताव सव्वखंडाणि अण्णोण्णं पेक्खिदूण आयामेण असंखेज्जगुणाणि होंति त्ति वेत्तव्वं। एत्थ वि अणुकट्ठिवोच्छेदो पुव्वं व परूवेदव्वो। एवमणुकट्ठी समत्ता।

